1. With the help of *Brahmacharya* one can get the higher level of health. When one practices the *Brahmacharya* and control over his sense organ then his seminal fluid (*Veerya*) change into the *Oja*. When *Oja Shakti* increase then the immunity power of the body also increases. Due to higher immunity power the diseases cannot harm the body. In *Ayurvedic* literature it is said that *Oja* is the natural power of the body. Due to this the strength of the body also increases. When the immunity power and the strength of the body is higher than the aging of a person delayed.
2. If a person controls his sense organ and wants to become a *Brahmachari*, the *Shukra Dhatu* moves upward and stored as *Oja Shakti* and person called as *Urdhareta*. Thereby the power of intellect, memory, concentration, will power, and understanding power becomes sharp and clear by continence.
3. One who has power of *Brahmacharya*, has a glamorous aura in his face. He can influence people by speaking few words. Due to pursuit of *Brahmacharya* one can get status symbol in the society as described '*Mahayasha*' in *Ayurvedic* literature.
4. To attain the *Prushartha Chatushtay* compulsory component is health and health is directly related to *Brahmacharya*. The last component of *Prushartha Chatushtay* is *Moksha* which is only attain by following the *Brahmacharya*. With the help of *Brahmacharya* one can decrease pride, anger and bad thinking which leads to enlightenment (*Aatma Gyan*).

### Brahmacharya with special reference to lifestyle guidelines

- *Brahmacharya* includes abstaining from any form of physical, mental, or emotional indulgence that may distract or divert us from our spiritual pursuits.
- The practice of *Brahmacharya* involves strict self-discipline, including celibacy, control of the senses, and a focus on one's spiritual path.
- It is believed that by practicing *Brahmacharya,* one can conserve their vital energy, which can then be redirected towards spiritual growth and the pursuit of higher knowledge.
- In the present times, when we are constantly bombarded with distractions and temptations, the practice of *Brahmacharya* has become more relevant than ever.
- In today's world, where we are surrounded by technology, social media, and instant gratification, it has become increasingly difficult to focus on our inner growth and spiritual well-being.
- Our minds are constantly preoccupied with external stimuli, and we often find ourselves getting caught up in materialistic pursuits, relationships, and sensual pleasures.
- This constant distraction from our true selves can lead to anxiety, stress, and a sense of disconnection from our higher selves.
- The practice of *Brahmacharya* can help us overcome these challenges and lead a more fulfilling life.
- By cultivating self-discipline, we can learn to control our desires and impulses, cultivate self-discipline, focus, and achieve mental clarity, which can help us navigate the challenges of modern life.
- Additionally, the practice of *Brahmacharya* can help us develop a deeper connection with our inner selves and the divine. By conserving our vital energy and redirecting it towards spiritual growth, we can experience a greater sense of purpose and fulfillment in our lives.
- In addition, the practice of *Brahmacharya* can also have a positive impact on our relationships.
- By abstaining from sexual activities outside of marriage, we can develop a deeper and more meaningful connection with our partners. It helps us to build trust, respect, and emotional intimacy, which are the foundation of a healthy relationship. Moreover, by avoiding emotional entanglements

and focusing on our spiritual growth, we can avoid the pitfalls of toxic relationships and emotional dependence.

- Practicing *Brahmacharya* in modern times does not necessarily mean complete celibacy or isolation from the world. It can involve making conscious choices to limit our exposure to distractions and sensory stimuli, and to focus on our spiritual path and personal growth.
- Whether we choose to practice *Brahmacharya* in its traditional form or adapt its principles to suit our modern lives, it can be a powerful tool for personal growth and spiritual evolution.

## Reproductive and sexual health according Ayurveda

### Reproductive health

- Reproductive health is a state of complete physical, mental and social well-being and not merely the absence of disease or infirmity, in all matters relating to the reproductive system and to its functions and processes.
- Reproductive health implies that people are able to have a satisfying and safe sex life and that they have the capability to reproduce and the freedom to decide if, when and how often to do so.

### According to the current working definition, sexual health is:

- "A state of physical, emotional, mental and social well-being in relation to sexuality; it is not merely the absence of disease, dysfunction or infirmity. Sexual health requires a positive and respectful approach to sexuality and sexual relationships, as well as the possibility of having pleasurable and safe sexual experiences, free of coercion (peesj peyejomleer), discrimination and violence. For sexual health to be attained and maintained, the sexual rights of all persons must be respected, protected and fulfilled." (WHO, 2006)
- **In Ayurveda,** it is believed that a healthy reproductive system is vital for overall well-being and plays a significant role in the continuation of life. *Ayurveda* aims to nurture and support the reproductive system, promoting optimal fertility and reproductive health.
- Reproductive health is highly valued in *Ayurveda* as it is considered essential for the well-being of future generations.
- *Ayurveda* recognizes that the health of both parents contributes to the health and vitality of offspring.
- The *Doshas*, *Vata*, *Pitta*, and *Kapha*, play a vital role in reproductive health. In a balanced state, they support the optimal functioning of the reproductive system.
- However, imbalances in the *Doshas* can lead to fertility issues such as irregular periods, hormonal imbalances, and difficulty in conceiving. *Ayurveda* aims to identify and address these imbalances to restore reproductive health.
- Preconception care in *Ayurveda* is a comprehensive approach to prepare the body for conception. It focuses on optimizing the health and well-being of both partners before conception occurs.
- Preconception care aims to balance the *Doshas*, cleanse toxins from the body, and ensure the reproductive system is in the best possible state to support a healthy pregnancy.
- *Ayurveda* guidelines for preconception care includes maintaining a dosha-balanced diet, following a healthy lifestyle, managing stress, and undergoing detoxification therapies.
- *Ayurvedic* practices such as *Abhyanga* (self-massage) and Yoga can also be beneficial in preparing the body for conception.
- *Ayurveda* recommends consuming fresh and organic foods, including a variety of fruits, vegetables, whole grains, and lean proteins.
- Avoiding processed foods, caffeine, alcohol, and tobacco is essential. Regular exercise, sufficient sleep, and stress management techniques are also emphasized.
- According to *Ayurveda*, *Samyak Pachana* is crucial for overall health, including fertility.
- Digestive imbalances can lead to the accumulation of toxins, causing hormonal disturbances and reproductive health issues.
- *Ayurveda* recommends incorporating foods like ghee (clarified butter), sesame seeds, almonds, avocados, and sweet potatoes into the diet. These foods are rich in essential fatty acids and help nourish the reproductive system.
- Stress and emotional imbalances can have a significant impact on reproductive health.
- Practices such as meditation, deep breathing exercises, and regular self-care routines can help balance emotions and reduce stress
- *Panchakarma* therapies are especially beneficial for reproductive health. They help balance the *Doshas*, cleanse the reproductive organs, and improve overall fertility.
- **According to Charak Samhita,** menstruating, sick, impure, ill-mannered, unpleasant nature and conduct, unattractive, unfavorable, unwilling to have sex, and should not sex with another's wife.
- Do not sex in vaginas other than the woman's vagina (vagina of a dog, goat, etc.) as well as places other than vagina like anus etc. (avaginal sex).
- Do not sex in the morning, evening, and on the dates

of *Pratipada, Ekadashi, Amavasya, Purnima* etc.

- ☐ Do not sex between *Chatushpath, Upavan*, crematorium, slaughter place and in the water.
- ☐ Do not have sex without eating aphrodisiac drugs, without eating and after eating more food.
- ☐ Do not sex when suffering from stool urine, being tired of labour, exercise, fasting and without obtaining a secluded place.
- ☐ *Ayurveda* offers a comprehensive and holistic approach to reproductive and sexual health, which includes diet, lifestyle, *Ayurvedic* medicine and *Shodhana*.
- ☐ According to *Vagbhata*, sexual activity should be adjusted according to the season. During winter, one can indulge in sex daily after making use of aphrodisiacs and obtaining strength; once in three days in spring and fall; and once every two weeks in the rainy season and summer.
- ☐ *Ayurveda* also recommends certain foods and herbs along with lifestyle modifications that can help improve reproductive and sexual health.
- ☐ For example, *Ashwagandha* is an herb that has been used for centuries to improve libido and sexual function. Other herbs like *Shatavari, Gokshura,* and *Safed Musli* are also believed to have aphrodisiac properties.

***

# CHAPTER
# 4

# ऋतुचर्या

### Syllabus Highlights

- Classification of kaala, Adana kala and visarga kala, identification of seasons based on the ritu lakshanas in different geographical areas.
- Sanchaya- Prakopa Prashamana of Dosha with their gunas in each ritu.
- Relation of Agni, Bala and Ritu with its application.
- Ritu shodhana for the prevention of diseases.
- Pathya - Apathya in regards to Ahara -Vihara in all six ritus in present scenario.
- Importance of ahara and vihara in ritu sandhi and Yamadanshtra kala.
- Rituharitaki as a rasayana with research updates.
- Effects of Rituviparyaya on health and its relation to janapadaudhwamsa/maraka vyadhis with present day examples.

काल के विभाजन को ही ऋतु के नाम से जाना जाता है अतः ऋतुचर्या को समझने से पहले हमें काल को समझना चाहिए।

**कालो हि नाम भगवान् स्वयम्भुरनादिमध्यनिधनः।**
**अत्र रसव्यापत्संपत्ती जीवित मरणे च मनुष्याणामायत्ते।**
**स सूक्ष्मापि कलां न लीयत इति कालः, संकलयति कालयति वा भूतानीति कालः॥** (सु.सू. 6/3)

- यह प्रसिद्ध काल भगवान स्वयं उत्पन्न हुआ है, इस काल का आदि, मध्य और अन्त नही होता है, अर्थात यह अजन्मा और अविनाशी है।
- इस काल के कारण अथवा प्रभाव से ही द्रव्यों में रस की सम्पत्ति अथवा व्यापत्ति होती है और मानव जीवन भी इसी काल के अधीन होता है। यह काल नित्य है।
- यह गतिशील होने के कारण सूक्ष्मातिसूक्ष्म कला (अक्षिनिमेष) भी लय अथवा नष्ट नही होता है। इसी कारण यह काल कहलाता है अथवा सभी प्राणियों का संकलन (संहार) करने अथवा समस्त प्राणियों को सुख - दुःख से युक्त करने के कारण अथवा समस्त प्राणियों का मृत्यु के समीप लाने के कारण काल कहलाता है।

## ‖काल विभाजन‖

**Classification of Kaala**

यद्यपि यह काल अविभाज्य है इसका कोई विभाजन नही होता है तथापि इस संवत्सर रूपी काल का भगवान आदित्य अपनी गति के कारण विभाजन करते हैं यथा -

**तस्य संवत्सरात्मनो भगवानादित्यो गतिविशेषेणाक्षिनिमेषकाष्ठाकला-मुहूर्ताहोरात्रपक्षमासत्वयनसंवत्सरयुगप्रविभागं करोति॥** (सु.सू. 6/4)

1. अक्षिनिमेष
2. काष्ठा
3. कला
4. मुहूर्त
5. अहोरात्र (दिन एवं रात)
6. पक्ष
7. मास
8. ऋतु
9. अयन
10. संवत्सर
11. युग

**स मात्रा काष्ठा कला नाड़िका मुहूर्तयामाहोरात्रपक्षमासत्वयनवर्षभेदेन द्वादशा विभज्यते।** (अ.सं.सू. 4/4)

1. मात्रा
2. काष्ठा
3. कला
4. नाड़िका
5. मुहूर्त
6. याम
7. अहोरात्र (दिन एवं रात)
8. पक्ष
9. मास
10. ऋतु
11. अयन
12 वर्ष

**तत्राक्षिनिमेषो मात्रा। ताः पंचदशः काष्ठा। तास्त्रिंशत् कला। ताः सदशभागा विंशतिर्नाड़िका। नाड़िकाद्वयं मुहूर्तश्च। ते तुल्यरात्रिन्दिवे राशिभागे चत्वारः पादोना यामः। तैश्चतुर्भिरहोरात्रिश्च। पंचदशाहोरात्राः पक्षः। पक्षद्वयं मासः। स शुक्लान्तः। तैर्मार्गशीर्षादिभिर्द्विसंख्यैः क्रमाद्धेमन्तशिशिरवसन्त ग्रीष्मवर्षाशरदाख्याः षड्ऋतवो भवन्ति। तेषु शिशिरादयस्त्रयो रवेरुदगयनमादानं च शेषा दक्षिणायनं विसर्गश्च। तावादानविसर्गौ वर्षम्॥** (अ.सं.सू. 4/5)

- अक्षिनिमेष = 1 मात्रा = 0.159 sec
- 15 मात्रा = 1 काष्ठा= 0.159 x 15 = 2.385sec

- 30 काष्ठा = 1 कला = 2.385x 30 =71.55sec
- 20 कला और 3 काष्ठा = 1 नाड़िका = 1431+7.155 = 1438.155sec = 23.96925/24 minutes
- 2 नाड़िका = 1 मुहूर्त = 2 x 23.96925 = 47.9385। 48 minutes
- 3.75 मुहूर्त = 1 याम (प्रहर) = 3.75x 47.9385 = 179.769375 minutes =2.996/ 3Hr.
- 4 याम = 1 दिन = 2.996 x 4 = 11.984।12 Hr.
- 4 याम = 1 रात = 2.996 x 4 = 11.984।12 Hr.
- 15 दिन - रात = 1 पक्ष
- 2 पक्ष = 1 मास
- 2 मास = 1 ऋतु
- 3 ऋतु = 1 अयन
- 2 अयन = 1 वर्ष

## ऋतुचर्या

**ऋतौ ऋतौ चर्या ऋतुचर्या।**
**ऋतुः काल विभागः।** (पदार्थ चन्द्रिका व्याख्या)
**ऋतुषु ऋतूनां वा चर्या ऋतुचर्या।** (सु. सू. 6 डल्हण)

ऋतुओं के अनुसार आहार विहार का पालन करना ही ऋतुचर्या है।

## ऋतुचर्या का महत्व (Importance of Ritucharya)

1. **दिनचर्यां निशाचर्यां ऋतुचर्यां यथोदितम्।**
   **आचारन् पुरुषः स्वस्थः सदा तिष्ठति नान्यथा।।** (भा.प्र.पू.ख. 4/7)

- दिनचर्या, रात्रिचर्या और ऋतुचर्या का पालन यथानिर्देश करना चाहिए क्योंकि इसके अतिरिक्त स्वस्थ रहने का अन्य कोई उपाय नहीं है।
- दिनचर्या, रात्रिचर्या और ऋतुचर्या स्वस्थवृत्त के ही विषय हैं अर्थात् स्वस्थवृत्तानुशीलन के अतिरिक्त स्वस्थ रहने का अन्य कोई उपाय नहीं है।

2. **प्रयोजनं चास्य स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम्......।**

- आयुर्वेद का प्रथम उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना है।
- इसके लिये आवश्यक है कि रोगोत्पत्ति करने से पहले ही दोषों का शरीर से निर्हरण कर देना चाहिए।
- काल के प्रभाव से वातादि दोष कुपित होकर निज रोगों की उत्पत्ति करते हैं।
- आचार्य सुश्रुत ने स्पष्ट निर्देश किया है -

**तत्रवर्षाहेमन्तग्रीष्मेषु संचितानां दोषाणां शरद्वसन्तप्रावृट्सु च प्रकुपितानां निर्हरणं कर्तव्यम्।** (सु.सू. 6/12)

कालस्वभाव के कारण वर्षा, हेमन्त और ग्रीष्म में संचित तथा शरद, वसन्त और प्रावृट् में कुपित वातादि दोषों का शरीर से निर्हरण कर देना चाहिए।

**हरेत् वसन्ते श्लेष्माणं पित्तं शरदि निर्हरेत्।**
**वर्षासु शमयेत् वायुं प्राग्विकारसमुच्छ्रयात्।।** (सु.सू. 6/38)

- रोगोत्पत्ति होने से पूर्व ही वसन्त ऋतु में कफ का, शरद ऋतु में पित्त का और वर्षा ऋतु में वात का शरीर से निर्हरण कर देना चाहिए।
- वसन्त ऋतु में कफ को वमन के द्वारा और शरद ऋतु में पित्त को विरेचन के द्वारा शरीर से बाहर निकाल देना चाहिए तथा वर्षा ऋतु में वात का शमन करना चाहिए।
- इन कार्यों को रोगोत्पत्ति के पहले ही करने का निर्देष किया गया है। अर्थात् उक्त व्यावस्था स्वस्थ मनुष्यों के लिये है क्योंकि रोगियों के लिये तो पृथक से पंचकर्म का वर्णन किया गया है।
- यदि स्वस्थ व्यक्ति काल जनित कुपित दोषों का यथोक्त ऋतुओं में निर्हरण करता रहे तो उसको ऋतु जनित रोग कभी नही होते हैं।

3. **तेषां पुनर्व्यापदोऽदृष्टकारिता शीतोष्णवातवर्षाणि खलु विपरीतान्योषधीर्व्यापादयन्त्यपश्च।।**
   **तासामुपयोगाद्विविधरोगप्रादुर्भावो मरको वा भवेदिति।।** (सु.सू. 6/16,17)

- अधर्म अथवा प्रज्ञापराध के कारण ठण्डी, गर्मी तथा वर्षादि ऋतुओं का विपर्यय (विपरीत गुणों एवं लक्षणें से युक्त) हो जाने के कारण औषधियां अन्न एवं जल भी दूषित होकर अपने स्वाभाविक गुणों का परित्याग कर देते हैं।
- इस प्रकार दूषित हुए अन्नपान का सेवन करने से विविध प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं अथवा महामारी फैलती है।
- अतः स्वास्थ्य की कामना करने वाले मनुष्यों को अनिवार्य रूप से ऋतुचर्या का यथेष्ट पालन करना चाहिए।

**ऋतुचर्या पालन के अन्य लाभ**

1. कुपोषण जन्य रोग नही होते हैं।
2. विकृत जीवनशैली के कारण होने वाले (स्थौल्य, मधुमेह आदि) रोग नही होते हैं।
3. संक्रामक रोगों के होने की सम्भावना नगण्य हो जाती है।
4. मौसमी वीमारियां नही होती हैं।

## आदान काल एवं विसर्ग काल

**तत्राऽऽदित्यस्योदगयनमादानम् च त्रीनृतूनि शिशिरादीन् ग्रीष्मान्तान् व्यवस्येत्, वर्षादीन् पुनर्हेमन्तान्तान् दक्षिणायनं विसर्गं च।** (च.सू. 6/4)

**तेषु शिशिरादयस्त्रयो रवेरुदगयनमादानं च शेषा दक्षिणायनं विसर्गश्च।** (अ.सं.सू. 4/5)

- पहले कही गयी छः ऋतुओं में से शिशिर, वसन्त तथा ग्रीष्म में सूर्य देव उत्तर दिशा की ओर गमन (अयन) करते हैं इस कारण ये तीन ऋतुएं उत्तरायण अथवा आदान काल कहलाती हैं।
- जबकि शेष वर्षा, शरद तथा हेमन्त में सूर्य देव दक्षिण दिशा की ओर गमन करते हैं इसी कारण ये तीन ऋतुएं दक्षिणायन अथवा विसर्ग काल कहलाती हैं।

**तत्र रविर्भाभिराददानो जगतः स्नेहं वायवस्तीव्ररुक्षाश्चोपशोषयनतः शिशिर-वसन्त-ग्रीष्मेष्वृतुषु यथाक्रमं रौक्ष्यमुत्पादयन्तो रुक्षान् रसान् तिक्त कषाय कटुकांश्चाभिवर्धयन्तो नृणां दौर्बल्यमाहवन्ति।** (च.सू. 6/6) **तयारादानमाग्नेयम्।**

**तस्मिन् खलु कालस्वभावमार्ग परिगृहीतोऽत्यर्थोष्ण-गभस्तिजालमण्डलोऽर्कस्तत्सम्प कर्ाद्वायवश्च तीव्ररुक्षाः सोमजं गुणमुपशोषयन्तो जगतः स्नेहमाददाना ऋतुक्रमेणोपजनितरौक्ष्याद्रूक्षान् रसास्तिक्तं कषाय कटुकानभिप्रबलयन्तो नृणां दौर्बल्यमाहवन्ति।** (अ.सं.सू. 4/6)

☐ आदान काल आग्नेय होता है। सूर्य अपनी तीव्र किरणों से संसार के स्नेहांश को सोख लेता है इस कारण वायु तीव्र, तीक्ष्ण और रुक्ष हो जाती है।

☐ इस रुक्षता की उत्तरोत्तर (शिशिर से अधिक वसन्त में तथा वसन्त से अधिक ग्रीष्म में) वृद्धि होती है।

☐ रुक्षता में वृद्धि के कारण तिक्त, कषाय तथा कटु रस प्रवृद्ध हो जाते हैं। इन रसों की अभिवृद्धि होने से मानव शरीर में दुर्बलता आती है।

**वर्षाशरद्धेमन्तेष्वृतुषु ते दक्षिणभिमुखेऽर्के कालमार्गमेघ-वातवर्षाभिहतप्रतापे शोशिनि चाव्याहतबले माहेन्द्रसलिलप्रशान्त - सन्तापे जगति, अरुक्षारसाः प्रवर्धन्तेऽम्ललवणमधुराः यथाक्रमं तत्र बलमुपचीयते नृणामिति।** (च.सू. 6/7)

**विसर्गस्तु सौम्यः। तस्मिन्नपि कालमार्गमेघवात-वर्षाभिहतप्रभावे दक्षिणायनगेऽर्के शशिनि चाव्याहतबले शिशिराभिर्भाभिः शश्वदाप्यायमाने माहेन्द्रसलिलप्रशान्तसन्तापे जगत्यरुक्षा रसाः प्रवर्धन्तेऽम्ललवणमधुरा यथाक्रमं बलं चोपचीयते नृणामिति।** (अ.सं.सू. 4/7)

☐ विसर्ग काल सौम्य होता है। वर्षा, शरद और हेमन्त में सूर्य के दक्षिणायन हो जाने के कारण काल, मार्ग, मेघ और वर्षा के प्रभाव से सूर्य का तेज कम हो जाता है तथा चन्द्रमा का बल अथवा तेज नहीं घटता है।

☐ माहेन्द्रसलिल (वर्षा जल) के कारण संसार का सन्ताप विनष्ट हो जाने के कारण अरुक्ष अर्थात् स्निग्ध रसों की अभिवृद्धि होती है।

☐ इससे अम्ल, लवण और मधुर रस उत्तरोत्तर (वर्षा से अधिक शरद में और शरद से अधिक हेमन्त में) बढ़ते हैं। इन रसों की वृद्धि होने से प्राणियों का बल भी बढ़ जाता है।

**आदावन्ते च दौर्बल्यं विसर्गादानयोर्नृणाम्।**
**मध्ये मध्यबलं त्वन्ते श्रेष्ठमग्र च निर्दिशेत्।।** (च.सू. 6/8)
**हेमन्ते शिशिरे चाग्रयं विसर्गादानयोर्बलम्।**
**शरद्वसन्तयोर्मध्यं हीनं वर्षानिदाघयोः।।** (अ.सं.सू. 4/8)

आदान काल के अन्त और विसर्ग के आरम्भ (ग्रीष्म और वर्षा ऋतु) में प्राणियों का बल हीन, मध्य (वसन्त और शरद ऋतु) में मध्यम और विसर्ग काल के अन्त तथा आदान काल के आरम्भ (हेमन्त और शिशिर ऋतु) में श्रेष्ठ होता है।

## विभिन्न आचार्यों के अनुसार ऋतुओं के लक्षण
## (Ritu presentation as per different Acharyas)

### हेमन्त ऋतु-

**वायुर्वात्युत्तरः शीतो रजोधूमाकुला दिशः।**
**छन्नस्तुषारैः सविता हिमानद्धा जलाशयाः।।**
**दर्पिता ध्वाङ्क्षखड्गाह्वमहिषोरभ्रकुंजराः।**
**रोध्रप्रियंगुपुन्नागाः पुष्पिता हिमसाह्वये।।** (सु.सू. 6/22,23)

☐ हेमन्त ऋतु में उत्तर दिशा की ठण्डी हवा चलती है, दिशायें धूल एवं धूम से व्याप्त हो जाती हैं।

☐ सूर्य कोहरे से आच्छादित रहता है तथा जलाशय बर्फ से ढंक जाते हैं।

☐ कौवे, गेंडा, भैंसा, मेढ़ा एवं हाथी प्रसन्न होते हैं। लोध्र, प्रियंगु तथा पुन्नाग के फूल खिलते हैं।

**धूमधूम्ररजोमन्दास्तुषाराविलमण्डलाः।**
**दिगादित्या मरुच्छैत्यादुत्तरो रोमहर्षणः।।**
**लोध्रप्रियंगुपुन्नागलवल्यः कुसुमोज्वलाः।**
**दृप्ता गजाजमहिषवाजिवायससूकराः।।**
**हिमानीपटलच्छन्ना लीनमीनविहंगमाः।**
**नद्यः सवाष्पाः सोष्माणः कूपाश्च हिमागमे।।** (अ.सं.सू. 4/9-11)

☐ हमेन्त ऋतु में दिशायें धूम के समान धूम्र एवं धूल से मन्द (व्याप्त) हो जाती हैं।

☐ कोहरे से दिशायें एवं सूर्य मलिन हो जाते हैं। उत्तरी हवा ठण्ड के कारण रोमहर्ष उत्पन्न करती है।

☐ लोध्र, प्रियंगु, पुन्नाग तथा लवली के फूल खिलते हैं।

☐ हाथी, बकरी, भैंसा, घोड़ा, कौआ तथा सुअर मदोन्मत्त हो जाते हैं।

☐ नदियां बर्फ से ढ़ंक जाती हैं तथा मछलियां और जलचर पक्षी छिप जाते हैं।

☐ नदियो के जल से वाष्प निकलने लगती है तथा कुएं का जल गरम होता है।

**हेमन्तः शीतलः स्निग्धः स्वादुर्जठरवह्निकृत्।** (भा.प्र.पू.ख.4/101)

हेमन्त ऋतु शीतल, स्निग्ध, प्रायः सभी वस्तुओं में मधुरता को उत्पन्न करने वाली तथा जठराग्नि को प्रदीप्त करने वाली होती है।

### शिशिर ऋतु

**शिशिरेशीतमधिकं वातवृष्ट्याकुला दिशः।**
**शेषं हेमन्तवत् सर्वं विज्ञेयं लक्षणं बुधैः।।** (सु.सू. 6/24)
**शिशिरेशीतमधिकं मेघमारुतवर्षजम्।** (अ.सं.सू.4/20)

☐ शिशिर ऋतु में मेघ, वात और वर्षा के कारण ठण्ड अधिक होती है।

☐ अन्य सभी लक्षण हेमन्त के ही समान होते हैं।

**शिशिरः शीतलोऽतीवरुक्षोवाताग्निवर्धनः।** (भा.प्र.पू.ख.4/101)

शिशिर ऋतु शीतल अत्यन्त रुक्ष तथा वायु और अग्नि को बढ़ाने वाली होती है।

### वसन्त ऋतु

**सिद्धविद्याधरवधूचरणालक्तकांकिते।**
**मलये चन्दनलतापरिष्वंगाधिवासिते।।**
**वातिकामीजनानन्दजननाऽनंगदीपनः।**
**दम्पत्योर्मानमिदुरो वसन्ते दक्षिणोऽनिल।।**
**दिशो वसन्ते विमलाः काननैरूपशोभिताः।**
**किंशुकाम्भोजवकुलचूताशोकादिपुष्पितैः।।**
**कोकिलाषट्पदगणेरूपगीता मनोहराः।**
**दक्षिणानिलसंवीताः सुमुखाः पल्लवोज्वलाः।।** (सु.सू. 6/25-28)

☐ वसन्त ऋतु में सिद्ध विद्याधरों की वधुओं के चरणों में लगे आलक्त से

चिन्हित, चन्दनलता के आलिंगन से सुवासित, अति कामियों को आनन्द देने वाली, कामवर्धक तथा दम्पतियों के अहंकार का मर्दन करने वाली दक्षिणी हवा चलती है।

☐ दिशायें निर्मल तथा बनों के सौदर्य से सुशोभित होती हैं।

☐ ढाक, कमल, वकुल, आम्र अशोकादि के फूल खिलते हैं। कोयल एवं भ्रमरादिकों के मनोहर गीतों से युक्त और सुन्दर सुकोमल पत्तों से श्रृंगारित दक्षिणी वायु चलती है।

**वसन्ते दक्षिणो वायुराताम्रकिरणो रविः।**
**नवप्रवालत्वक्पत्राः पादपाः कुकुभोऽमलाः॥**
**किंशुकाशोकचूतादिवनराजिविराहिजताः।**
**कोकिलालिकुलालापकलकोलाहलाकुलाः॥** (अ.सं.सू.4/21-23)

☐ वसन्त ऋतु में दक्षिणी हवा चलती है, सूर्य की किरणें आताम्र (लोहित वर्ण वाली) होती हैं।

☐ वृक्षों में नवीन पत्ते तथा त्वचा आ जाती है, दिशासें निर्मल हो जाती हैं।

☐ पलाश, अशोक तथा आम्र के फूलों से वन सुशोभित हो जाते हैं और दिशायें कोयल और भ्रमरों के आलापों के मधुर कोलाहल से व्याप्त हो जाती हैं।

**वसन्तोमधुरः स्निग्धः श्लेष्मवृद्धिकरश्च सः।** (भा.प्र.पू.ख.4/101)

वसन्त ऋतु प्रायः सभी वस्तुओं में मधुरता उत्पन्न करने वाली, स्निग्ध और कफवर्धक होती है।

### ग्रीष्म ऋतु

**ग्रीष्मे तीक्ष्णांशुरादित्यो मारुतो नैऋतोऽसुखः।**
**भूस्तप्ता सरितस्तन्व्यो दिशः प्रज्वलिता इव॥**
**भ्रान्तचक्राह्वयुगलाः पयःपानाकुला मृगाः।**
**ध्वस्तवीरुत्तृणलता विपर्णांकितपादपाः॥** (सु.सू.6/29,30)

☐ ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की किरणें तीक्ष्ण हो जाती हैं तथा असुखकारक नैऋत की हवा चलती है।

☐ भूमि तप्त हो जाती है, नदियों कर प्रवाह धीमा हो जाता है अथवा छोटी नदियां सूख जाती हैं तथा दिशायें जलती हुई सी जान पड़ने लगती हैं।

☐ चक्रवाक युगल तथा मृग भ्रमित एवं प्यास से व्याकुल हो जाते हैं। वीरुध, तृण तथा लताये नष्ट हो जाती हैं और वृक्ष पर्णविहीन हो जाते हैं।

**ग्रीष्मेंऽतसीपुष्पनिभस्तीक्ष्णांशुर्दावदीपिताः।**
**दिशो ज्वलन्ति भूमिश्च मारुतो नैऋतःसुखः।**
**पवनातपसंस्वेदैर्जन्तवो ज्वरिता इव॥**
**तापार्ततुंगमातंगमहिषैः कलुषीकृताः।**
**दिवाकरकरांगारनिकरक्षपिताम्भसः॥**
**प्रवृद्धरोधसो नद्यश्छायाहीना महीरुहा।**
**विशीर्णजीर्णपर्णाश्च शुष्कवल्कलतांकिताः॥** (अ.सं.सू. 4/28-31)

☐ ग्रीष्म ऋतु में सूर्य अलसी के फूल के समान आभा वाला तथा वनाग्नि के समान जलता हुआ जान पड़ता है।

☐ दिशायें एवं भूमि जलने लगती है, नैऋत दिशा से सुखकारक (यहां पर आचार्य सुश्रुत एवं आचार्य वाग्भट्ट का मत एक दूसरे के विपरीत है) हवा चलती है।

☐ गरम हवा, धूप तथा पसीने के कारण प्राणी ज्वरित के समान तप्त हो जाते हैं।

☐ ताप से पीड़ित छोटे - बड़े हाथी तथा भैंसें नदियों को गंदा कर देती हैं।

☐ अंगारों के समान तपती हुयी सूर्य की किरणों के कारण नदियां सूख जाती हैं तथा किनारे विस्तृत हो जात हैं।

☐ वृक्ष छायाहीन हो जाते हैं, पत्ते जीर्ण होकर गिर जाते हैं, छाल तथा उन पर फैली लतायें सूख जाती हैं।

**ग्रीष्मोरुक्षोऽतिकटुकः पित्तकृत् कफनाशनः।** (भा.प्र.पू.ख.4/101)

ग्रीष्म ऋतु रुक्ष तथा प्रायः सभी वस्तुओं में अति कटुता उत्पन्न करनो वाली, पित्तवर्धक और कफ का विनाश करने वाली होती है।

### प्रावृट् ऋतु

**प्रावृष्यम्बरमानद्धं पश्चिमानिलकर्षितैः।**
**अम्बुद्युद्द्योतप्रसुतैस्तुमुलस्वनैः॥**
**कोमलश्यामशष्पाढ्या शक्रगोपोज्वलामही।**
**कदम्बनीमकुटजसर्जकेतकिभूषिता॥** (सु.सू. 6/31,31)

☐ प्रावृट् ऋतु में पश्चिम दिशा की हवा चलती है। पश्चिमी वायु द्वारा लाये हुये बादलों से आकाश आच्छादित हो जाता है।

☐ बिजली की चमक के साथ बरसने वाले तथा भयंकर गर्जना करने वाले बादल छाये रहते हैं।

☐ पृथ्वी कोमल एवं श्याम वर्णी दूर्वादि घासों से ढंक जाती है, शक्रगोप (इन्द्रगोप, बीर बहूटी) से उज्वल तथा कदम्ब, नीम, कुटज, राल एवं केतकी के फूलों से विभूषित होती है।

**अन्य आचार्यों ने इस ऋतु का वर्णन नही किया है।**

### वर्षाऋतु

**तत्र वर्षासु नद्योऽम्मश्छन्नोत्खाततटद्रुमाः।**
**वाप्यः प्रात्फुल्लकुमुदनीलोत्पलविराजिताः॥**
**भूरव्यक्तस्थलश्वभ्रा बहुसस्योपशोभिता।**
**नातिगर्जत्स्रवन्मेघनिरुद्धार्कग्रहं नमः॥** (सु.सू. 6/33,34)

☐ वर्षा ऋतु में नदियां पानी से भरी रहती हैं, नदियों के किनारे तथा किनारे के वृक्ष टूटते हैं।

☐ वावड़ियों में कुमुदिनी और नीलकमल खिल जाते हैं, भूमि के शस्यश्यामला हो जाने के कारण गड्ढे नजर नही आते हैं।

☐ अतिगर्जन न करने वाले बादलों से सूर्य चन्द्रमा और तारे ढंके रहते हैं।

**वर्षासु वारुणो वायुः सर्वसस्यसमुद्गमः।**
**भिन्नेन्द्रनीलनीलाभ्रवृन्दमन्दाविलं नभः॥**
**दीर्घिका नववार्यौघमग्नसोपानपंक्तयः।**
**वारिधाराभृशाघातविकासितसरारुहाः॥**
**सरितः सागराकाराभूरव्यक्तजलस्थला।**
**मन्द्रस्तनितजीमूतशिखिदर्दुरनादिता॥**
**इन्द्रगोपधनुः खण्डकवद्युद्द्योतदीपिता।**
**परितः श्यामलतृणा सिलीन्ध्रकुटजोज्वला॥** (अ.सं.सू.4/39-42)

- ☐ वर्षा ऋतु में वारुण अर्थात् जल देवताऽधिष्ठित वायु चलने लगती है जिससे सभी अनाज पैदा होते हैं।
- ☐ आकाश तोड़े हुये इन्द्रनील मणि के समान नीले बादलों से ढंका हुआ एवं मलिन होता है।
- ☐ नये जल समूह के कारण दीर्घिका अर्थात् वावड़ी की सीढ़ियां डूब जाती हैं।
- ☐ जलधाराओं के अत्यधिक आघात के कारण सरोवरों के कमल खिल जाते हैं।
- ☐ नदियां सागर के सदृश आकार वाली तथा पृथ्वी जलाधिक्य के कारण अव्यक्तस्थला हो जाती है।
- ☐ बादलों की गर्जना धीमी हो जाती है तथा मोर और मेंढक बोलने लगते हैं।
- ☐ बीरबहूटी, इन्द्रधनुष तथा बिजली चमकने लगती है।
- ☐ पृथ्वी पर चारों ओर हरी घास, छत्रक तथा कुटज के फूल खिल जाते हैं।

**वर्षाशीताविदाहिन्योवह्निमान्द्यानिलप्रदाः।** (भा.प्र.पू.ख. 4/101)

वर्षा ऋतु शीतल, विदाह तथा मन्दाग्नि करने वाली और वातवर्धक होती है।

### शरद ऋतु

**वभ्रुरुष्णा शरद्यर्कः श्वेताभ्रविमलं नभः।**
**तथा सरांस्यम्बुरुहैर्भान्ति हंसांसघट्टितैः॥**
**पंकशुष्कद्रुमाकीर्णा निम्नोन्नतसमेषु भूः।**
**बाणसप्ताह्वबन्धूककाशासनबिराजिता॥** (सु.सू.6/35,36)

- ☐ शरद ऋतु में सूर्य वभ्रु (कपिल - पिंगल) और उष्ण होता है तथा आकाश श्वेत बादलों से युक्त और निर्मल होता है।
- ☐ हंसों के द्वारा आडोलित कमलों से सरोवर सुशोभित होते हैं।
- ☐ भूमि का उन्नत भाग सूखा हुआ रहता है तथा निम्न भाग और समतल भाग क्रमशः कीचड़ तथा पैरों के निशानों से व्याप्त रहता है।
- ☐ झिंटी, सप्तपर्ण, दुपहरिया, काश तथा असन के फूलों से भूमि सुशोभित होती है।

**शरदि व्योम शुभ्राभ्रं किंचित् पंकांकिता मही।**
**प्रकाशकाशसप्ताह्व कुमुदा शालिशालिनी॥**
**विक्षिप्ततीक्ष्णकिरणो मेघौघविगमाद्रविः।**
**बभ्रुवर्णोऽतिविमलाः क्रौंचमालाकुला दिशः॥**
**कमलान्तरसल्लीनमीनहंसांसघट्टनैः।**
**तरंगभंगतुंगानि सरांसि विमलानि च॥** (अ.सं.सू. 4/50-52)

- ☐ शरद ऋतु में आकाश सफेद बादलों वाला तथा पृथ्वी थोड़े - थोड़े कीचड़ वाली होती है।
- ☐ काश, सप्तपर्ण तथा कुमुद खिलने लगते हैं और शालिधान्यों से पृथ्वी सुशोभित होती है।
- ☐ बादलों के हट जाने के कारण सूर्य तीक्ष्ण किरणों वाला कपिल वर्णी हो जाता है।
- ☐ दिशायें अत्यन्त निर्मल तथा क्रौंच पक्षियों की कतारों से युक्त होती हैं।
- ☐ निर्मल जल युक्त सरोवरों में कमलों के बीच रहने वाली मछलियों तथा हंसों के कंधों के टकराने से छोटी - बड़ी तरंगें उत्पन्न होती हैं।

**शरदुष्णापित्तकर्त्रीनृणांमध्यबलावहा।** (भा.प्र.पू.ख. 4/101)

शरद ऋतु उष्ण, पित्त को बढ़ाने वाली तथा मध्यम बल प्रदान करने वाली होती है।

**Identification of seasons based on the ritu lakshanas in different geographical areas**

North, West, Central India and Andhra Pradesh

| Sn. | Ritu | Season | Hindu Lunar months | Gregorian months | Characteristics |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वसन्त | Spring | चैत्र-वैशाख | March & April | • Temperature around 20-30 degrees Celsius; vernal equinox occurs in the middle of this season.<br>• First spring harvest along with harvest festivals. |
| 2 | ग्रीष्म | Summer/ Hot Season | ज्येष्ठ-आषाढ | May & June | • Very hot, temperatures up to 45-50 degrees Celsius; summer solstice occurs.<br>• This is one of the two typical Indian/ Hindu Marriage Seasons. |
| 3 | वर्षा | Monsoon/ Rainy Season | श्रावण-भाद्रपद<br>सावन-भादों | July & August | • Very hot, very humid and heavy monsoon rains; begins with the lunar month after the summer solstice. |
| 4 | शरद | Autumn | अश्विन (क्वार)-कार्तिक | Late-September, October & mid-November | • Mild temperatures; 19-25 degrees Celsius; autumnal equinox occurs in the middle of this season.<br>• First autumn harvest occurs along with harvest festivals.<br>• Some trees in the Himalayas or upper elevations change colors much like in northern latitudes across the world. |
| 5 | हेमन्त | Pre-Winter/ Cool Season | मार्गशीर्ष (अगहन) - पौष | Late November & December | • Very pleasant temperatures; generally, 19-25 degrees Celsius; ends with the winter solstice.<br>• Some trees in the Himalayas and other hills complete shedding their leaves much like in northern latitudes across the world. |

| Sn. | Ritu | Season | Hindu Lunar months | Gregorian months | Characteristics |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | शिशिर | Winter/ Cold Season | माघ-फाल्गुन | January & February | • Moderately cold, but pleasant during occasional sunshine; temperatures may decrease below 10 degrees Celsius.<br>• This season is typical to tropical and subtropical regions because trees actually shed their leaves in this season in tropical areas; starts with the winter solstice. |

### East India Region

- East Indian (Bengali, Assamese, Odia and Maithili) start their new year on *Mesh Sankranti*.
- The season names corresponds to the *Sanskrit Vasanta, Grishma, Varsha, Sharada, Hemanta, Shishira* order.
- The Bengali Calendar is similar to the *Sanskrit* calendar above, but differs in start and end times which moves certain dates/days around (i.e., *Vasant Panchami* occurs here in *Vasant Ritu* but in the calendar above, it occurs in *Shishir* as that is the *Magha Shukla Panchami*).
- The East Indian calendar has the following seasons or *Ritus*:

### Assamese Calendar

| Assamese season | Assamese months | English | Start | End |
|---|---|---|---|---|
| Grishmo | Bohag, Jeth | Summer | Mid-April | Mid-June |
| Borkha | Ahaar, Xaaun | Monsoon | Mid-June | Mid-August |
| Xorot | Bhado, Ahin | Early Autumn | Mid-August | Mid-October |
| Hemanta | Kati, Aghun | Late Autumn | Mid-October | Mid-December |
| Heat | Pooh, Magh | Winter | Mid-December | Mid-February |
| Boxonto | Phagun, Sot | Spring | Mid-February | Mid-April |

### Season in the Mithila

| Maithili Ritu | English Equivalent | Maithili Months | Gregorian Months |
|---|---|---|---|
| ग्रीष्म | Summer | Baisakha-Jyeshtha | Mid-April to mid-June |
| वर्षा | Monsoon | Akhadha, Shrabana | Mid-June to mid-August |
| शरद | Autumn | Ashwina, Kartika | Mid-August to mid-October |
| हेमन्त | Late-Autumn | Maargashirsha, Pausha | Mid-October to mid-December |
| शिशिर | Winter | Pausha, Magh | Mid-December to mid-February |
| वसन्त | Spring | Phalgun, Chaitra | Mid-February to mid-May |

### Seasons in the Odissa:

| Odia Ritu | Season | Odia months | Gregorian |
|---|---|---|---|
| Grisma | Summer | Baishakha–Jyeshtha | April–June |
| Barsa | Monsoon | Asharaha–Shrabana | June–August |
| Sarata | Autumn | Bhadraba–Ashwin | August–October |
| Hemanta | Pre-Winter | Karttika–Margashira | October–December |
| Sita | Winter | Pauṣa–Magha | December–February |
| Basanta | Spring | Phalguna–Chaitra | February–April |

### South Indian Calendars

- **Malayalam Kannada** : The Malayalam calendar used in Kerala, and in Karnataka they follows a pattern of six seasons slightly different from North Indian Calendars.

|  | Ritu | Season | Malayalam solar months | Sanskrit solar months | Gregorian months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Vasantam | Spring | Makaram (second half)-Kumbham-Meenam (first half) | Makara (second half)-Kumbha-Mina (first half) | February & March |
| 2 | Grishmam | Summer | Meenam (second half)-Medam-Idavam (first half) | Mina (second half)-Mesha-Vrisabha (first half) | April & May |
| 3 | Varsham | Monsoon or Rain | Idavam (second half)-Mithunam-Karkatakam (first half) | Vrisabha (second half)-Mithuna- Karkataka (first half) | June & July |

| | Ritu | Season | Malayalam solar months | Sanskrit solar months | Gregorian months |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Sarath | Early Autumn | Karkitakam (second half)-Chingam-Kanni (first half) | Karkataka (second half)-Siṃha-Kanya (first half) | August & September |
| 5 | Hemantham | Late Autumn | Kanni (second half)-Thulam-Vrischikam (first half) | Kanya (second half)-Tula-Vṛshcikam (first half) | October & November |
| 6 | Sisiram | Winter | Vrischikam (second half)-Dhanu-Makaram (first half) | Vṛshcikam (second half)-Dhanu-Makara (first half) | December & January |

- The Tamil Calendar follows a similar pattern of six seasons as described in the Hindu calendar.

| Tamil season Names | English Meaning | Tamil Months | Gregorian Months |
|---|---|---|---|
| Muthuvenil (Hot Summer) | Matured heat / warmth | Chittirai and Vaikasi | April 15 to June 14 |
| Kar (Monsoon) | Dark Clouds | Ani and Adi | June 15 to August 14 |
| Kutir (Autumn) | Cold / Chill | Avaṇi and Purattasi | August 15 to October 14 |
| Munpani (Pre-winter) | Early (Frontal) Dew / Mist | Aippasi and Kartikai | October 15 to December 14 |
| Pinpani (Prevernal / Early Spring) | Late (Rear) Dew / Mist | Margaḻi and Tai | December 15 to February 14 |
| Ilavenil (Mild Summer) | Tender heat / warmth | Masi and Panguni | February 15 to April 14 |

### ऋतुओं के अनुसार दोषों का संचय, प्रकोप एवं प्रशमन

- *Sanchaya- Prakopa-Prashamana* of *Dosha* with their *Gunas* in each *Ritu*. (सु.सू. 6/11-13)

| ऋतु/ दोष | वात | पित्त | कफ |
|---|---|---|---|
| वर्षा | | संचय | |
| शरद | प्रशम | प्रकोप | |
| हेमन्त | | प्रशम | संचय |
| शिशिर | | | |
| वसन्त | | | प्रकोप |
| ग्रीष्म | संचय | | प्रशम |
| प्रावृट् | प्रकोप | | |

- The properties of these *Doshas* remain constant throughout the year, but their dominance varies with the change of seasons.
- For example, in the winter season, *Vata Dosha* is dominant, while in the summer season, *Pitta Dosha* is dominant. During the rainy season, *Kapha Dosha* is dominant.
- The properties of each *Doshas* in different seasons are as follows:
    1. **Vata:** In the fall season, *Vata Dosha* is dominant. The weather is dry, windy, and cool. The properties of *Vata Dosha* during this season are dryness, lightness, and coldness.
    2. **Pitta:** In the summer season, *Pitta Dosha* is dominant. The weather is hot, humid, and bright. The properties of *Pitta* dosha during this season are hotness, lightness, and fluidity.
    3. **Kapha:** In the spring season, *Kapha Dosha* is dominant. The weather is wet, cool, and heavy. The properties of *Kapha Dosha* during this season are heaviness, coldness, and stability.
- जहां पर प्रावृट् को नही माना गया है और शिशिर को माना गया है वहां पर कफ का संचय हेमन्त के स्थान पर शिशिर में माना गया है और वात का प्रकोप प्रावृट् के स्थान पर वर्षा में माना गया है।
- ऋतुओं को लेकर किसी प्रकार का संशय नही करना चाहिए।
- आचार्य सुश्रुत ने शल्य कर्म में वात पित्त और कफ के संचय प्रकोप और प्रशम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त वर्णन किया है।
- आचार्य चरक ने प्रावृट् को न मानते हुए उधर शिशिर ऋतु का वर्णन किया है परन्तु विमान स्थान के आठवें अध्याय में संशोधन को ध्यान में रखकर शिशिर को न मानते हुए प्रावृट् ऋतु को माना है।

### ऋतु और अग्निबल का सम्बन्ध

| ऋतु | अग्निबल |
|---|---|
| वर्षा | हीन |
| शरद | मध्यम |
| हेमन्त | उत्तम |
| शिशिर | उत्तम |
| वसन्त | मध्यम |
| ग्रीष्म | हीन |

### ऋतुचर्या में दोष शोधन

**हरेत् वसन्ते श्लेष्माणं पित्तं शरदि निर्हरेत्।**
**वर्षासु शमयेत् वायुं प्राग्विकारसमुच्छ्रयात्।।** (सु.सू. 6/38)

- रोगोत्पत्ति होने से पूर्व ही वसन्त ऋतु में कफ का, शरद ऋतु में पित्त का

और वर्षा ऋतु में वात का शरीर से निर्हरण कर देना चाहिए।

- वसन्त ऋतु में कफ को वमन के द्वारा और शरद ऋतु में पित्त को विरेचन के द्वारा शरीर से बाहर निकाल देना चाहिए तथा वर्षा ऋतु में वात का वस्ति के द्वारा निर्हरण (अथवा शोधन) करना चाहिए।

## विभिन्न ऋतुओं में पथ्य एवं अपथ्य आहार तथा विहार

**हेमन्त एवं शिशिर ऋतु** (च.सू. 6/9-14, सु. उ. 64/21-31, अ.सं.सू. 4/15-19)

- **पथ्य आहार -** स्निग्ध, मधुर, अम्ल, लवण रस युक्त आहार। नया चावल, उड़द, तिल, शाक, पिष्टान्न, गुड़, शर्करा, गन्ने का रस, दूध, दही, घी, मावा, खीर, विलेशय (गोधा आदि), औदक (कछुआ, मछली आदि), आनूप (महिष आदि), प्रसह (बाज, मुर्गा, कौआ आदि) प्राणियों का मांस, तीक्ष्ण मद्य एवं उष्ण जल।
- **पथ्य विहार -** व्यायाम, उद्वर्तन, अभ्यंग, स्वेदन, धूमपान अंजन आतप सेवन, उष्णजल स्नान, अनुलेपन, व्यवाय एवं गर्भगृह निवास।
- **अपथ्य आहार -** रुक्ष, तिक्त, कटु कषाय रस युक्त, लघु गुण युक्त अथवा हीनमात्रा आहार, शीतल आहार, शीतल पेय, एवं वातवर्धक आहार।
- **अपथ्य विहार -** जलक्रीड़ा, शीतल जल स्नान, दिवास्वप्न एवं शीतल वायु सेवन।
- **वसन्त ऋतु** (च.सू.6/23-26,सु. उ. 64/32-40, अ.सं.सू. 4/24-28)
- **पथ्य आहार -** तीक्ष्ण, रुक्ष, क्षार, तिक्त, कटु, कषाय रस युक्त आहार।
- यव, गोधूम, साठी चावल, मूंग, निवार, कोदो, परवल, वैगन, मधु, जांगल पशु पक्षियों (खरगोश, बटेर, कपिंजल आदि) का मांस, अंगूर से बनी मदिरा, मध्वासव, एवं पकाया हुआ जल अथवा मोथा एवं शुण्ठी का जल अथवा विजयसार से पक्व जल।
- **पथ्य विहार -** व्यायाम, कुश्ती, चक्रमण, उद्वर्तन, धूमपान, कवल, अंजन नस्य, उष्णजल स्नान, अनुलेपन एवं व्यवाय।
- **अपथ्य आहार -** स्निग्ध, मधुर, अम्ल, रस युक्त, गुरु गुण युक्त अथवा अतिमात्रा आहार एवं शीतल तथा कफवर्धक आहार।
- **अपथ्य विहार -** दिवास्वप्न, जलक्रीड़ा।
- **ग्रीष्म ऋतु-** (च.सू. 6/27-32, सु.उ. 64/41-46, अ.सं.सू. 4/32-38)
- **पथ्य आहार -** स्निग्ध एवं मधुर रस युक्त आहार।
- शर्करा और शीतल जल मिश्रित सत्तू, दूध और शालि चावल, दूध, घी, द्राक्षा, नारियल का जल, शरबत, मूंग, जांगल पशु पक्षियों (खरगोश, बटेर, कपिंजल आदि) का मांस एवं शीतल जल।
- **पथ्य विहार -** शीतल जल स्नान, अनुलेपन, ताड़ के पत्तों की हवा, दिवास्वप्न, जलक्रीड़ा एवं तालाब, नदियां, वावड़ी, सुन्दर वन इत्यादि ठण्डे स्थानों में विहार,।
- **अपथ्य आहार -** स्निग्ध, कटु, अम्ल, लवण रस युक्त, गुरु गुण युक्त अथवा अतिमात्रा आहार एवं उष्ण पदार्थ, मदिरा पान।
- **अपथ्य विहार -** व्यायाम, व्यवाय, आतप सेवन।
- **प्रावृट् ऋतु** (सु.उ. 64/46-50)
- **पथ्य आहार -** मधुर, अम्ल एवं लवण रस युक्त आहार।
- सुखोष्ण दूध, सुखोष्ण मांस रस, तैल, घी, पुराना जौ, गेहूं एवं पुराना चावल, चटनी, पुराना आसव अरिष्ट तथा मैरेय एवं पकाकर शीतल किया हुआ जल।
- **पथ्य विहार -** स्नान, अनुलेपन, अत्यल्प व्यायाम।
- **अपथ्य आहार -** कटु, तिक्त, कषाय रस युक्त, रुक्ष गुण युक्त नवीन अन्न, सत्तू, शीतल जल।
- **अपथ्य विहार -** व्यायाम, व्यवाय, आतप सेवन, दिवास्वप्न।
- **वर्षा ऋतु-** (च.सू. 6/35-40, सु.उ. 64/7-13, अ.सं.सू. 4/43-49)
- **पथ्य आहार -** नाऽतिस्निग्ध, नाऽतिरुक्ष, नात्युष्ण एवं अम्ल रस युक्त आहार।
- पुराना जौ, गेहूं एवं पुराना चावल, कृतयूष, मधु, जांगल पशु पक्षियों (खरगोश, बटेर, कपिंजल आदि) का मांस, अरिष्ट, मार्द्वीक एवं कूप तथा सरोवर का जल।
- **पथ्य विहार -** अभ्यंग, अत्यल्प व्यायाम, उद्वर्तन, स्नान, धूमपान, अनुलेपन।
- **अपथ्य आहार -** सत्तू, तौषार, नादेय, अधिक जलपान।
- **अपथ्य विहार -** अधिक व्यायाम, अधिक व्यवाय, आतप सेवन दिवास्वप्न।
- **शरद ऋतु-** (च.सू. 6/42-45, सु.उ.64/13-20, अ.सं.सू. 4/54-60)
- **पथ्य आहार -** कषाय, मधुर, तिक्त, रस युक्त आहार।
- चावल, जौ, गेहूं, मूंग, शर्करा, मधु, परवल, आमलकी, द्राक्षा, गन्ने का रस, घी अथवा पंचतिक्त घृत, जांगल (बटेर, कपिंजल, हरिण, खरगोश आदि) प्राणियों का मांस, हंसोदक।
- **पथ्य विहार -** तैराकी, अनुलेपन, रात्रि के प्रथम प्रहर में चन्द्रकिरणों का सेवन।
- **अपथ्य आहार -** वसा, तैल, दही, क्षार, आनूप मांस तीक्ष्ण मद्य तथा अतिमात्रा अहार।
- **अपथ्य विहार -** दिवास्वप्न, पूर्वी वायु एवं आतप सेवन।

### ग्रीष्मऋतु में पथ्य

कुन्द पुष्प तथा चन्द्रमा की कान्ति के सदृश सफेद शालि धान्य के चावलों का भाव मिश्री के साथ खाना, मूंग का यूष, पुराने जौ, गेहूं, जांगल देशीय पशु-पक्षियों के मांस रस, 'रसाला'- शिखरिणी, (स्वच्छ छाने गये), पानक, राग (आचार), षाडव, रस (शर्बत), पानी तथा मिश्री युक्त सत्तू, चन्द्रमा की कान्ति के सदृश और चन्द्रकिरणों से शीतल की गयी मिठाइयाँ जिनका निर्माण गाय के दूध (खोया-मावा) द्वारा हुआ हो, जिसे बर्फी या कलाकन्द कहते हैं, गाय या भैंस का मिश्री मिला हुआ दूध, घी, चीनी, पानी मिली हुई शराब, खटाई, पके हुए केले के फल, मुनक्का, कटहल, आम, चारों प्रकार के (चर्व्य, चोप्य, लेह्य, पेय) स्वादिष्ट खान-पान, मधुर, सुपाच्य, पानी जैसे शीतल द्रव, सभी स्निग्ध पदार्थ, पाटल के फूलों से सुगन्धित जल, लघुतर (सुपाच्य) साफ एवं सुशीतल जल, गगनचुम्बी पत्तों तथा फूलों से युक्त जिनसे सूर्य की किरणें भी रुक गयी हों, अतएव जहाँ का वातावरण आमोदक एवं मनोहर को गया हो,

ऐसे चारों ओर स्थित वृक्षों की सघन छाया में, जहाँ हिंसक (शेर, बाघ आदि) प्राणी न हों, जहाँ भौरों के गूँजने से वातावरण सुरम्य हो गया हो, गर्मी को शान्त करने वाले वनों अथवा बगीचों में अथवा नदी के किनारे पर जहाँ बालू चमक रही हो, खस तथा चन्दन के सुगन्धित जलों से सींचे जाने के कारण शीतल घर में, चन्द्रमा की चाँदनी में, कहार उत्पल (ये सब कमल के भेद है) इनके कोमल पतों की शय्या में फूल बिछाकर दोपहर मे सोना अथवा मेधाच्छादित स्थान पर या फव्वारों से युक्त उद्यान में निवास करना, समान अवस्था वाली स्त्रियों अथवा मित्रगणों के साथ जलक्रीडा करना, रात्रि में महल की छत पर जहाँ चाँदनी छिटकी हो और हवा बह रही हो शयन करना, अन्यन्त हलके सूक्ष्मवस्त्रों को धारण करना कमल नाल के कणों को धारण करना, कपूर युक्त चन्दन का लेप करना, रत्नजटित आभूषण धारण करना (ये शीतल होते हैं), भीगे हुए पंखे की हवा का सेवन, कपूर के टुकड़ों को आभूषण की भांति शरीर में धारण करना, नदी के किनारों के कूपों का जल मोती की मालाएँ, मल्लिका (बेला) की माला, इन दिनों पन्द्रह दिन में एक बार स्त्री सहवास करना, स्नान, दिन में सोना, गीत, मनोहर, पञ्चम स्वर में गाना, शीतल स्थान, का निवास, भौरे, शुक तथा सारिकाएँ, शीतल खान-पान, बिहार ये सभी पदार्थ ग्रीष्मऋतु में मनुष्यों के लिये पथ्य होते हैं।

### ग्रीष्मऋतु में अपथ्य

सभी प्रकार के दंड-बैठक आदि शारीरिक व्यायाम (परिश्रम), धूप में घूमना या घाम का सेवन करना, कडुए, खट्टे, नमकीन, रस प्रधान पदार्थों का सेवन, मैथुन, गरमागरम रूक्ष आदि (विदाह कारक पदार्थों का ग्रीष्मऋतु में सदा त्याग करना चाहिये।

### वर्षाऋतु में पथ्य

- इन दिनों सबसे पहले वमन, विरेचन तथा आस्थापन बस्तियों के प्रयोग से शरीर की शुद्धि करना, पुराने शालिधान्यों का भोजन में प्रयोग मरुभूमि में रहने वाले पशु-पक्षियों के मांस रस का सेवन, पुराने, जौ आदि अन्न, पुराना मधु (मद्य), अरिष्ट आदि, मूंग आदि दालों के रस, जो जठराग्नि को प्रदीप्त करने वाले हों, वात आदि दोषों के अनुसार साधारण पेया, विलेपी आदि पदार्थ, स्निग्ध, (तेल-घी मिले हुए), उष्ण तथा मधु मिश्रित हलके (शीघ्र पच जाने वाले) मस्तु (दही का पानी,या दही को घोलकर बनाया गया मट्ठा में काला नमक मिलाकर पीयें।
- आकाशीय जल, जिसे विधिवत लेकर रखा गया हो, तालाब का जल अथवा उबाल कर छानकर रखा गया जल, कुएँ का जल, नमकीन, मधुर तथा खट्टे, रस प्रधान पदार्थ, पतले स्वच्छ तथा धूप में सुखाये वस्त्र धारण करना, सुगन्धित पदार्थ, ताजे फूलों की मालाएँ, जिसमें गीलापन नहो ऐसा साफ-सुथरा घर तथा आँगन, घर की छत पर सोना जहाँ वर्षा की फुहार न पड़े और उष्णता का अनुभव न हो, नंगे पैरों न चलना, ये सब वर्षाऋत में मनुष्यों के लिये पथ्य कहे गये हैं।

### वर्षाऋतु में अपथ्य

किसी भी प्रकार का अधिक परिश्रम करना, सूर्य के प्रकाश में इधर-उधर घूमना, उदमन्थ (पानी में सत्तू घोलकर उसमें घी मिलाया हुआ घोल), नदियों का जल, ओस का सेवन, दिन में सोना, मैथुन, ठंडी हवा का सेवन, ठंडे, रूखे, तीक्ष्ण, (कडुए) पदार्थों का शीतल सेवन, मनुष्य उक्त अपथ्यों का सेवन वर्षाकाल में न करे।

### शरदऋतु में पथ्य

- कुष्ठचिकित्सा में वर्णित तिक्त घृत, विरेचन, सिरावेध द्वारा रक्तमोक्षण, शाली धान्य के सफेद चावल, गेहूँ, मरुभूमि में उत्पन्न तथा निवासी पशु-पक्षियों के मांस, मूंग, जौ, राग-षाडव, स्वच्छ मांस का रस, घी, मधु, दूध, आँवला, परबल, मिश्री, हलके खान-पान, कसैले तीते, मधुर रस वाले आहार पदार्थ, ये पित्तनाशक होते हैं।
- सभी प्रकार के ईखों के रस, कपूर, तालाब का जल, बरफ या ओला का जल, हंसोदक (अगस्त्योदय के बाद, जिस जल पर दिन भर सूर्य की एवं रातभर चन्दमा किरणें पड़ती रहती है. उसे 'हंसोदक' या 'अंशूदक' कहते हैं।), चन्दन, चूना से पोता गया सुन्दर महल, चाँदनी, पतले (हलके) वस्त्र, सुगन्धित मालाएँ, मोतियों की माला, रूखे तथा शीतल उपचार, गीत सुनना, नाच देखना, ये सभी खान, पान, विहार, शरदऋतु में पथ्य होते हैं।

### शरद ऋतु में अपथ्य

तृप्तिपूर्वक भोजन करना, दधि सेवन, तेल तथा सूर्य की किरणों का सेवन, पुरवैया हवा का सेवन, कॉजी, मद्य, कुओं का जल, वसा (चर्बी), बर्फ, सभी प्रकार के क्षार पदार्थ, उड़द, तिल, आनूप- देश के प्राणियों का मांस, दिन में सोना, तीक्ष्ण तथा रूखे पदार्थ, ये सभी द्रव्य शरदऋतु में मनुष्यों के लिये अपथ्य होते हैं।

### हेमन्त एवं शिशिर में पथ्य

वातनाशक तथा सुगन्धित तेलों से सम्पूर्ण शरीर की मालिश, इन्हीं तेलों से शिरोबस्ति को धारण करना, स्निग्ध बस्तियों का प्रयोग, कुशल खिलाड़ियों के साथ द्वन्द्वयुद्ध (कुश्ती) करना, पैरों से विधिपूर्वक दाँव-पेंच दिखाना, स्नान करना हलके गरम वस्त्रों को धारण करना, अगुरु के धूप का सेवन, केसर-कस्तूरी का लेप लगाना, नये अन्नों का सेवन, मधुर, खट्टे, नमकीन रस प्रधान पदार्थों का सेवन उड़द की पीठी के बने हुए पकवान, गेहूं के आटे से बनी पूड़ी-कचौड़ियाँ आदि ईख के रस तथा दूध से बने हुए विविध खान-पान, मद्य, तेल, वसा, (घी, मज्जा), आनूप देश के, बिल में रहने वाले, प्रसह, ग्राम्य (पालतू) तथा जल में रहने वाले प्राणियों के मांस, घी तेल में बने हुए गरमागरम भोजन, धूप सेंकना, सुखद गरम पानी का सेवन, जूते धारण करना, रात्रि में गरम गर्भगृह में रुई भरे हुए गद्दा में सोना, रजाई को ओढ़ना, श्रृंगाररस से युक्त कमनीय युवती प्रिया के साथ सोना, सहवास (मैथुन) करना, कंबल, मृगचर्म, गलीचा, रेशमीवस्त्र, ऊनीवस्त्र इनको ओढ़ना-बिछाना, ये सभी हेमन्त तथा शिशिर ऋतुओं में प्राचीन चिकित्सकों ने पथ्य कहे हैं।

### हेमन्त एवं शिशिर में अपथ्य

तुषार (हिमकण), उदमन्थ (पानी में घोला हुआ सत्तू), तेज हवा, नपातुला खान-पान, कसैले, कडुए, तीते रस प्रधान पदार्थों का सेवन, हलका खान-पान, वातवर्धक आहार-विहार, रूक्ष, तीक्ष्ण भोजन पदार्थ जो ठंड़े हो गये हों, ऐसे पदार्थों का सेवन अपना हित चाहने वाला व्यक्ति हेमन्त तथा शिशिर ऋतु में कभी न करे।

### वसन्तऋतु में पथ्य

- वमन, लंघन, अंजन, प्रधमन नस्य, व्यायाम, (दंड-बैठक आदि समस्त शारीरिक श्रम कारक कर्म), उबटन, गण्डूष धारण, प्रतिसारण कर्म,

कवलधारण, हाथी-घोड़ा आदि की सवारी करना, किसी प्रकार का परिश्रम, पैरों से रौंदना या पैरों के दाँव-पेंच, इन कार्यों से कफदोष को जीत लेने पर स्नान, चन्दन, केशर, अगर, कपूर का लेप, युवती स्त्रियों के साथ हास-परिहास, पुराने गेहूं, जौ, शाली के चावल, पुराना घी, जांगल देश के प्राणियों का मांस, सरोवर का जल, वर्षा (धारा) जल, मधु का शर्बत, अदरख का जल, मधु, गरमजल, कडुआ, तीता तथा कषैला रस प्रधान पदार्थ, रूक्ष तथा उष्ण पदार्थों का सेवन, युवती स्त्रियों अथवा अपनी मित्र मण्डली के साथ आमोद-प्रमोद करना, महुआ का मद्य अथवा सीधु नामक मद्य का प्रतिदिन सेवन, क्रीड़ा, नये-नये हाव-भाव, विलास, नये लाल किसलयों वाले तथा विकसित फूलों से युक्त रमणीय वृक्षों में, प्रौढा स्त्रियों की मनोहर प्रसन्नताओं में,मद्य से मत्त भौरों की गुञ्जार में, कोकिलों की उस स्वर लहरी में जो कामकलाप को बढ़ाने में सहायक है, जहाँ वृक्षों की शाखाओं की छाया से सूर्य की किरणे ढक गयी हैं, उन स्थानों में, जहाँ संगमरमर विछे हैं. उन फर्शो पर जहां फूलों का पराग उड़कर आकाश तरल पर फैल गया हो, ऐसे उद्यानों में स्रोतों से निकले

- हुए नदियों के बहते हुए जलों में, जहाँ सभी प्राणी मधुरभाषण करते हों, विरहीजनों के प्राणों को जलाने वाली प्रखर अग्नियों में स्नान करके जहाँ आनन्द की प्राप्ति होती हो, जहाँ मलयानिल प्राणियों के हृदयों को झकझोर दे रहा हो, ऐसे मध्याह्न काल में वनों या उद्यानों (बगीचों) में श्रुतिमधुर कथाओं को कहना-सुनना, मित्रों के बीच में बैठकर खान-पान तथा विहार करना ये सब बसन्त ऋतु में मनुष्यों के लिये पथ्य हैं।

### वसन्तऋतु में अपथ्य

- मीठे, खट्टे, नमकीन, शीतल, घी आदि के स्नेह में पके हुऐ पदार्थ, गुरु (देर में पचने वाले) भोजन, दिन में सोना, इस सभी भावों को बुद्धिमान् पुरुष वसन्तऋतु में त्याग कर दें।
- एक दोषज (वातज, पित्तज, कफज), दो दोषज या द्वन्द्वज (वातपित्तज, वातकफज, पित्तकफज), तथा त्रिदोषज अर्थात् सन्निपातज ज्वर आदि रोगों में जो पथ्य अथवा अपथ्य कहे गये हैं, उनकी विचार परम्परा का आश्रय लेकर बुद्धिमान् चिकित्सक को सभी स्थानों में पथ्य एवं अपथ्य का विचार कर लेना चाहिये।
- वातजरोग हो तो उसमें वातनाशक पथ्य, पित्तजरोग हो तो उसमें पित्तनाशक पथ्य, कफज़रोग हो तो उसमें कफनाशक पथ्य, दो-दो दोषों से युक्त रोगों में द्विदोषनाशक पथ्य और त्रिदोष में त्रिदोषनाशक पथ्य दें।
- अर्थात् पथ्य प्रयोग कराते समय दोष विचार अवश्य कर लें, तदनुसार पथ्य दें और उसके विपरीत को अपथ्य समझें। (पथ्यापथ्यविनिर्णय)

## ऋतुसन्धि एवं यमदंष्ट्रा Importance of Ahara and Vihara in Ritu Sandhi and Yamadanshtra Kala

**ऋत्वोरन्त्यादिसप्ताहादृतुसन्धिरिति स्मृतः।**
**तत्र पूर्वो विधिस्त्याज्यः सेवनीयोऽपरः क्रमात्॥**
**असात्म्यजा हि रोगाः स्युः सहसा त्यागशीलनात्।** (अ.सं.सू.4/61,62)

- वर्तमान ऋतु का अन्तिम सप्ताह और अगली ऋतु का प्रथम सप्ताह ऋतुसन्धि कहलाता है।
- इस ऋतु सन्धि के समय वर्तमान ऋतु की विधियों (आहार-विहार) का क्रमशः परित्याग एवं अगली ऋतु की विधियों (आहार-विहार) का क्रमशः अनुशीलन करना चाहिए।
- अचानक परित्याग अथवा अचानक अनुशीलन करने से असात्म्यज रोग उत्पन्न होते हैं।

**कार्तिकस्यदिनान्यष्टावग्रहणस्य च।**
**यमदंष्ट्रा समाख्यातः स्वल्पभुक्तो हि जीवितः॥** (शा.सं. 2/30)

- कार्तिक मास के अन्तिम आठ दिन तथा अगहन मास के प्रथम आठ दिन (16दिन) यमदंष्ट्रा कहे जाते हैं।
- इसमें स्वल्पाहार करने वाला व्यक्ति ही जीवित अथवा स्वस्थ रहता है।
- यह शरद और हेमन्त की ऋतु सन्धि का काल है, इस काल में अग्निबल उत्तरोत्तर प्रबल हो रहा होता है अतः क्षुधा की प्रतीति होती रहती है, परन्तु सहसा गुरु आहार लेने से मन्दाग्नि होकर आमरस के उत्पन्न होने का भय बना रहता है।
- यह आम समस्त रोगों का जनक अथवा विष के समान मारक होता है।
- इसी कारण से इस काल में स्वल्पाहार अथवा मिताहार का निर्देश किया गया है।

## ऋतुहरीतकी Rituharitaki as a Rasayana with research updates

**ऋतुहरीतकीः सिन्धूत्थ शर्करा शुण्ठी कणा मधू गुडैः क्रमात्।**
**वर्षादिष्वभयाप्राश्या रसायन गुणैषिणा॥** (भा. प्र.हरीतक्यादि वर्ग)

- अलग - अलग ऋतुओं में अलग - अलग अनुपान के साथ सेवन करने से हरीतकी रसायन के समान गुणकारी होती है।

| ऋतु | अनुपान |
|---|---|
| वर्षा | सैन्धव लवण |
| शरद | शर्करा |
| हेमन्त | शुण्ठी |
| शिशिर | पिप्पली |
| वसन्त | मधु |
| ग्रीष्म | गुड़ |

- *Haritaki* (*Harad*) is a chief herb that can be consumed with different *Anupanas* according to seasons to gets its complete revitalizing benefits.
- According to *Ayurveda, Ritu Haritaki* is the key and most essential *Rasayana* that can be used in every season, but *anupana* should be different.

### Varsha Ritu

The *Varsha Ritu* means rainy season. In this season it is mixed along with *Saindhava* (rock salt) to cure fever, cold, flu, strep throat, and other maladies.

### Sharat Ritu

*Sharat Ritu* means the autumn season in *Ayurveda. Haritaki* is best taken along with *Sharkara* (sugar) to heal common

cold, flu, sore throat, ear infections and other respiratory problems.

### Hemant Ritu

*Hemant Ritu* indicates the start of early winter. *Shunthi* (ginger) is combined with *Haritaki* to cure infections, allergies, and other ailments.

### Shishira Ritu

*Shishira Ritu* denotes the winter season. *Haritaki* is taken along with *Pippali* (long pepper) to treat cold, flu, pneumonia, and other respiratory infections.

### Vasant Ritu

The *Vasant Ritu* indicates the spring season, where *Haritaki* is best taken with honey to cure asthma, flu, strep throat, and other allergies.

### Greeshma Ritu

- *Greeshma Ritu* denotes the summer season, where *Haritaki* is blended along with *Guda* (jaggery) to treat food poisoning, dehydration, sunburn, and typhoid.
- Taking *Haritaki* (*Harad*) powder along with these seasonal *anupanas* confer to enhance optimal physical and mental well-being.
- It primarily pacifies the aggravation of the *Tridosha* in the system and its balancing effects prevent almost all ailments and disease conditions.
- The health impact caused by seasonal variation includes not only physical problems but also physiological changes.
- A study conducted by *Mallika* K J, reported that the *Tridosha Prakopa* (aggravation of *Tridosha*) and *Agnimandya* are common in all *Ritusandhi* (seasonal junction), but not up to the pathological mark.
- Furthermore, a study reported in the American Journal of Public Health states that recent evidences indicate that seasonal variation of diseases depend to some extent on periodic changes in immunity caused by seasonal variations in the physiological activities of human body.
- Experimental studies carried out by Arnold Z on dogs indicated that the secretion of hydrochloric acid by the stomach was diminished when the external temperature was high.
- This in turn was found to disturb the acid base equilibrium of the upper part of the small intestine, with the result that the self-disinfecting power of the mucous membrane was reduced.
- In this instance also variation in immunity seems to be due to variation in physiological activity.
- Although one cannot directly correlate hydrochloric acid with *Agni* (digestive power), the increased digestive problems by the end of summer and starting of monsoon very well goes in accordance with the concept that by the end of summer, the status of *Agni* declines.
- To correct this physiological imbalance, *Ayurveda* had explained in detail about the seasonal regimens along with seasonal purificatory regimen to prevent the onset of pathological process.
- In the *Brihattrayi* (*Charaka Samhita, Sushruta Samhita* and *Ashtanga Sangraha*) as well as *Laghutrayi* (*Sharangadhara Samhita, Yogaratnakara* and, *Bhavaprakasa*) these have been detailed.
- However, as the years passed, change in the food habits and lifestyle would have made it difficult to follow the seasonal purificatory procedures and this may be the reason why in *Bhavaprakasha* which came later, i.e., in the 16th century AD, a simple and easier way of usage of *Haritaki* with different *anupanas* according to seasons was mentioned for prevention of seasonal diseases.
- *Rituharitaki* is the seasonal usage of *Haritaki* with different *Prakshepas* (vehicles) and the action is said to be as *Rasayana* (*Swasthasya Urjaskaram* / health promoting).
- As this is mentioned as *Rasayana*, this will bring down the vitiation of *Dosha* and improve the *Vyadhikshamatva* (immunity) in that particular season. According to *Acharya Sushruta, Rasayana* drugs not only arrest the ageing process but also develop resistance against diseases.
- *Acharya Sharangadhara* has also claimed the *Rasayana* to be effective in increasing the immunity.
- The imbalance of *Vata, Pitta* and *Kapha* at cellular level can be the precursor of a disease condition. *Rasayana* has an important role in maintaining this homeostasis.
- In healthy human body, the generation of pro-oxidants in the form of ROS (reactive oxygen species) and RNS (reactive nitrogen species) are effectively kept in check by the various levels of antioxidant defense.
- However, when seasonal variation occurs or when gets exposed to adverse physiochemical, environmental or pathological agents, this delicately maintained balance is shifted in favor of pro-oxides resulting in oxidative stress and this oxidative stress disturbs the normal cell functions.
- As a part of seasonal variation also, there will be *Agnimandya* resulting in the formation of *Ama* (toxic substance/free radicals). This can be correlated with the role of free radicals in diseases manifestation.
- These free radicals interact with various nonradicals and the cumulative effect of multiple changes by free radicals is the proximate cause of cell death.

- Membrane lipids are highly susceptible to free radical damage. The concept of *Rasayana* goes well with the concept of anti-oxidants which are substances that neutralize either free radicals or their actions.

**Source:** *Efficacy of Rituharitaki (seasonal adjuvants of Haritaki) on disorders of Varsha Ritu (monsoon) w.s.r. to quality of life: An open labelled randomized controlled clinical trial - PMC (nih.gov)*

### ऋतुविपर्यय

- Effects of *Rituviparyaya* on health and its relation to *Janapadaudhwamsa/Maraka Vyadhis* with present day examples.
- ऋतुओं का अपने - अपने यथेष्ट लक्षणों का परित्याग कर विपरीत लक्षणों से युक्त होना ऋतु विपर्यय कहलाता है। यह अनेकानेक व्याधियों को उत्पन्न करता है।

**कालं तु खलु यथर्तुलिंगाद्विपरीतलिंगमतिलिंगम् हीनलिंगम् चाहितम् व्यवस्येत्।** (च.वि. 3/10)

ऋतुओं का अपने लक्षणों के विपरीत, अधिक अथवा हीन लक्षणों से युक्त होना निश्चित रूप से रोगोत्पादक होता है।

**तेषां पुनर्व्यापदोऽदृष्टकारिता शीतोष्णवातवर्षाणि खलु विपरीतान्योषधीर्व्यापादयन्तपश्च।** (सु.सू.6/16)

- इन ऋतुओं में विपरीतता का कारण अधर्म है।
- शीत उष्ण वायु और वर्षा के विपरीत होने के कारण औषधियां एवं जल भी दूषित हो जाते हैं अर्थात् अपने स्वाभाविक गुणों का परित्याग कर देते हैं।
- आचार्य चरक ने भी सभी वैगुण्यताओं का मूल कारण अधर्म को ही कहा है।
- इस अधर्म का कारण प्रज्ञापराध अथवा बुद्धि का दोष कहा है।

**तासामुपयोगाद्विविधरोगप्रादुर्भावो मरको वा भवेदिति।** (सु.सू. 6/17)

- इस प्रकार नानाप्रकार के रोगों अथवा महामारी की उत्पत्ति होती है जो मृत्यु के समान पीड़ादायक अथवा मृत्युकारक होती हैं।
- *Rituviparyaya* is a term used in *Ayurveda* to describe the reversal of seasons.
- It is believed that this phenomenon can lead to an imbalance in the *Tridoshas*, which can cause various health issues. *Janapadaudhwamsa* and *Maraka Vyadhis* are two such health issues that can arise due to this imbalance.
- *Janapadaudhwamsa* refers to the destruction of a large population due to an epidemic or natural calamity. *Maraka Vyadhis*, on the other hand, are diseases that can lead to death.
- The relationship between *Rituviparyaya* and these health issues is that the imbalance caused by the reversal of seasons can lead to the spread of epidemics and other diseases, which can cause widespread destruction and death.
- Some common present-day examples of *Rituviparyaya* include:
    - **Allergies:** Allergies are a common problem during the changing of seasons. The body's immune system can become confused and overreact to harmless substances, leading to symptoms such as sneezing, runny nose, and itchy eyes.
    - **Flu:** The flu is another common health problem during the changing of seasons. The flu virus can thrive in cold, dry air, which is common during the winter months.
    - **Depression:** Seasonal affective disorder (SAD) is a type of depression that is related to the changing of seasons. It is more common during the winter months when there is less sunlight.
    - **Joint pain:** Changes in temperature and humidity can cause joint pain, especially in people with arthritis.

**Present-day examples of Janapadodhwamsa/ Marak Vyadhi –**

- Actually, *Rituviparyaya* provides the favourable environment for pathogens.
- There have been several instances of epidemics and natural calamities that have caused widespread destruction and death.
- For example, the COVID-19 pandemic has caused millions of deaths worldwide.
- Similarly, Malaria, Dengue etc. are also causing widespread destruction and loss of life.

***

# CHAPTER
# 5

# रोगानुत्पादनीय

**Syllabus Highlights**

- Concept of Vegadharana and Vega-Udirana in relation to health and morbidity.
- Symptoms and management principles of Adharaniya Vega Janya Vyadhis from Bruhattrayee.
- Concept of Vegaudirana (viz. Use of snuffing powder, forcible evacuation of bowels & bladder etc.).
- Importance of Dharaniya Vegas in promotion of mental health.

**रोगाणामनुत्पादनं इति रोगानुत्पादनम्।**
**रोगानुत्पादनाय हितमिति रोगानुत्पादनीय।**

- रोगों का उत्पादन न होना ही रोगानुत्पादन है।
- रोगों की उत्पत्ति को रोकने के उद्देश्य से हिताहित का वर्णन किये जाने के कारण ही यह रोगानुत्पादनीय है।

**Concept of vega**

**वेग की अवधारणा:-**

**वेगः, पुं ( विज + घञ् ) प्रवाहः।**
**तत्पर्यायः ओधः वेणी धारा। इति हेमचन्द्रः।**
**जवः। तत्पर्यायः रहः तरः रयः स्यदः इत्यमरः।**
**मृत्तोयैः शुध्यते शोध्यं नदी वेगेनशुध्यति॥**
**महाकालफलम्। इति मेदिनी।**

- विज धातु में घञ् प्रत्यय लगने से वेग शब्द की निष्पत्ति होती है।
- जिसका अर्थ है प्रवाह। ओध, वेणी, धारा, जव, रह, तर, रय, स्यद आदि इसके पर्याय है।
- वैद्यक शास्त्र में वेग का तात्पर्य मलमूत्रादिकों की स्वाभाविक प्रवृत्ति से है वेगः प्रवृत्त्युन्मुखत्वं; आचार्य चक्रपाणिद्ध।
- जिस प्रकार नदी अपने वेग से शुद्ध होती है उसी प्रकार मानव शरीर मल मूत्रादिकों के स्वाभाविक प्रवृत्ति से शुद्ध होता है।
- चयापचय क्रियाओं के द्वारा नित्य प्रति उत्पन्न होने वाले विविध प्रकार के मलों की स्वाभाविक प्रवृत्ति के द्वारा शरीर स्वयं ही प्रतिदिन शुद्ध होता रहता है शरीर के निरोगी रहने के लिये यह वेग परम आवश्यक हैं। यह शरीर का नैसर्गिक शोधन है।.

**Concept of Vegadharana and Vega-Udirana in relation to health and morbidity**

**रोगाः सर्वेऽपि जायन्ते वेगोदीरण-धारणैः।**
**निर्दिष्टं साधनं तत्र भूयिष्ठं ये तु तान् प्रति॥**
**ततश् चानेक-धा प्रायः पवनो यत् प्रकुप्यति।**
**अन्न-पानौषधं तस्य युञ्जीतातो ऽनुलोमनम्॥** (अ.
ह. सू. 4/22,23)

- सभी प्रकार एक रोग वेगधारण (स्वयं उपस्थित वेगों को बलपूर्वक रोकना) और उदीरण (अनुदीर्ण वेगों को बलपूर्वक प्रवृत्त करना) करने से होते है।
- इससे वायु ही अनेक रूपों में कुपित होती है इसलिए इस वायु का खान-पान और औशाधि से अनुलोमन करना चाहिए।
- *Vegadharana* refers to the suppression of natural urges, which are essential for the proper functioning of the body.
- *Vega-udirana* refers to forcible elimination of natural urges.
- The body has natural defence mechanisms as natural urges in order to eliminate harmful substances, which is known as *Vegas*.
- There are two types of natural urges namely *Dharaneeya Vegas* and *Adharaneeya Vegas*.
- *Dharaneeya Vegas* should be suppressed to avoid diseases which include jealousy, anger, grief, fear, ego etc.
- In vice versa, *Adharaneeya vegas* will cause diseases if they are suppressed. They are faeces, urine, sneeze, sleep, flatus etc. Urges are essential sensations, which show that the body is functioning properly.
- *Vega-Udirana* is a term used to describe the forcible elimination of natural urges.
- It is believed that the forcible suppression or elimination of natural urges can lead to morbidity

and other health problems. For example, suppression of hunger can cause indigestion, and suppression of thirst can cause dehydration.

- When the body wants to throw away certain things from the body, it produces these Vegas.
- This is body's method of keeping itself healthy. This is also a natural detoxification process by which the body is trying to protect itself.
- When we get these signals called *Vegas*, our job is to attend and address them immediately.
- *Vegas*, when addressed in proper time will not only keep the body but also the mind in a healthy status.
- The things which are impending to go out have to be flushed out. When held up forcibly, or artificially obstructed they cause serious damage to the body and mind in a long run.
- Therefore, the *Vegas* should neither be suppressed nor forcibly controlled. They should be helped out.
- On repeated obstruction of impending *Doshas*, the body learns to hold back the things.
- The held back wastes and toxins damage the cells, channels and organs of the body leading to many diseases.
- *Vegas* are the urges generated naturally by the body.
- Some are left off to be eliminated out from the body (*Mootra, Pureesha*, etc.), and others are to be attended and satisfied with the proper fuel (*Kshut, Trit, Nidra*).
- It is the normal function of the *Vata Dosha*. Among fourteen *Adharaneeya Vegas, Apanavayu Vega* is most commonly suppressed.
- This includes *Adhovata, Mootra, Pureesha, Artava* and also *Shukra Vega*. Suppression of *Apanavayu Vega* causes various symptoms like *Udavarta, Adhmanam, Klama, Mala avarodha, Mutra Rodha, Koshtashoola, Drishtivadha, Agninasha* and *Hridroga* etc.
- *Apana Vayu Dushti* in general covers wide range of diseases. *Adharaneeya Vega*' is a reflex mechanism and it is a nervous activity.
- Fraction of *Sharira vata*, which has a special tendency to move downwards and to control the functions of lower part of the body, is termed as *Apana vata*.
- It controls the emission of *Shukra, Artava, Shakrit, Mootra, Adhovata* and *Garbha*.
- According to *Acharya Sushruta*, the exact seat of *Apana Vata* is the capital place of *Vata* itself i.e., the *Pakwashaya*, where the materials necessary for growth and maintenance of the body are produced and absorbed.
- *Nishkramana Karma* of *Apanavata* is not just limited to the expulsion *Kriya*, but the proper withholding and ejection in the proper direction, in proper time.
- According to modern medical science, the functions of colon movements related with defecation and farting, process of micturation, ejaculation, physiology of menstruation, delivery of foetus etc. are the similar physiological functions. Which may be correlated the functions of *Apanavayu Vega*.
- So, it can be said that *Apana Vayu* functions are parasympathetic in nature. But it is cannot be said that all the Parasympathetic functions are performed by *Apana vayu* rather *Apana Vayu* functions are Parasympathetic in nature.
- Vitiation of *Apanavayu* means the alteration of its normal functions i.e. *Vikshepana* and *Dharana*. *Gati* of vitiation may be *Anuloma* direction as in *Atisara* or *Pratiloma* as in *Malabaddhata, Udavarta*, etc.
- *Vega Dharana* and *Agni Vaigunya* in turns lead to *Apanavata* vitiation. Symptoms of *Apanavata* vitiation are its altered function of *Chala, Rooksha, Sheeta*, and *Khara Gunas*. *Apana Vayu Rodha* invariably affects *Prana Vayu* and *Marma sthana* like *Hrudaya, Shiras*, and *Basti*.
- According to modern science, nerve supply to the gastrointestinal tract is in the form of sympathetic, parasympathetic, enteric nervous system and gastrointestinal reflexes.
- The enteric nervous system sometimes referred as the second brain because it depends on the some types of neurons and neuro transmitters that are found in the CNS.
- Enteric nervous system uses serotonin to communicate with the central nervous system. This 'Brain – gut axis helps explain why researches are interested in understanding how psychological and social stress might cause the digestive problems.
- *Enteric* nervous system is closely related with the Central nervous system. Another condition caused by the *Udavarta* is '*Andhya*' which means blindness.
- This is quite impossible to believe that how eyes are related with the *Apana Vayu*. Eye is basically a *Prana Vayu Sthana*.
- In an article named 'Gut microbes linked to eye diseases' – observations have been made by the researches regarding the possible connections between the Gut microbes and the eye diseases.

### Symptoms and management principles of adharaniya vega janya vyadhis from bruhattrayee

**अधारणीय वेगः-**

**वेगान्न धारयेद्वातविण्मूत्रक्षवतृद्क्षुधाम्।**
**निद्राकासश्रमश्वासजृम्भाश्रुच्छर्दिरेतसाम्।।** (अ.सं.सू. 5/3)

1. वात (अपानवायु) का वेग

2. वात (उद्गार) का वेग,
3. विट् (पुरीष) का वेग,
4. मूत्र का वेग,
5. क्षवथु (क्षींक) का वेग
6. तृट् (प्यास) का वेग,
7. भूंख का वेग
8. निद्रा का वेग
9. कास का वेग
10. श्रमश्वास का वेग
11. जृम्भा का वेग
12. अश्रु का वेग
13. छर्दि का वेग तथा
14. शुक्र का वेग,

यह 14 अधारणीय वेग हैं।

❑ आचार्य चरक ने अपान वायु तथा उद्गार का अलग- अलग उल्लेख किया है जबकि कास का उल्लेख नहीं किया है।

**न वेगान् धारयेद्धीमान् जातान् मूत्रपुरीषयोः।**
**न रेतसो न वातस्य न छद्र्याः छवथोर्न च॥**
**नोद्गारस्य न जृम्भायां न वेगान् क्षुत्पिपासयोः।**
**न वाष्पस्य न निद्राया निःश्वासस्य श्रमेण च॥** (च.सू. 7/3,4)

1. मूत्र का वेग,
2. पुरीष का वेग,
3. शुक्र का वेग,
4. वात (अपान वायु) का वेग,
5. छर्दि का वेग,
6. क्षींक का वेग,
7. उद्गार का वेग,
8. जृम्भा का वेग,
9. भूंख का वेग,
10. प्यास का वेग,
11. अश्रु का वेग,
12. निद्रा का वेग और
13. श्रमश्वास का वेग,

यह 13 अधारणीय वेग हैं। आचार्य सुश्रुत ने भी अपान वायु तथा उद्गार का अलग-अलग उल्लेख किया है जबकि कास का उल्लेख नहीं किया है।

**Symptoms and management principles of adharaniya vega janya vyadhis from bruhattrayee**

**वेगधारण के कारण होने वाले रोग और उनकी चिकित्साः-**

**1. अधोवात का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-**

**अधोवातस्य रोधेन गुल्मोदावर्तरुक्क्लमाः।**
**वातमूत्रशकृत्संगदृष्ट्यग्निवधहृद्गदाः॥**
**स्नेहस्वेदविधिस्तत्रवर्तयोभोजनानि च।**
**पानानि वस्तयश्चैव शस्तं वातानुलोमनम्॥** (अ.सं.सू. 5/4,5)

अधोवात (अपानवायु) का वेग रोकने से गुल्म, उदावर्त, उदरशूल, क्लम (बिना परिश्रम किये थकान का होना), अपान वायु - मूत्र तथा मल का अवरोध (स्रोतोसंग), दृष्टिनाश, जठराग्नि का नाश तथा हृदयरोग होते हैं।

**संगोविण्मूत्रवातानामाध्मानं वेदना क्लमः।**
**जठरेवातजाश्चान्ये रोगाः स्युर्वातनिग्रहात्॥**
**स्नेहस्वेदविधिस्तत्रवर्तयोभोजनानि च।**
**पानानि वस्तयश्चैव शस्तं वातानुलोमनम्॥** (च.सू. 7/12,13)

अधोवात (अपानवायु) का वेग रोकने से अपान वायु - मूत्र तथा मल का अवरोध (स्रोतोसंग), आध्मान तथा अन्य वातज रोग उत्पन्न होते हैं।

**आध्मानशूलौ हृदयोपरोधं शिरोरुजं श्वासमतीव हिक्काम्।**
**कासप्रतिश्यायगलग्रहांश्च बलासपित्तप्रसरं च घोरम्॥**
**कुर्यादपानोऽभिहतः स्वमार्गे हन्यात् पुरीषं मुखतः क्षिपेद्वा।**
(सु. उ. 55/7,8)

❑ अपान वायु का वेग रोकने से आध्मान, शूल, हृदयोपरोध, शिरोरोग, अति तेज श्वास,हिक्का, कास, प्रतिश्याय,गलग्रह, कफ और पित्त का अपने स्थान से प्रसार, पुरीष का क्षय अथवा मुखमार्ग से बाहर निकलना लक्षण उत्पन्न होते हैं.

❑ इसकी चिकित्सा के लिये विधिपूर्वक स्नेहन, स्वेदन, फलवर्ति, वातनाशक भोजन, उष्णोदक पान अथवा अन्य वातनाशक पेय, वस्ति तथा अन्या वातानुलोमक कर्म प्रशस्त हैं।

**2. पुरीष का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-**

**शकृतः पिण्डिकोद्वेष्टप्रतिश्यायशिरोरुजः।**
**ऊर्ध्ववायुः परीकर्तो हृदयस्योपरोधनम्॥**
**मुखेन विट्प्रवृत्तिश्च पूर्वोक्ताश्चामयाः स्मृताः।** (अ.सं.सू. 5/6,7)

पुरीष का वेग रोकने से पिण्डलियों में ऐंठन, प्रतिश्याय, शिरारोग, वायु का ऊर्ध्वगामी होना, उदर में काटे जाने के समान पीड़ा, हृदय में जकड़ाहट अथवा रुकना, मुखमार्ग से मल की प्रवृत्ति होना तथा अधोवात के वेग को राकने से हाने वाले रोग होते हैं।

**वर्त्यभंगावगाहाश्च स्वेदनं बस्तिकर्म च॥**
**अन्नपानं च विड्भेदि विड्रोधोत्थेषु यक्ष्मसु।** (अ.सं.सू. 5/8,9)

तीक्ष्ण द्रव्यों से बनाई गई वर्तियाँ, वातहर द्रव्यों के क्वाथ में अवगाहन, स्वेदन, वस्तिकर्म तथा मलभेदक खान-पान का प्रयोग करना चाहिए

**पक्वाशयशिरःशूलं वातवर्चोऽप्रवर्तनम्।**
**पिण्डिकोद्वेष्टनाध्मानं पुरीषे स्याद्विधारिते॥**
**स्वेदाभ्यंगावगाहश्च वर्तयो बस्तिकर्म च।**
**हितं प्रतिहते वर्चस्यन्नपानं प्रमाथि च॥** (च.सू.7/8,9)

पुरीष का वेग रोकने से पक्वाशय (नाभि के नीचे का भाग) और शिर में पीड़ा, अपान वायु और मल का प्रवर्तन रुक जाना, पिंडलियों में ऐंठन और आध्मान ये लक्षण उत्पन्न होते हैं इसकी चिकित्सा में स्वेदन, अभ्यंग, अवगाहन, फलावर्ति, वस्तिकर्म, विरेचन द्रव्यों का घी, तेल, चूर्ण, क्वाथ, कल्कादि के

रूप में प्रयोग और वातानुलोमक औषधियों का प्रयोग करना चाहिए

**आटोपशूलौ परिकर्तनं च सङ्गः पुरीषस्य तथोर्ध्ववातः॥**
**पुरीषमास्यादपि वा निरेति पुरीषवेगेऽभिहते नरस्य।** (सु. उ. 55/8,9)

पुरीष का वेग रोकने से आटोप, शूल, गुद, मेढ्र, वस्ति आदि स्थानों में कैंची से काटने जैसी पीड़ा, मलावरोध, अपान वायु का ऊपर की और गमन करना तथा कभी-कभी मुख मार्गसे पुरीष का बाहर निकलना ये लक्षण उत्पन्न होते हैं

### 3. मूत्र का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**अंगभंगाश्मरीबस्तिमेण्ढ्रवंक्षणवेदनाः॥**
**स्युर्मूत्ररोधात्पूर्वे च प्रायो रागास्तदौषधम्।**
**मूत्रजेषु तु पाने च प्राग्भक्ताच्छस्यते घृतम्॥** (अब.सं.सू. 5/7 एवं 9)

- मूत्र के वेग को रोकने से अंगों का टूटना (अथवा अंगों के टूटने के समान पीड़ा होना), अश्मरी, बस्ति प्रदेश - शिश्न और वंक्षण प्रदेश में वेदना तथा इसके पहले कहे गये रोग होते हैं।
- मूत्र का वेग रोकने से उत्पन्न रोगों की चिकित्सा में अवपीड़क घृत का प्रयोग करना चाहिए।

**बस्तिमेहनयोः शूलं मूत्रकृच्छ्रं शिरोरुजा।**
**विनामो वङ्क्षणानाहः स्याल्लिङ्गं मूत्रनिग्रहे॥6॥**
**स्वेदावगाहनाभ्यङ्गान् सर्पिषश्चावपीडकम्।**
**मूत्रे प्रतिहते कुर्यात्त्रिविधं बस्तिकर्म च॥7॥** (च.सू.7/6,7)

- मूत्र के वेग को रोकने से बस्ति और लिंग में दर्द, मूत्र त्याग में कष्ट, शिर में दर्द, विनाम (शरीर का झुक जाना) और वंक्षण प्रदेश में जकडाहट अथवा फूला हुआ सा प्रतीत होना लक्षण उत्पन्न होते हैं
- मूत्र का वेग रोकने से उत्पन्न रोगों की चिकित्सा में स्वेदन, अवगाहन, अभ्यंग, अवपीड़क घृत, तीनों प्रकार की बस्तियों (निरूहण, अनुवासन और उत्तर बस्ति) का प्रयोग करना चाहिए।

**मूत्रस्य वेगेऽभिहते नरस्तु कृच्छ्रेण मूत्रं कुरुतेऽल्पमल्पम्॥**
**मेढ्रे गुदे वङ्क्षणबस्तिमुष्कनाभिप्रदेशेष्वथवाऽपि मूर्ध्नि।**
**आनद्धबस्तिश्च भवन्ति तीव्राः शूलाश्च शूलैरिव भिन्नमूर्तेः॥** (सु.सं.उ. 55/9,10)

- मूत्र का वेग रोकने से बड़ी कठिनता से थोड़ा-थोड़ा मूत्र आता है, शिश्न, गुदा, वंक्षण, बस्ति, मुष्क (अंड प्रदेस), नाभि प्रदेश और मस्तिष्क प्रदेश में त्रिशूल से शरीर को काटे जाने के सामान पीड़ा तथा बस्ति का फूलना लक्षण होते हैं

### 4. उद्गार का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**उद्गारस्यारुचिः कम्पो विबन्धो हृदयोरसोः।**
**आध्मानकासहिध्माश्च हिध्मावत्तत्र भेषजम्॥** (अ.सं.सू. 5/11)
**हिक्काश्वासोऽरुचिः कम्पो विबन्धो हृदयोरसोः।**
**उद्गारनिग्रहात्तत्र हिक्कायास्तुल्यमौषधम्॥** (च.सू. 7/18)

उद्गार का वेग रोकने से अरुचि, कम्पन, हृदय और छाती का विबन्ध अर्थात् हृदय प्रदेश में जकड़ाहट का होना, आध्मान, कास और हिक्का रोग होते हैं।

**उद्गारवेगेऽभिहते भवन्ति घोरा विकाराः पवनप्रसूताः।** (सु.सं.उ. 55/14)

- उद्गार के वेग को रोकने से कंप,हिक्का, हृदय की जकड़ाहट आदि भयंकर वातज रोग उत्पन्न होते हैं
- इनकी चिकित्सा हिक्का रोग के समान करना चाहिए।

### 5. क्षवथु (क्षींक) का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**शिरोर्तीन्द्रियदौर्बल्यमन्यास्म्भार्दितं क्षुतेः।**
**तीक्ष्णधूमांजनाघ्राणनावनार्कविलोकनैः॥**
**प्रवर्तयेत्क्षुतिं सक्तां स्वेदाभ्यंगौ च शीलयेत्।**
**योज्यं वातघ्नमन्नं च घृतं चोत्तरभक्तकम्॥** (अ.सं.सू 5/12,13)
**मन्यास्तम्भः शिरःशूलमर्दितार्धावभेदकौ।**
**इन्द्रियाणां च दौर्बल्यं क्षवथोः स्याद्विधारणात्॥**
**तत्रोर्ध्वजत्रुकेऽभ्यंगः स्वेदो धूमः सनावनः।**
**हितं वातघ्नमाद्यं च घृतं चोत्तरभक्तिकम्॥** (च.सू. 7/16,17)

- क्षवथु अर्थात् क्षींक के वेग को रोकने से शिरःशूल, इन्द्रिय दौर्बल्य (विषयों को ग्रहण करने में असमर्थता), मन्यास्तम्भ तथा अर्दित, रोग होते हैं।
- आचार्य चरक ने अर्धावभेदक का भा उल्लेख किया है।
- इनकी चिकित्सा में तीक्ष्ण धूम, तीक्ष्ण अंजन, तीक्ष्णाघ्राण (मिर्च आदि का सूंघना), नस्य, सूर्य को देखना आदि उपाय करने चाहिए।
- क्षींक के प्रवृत्त हो जाने के बाद स्वेदन, अभ्यंग, तथा वातनाशक आहार देना चाहिए।
- भोजन के बाद घृतपान कराना चाहिए। आचार्य चरक ने केवल ग्रीवा के ऊपर अभ्यंग करने का निर्देश दिया है।

**भवन्ति गाढं क्षवथोर्विघाताच्छिरोक्षिनासाश्रवणेषु रोगाः।**
**कण्ठास्यपूर्णत्वमतीव तोदः कूजश्च वायोरुत वाऽप्रवृत्तिः॥** (सु. सं.उ. 55/13)

छींक के वेग को रोकने से शिर, नेत्र और नासा में भयंकर रोग उत्पन्न होते हैं, कंठ मुख वायु से भरे हुए से रहते हैं, उनमे सुई चुभोने जैसी पीड़ा, कूजन (अव्यक्त भाषण), वायु की अप्रवृत्ति (उच्छ्वासावरोध), मन्यास्तम्भ अथवा गल स्तम्भ आदि उत्पन्न होते हैं।

### 6. तृष्णा (प्याम्) का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**शोषांगसादबाधिर्यसम्मोहभ्रमहृद्गदाः।**
**तृष्णाया निग्रहात्तत्र शीतः सर्वो विधिर्हितः॥** (अ.सं.सू. 5/14)
**कण्ठास्यशोषे बाधिर्य श्रमःश्वासोहृदिव्यथा।**
**पिपासानिग्रहात्तत्र शीतं तर्पणमिष्यते॥** (च.सू. 7/21)
**कण्ठास्यशोषः श्रवणावरोधस्तृष्णाभिघातद्धृदये व्यथा च॥16॥** (सु. सं.उ. 55/16)

- तृष्णा के वेग को रोकने से कंठ और मुख का सूखना, श्रवणावरोध (बाधिर्य), मूर्छा, चक्कर आना, श्रमश्वास तथा हृदयरोग अथवा हृदय में पीड़ा उत्पन्न होती है।
- इनकी चिकित्सा में तृप्तिकारक उपाय तथा सभी प्रकार के (स्नान, अन्नपानादि) शीतोपचार करने चाहिए।

### 7. क्षुधा (भूंख) का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**अंगभंगारुचिग्लानिकाश्र्यशूलभ्रमाः क्षुधः।**

**तत्र योज्यं लघु स्निग्धमुष्णमल्पं च भोजनम्॥** (अ.सं.सू. 5/15)
**कार्श्यदौर्बल्यवैवर्ण्यमंगमर्दोऽरुचिर्भ्रमः।**
**क्षुद्वेग निग्रहात्तत्र स्निग्धोष्णंलघुभोजनम्॥** (च.सू. 7/20)
**तन्द्राङ्गमर्दारुचिविभ्रमाः स्युः क्षुधोऽभिघातात् कृशता च दृष्टेः।**
(सु. सं.उ. 55/16)

- ☐ भूंख के वेग को रोकने से अंगों का टूटना अथवा अंगों के टूटने के समान पीड़ा का होना अथवा अंगों का सम्यक कार्य न करना, अरुचि, ग्लानि, कृशता, दौर्बल्यए तन्द्राए शूल तथा चक्कर आना, ये रोग होते हैं।
- ☐ आचार्य चरक ने ग्लानि के स्थान पर विवर्णता का उल्लेख किया है।
- ☐ इनकी चिकित्सा में लघु (शीघ्र पचने वाला), स्निग्ध, उष्ण और मात्रा में अल्प भोजन देना चाहिए।

### 8. निद्रा ( नींद ) का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**निद्राया मोहमूर्धोक्षिगौरवालस्यजृम्भिकाः।**
**अंगमर्दश्च तत्रेष्टः स्वप्नः संवाहनानि च॥** (अ.सं.सू. 5/16)
**जृम्भाऽङ्गमर्दस्तन्द्रा च शिरोरोगाक्षिगौरवम्।**
**निद्रा विधारणात्तत्र स्वप्नः संवाहनानि च॥** (च.सू. 7/23)
**जृम्भाऽङ्गमर्दोऽङ्गशिरोक्षिजाड्यं निद्राभिघातादथवाऽपि तन्द्रा॥**
(सु. सं.उ. 55/17)

- ☐ निद्रा के वेग को रोकने से मोह अर्थात् मूर्च्छा, शिर का भारीपन, आंखों में भारीपन, आलस्य, जम्भाई आना, तन्द्रा तथा अंगमर्द रोग होते हैं।
- ☐ इनकी चिकित्सा में नींद लेना तथा संवाहन करना चाहिए।

### 9. कास का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**कासस्य रोधात् तद्वृद्धिः श्वासारुचिहृदामयाः।**
**शोषो हिध्मा च कार्योऽत्र कासहा सुतरां विधिः॥** (अ.सं.सू. 5/17)

- ☐ कास का वेग रोकने से कास का और अधिक बढ़ना, श्वास, अरुचि, हृदय के रोग, शोष, तथा हिक्का रोग होते हैं।
- ☐ इनकी चिकित्सा कास रोग के समान विधिपूर्वक करना चाहिए। आचार्य चरक ने कास के वेग का वर्णन नही किया है।

### 10. श्रमश्वास का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**गुल्महृद्रोगसम्मोहाः श्रमश्वासाद्विधारितात्।**
**हितं विश्रमणं तत्र वातघ्नंश्च क्रियाक्रमः॥** (अ.सं.सू. 5/18)
**गुल्महृद्रोगसम्मोहाः श्रमनिःश्वासधारणात्।**
**जायन्ते तत्र विश्रामो वातघ्नाश्च क्रिया हिताः॥** (च.सू. 7/24)
**श्रान्तस्य निःश्वासविनिग्रहेण हृद्रोगमोहावथवाऽपि गुल्मः।** (सु. सं.उ. 55/17)

- ☐ श्रम जनित श्वास के वेग को रोकने से गुल्म, मूर्च्छा तथा हृदय के रोग होते हैं।
- ☐ इनकी चिकित्सा में विश्राम करना तथा वातनाशक उपाय करने चाहिए।

### 11. जृम्भा ( जम्भाई ) का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**जृम्भायाः क्षववद्रारोगाः सर्वश्चानिलजिद्विधिः।** (अ.सं.सू. 5/19)

जम्भाई के वेग को रोकने से क्षींक का वेग रोकने के समान रोग होते हैं।

**विनामाक्षेपसंकोचाः सुप्तिः कम्पः प्रवेपनम्।**
**जृम्भाया निग्रहात्तत्र सर्वं वातघ्नमौषधम्॥** (च.सू. 7/1[illegible])

- ☐ आचार्य चरक के अनुसार जम्भाई का वेग रोकने से शरीर का झुकना आक्षेप अर्थात् हांथ पैर में जोर से कम्पन होना, पर्वसन्धियों में संकोच सुप्ति अर्थात् स्पर्श ज्ञान का अभाव तथा कांपना हिलना रोग होते हैं।
- ☐ इनकी चिकित्सा के लिये सभी प्रकार के वातनाशक उपचार करने चाहिए।

**मन्यागलस्तम्भशिरोविकारा जृम्भोपघातात् पवनात्मकाः स्युः।**
**श्रोत्राननघ्राणविलोचनोत्था भवन्ति तीव्राश्च तथा विकाराः॥**
(सु. सं.उ. 55/[illegible])

जम्हाई के वेग को रोकने से मन्यास्तम्भ, गलस्तम्भ, शिरोरोग तथा अन्य वातजरोग होते हैं कर्ण, मुख, नासा और नेत्रों में भयंकर रोग उत्पन्न होते हैं

### 12. अश्रु ( आंसू ) का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**पीनसाक्षिशिरोहृद्रुङ्मन्यास्तम्भारुचिभ्रमाः।**
**सगुल्मा वाष्पतस्तत्र स्वप्नो मद्यं प्रियाः कथाः॥** (अ.सं.सू. 5/19,20)
**प्रतिश्यायोऽक्षिरोगश्च हृद्रोगश्चारुचिर्भ्रमः।**
**वाष्पनिग्रहणात्तत्र स्वप्ना मद्यं प्रियाः कथाः॥** (च.सू. 7/22)

- ☐ आंसुओं के वेग को रोकने से पीनस, नेत्ररोग, शिरोरोग, हृदय रोग, मन्यास्तम्भ, अरुचि भ्रम और गुल्म रोग होते हैं।
- ☐ इनकी चिकित्सा में नींद लेना, मदिरा पान करना तथा प्रिय कथाओं का श्रवण करना चाहिए।

**आनन्दजं शोकसमुद्भवं वा नेत्रोदकं प्राप्तममुञ्चतो हि।**
**शिरोगुरुत्वं नयनामयाश्च भवन्ति तीव्राः सह पीनसेन॥**
(सु. सं.उ. 55/12)

अत्यानंद अथवा अत्यधिक शोक के कारण उत्पन्न नेत्रोदक (आंसू) के वेग को रोकने से शिर में भारीपन,और पीनस के साथ तीव्र नेत्ररोग (दुष्ट प्रतिश्याय) होते हैं।

### 13. छर्दि ( उल्टी ) का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्साः-

**विसर्पकोठकुष्ठाक्षिकण्डूपाण्ड्वामयज्वराः॥**
**सकासश्वासहृल्लासव्यांगश्वयथवो वमेः।**
**गण्डूषधूमावाहारं रुक्षं भुक्त्वा तदुद्वमः॥**
**व्यायामः स्रुतिरस्त्रस्य शस्ते चात्र विरेचनम्।**
**सक्षारलवणं तैलमभ्यंगार्थं च शस्यते॥** (अ.सं.सू. 5/20-22)
**कण्डूकोठरुचिव्यंगशोथपाण्ड्वामयज्वराः।**
**कुष्ठहृल्लासवीसर्पाश्छर्दिनिग्रहजा गदाः॥**
**भुक्त्वा प्रच्छर्दनं धूमो लंघनं रक्तमोक्षणम्।**
**रुक्षान्नपानंव्यायामो विरेकश्चात्र शस्यते॥** (च.सू.7/14,15)

- ☐ छर्दि के वेग को रोकने से विसर्प, कोठ, कुष्ठ, आंखों में खुजली, पाण्डु, ज्वर, श्वासकास, हृल्लास, व्यंग और शोथ रोग होते हैं।
- ☐ इनकी चिकित्सा के लिये गण्डूष, धूमपान, रुक्ष अन्न खाकर वमन करना, व्यायाम, रक्तमोक्षण, विरेचन और लवण तथा क्षार से युक्त तैल से अभ्यंग करना चाहिए।

**छर्देर्विघातेन भवेच्च कुष्ठं येनैव दोषेण विदग्धमन्नम्॥** (सु. सं.उ. 55/14)

छर्दि के वेग को रोकने से वातादि जिस दोष के कारण अन्न दूषित हुआ हो उसी दोष की अधिकता वाला कुष्ठ तथा अरुचि आदि रोग उत्पन्न होते हैं

### 14. शुक्र का वेग रोकने से होने वाले रोग तथा उनकी चिकित्सा:-

**शुक्रात्तत्स्रणं गुह्यवेदनाश्वयथुज्वराः।**
**हृद्व्यथामूत्रसंगांगभंगवृध्द्यश्मषण्डढताः॥**
**ताम्रचूड़सुराशालिवस्त्यभ्यंगावगाहनम्।**
**बस्तिशुद्धिकरैः सिद्धं भजेत्क्षीरं प्रियाः स्त्रियः॥** (अ.सं.सू. 5/23,24)
**मेढ्रेद्व्वृषणयोः शूलमंगमर्दो हृदि व्यथा।**
**भवेत्प्रतिहते शुक्रं विवद्धं मूत्रमेव च॥**
**तत्राभ्यंगावगाहश्च मदिरा चरणायुधाः।**
**शालिः पयो निरूहाश्च शस्तं मैथुनमेव च॥** (च.सू. 7/10,11)

- शुक्र का वेग रोकने से शुक्र का स्त्रवण, लिंग और अण्डकोषों में पीड़ा, शोथ, वृद्धि अर्थात् शुक्रवहा शिरा में शोथ, शुक्राश्मरी, नपुंसकता, अंग टूटना अर्थात् टूटने के समान पीड़ा होना, मूत्र का रुकना तथा हृदय रोग होते हैं।
- इनकी चिकित्सा में तैलमर्दन, अवगाहन, स्नान, मदिरा पान, मुर्गे का मांस अथवा मांसरस, शालि धान्य, हैमन्तिक धान्य, बस्तिकर्म, दूध, खीर और प्रिय स्त्री का सेवन अथवा मैथुन आदि उपाय करने चाहिए।

**मूत्राशये पायुनि मुष्कयोश्च शोफो रुजो मूत्रविनिग्रहश्च।**
**शुक्राश्मरी तत्स्त्रवणं भवेद्वा ते ते विकारा विहते तु शुक्रे॥** (सु. सं.उ. 55/15)

शुक्र के वेग को रोकने से बस्ति, गुदा और मुष्क प्रदेश में शोथ और पीड़ा, मूत्रावरोध, शुक्राश्मरी, शुक्र का स्त्रवण, हृत्पीडा, और अंगमर्द आदि रोग होते हैं

### Concept of Vegaudirana (viz. Use of snuffing powder, forcible evacuation of bowels & bladder etc.)

- *Vega-Udirana* refers to forcible elimination of waste products from the body.
- *Vega-Udirana* initiating the urges forcibly when they are not impending or when the body is not producing these reflexes.
- It is an essential process for maintaining a healthy body in special conditions like *Malbaddhata* and *Mootragraha.*
- Initiation of these reflexes or forcible evacuation of bowels and bladder can be done using food and medicines.
- This type of *Vegodirana,* which is done at this stage, promotes and protects health at the place of disease in the body.

### शरीर शोधन

शरीर शोधन दो प्रकार से होता है -

1. प्राकृतिक अथवा नैसर्गिक और
2. उत्प्रेरित

### 1. नैसर्गिक शोधन -

- जिस प्रकार नदी अपने प्रकृतिक वेग से स्वये का शुद्ध करती रहती है ठीक उसी प्रकार मानव शरीर भी अधारणीय वेगों की सम्यक प्रवृत्ति कर स्वयं को शुद्ध करता रहता है।
- इसे प्राकृतिक अथवा नैसर्गिक शोधन कहते हैं।

### 2. उत्प्रेरित शोधन -

- यह स्वयं नही होता अपितु इसके लिये उद्योग करना पड़ता है।
- यह पुनः दो प्रकार का होता है। यथा-
    1. स्वास्थ्य रक्षणार्थ और
    2. विकार प्रशमनार्थ।

### 1. स्वास्थ्य रक्षणार्थ

1. मलमूत्र मार्ग प्रक्षालन
2. आचमन
3. दन्तधावन
4. जिह्वानिर्लेखन
5. गण्डूष, कवल धारण
6. अंजन
7. नस्य
8. धूमपान
9. अभ्यंग
10. व्यायाम
11. उद्वर्तन
12. स्नान आदि दिनचर्या का पालन तथा ऋतु शोधन।

### 2. विकार प्रशमनार्थ

1. पंचकर्म।

### Importance of dharaniya vegas in promotion of mental health

### धारणीय वेगः-

**इमांस्तु धारयेद्वेगान् हितार्थी प्रेत्य चेह च।**
**साहसानामशस्तानां मनोवाक्कायकर्मणाम्॥** (च.सू.7/26)

जन्म-जन्मान्तरों तक अथवा इह लोक और परलोक में अपना हित चाहने वाले व्यक्ति को अतिसाहस जैसे मन, वचन और शरीर के अप्रशस्त वेगों को धारण करना चाहिए।

### मन के धारणीय वेगः-

**लोभशोकभयक्रोधमानवेगान् विधारयेत्।**
**नैर्लज्ज्येर्ष्यातिरागाणामभिध्यायाश्च बुद्धिमान्॥** (च.सू.7/27)

1. लोभ (अनुचित विषय की प्रार्थना)
2. शोक,
3. भय,
4. क्रोध,
5. मान (अभिमान),
6. निर्लज्जता,

7. ईर्ष्या,
8. अतिराग (अधिक प्रेम) तथा
9. अभिध्या (दूसरे की वस्तु को पाने की इच्छा रखना) यह 9 मन के धारणीय वेग हैं।

**वाणी के धारणीय वेगः-**

**परुषस्यातिमात्रस्य सूचकस्यानृतस्य च।**
**वाक्यस्याकालयुक्तस्य धारयेद्वेगमुत्थितम्।।** (च.सू.7/28)

1. कठोर वचन,
2. अधिक बोलना,
3. दूसरे की निंदा करना अथवा दूसरे के लिये अनिष्ट सूचक शब्द
4. झूंठ बोलना तथा
5. अकालोक्त अथवा अप्रासंगिक वचन, यह 5 वाणी के धारणीय वेग हैं।

**शरीर के अधारणीय वेगः-**

**देहप्रवृत्तिर्या काचिद्विद्यते परपीडया।**
**स्त्रीभोगस्तेयहिंसाद्या तस्यावेगान्विधारयेत्।।** (च.सू. 7/29)

1. दूसरे को पीड़ा पहुंचाने के उद्देश्य से की गयी चेष्टा,
2. परस्त्रीभोग,
3. स्तेय (चोरी करना), तथा
4. हिंसा करना आदि शरीर के धारणीय वेग हैं।

- *Dharaniya Vegas* are the urges that are suppressible or avoidable according to *Ayurveda*.
- The natural urges of the mind are an extremely important aspect of the living body and crucially determine the health or diseased state of an individual.
- Indulgence in *Dharaniya Vegas* acts as a factor in the cascade of pathogenesis and can lead to *Tridosha Prakopa* and result in varied psychosomatic manifestations.
- Therefore, it is essential to control these urges by gaining control over sense organs.
- The concept of *Dharaniya Vegas* is connected to emotional states of mind.
- Therefore, controlling these urges is an important aspect of promoting mental health.

***

# CHAPTER
# 6

# सद्वृत्त

**Syllabus Highlights**

- ⇨ Sadavritta measures for the maintenance of personal, social and spiritual health.
- ⇨ Observance of Sadvritta for the prevention of Adharma.
- ⇨ Achara Rasayana and its role in the prevention and control of diseases.
- ⇨ Characteristics of a mentally healthy person, warning signals of poor mental health, types of mental illness and causes of mental ill-health.
- ⇨ Mental health services and comprehensive mental health programme.
- ⇨ Role of Trigunas and Satvavajaya in mental health promotion in present era.
- ⇨ Digital health promotion

**सतां सज्जनानां 'वृत्तं' व्यवहारजातं सद्वृत्तं।** (चक्रपाणि च. सू. 8/17)

सत्पुरुषों अथवा सज्जनों के द्वारा किया जाने वाला व्यवहार अथवा आचरण सद्वृत्त कहलाता है।

**आर्द्रसंतानता त्यागः कायवाक्चेतसां दमः।**
**स्वार्थबुद्धि परार्थेषु पर्याप्तमिति सद्वृत्तम।।** (अ.हृ.सू. 2/46)

समस्त प्राणियों पर दया का भाव रखना, त्यागशील होना, शरीर वाणी और मन पर नियन्त्रण रखना तथा दूसरे के अर्थों में स्वार्थ बुद्धि रखना अर्थात उन्हे भी अपने जैसा ही समझना सद्वृत्त है।

**तत्रेन्द्रियाणां समनस्कानामनुपतप्तानामनुपतापाय प्रकृतिभावे प्रयतितव्यमेभिर्हेतुभिः; तद्यथा सात्म्येन्द्रियार्थसंयोगेन बुद्ध्या सम्यगवेक्ष्यावेक्ष्य कर्मणां सम्यक् प्रतिपादनेन, देशकालात्मगुणविपरीतोपासनेन चेति। तस्मादात्महितं चिकीर्षता सर्वेण सर्वं सर्वदा स्मृतिमास्थाय सद्वृत्तमनुष्ठेयम्।।** (च. सू. 8/17)

- ☐ प्रकृतिस्थ मन एवं शरीर में विकारोत्पत्ति न हो अर्थात वे अपने स्वाभाविक रूप (आरोग्यावस्था) में बने रहें इसके लिए इन हेतुओं के माध्यम से प्रयत्नशील रहना चाहिए।
- ☐ यथा – सात्म्येंद्रियार्थ संयोग के द्वारा करणीय (हितकर) एवं अकरणीय (अहितकर) कर्मों को बुद्धि के द्वारा सम्यक विचार करके करना और देश, काल एवं प्रकृति (आत्म) के विपरीत गुणों का सेवन करना।
- ☐ इसलिए अपना हित चाहने वाले सभी पुरुषों को सदा स्मृति बनाए रखते हुये सद्वृत्त का पालन करना चाहिए।

**तद्ध्यनुतिष्ठन् युगपत् सम्पादयत्यर्थद्वयमारोग्यमिन्द्रिय- विजयं चेति; तत् सद्वृत्तमखिलेनोपदेक्ष्यामोऽग्निवेश! तद्यथा- देवगोब्राह्मणगुरुवृद्धसिद्धाचार्यानर्चयेत्, अग्निमुपचरेत्, ओषधीः प्रशस्ता धारयेत्, द्वौ कालावुपस्पृशेत्, मलायनेष्वभीक्ष्णं पादयोश्च वैमल्यमादध्यात्, त्रिःपक्षस्य केशश्मश्रुलोमनखान् संहारयेत्, नित्यमनुपहतवासाः सुमनाः सुगन्धिः स्यात्, साधुवेशः, प्रसिद्धकेशः, मूर्धश्रोत्रघ्राणपादतैलनित्यः, धूमपः, पूर्वाभिभाषी, सुमुखः, दुर्गेष्वभ्युपपत्ता,होता,यष्टा,दाता,चतुष्पथानांनमस्कर्ता,बलीनामुपहर्ता, अतिथीनां पूजकः, पितृभ्यः पिण्डदः, काले हितमितमधुरार्थवादी, वश्यात्मा, धर्मात्मा, हेतावीर्ष्युः, फले नेर्ष्युः, निश्चिन्तः, निर्भीकः, ह्रीमान्, धीमान्, महोत्साहः, दक्षः, क्षमावान्, धार्मिकः, आस्तिकः, विनयबुद्धिविद्याभिजनवयोवृद्धसिद्धाचार्याणामुपासिता, छत्री दण्डी मौली सोपानत्को युगमात्रदृग्विचरेत्, मङ्गला चारशीलः, कुचेलास्थिकण्टकामेध्यकेशतुषोत्करभस्म- कपालस्नानबलिभूमीनां परिहर्ता, प्राक् श्रमाद् व्यायामवर्जी स्यात्, सर्वप्राणिषु बन्धुभूतः स्यात्, क्रुद्धानामनुनेता, भीतानामाश्वासयिता, दीनानामभ्युपपत्ता, सत्यसन्धः, सामप्रधानः, परपरुषवचनसहिष्णुः, अमर्षघ्नः, प्रशमगुणदर्शी, रागद्वेषहेतूनां हन्ता च** (च. सू. 8/18)

उस सद्वृत्त का पालन करने से मनुष्य एक ही साथ दो लाभों को प्राप्त करता है –

1. आरोग्य एवं
2. इंद्रिय विजय।

**वह सद्वृत्त इस प्रकार है –**

1. देवता, गौ, ब्राह्मण, गुरु (श्रेष्ठ – माता, पिता, अभ्यागत, अतिथि), वृद्ध (ज्ञानवृद्ध, धनवृद्ध, आयुवृद्ध, शौर्यवृद्ध), सिद्ध (तापस, भिक्षुक), तथा आचार्य की पूजा (सेवा) करनी चाहिए।
2. अग्नि की पूजा करें, प्रशस्त (हितकर) औषधियों को धारण करें।
3. प्रातः सायं स्नान करें, मलायनों (आँख, कान, नासिका, मुख, मूत्र एवं पुरीष मार्ग) तथा दोनों पैरों को बार-बार साफ करते रहना चाहिए।

4. सिर, दाढ़ी, मूँछ, लोम एवं नखों को पाँच-पाँच दिन के अन्तर से 15 दिन में तीन बार कटवाना चाहिए।
5. प्रतिदिन स्वच्छ वस्त्र धारण करना चाहिए, सुगंधित द्रव्यों का प्रयोग करना चाहिए तथा मन प्रसन्न रखना चाहिए।
6. सज्जनों का वेश धारण करना चाहिए, प्रतिदिन केशों को कंघी से संवार कर रखना चाहिए।
7. मूर्धा (सिर), श्रोत्र (कान), घ्राण (नाक) तथा पैरों में नित्य तैलाभ्यंग करना चाहिए।
8. नित्य प्रायोगिक धूमपान का सेवन करना चाहिए।
9. पूर्वाभिभाषी बनें अर्थात किसी के मिलने पर उसके बोलने से पूर्व ही बोलें।
10. मधुरभाषी एवं प्रसन्न मुख होना चाहिए तथा विपत्ति आने पर दूसरे की सहायता करनी चाहिए।
11. हवन करने वाला, यज्ञ करने वाला, यथाशक्ति दान करने वाला, चौराहों क नमस्कार करने वाला, कौआ एवं कुंत्ते आदि को बलि देने वाला, अतिथियों की पूजा करने वाला, पितरों को पिण्ड देने वाला, समय पर अर्थयुक्त मधुर वचनों को बोलने वाला, जितेंद्रिय और धर्मात्मा होना चाहिए।
12. दूसरे की उन्नति के कारणों में ईर्ष्या करनी चाहिये किंतु उसके फल में ईर्ष्या नहीं करनी चाहिये।
13. निश्चिन्त, निडर, लज्जायुक्त, बुद्धिमान्, उत्साही, दक्ष (कुशल), क्षमायुक्त, धार्मिक और आस्तिक होना चाहिये।
14. विनय, बुद्धि, विद्या, अभिजन (कुल) और आयु में वृद्ध व्यक्ति, सिद्ध एवं आचार्य की सेवा करनी चाहिये।
15. छत्र और दंड धारण कर, सिर पर पगड़ी या मुरैठा बाँधकर, जूता पहिन कर, चार हाथ आगे देखते हुए रास्ते में चलना चाहिये तथा मांगलिक कार्यों अथवा मंगलकारी आचरण में तत्पर होना चाहिए।
16. गंदे कपड़े, हड्डी, काँटा, अपवित्र केश, तुष, उत्कर (कूड़ा करकट) भस्म, कपाल, तथा स्नान करने योग्य और बलि चढ़ाने योग्य स्थानों का त्याग करने वाला होना चाहिये।
17. थकावट से पहले व्यायाम का त्याग करने वाला होना चाहिए।
18. सभी प्राणियों के साथ बंधुवत व्यवहार करने वाला, क्रोधी मनुष्यों को विनय द्वारा प्रसन्न करने वाला, भय से युक्त व्यक्तियों को आश्वासन देने वाला होना चाहिए।
19. दीन-दुखी व्यक्तियों का उपकार करने वाला, सत्यप्रतिज्ञ, शान्तिप्रधान, दूसरे के कठोर वचनों को सहने वाला, अमर्ष (असहिष्णुता-क्रोध) का विनाश करने वाला, शान्ति को गुण समझने वाला तथा राग-द्वेष के कारणों का विनाश करने वाला होना चाहिए।

**नानृतं ब्रूयात्, नान्यस्वमाददीत, नान्यस्त्रियमभिलषे-न्नान्यश्रियं, न वैरं रोचयेत्, न कुर्यात् पापं, न पापेऽपि पापी स्यात्, नान्यदोषान् ब्रूयात्, नान्यरहस्यमागमयेन्, नाधार्मिकैर्न नरेन्द्रद्विष्टैः सहासीत नोन्मत्तैर्न पतितैर्न भ्रूणहन्तृभिर्न क्षुद्रैर्न दुष्टैः;न दुष्टयानान्यारोहेत, न जानुसमं कठिनमासनमध्यासीत, नानास्तीर्णमनुपहितमविशामसमं वा शयनं प्रपद्येत, न गिरिविषममस्तकेष्वनुचरेत्, न द्रुममारोहेत्, न जलोग्रवेगमवगाहेत, न कुलच्छायामुपासीत, नाग्न्युत्पातमभितश्चरेत्, नोच्चैर्हसेत्, न शब्दवन्तं मारुतं मुञ्चेत्, नानावृतमुखो जृम्भां क्षवथुं हास्यं वा प्रवर्तयेत्, न नासिकां कुष्णीयात्, न दन्तान् विघट्टयेत्, न नखान् वादयेत्, नास्थीन्यभिहन्यात्, न भूमिं विलिखेत्, न छिन्द्यात्तृणं, न लोष्टं मृद्नीयात्, न विगुणमङ्गैश्चेष्टेत, ज्योतींष्यनिष्टममेध्यमशस्तं च नाभिवीक्षेत,नहुङ्कुर्याच्छवं,नचैत्यध्वजगुरुपूज्याशस्तच्छायामाक्रामेत्, न क्षपास्वमरसदनचैत्यचत्वरचतुष्पथोपवनश्मशानाघात- नान्यासेवेत, नैकः शून्यगृहं न चाटवीमनुप्रविशेत्, न पापवृत्तान् स्त्रीमित्रभृत्यान् भजेत,नोत्तमैर्विरुध्येत,नावरानुपासीत,नजिह्मं रोचयेत्,नानार्यमाश्रयेत्, न भयमुत्पादयेत्, न साहसातिस्वप्नप्रजागरस्नानपानाशनान्यासेवेत, नोर्ध्वजानुश्चिरं तिष्ठेत्, न व्यालानुपसर्पेन्न दंष्ट्रिणो न विषाणिनः, पुरोवातातपावश्यायातिप्रवाताञ्जह्यात्, कलिं नारभेत, नासुनिभृतोऽग्निमुपासीत नोच्छिष्टः, नाधः कृत्वा प्रतापयेत्, नाविगतक्लमो नानाप्लुतवदनो न नग्न उपस्पृशेत्, न स्नानशाट्या स्पृशेदुत्तमाङ्गं, न केशाग्राण्यभिहन्यात्, नोपस्पृश्य ते एव वाससी बिभृयात्, नास्पृष्ट्वा रत्नाज्यपूज्यमङ्गलसुमनसोऽभिनिष्क्रामेत्, न पूज्यमङ्गलान्यपसव्यं गच्छेन्नेतराण्यनुदक्षिणम्॥** (च.सू. 8/19)

**और भी –**

1. झूठ नहीं बोलना चाहिए।
2. दूसरे के अधिकार या धन को ग्रहण नहीं करना चाहिए।
3. दूसरे की स्त्री से संभोग और दूसरे की लक्ष्मी को प्राप्त करने की इच्छा नहीं करनी चाहिए।
4. शत्रुता में रुचि नही लेना चाहिए।
5. पाप नही करना चाहिए, पापी व्यक्ति के साथ भी पाप का (बुरा) व्यवहार नहीं करना चाहिए।
6. दूसरे के दोषों को नहीं कहना चाहिए, दूसरे की गुप्त बातों को जानने की चेष्टा नही करनी चाहिए।
7. अधार्मिक मनुष्य, राजा के शत्रु, पागल, पतित, भ्रूणहत्यारे और क्षुद्र तथा दुष्ट व्यक्तियों के साथ नहीं बैठना चाहिए।
8. टुटी फुटी या मतवाले घोड़े, बैल आदि जुती हुई सवारी पर नहीं बैठना चाहिए।
9. जानु से कम, ऊँचे और कठिन आसन पर नहीं बैठना चाहिए।
10. जिस शय्या पर बिस्तरा न बिछा हो, तकिया न लगा हो या अधिक छोटी-बड़ी तकिया लगी हो उस पर नही सोना चाहिए।
11. पर्वत की उँची-नीची चोटियों पर भ्रमण नहीं करना चाहिए, पेड़ पर नहीं चढ़ना चाहिए।
12. भयंकर वेग वाले जल में घुस कर स्नान नही करना चाहिए।
13. नदी के किनारे की छाया में नही बैठना चाहिए।
14. जिस स्थान पर अग्नि का उत्पात हो उसके चारों ओर भ्रमण नही करना चाहिए।
15. बहुत जोर से नही हँसना चाहिए, शब्दयुक्त अपान वायु का त्याग नही करना चाहिए।
16. मुख को विना ढके जंभाई, छींक और हँसी नही निकालना चाहिए।

17. अँगुली से नासिका को नहीं कुरेंदना चाहिए, दाँत नहीं किटकिटाना चाहिए, नखों को नही बजाना चाहिए, हड्डियों को परस्पर नही रगड़ना चाहिए, भूमि को नख से नही कुरेदना चाहिए, तृण को दाँत से नही काटना चाहिए, मिट्टी के ढेले को नही फोड़ना चाहिए।

18. अपने अंगों से विकृत चेष्टाएँ नही करनी चाहिए, अधिक चमकने वाले तेजस्वी सूर्य, अग्नि आदि को तथा अप्रिय, अपवित्र और अप्रशस्त वस्तुओं को नहीं देखना चाहिए।

19. शव को देख कर घृणा अथवा अहंकार से हुंकार नहीं भरना चाहिए।

20. चैत्य, झंडा, गुरु तथा अन्य पूज्य एवं अप्रशस्त वस्तुओं की छाया को नहीं लांघना चाहिए।

21. रात्रि में देवमन्दिर, चैत्य वृक्ष, चत्वर (यज्ञभूमि), चौराहे, उपवन (छोटा बगीचा), श्मशान और वधस्थान में निवास नही करना चाहिए।

22. अकेले शून्य गृह और जंगलों में नही जाना चाहिए।

23. पाप करने वाले स्त्री, मित्र और नौकरों को नही रखना चाहिए।

24. उत्तमपुरुषों से विरोध नही करना चाहिए।

25. नीच पुरुषों के साथ नहीं रहना चाहिए।

26. कुटिल कार्यों में प्रेम नही रखना चाहिए।

27. दुष्ट प्रकृति के मनुष्यों के आश्रय में नही रहना चाहिए।

28. दूसरे व्यक्तियों को भयभीत नही करना चाहिए।

29. अधिक साहस, अधिकशयन, अधिक जागरण, अधिक स्नान, अधिक पानी या मदिरा का पान और अधिक भोजन नही करना चाहिए।

30. अपने घुटनो को ऊपर कर बहुत देर तक नहीं बैठना चाहिए, हिंसक जन्तुओं के पास नही जाना चाहिए, दाँत से प्रहार करने वाले साँप, कुत्ता आदि और सींग से प्रहार करने वाले गौ, भैंस आदि पशुओं के पास नहीं जाना चाहिए।

31. पूर्वी हवा या सामने से आती हुई तीव्र हवा, धूप, ओस, आँधी इनका सेवन नही करना चाहिए।

32. कलह का आरम्भ नही करना चाहिए।

33. विना एकाग्र मन हुये अग्नि की उपासना नही करना चाहिए, अग्नि को जूठे मुँह, नीचे रख कर नही तापना चाहिए।

34. विना शरीर की थकावट दूर किए, बिना मुख धोये एवं नग्न हो कर स्नान नही करना चाहिए।

35. जिस कपड़े को पहन कर स्नान किया गया हो उसी कपड़े से शिर का स्पर्श नही करना चाहिए।

36. केश के अग्रभाग को हाथ से नही फटकारना चाहिए।

37. स्नान के बाद खोले हुये उसी धोती-गमछे को पुनः नही पहनना चाहिए।

38. रत्न, घृत, पूज्य, मांगलिक द्रव्य एवं फूल आदि का बिना स्पर्श किये हुये घर से बाहर नही निकलना चाहिए।

39. पूज्य देवता गुरु आदि एवं मांगलिक पदार्थो के दक्षिण भाग में होकर तथा अपूज्य और अमंगलकारी वस्तुओं के वाम भाग में होकर नहीं चलना चाहिए।

**नारत्नपाणिर्नास्नातो नोपहतवासा नाजपित्वा नाहुत्वा देवताभ्यो नानिरूप्य पितृभ्यो नादत्त्वा गुरुभ्यो नातिथिभ्यो नोपाश्रितेभ्यो नापुण्यगन्धो नामाली नाप्रक्षालितपाणिपादवदनो नाशुद्धमुखो नोदङ्मुखो न विमना नाभक्ताशिष्टाशुचिक्षुधितपरिचरो न पात्रीष्वमेध्यासु नादेशे नाकाले नाकीर्णे नादत्त्वाऽग्रमग्नये नाप्रोक्षितं प्रोक्षणोदकैर्न मन्त्रैरनभिमन्त्रितं न कुत्सयन्न कुत्सितं न प्रतिकूलोपहितमन्नमाददीत, न पर्युषितमन्यत्र मांसहरितकशुष्कशाकफलभक्ष्येभ्यः, नाशेषभुक् स्यादन्यत्र दधिमधुलवणसक्तुसर्पिभ्यः, न नक्तं दधि भुञ्जीत, न सक्तूनेकानश्नीयान्न निशि न भुक्त्वा न बहून्न द्विर्नोदकान्तरितात्, न छित्त्वा द्विजैर्भक्षयेत्॥**

(च.सू. 8/20)

**भोजन सम्बन्धी सद्वृत्त –**

1. हाथ में रत्न धारण किए बिना, स्नान किये बिना, स्वच्छ वस्त्र धारण किये बिना, गायत्री आदि मन्त्रों का जप किए बिना, होम किए बिना, देवताओं को अर्पण किए बिना, माता-पिता को भोजन कराये बिना, गुरु अतिथि यदि उपस्थित हों तो उन्हें और अपने आश्रित नौकर-परिवार आदि को भोजन कराए बिना, सुगन्धित इत्र, चन्दन आदि एवं माला धारण किए बिना, हाथ, पैर, मुख, धोए बिना, अशुद्ध (जूठे) मुख से, उत्तर को मुख किए बिना और बिना मन के या उदास मन से भोजन नहीं करना चाहिए।
2. अपने में प्रेम न रखने वाले शत्रु, अशिष्ट, अपवित्र और भूख से पीड़ित नौकर आदि द्वारा परोसा गया तथा अमेध्य भोजन ग्रहण नहीं करना चाहिए।
3. अपवित्र पात्रों में, अनुचित स्थानों में, असमय में, संकीर्ण स्थानों में, अग्नि में, हवन किए बिना, प्रोक्षण करने योग्य भोजन का जल से प्रोक्षण किए बिना, मन्त्र से अभिमन्त्रित किए बिना तथा भोजन की निन्दा करते हुये भोजन नहीं करना चाहिए।
4. निन्दित (प्रतिकूल व्यक्तियों द्वारा लाये हुये) अन्न का भोजन नहीं करना चाहिए।
5. मांस, हरितक (अदरख आदि), सूखे शाक, फल आदि भक्ष्य पदार्थों को छोड़ कर बासी पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए।
6. दही, मधु, नमक, सत्तू और घृत को छोड़ कर भोजन-पात्र में परोसे हुए आहार पदार्थ का सेवन सम्पूर्ण रूप में नहीं करना चाहिए अर्थात् पात्र में कुछ अवश्य छोड़ देना चाहिए।
7. रात्रि में दही नहीं खाना चाहिए, केवल सत्तू नहीं खाना चाहिए, रात में और भोजन करने के बाद सत्तू नहीं खाना चाहिए, अधिक मात्रा में, दो बार, बिना जल के तथा दाँत से काट कर भी सत्तू का सेवन न करे।

**नानृजुः क्षुयान्नाद्यान्न शयीत, न वेगितोऽन्यकार्यः स्यात्, न वाय्वग्निसलिलसोमार्कद्विजगुरुप्रतिमुखं निष्ठी विका (वात) वर्चोमूत्राण्युत्सृजेत्, न पन्थानमवमूत्रयेन्न जनवति नान्नकाले, न जपहोमाध्ययनबलिमङ्गलक्रियासु श्लेष्मसिङ्घाणकं मुञ्चेत॥21॥**

**मलत्याग सम्बन्धी सद्वृत्त –**

1. शरीर को टेढ़ा करके छींक, भोजन और शयन नहीं करना चाहिए।
2. मल-मूत्रादि के वेगों के उपस्थित होने पर अन्य कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए।
3. वायु, अग्नि, जल, चन्द्रमा, सूर्य, ब्राह्मण, गुरु आदि पूज्यों के सामने की ओर थूक, मल और मूत्र का त्याग नहीं करना चाहिए।

4. रास्ते के बीच में मूत्रत्याग नही करना चाहिए।
5. जहाँ जनसमूह एकत्र हो, भोजन का समय हो, मंत्र जाप, होम, अध्ययन, बलि एवं मङ्गल कार्यों के बीच श्लेष्म सिंघाड़क (नाक का मल) नहीं निकालना चाहिए।

**न स्त्रियमवजानीत, नातिविश्रम्भयेत्, न गुह्यमनुश्रावयेत्, नाधिकुर्यात्। न रजस्वलां नातुरां नामेध्यां नाशस्तां नानिष्टरूपाचारोपचारां नादक्षां नादक्षिणां नाकामां नान्यकामां नान्यस्त्रियं नान्ययोनिं नायोनौ न चैत्यचत्वरचतुष्पथोपवनश्मशानाघातनसलि- लौषधिद्विजगुरुसुरालयेषु न सन्ध्ययोर्नातिथिषु नाशुचिर्नाजग्धभेषजो नाप्रणीतसङ्कल्पो नानुपस्थितप्रहर्षो नाभुक्तवान्नात्यशितो न विषमस्थो न मूत्रोच्चारपीडितो न श्रमव्यायामोपवासक्लमाभिहतो नारहसि व्यवायं गच्छेत्॥**

(च. सू. 8/22)

### स्त्री सम्बन्धी सद्वृत्त –

1. स्त्रियों का अपमान नहीं करना चाहिए, उनका अधिक विश्वास भी नही करना चाहिए, स्त्रियों को अपनी गुप्त बातें नही बतानी चाहिए, घर का पूर्ण अधिकार भी स्त्रियों को नहीं देना चाहिए।
2. रजस्वला, रोगिणी, अपवित्र, बुरे आचरण वाली, अप्रिय स्वरूप और आचरण वाली, अदक्ष (मैथुनकर्म में चतुरता रहित), अदक्षिण (प्रतिकूल), कामकलाशून्य या मैथुन की इच्छा न रखने वाली, दूसरे पुरुष की इच्छा करने वाली, परकीया (दूसरे की) स्त्रियों से मैथुन नहीं करना चाहिए।
3. अन्य योनि (जैसे कुतिया, बकरी आदि) में, अयोनि (जैसे गुदा) में मैथुन नहीं करना चाहिए।
4. चैत्य, चत्वर, चतुष्पथ, उपवन, श्मशान, वधस्थान और जल के मध्य में मैथुन नहीं करना चाहिए।
5. उत्तम औषधियों, ब्राह्मण, गुरु एवं देवताओं के स्थानों में, प्रातः एवं सायंकाल में, वर्जित तिथियों (प्रतिपदा, एकादशी, अमावस्या, पूर्णिमा आदि) में मैथुन नहीं करना चाहिए।
6. मैथुनकर्ता को अपवित्र रहने पर, बिना वाजीकरण औषधियाँ खाए, बिना मैथुन का पूर्व में संकल्प किए, बिना लिङ्गेन्द्रिय के उठे हुए, बिना भोजन किए, अधिक भोजन करने के बाद, टेढ़े अङ्ग से या टेढ़ी शय्या पर मैथुन नहीं करना चाहिए।
7. मूत्र और मल के वेग से पीड़ित होने पर, श्रम, व्यायाम, उपवास तथा क्लम से पीड़ित होने पर तथा बिना एकान्त स्थान प्राप्त हुए मैथुन नहीं करना चाहिए।

**न सतो न गुरून् परिवदेत्, नाशुचिरभिचारकर्मचैत्यपूज्य-पूजाध्ययनमभिनिर्वर्तयेत्॥**

**न विद्युत्स्वनार्तवीषु नाभ्युदितासु दिक्षु नाग्निसम्प्लवे न भूमिकम्पे न महोत्सवे नोल्कापाते न महाग्रहोपगमने न नष्टचन्द्रायां तिथौ न सन्ध्ययोर्नामुखाद्गुरोर्नावपतितं नातिमात्रं न तान्तं न विस्वरं नानवस्थितपदं नातिद्रुतं न विलम्बितं नातिक्लीबं नात्युच्चैर्नातिनीचैः स्वैररध्ययनमभ्यस्येत्॥**

(च. सू. 8/23-24)

### पठन-पाठन सम्बन्धी सद्वृत्त –

1. सज्जन पुरुषों और गुरुओं की निन्दा नहीं करनी चाहिए।
2. अपवित्र होकर अभिचार कर्म (मारण, मोहन, उच्चाटन आदि कर्म), चैत्य वृक्ष एवं पूज्य देवी-देवताओं की पूजा तथा अध्ययन नहीं करना चाहिए।
3. अकाल में बिजली चमकने, दिशाओं के प्रज्वलित होने अर्थात् विभिन्न दिशाओं में उत्पात दिखाई पड़ने, समीप में कहीं आग लग जाने, भूकम्प होने, बहुत बड़े उत्सवों के होने, उल्कापात होने तथा चन्द्र या सूर्यग्रहण लगने पर, अमावस्या के दिन और सन्ध्या (गोधूलि) के समय, अध्ययन नहीं करना चाहिए।
4. गुरुमुख से न निकली हुई विद्या का तथा हीनवर्ण से विद्या का अध्ययन नहीं करना चाहिए।
5. विकृत स्वर से, अनवस्थित (अनियमित), अतिशीघ्र या अतिविलम्ब से उच्चारण करते हुए, अतिक्लीब (अत्यन्त मन्द), अधिक ऊँचे तथा अधिक नीचे स्वर से अध्ययन नहीं करना चाहिए।

**नातिसमयं जह्यात्, न नियमं भिन्द्यात्, न नक्तं नादेशे चरेत्, न सन्ध्यास्वभ्यवहाराध्ययनस्त्रीस्वप्नसेवी स्यात्, न बालवृद्धलुब्धमूर्खक्लिष्टक्लीबैः सह सख्यं कुर्यात्, न मद्यद्यूतवेश्याप्रसङ्गरुचिः स्यात्, न गुह्यं विवृणुयात्, न कञ्चिदवजानीयात्, नाहम्मानी स्यान्नादक्षो नादक्षिणो नासूयकः, न ब्राह्मणान् परिवदेत्, न गवां दण्डमुद्यच्छेत्, न वृद्धान्न गुरून्न गणान्न नृपान् वाऽधिक्षिपेत्, न चातिब्रूयात्, न बान्धवानुरक्तकृच्छ्रद्वितीयगुह्यज्ञान् बहिष्कुर्यात्॥**

(च.सू. 8/25)

### सामाजिक सद्वृत्त –

1. अधिक समय व्यर्थ नष्ट नहीं करना चाहिए।
2. शास्त्र के, स्वयं के या किसी संस्था के नियमों को भङ्ग नहीं करना चाहिए।
3. रात्रि में और अनुचित स्थान में भ्रमण नहीं करना चाहिए।
4. संध्या (गोधूलि) के समय भोजन, अध्ययन, मथुन और शयन नहीं करना चाहिए।
5. बालक, वृद्ध, लोभी, मूर्ख, दुःखपूर्वक जीवन बिताने वाले तथा नपुंसकों के साथ मित्रता नहीं करनी चाहिए।
6. मदिरा पीने, जुवा खेलने और वेश्यागमन की इच्छा नही रखनी चाहिए।
7. अपनी या दूसरे की गुप्त बातों को प्रकाशित नही करना चाहिए।
8. किसी का भी तिरस्कार नहीं करना चाहिए।
9. अभिमानी नही होना चाहिए।
10. कार्य-कुशलता प्राप्त करनी चाहिए (अदक्ष, अकुशल नही होना चाहिए)।
11. अदक्षिण अर्थात किसी के प्रति अकारण ही प्रतिकूल नहीं होना चाहिए।
12. दूसरे की निन्दा नही करनी चाहिए।
13. ब्राह्मणों का तिरस्कार नही करना चाहिए।
14. गौओं पर दण्ड नही उठाना चाहिए।
15. वृद्ध, गुरु, गण (पंचायत, संस्था अथवा जन समूह) और राजा पर आक्षेप नही करना चाहिए।
16. अधिक नही बोलना चाहिए।
- जिस प्रकार मुद्रा अर्थात् राजचिन्ह राजा के अतिरिक्त किसी अन्य पर शोभायमान नही होते उसी प्रकार राज योग के बिना महामुद्रा आदि विभिन्न विशिष्ट मुद्राएं भी निरर्थक हैं।

**हठयोगः-**

- हठयोग शरीर के शोधन पर जोर देता है। हठयोग के द्वारा शरीर का शोधन करके उसे राजयोग की प्राप्ति के योग्य बनाया जाता है।
- वास्तव में हठयोग के अभ्यास से शरीर दृढ़ होता है जिससे सहसा कोई रोग नही होते हैं।
- हठ शब्द दो अक्षरों के मेल से बना है - ह + ठ
- ह का तात्पर्य है - सूर्य, पिंगला, प्राण, दक्षिण नासारन्ध्र
- ठ का तात्पर्य है - चन्द्र, इड़ा, अपान, वाम नासारन्ध्र
- अर्थात् सूर्य नाड़ी का चन्द्र नाड़ी से, अथवा पिंगला नाड़ी का इड़ा नाड़ी से अथवा प्राण का अपान से संयुक्त अथवा एकीकरण होना हठयोग कहलाता है।

**अशेषतापतप्तानां समाश्रयमठो हठः।**
**अशेषयोगयुक्तानामाधारकमठो हठः।।** (ह.यो.प्र. 1/10)

- सम्पूर्ण आध्यात्मिक (शारीर एवं मानस), आधिभौतिक (व्याघ्रादिकां से उत्पन्न) तथा आधिदैविक (सूर्यादि ग्रहों से उत्पन्न) तीनो प्रकार के तापों से तप्त मनुष्यों के लिये हठयोग समाश्रय मठ (रहने का घर) स्वरूप है।
- जिस प्रकार सूर्य के ताप से परितप्त होकर प्राणी अपने घर का आश्रय लेता है उसी प्रकार अशेष अर्थात् सम्पूर्ण त्रय तापों से परितप्त व्यक्ति के लिये आश्रय स्वरूप यह हठयोग है।
- जिस प्रकार सम्पूर्ण जगत का आधार कमठ अर्थात् कच्छप स्वरूप भगवान श्रीहरि हैं उसी प्रकार अशेष अर्थात् सम्पूर्ण योगों से युक्त व्यक्ति का आधार यह कमठ रूप हठयोग है।
- अर्थात् सम्पूर्ण तापों से परितप्त मनुष्यों का आश्रय मठरूप और योगियों का आधार कमठरूप यह हठयोग है।

**पीठानि कुंभकाश्चित्रा दिव्यानि करणानि च।**
**सर्वाण्यपि हठाभ्यासे राजयोगफलावधि।।** (ह.यो.प्र. 1/67)

विविध प्रकार के आसन, कुम्भकादि प्राणायाम तथा महामुद्रा आदि दिव्य करण यह सभी हठाभ्यास राजयोग फल की पाप्ति होने तक करने चाहिए।

**हठयोग सिद्धि लक्षणः-**

**वपुःकृशत्वं वदने प्रसन्नता नादस्फुटत्वं नयने सुनिर्मले।**
**अरोगता बिंदुजयोऽग्निदीपनं नाड़ीविशुद्धिर्हठयोगलक्षणम्।।**

(ह.यो.प्र. 2/78)

- देह में कृशता, मुख में प्रसन्नता, नाद का प्राकट्य, नेत्रों की निर्मलता, समस्त रोगों का विनाश, बिन्दुजय अर्थात् ब्रह्मचर्य की सिद्धि, अग्निदीपन और नाड़ीशुद्धि यह हठयोग सिद्धि के लक्षण हैं।
- व्यवहार में राजयोग के अन्तर्गत महर्षि पतन्जलि द्वारा उपदेशित अष्टांग योग आता है जबकि महर्षि पतन्जलि ने राजयोग शब्द का उपयोग नही किया है।
- महर्षि पतन्जलि के अष्टांग योग को राजयोग के रूप में स्थापित करने का श्रेय स्वामी विवेकानन्द का प्राप्त है।

**अष्टांग योगः-**

**यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाध योऽष्टावंगानि।**

(पा.यो.सू. 2/29)

यम, नियम, आसन, प्राणयाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, इन आठ अंगों से युक्त होने के कारण अष्टांग योग कहलाता है।

**मन्त्रयोगः-**

- योगाभ्यास के प्रारम्भ में अथवा अल्पबुद्धि साधकों के लिये मन्त्रयोग का विधान किया गया है। मन्त्र - जप के चार प्रकार कहे गये हैं - वाचिक, मानसिक, उपांशु और अजपाजप। इनमें से अजपाजप को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है।
- **वाचिक** - मुख द्वारा मन्त्र का उच्चारण करते हुये जप करना।
- **मानसिक** - मुख को बन्द करके जीभ को बिना हिलाये मन में ही जप करना।
- **उपांशु** - मन्त्रोच्चारण की ध्वनि इतनी कम हा कि केवल जप करने वाले को ही सुनाई दे।
- **अजपाजप - जप करते** - करते एक अवस्था आती है जप योगी अथवा साधक जप नही करता अपितु स्वयमेव ही श्वास - प्रश्वास के साथ जप होने लगता है। इस अवस्था में साधक साक्षी भाव से मन्त्र जाप का श्रवण मात्र करता है।
- अल्पबुद्धि साधक भी 12 वर्षो तक अनवरत मन्त्र जाप करके योगसिद्धि को प्राप्त कर सकता है।
- गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं प्रभु श्री राम का उल्टा नाम जपते - जपते भी महर्षि वाल्मीकि ब्रह्मपद को प्राप्त हो गये।
- उलटा नाम जपत जग जाना। वालमीकि भये ब्रह्म समाना।।
- जान आदि कबि नाम प्रतापू। भयउ सुद्ध करि उलटा जापू।।

- इतना ही नही आगे भी कहते हैं-
- महामंत्र सोइ जपत महेसू। कासी मुकुति हेतु उपदेसू।।
- नाम जीहं जपि जागहिं जोगी। बिरति बिरंचि प्रपंच बियोगी।।
- ब्रह्मुखहिं अनुभवहि अनूपा। अकथ अनामय नाम न रूपा।।
- जाना चहहि गूढ़ गति जेऊ। नाम जीहं जपि जानहिं तेऊ।।
- साध कनाम जपहिं लय लाएं। होहिं सिद्धि अनिमादिक पाएं।।
- चहुं जुग तीनि काल तिहुं लोका। भए नाम जपि जीव बिसोका।।

**लययोगः-**

- जीवात्मा का परमात्मा के साथ एकीकार हो जाना अथवा चित्त का आत्मतत्व में विलीन हो जाना लय कहलाता है। यह परमानन्द की अवस्था है।
- इस अवस्था में साधक का साध्य में लय हो जाता है, केवल साध्य ही शेष रह जाता है। साधक केवल इस परमानन्द का अनुभव कर सकता है।
- इसी को कुछ विद्वान कुण्डलिनी योग भी मानते हैं।

**ज्ञानयोगः-**

- इसे सन्यास योग अथवा सांख्य योग भी कहा जाता है। ज्ञानयोग का साधक सद्गुरु की कृपा से प्राप्त ब्रह्मज्ञान के द्वारा संसारजनित दुःखों से मुक्त हो जाता है।
- ज्ञान के प्रभाव से साधक माया, मोह, द्वेष, रज, तम आदि से मुक्त होकर सिथतप्रज्ञ हो जाता है। साधक को सत्य और असत्य, सुख और दुःख, धर्म और अधर्म, करणीय और अकरणीय आदि का यथार्थ ज्ञान होता है।
- इसी विमल ज्ञान के प्रभाव से वह पुरुष और परमात्मा के वास्तविक स्वरूप को जान लेता है। अज्ञानी व्यक्ति जगत को ब्रह्म से भिन्न देखते हैं जबकि ज्ञानी व्यक्ति इस जगत को ब्रह्ममय अथवा ब्रह्मस्वरूप देखते हैं।
- ब्रह्मज्ञानी के द्वारा कि गये समस्त कर्म नष्ट हो जाते हैं इसी से वह जीवनमुक्त कहलाता है।

**यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मात् कुरुतेऽर्जुन।**
**ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते तथा।।** (श्रीमद्भगवद्गीता 4/37)

जिस प्रकार प्रज्वलित अग्नि ईन्धन को भस्म कर देती है उसी प्रकार ज्ञान रूपी अग्नि समस्त कर्मो को भस्म कर देती है।

**भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिन्द्यते सर्वसंशयाः।**
**क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे।।** (मुण्डक. 2/2/8)

- उस परावर परमात्मा का साक्षात्कार हो जाने पर जड़ - चेतन की एकात्मतारूप हृदय की ग्रन्थि टूट जाती है - देहादि जड़ भावों से होने वाले आत्माभिमान का नाश हो जाता है, समस्त संशयों का निवारण हो जाता है बीजसहित सम्पूर्ण कर्म नष्ट हो जाते हैं।
- उस प्रकार ब्रह्मज्ञान के द्वारा अपने समस्त शुभाशुभ कर्मो को विनष्ट कर, कर्मफल शेष न होने से ब्रह्मज्ञानी परमपद को प्राप्त कर लेते हैं यही ज्ञानयोग है।

**ज्ञान के साधनः- ( श्रीमद्भगवद्गीता 13/7-11 )**

1. स्वयं में श्रेष्ठता का अभिमान न रखना।
2. दम्भ का सर्वथा त्याग करना।
3. अहिंसा व्रत का पालन करना।
4. अपना बुरा करने वाले का अपराध भी क्षमा कर देना।
5. मन वाणी और शरीर से सरल रहना।
6. श्रद्धा और भ्क्तियुक्त होकर आचार्य की सेवा करना।
7. बाहर और भीतर से शुद्ध रहना।
8. मन को स्थिर रखना।
9. बुद्धि, मन, इन्द्रिय और शरीर को वश में रखना।
10. इह लोक और परलोक के सभी भोगों में वैराग्य होना।
11. अहंकार न होना।
12. जन्म, बुढ़ापा, रोग और मृत्ये आदि दुःख तथा दोषों का ध्यान रखना।
13. स्त्री, पुत्र, धन, मकान आदि से मन का मुक्त होना।
14. परमात्मा के अतिरिक्त किसी अन्य वस्तु में अधिकार (यह मेरा है का भाव) न रखना।
15. प्रिय अथवा अप्रिय की प्राप्ति में मन सदैव एक समान रहना।
16. एक परमात्मा की अनन्य भक्ति में लगे रहना।
17. शुद्ध एकान्त देश में साधना के लिये निवास करना।
18. संसारिक मानव समुदाय में राग का न होना।
19. परमात्मा सम्बन्धी ज्ञान में नित्य निरन्तर लगे रहना।
20. तत्वज्ञान के अर्थरूप परमात्मा को ही सदा सर्वत्र देखना।

**ज्ञानी के लक्षणः- ( श्रीमद्भगवद्गीता 14/22-26 )**

1. ज्ञानी व्यक्ति तीनों गुणों के कार्य प्रकाश, प्रवृत्ति और मोह से उदासीन रहता है।
2. ज्ञानी व्यक्ति साक्षी की भांति रहकर गुणों के द्वारा विचलित नही होता है।
3. ज्ञानी व्यक्ति अपनी आत्म स्थिति में अचल रहता है।
4. ज्ञानी व्यक्ति सुख - दुःख को समान समझता है।
5. ज्ञानी व्यक्ति मिट्टी पत्थर और सोने को समान समझता है।
6. ज्ञानी व्यक्ति प्रिय और अप्रिय को समान समझता है।
7. ज्ञानी व्यक्ति किसी भी अवस्था में अधीर नही होता है।
8. ज्ञानी व्यक्ति स्वस्वरूप में सदा स्थित रहता है।
9. ज्ञानी व्यक्ति अपनी निन्दा अथवा स्तुति को समान समझता है।
10. ज्ञानी व्यक्ति मान - अपमान को समान समझता है।
11. ज्ञानी व्यक्ति शत्रु और मित्र में भेद नही रखता है।
12. ज्ञानी व्यक्ति को कर्मों के कर्तापन का अभिमान नही होता है।
13. ज्ञानी व्यक्ति अनन्यभाव से परमात्मा का स्वाभाविक सेवन करता है।
14. ज्ञानी व्यक्ति गुणों की सीमा को पार करके परमब्रह्म में स्थित हो जाता है।

**कर्मयोगः-**

☐ कर्मफल की कामना का परित्याग करके अथवा समस्त शुभाशुभ कर्मो के कर्मफलों को परमात्मा के श्रीचरणों में निवेदित करके अथवा स्वयं के कर्तभाव का परित्याग करके कर्म करना ही कर्मयोग कहलाता है।

☐ इसे निष्काम कर्मयोग भी कहा जाता है।

**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।**
**मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥** (श्रीमद्भगवद्गीता 2/47)

☐ साधक को केवल कर्म करने में ही अपना अधिकार समझना चाहिए, कर्म के फल पर कभी भी अपना अधिकार न समझे। अथवा यह समझे कि फल है ही नही और कर्म करने में तत्पर रहे।

☐ अर्थात् कर्मफल में आसक्ति न हो और र्म करने में अश्रद्धा भी न हो, यही कर्मयोग है। इस निष्काम कर्म योग के द्वारा साधक कर्मों के बन्धन से भली प्रकार छूट जाता है।

☐ साधक जब योग मार्ग अथवा भगवत्प्राप्ति के मार्ग पर अग्रसर होता है तो रिद्धियां, सिद्धियां तथा अष्टऐश्वर्य आदि कर्मफल के रूप में प्राप्त होकर साधक को विषम बनाती हैं और मार्ग में बाधा उत्पन्न करती हैं।

☐ इन्ही फलों की इच्छा अथवा आसक्ति साधक को पथभ्रष्ट कर देती है, इसी से कहते हैं कि कर्मफल में आसक्ति भी न हो और कर्म के प्रति अश्रद्धा भी न हो।

☐ साधक को मोक्ष की भी वासना नही रखनी चाहिए; क्योंकि वासनाओं से मुक्त होना ही मोक्ष है। फल की प्राप्ति का चिन्तन करने से साधक का समय नष्ट होता है और फल के प्राप्त हो जाने प रवह उसी फल में उलझा रहता है।

☐ उसकी साधना रुक जाती है अथवा समाप्त हो जाती है और वह अपने परम ध्येय परमानन्द की प्राप्ति तक नही पहुंच पाता है।

☐ इसी से कहते हैं कि साधक को कर्मफल की कामनाओं का परित्याग करके श्रद्धा पूर्वक कर्म करते रहना चाहिए। कामनाओं का सर्वथा त्याग ही निष्काम कर्मयोग कहलाता है।

☐ इस प्रकार सिद्धि और असिद्धि में समान भाव रखने से साधक पुण्य और पाप दोनों को ही इसी लोक में त्याग देता है। ऐसी समत्व बुद्धि के साथ कर्माचरण करना ही कर्म कौशल कहलाता है। यह कर्मकौशल ही योग है। इसे बुद्धियोग भी कहते हैं।

**कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः।**
**जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम्॥** (श्रीमद्भगवद्गीता 2/51)

☐ बुद्धियोग से युक्त पुरुष कर्मो के द्वारा उत्पन्न होने वाले फलों का परित्यागकर जन्म और मृत्यु के बन्धन से छूट जाते हैं और निर्दोष अमृतमय परमपद को प्राप्त करते हैं।

☐ सभी प्रकार की आसक्ति, सुख - दुःख, लाभ - हानि, जय - पराजय आदि द्वंदों को समान समझकर ईश्वार के साथ योगयुक्त होकर कर्म करना ही कर्मयोग है।

**भक्तियोगः-**

☐ ईश्वर में ही मन को एकाग्र करके, निरन्तर ईश्वर से संयुक्त होकर, श्रद्धापूर्वक ईश्वर का भजन करना ही भक्तियोग है।

☐ जो भक्त अथवा साधक भगवत्परायण होकर, परमात्मा को ही अपनी परम गति, परम आश्रय, परम ष्शक्ति, आक्र परम लक्ष्य मानकर यज्ञादि सम्पूर्ण कर्मों को परमात्मा को ही अर्पित कर देता है, अनन्य भाव से भगवत्चिन्तन करते हुए परमात्मा का भजन करता रहता है वह शीघ्र ही मृत्युरूप संसार सागर से मुक्त हो जाता है।

☐ साधक दम्भ, दर्प, काम, क्रोध, लोभ, अभिमान, असत्य और मोह से सहित होकर सम्पूर्ण चराचर में अपने आराध्यदेव को देखता हुआ उनके नाम, गुण, प्रभाव और रहस्य के श्रवण, कीर्तन, मनन और ध्यान में निरत रहता है।

☐ भजन - साधन को प्रमुख मानने पर भी भक्त अपने कर्तव्यकर्मों से कभी मुंह नही मोड़ता है; वल्कि समस्त कर्तव्य कर्मों को निर्भय होकर धैर्य बुद्धि से परमात्मा के निमित्त करता है।

☐ पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरित मानस के उत्तर काण्ड में मानस रोग के माध्यम से भक्ति की महत्ता का वर्णन किया है।

☐ जानिअ मन तब बिरुज गोसाईं। जब उर बल बिराग अधिकाई।।

☐ सुमति क्षुधा बाढ़इ नित नई। बिषय आस दुर्बलता गई।।

☐ मन को निरोग हुआ तब जानना चाहिए जब हृदय में वैराग्य का वल बढ़ जाये, उत्तमबुद्धि रूपी भूंख नित नूतन विकास करने लगे और विषयों की आसक्ति रूपी दुर्बलता समाप्त हो जाये।

**रघुपति भगति सजीवनि मूरी। अनूपान श्रद्धा मति पूरी॥**
**एहिं बिधि भलेहिं सो रोग नसाहीं। नाहि त जतन कोटि नहि जाहीं॥**

☐ जब प्रभु श्री राम की भक्ति रूपी संजीवनी और श्रद्धा से परिपूण उत्तम बुद्धि रूपी अनुपान हो, इस प्रकार का संयोग होने पर भले

☐ ही यह मानस रोग नष्ट हो जायें अन्यथा करोड़ों प्रयत्नों से भी नही जाते हैं।

☐ मानस रोग भगवत्चिन्तन करते समय दुःख व ग्लानि उत्पन्न करते हैं जिसके प्रभाव से जीव का मन विषयों में चला जाता है और जीव दुःख व अज्ञान के कारण प्रभुप्रेम का आनन्द नहा ले पाता है।

☐ गोस्वामी जी ने प्रभुप्रेम और भक्ति रूपी नदी के जल को ज्ञान वैराग्य से परिपूर्ण, समस्त तापों व मानसिक क्लेशों का हरण करने वाला तथा परमानन्द को प्रदान करने वाला बताया है।

☐ गोस्वामी जी ने नवधा भक्ति का वर्णन किया है।

☐ नवधा भगति कहउं तोहि पाहीं। सावधान सुनु धरु मन माहीं।।

☐ प्रथम भगति संतन कर संगा। दूसरि रति मम कथा प्रसंगा।।

☐ गुरुपद पंकज सेवा तीसरि भगति अमान। चैथि भगति मम गुन गन करइ कपट तजि गान।।

☐ मंत्र जाप मम दृढ़ विस्वासा।उपंचम भजन सो वेद प्रकासा।।

☐ छठ दम सील बिरति बहुकरमा। निरत निरंतर सज्जन धरमा।।

☐ सतवं सम मोहिमय जग देखा। मोतें संत अधिक करि लेखा।।

☐ आठवं जथा लाभ संतोषा। सपनेहुं नहि देखइ परदोषा।।

☐ नवम सरल सब सन छल हीना। मम भरोस हियं हरष न दीना।।

1. संतों का संग

2. प्रभु श्रीराम की कथा में प्रेम
3. सद्गुरु के श्री चरणों की सेवा करते हुए अमानी होना
4. कपट भाव को त्याग कर प्रभु श्री राम के गुणों का गान
5. प्रभु श्री राम पर दृढ़ विस्वास रखते हुए श्री राम नाम मंत्र का जाप करना
6. सांसारिक कर्मसमूहों से विरक्त होकर सदाचरण करना
7. सम्पूर्ण संसार श्री राममय देखना और संतों को श्रीराम से भी अधिक जानना
8. दूसरे के दोषों का न देखते हुए जो कुछ प्राप्त है उसी में संतुष्ट रहना अर्थात् कामना न रखना और
9. केवल श्री राम की ष्शरण होकर समस्त छल व्यवहार का त्याग करके हर्ष और विषाद से ग्रस्त न होना।

## Yogabhyasa Pratibhandhakas and Yoga Siddhikarabhavas.

**हठयोग के अनुसार योगप्रतिबन्धक भावः-**

**अत्याहारः प्रयासश्च प्रजल्पोनियमग्रहः।**
**जनसंगश्च लौल्यं च षड्भिर्योगो विनश्यति।।** (ह.यो.प्र. 1/15)

1. अत्याहार
2. प्रयास अर्थात् अत्यधिक परिश्रम
3. प्रजल्प अर्थात् अधिक बोलना
4. निमयग्रह अर्थात् योगाभ्यास के नियमो का पालन न करना
5. जनसंग
6. लौल्य अर्थात् चंचलता।

**हठयोग के अनुसार योगसिद्धिकर भावः-**

**उत्साहात्साहसाद्धैर्यात्तत्वज्ञानाच्च निश्चयात्।**
**जनसंगपरित्यागात्षड्भिर्योगः प्रसिद्धएति।।** (ह.यो.प्र. 1/16)

1. उद्यमरूप उत्साह
2. साध्यासाध्य का विचार कर शीघ्र प्रवृत्तिरूप साहस
3. धैर्य
4. तत्वज्ञान/ब्रह्मज्ञान
5. शास्त्र और गुरु के वचनों पर विश्वास और श्रद्धा रूपी निश्चय
6. योगाभ्यास विरोधी जनो के समागम का परित्याग।

## Mitahara and Pathya-apathyas during Yogabhyasa

**मिताहारः-**

**मिताहारं विनायस्तु योगारम्भं तु कारयेत्।**
**नानारोगाभवन्त्यस्य किंचिद्योगो न सिध्यति।।** (घे.सं. 5/16)

मिताहार के बिना यांगारम्भ करने पर नाना प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं और योग की सिद्धि भी नही होती है।

**शुद्धं सुमधुरं स्निग्धं उदरार्धविवर्जितम्।**
**भुज्यते सुरसं प्रीत्या मिताहारमिमं विदुः।।** (घे.सं. 5/21)
**सुस्निग्धमधुराहारश्चतुर्थांशविवर्जितः।**

**भुज्यते शिवसंप्रीत्यै मिताहारः स उच्यते।।** (ह.यो.प्र. 1/58)

भली प्रकार स्निग्ध और मधुर आहार पेट के अर्धांश अथवा चतुर्थांश को रिक्त रखते हुये भगवान शिव की प्रसन्नता के हेतु से जो आहार ग्रहण किया जाये उसे मिताहार कहते हैं। घेरंड संहिता के अनुसार पेट का अर्धांश रिक्त रखना चाहिए।

### ॥ योगाभ्यास के दौरान पथ्यापथ्य ॥

**पथ्याहारः-**

**गौधूमंशालियवषाष्टिकशोभनान्नंक्षीराज्यखंडनवनीतसिता मधूनि।**
**शुंठीपटोलकफलादिपंचशाकंमुद्गादिदिव्यमुदकंचयमीं द्रपथ्यम्।।** (ह.यो.प्र. 1/62)

गोधूम, षष्टिकशालि, दूध, घी, नवनीत, खांड, सितोपला, मधु, शुण्ठी, पटोल फल आदि, पंचशाक (जीवन्ती, वास्तुक, मूल्याक्षी, मेघनाद और पुनर्नवा), मूंग आदि, और दिव्य जल योगियों के लिये पथ्य कहे गये हैं।

**पुष्टं सुमधुरं स्निग्धं गव्यं धातुप्रपोषणम्।**
**मनोभिलषितं योग्यं योगी भोजनमाचरेत्।।** (ह.यो.प्र. 1/63)

योगाभ्यास करने वाले व्यक्ति को मधुर, स्निग्ध, दूध, घी आदि से युक्त धातुओं का पोषण करने वाला आहार करना चाहिए।

**शाल्यन्नं यवपिंड वा गोधूमपिंडकं तथा।**
**मुद्गं माषचणकादि शुभ्रं च तुषवर्जितम्।।**
**पटोलं पनसं मानं कंकोलं च शुकाशकम्।**
**द्राढ़िका कंकरी रम्भोदुम्वरी कंट कंटकम्।।**
**आमरम्भावालरम्भा रम्भादण्डं च मूलकम्।**
**वार्ताकी मूलकं ऋद्धि योगी भक्षणमाचरेत्।।**
**वालशाकं कालशाकं तथा पटोलपत्रकम्।**

**पंचशाकं प्रशंसीयात् वास्तुकं हिलमोचिकाम्।।** (घे.सं. 5/17-20)

- ☐ चावल, जौ का आटा, गेहूं का आटा, मूंग, उड़द, चना आदि को साफ करके भुसी रहित खायें।
- ☐ परवल, कटहल, मानकन्द, कंकोल, करेला, कन्दुर, अरहर, ककड़ी, केला, गूलर, और चैराई आदि का शाक खायें।
- ☐ कच्चा केला, पक्का केला, केले के गुच्छे का दण्ड, उसकी जड़, वैगन तथा ऋद्धि खायें। कच्चा शाक, सामयिकशाक, परवल के पत्ते, बथुआ और हुरहुर यह पांच शाक खायें।

**अपथ्य -**

**कट्वम्लतीक्ष्णलवणोष्णहरीतशाकसौवीरतैलतिलसर्षपम द्यमत्स्यान्।**
**अजादिमांसदधितक्रकुलत्थकोळपिण्याकहिंगुलशुनाद्य मपथ्यमाहुः।।**
**भोजनमहितं विद्यात्पुनरस्योष्णीकृतं रूक्षम्।**
**अतिलवणमम्लयुक्तं कदशनशाकोत्कटं वर्ज्यम्।।** (ह.यो.प्र. 1/59,60)

- ☐ करेला आदि कटु पदार्थ, इमली आदि खट्टे पदार्थ, मिर्च आदि तीक्ष्ण पदार्थ, लवण, गुड़ आदि उष्ण पदार्थ, हरे शाक, सौवीर अर्थात् कांजी, तिल तैल, मदिरा, मछली, बकरी- बकरा आदि सभी प्रकार का मांस, दही, मठा, कुलथी, बेर, पिण्याक, हींग, लहशुन आदि अपथ्य हैं।
- ☐ पुनः गरम किया हुआ, रुक्ष, अतिलवण युक्त, अतिअम्लयुक्त कुधान्य, शाक और विदाही भोजन अपथ्य हैं।

### योगप्रयोजनः-

- योग का वास्तविक प्रयोजन मोक्ष है। उपरोक्त सभी प्रकार के योगमार्ग केवल उस परम लक्ष्य तक पहुंचने के लिये मार्ग मात्र ही हैं वास्तव में सभी का परम ध्याय तो मोक्ष की प्राप्ति ही है।
- योगाभ्यास के दौरान प्राप्त होने वाली सिद्धियां तथा ऐश्वर्य आदि केवल पड़ाव मात्र हैं। वास्तव में इन सिद्धियों तथा ऐश्वर्य आदि के कारण साधक के पथभ्रष्ट होने की प्रबल सम्भावना होती है।
- इसलिये साधक को सद्गुरु के निर्देशन में ही, अधिक सावधान रहकर, धैर्य के साथ परम ध्येय को ध्यान में रखकर आगे बढ़ना चाहिए। हठयोग विद्या के प्रणेता योगी स्वात्माराम स्वयं कहते हैं -

**प्रणम्य श्रीगुरुं आदिनाथं स्वात्मारामेण योगिना।**
**केवलं राजयोगाय हठविद्योपदिश्यते।।** (ह.यो.प्र. 1/2)

- मै स्वात्माराम योगी अपने श्रीगुरु आदिनाथ को प्रणाम करके केवल राजयोग की प्राप्ति के लिये हठविद्या का उपदेश करता हूं।
- अर्थात् हठ विद्या का मुख्य फल केवल राजयोग ही है सिद्धि नही है। राजयोगरूप फल सहित हठयोग इस ग्रन्थ का विषय है और राजयोग द्वारा मोक्ष ही इसका प्रयोजन है।
- योग और मोक्ष का प्रयोज्य प्रयोजकभाव सम्बन्ध है क्योंकि योग मोक्ष का कारण है।

### आयुर्वेद योग सम्बन्धः-

1. कुछ विद्वानों के अनुसार चरक संहिता और पातन्जलयोगसूत्र के रचनाकार एक ही हैं।

**पातन्जलमहाभाष्यचरकप्रतिसंस्कृतैः।**
**मनोवाक्कायदोषाणां हर्त्रेऽहिपतये नमः।।** (च.सू. 1/1 चक्रपाणि टीका)

- पातन्जलयोगसूत्र, व्याकरण महाभाष्य और चरक संहिता का क्रमशः मन, वाणी तथा ष्शरीर के दोषों का नाश करने वाले इन तीनों ग्रन्थों के रचनाकार भगवान शेषनाग का नमन करता हूं।

2. आयुर्वेद और योग दोनों में अष्टांग का वर्णन किया गया है।

- **आयुर्वेद -** काय, बाल, ग्रह, उर्ध्वांग, शल्य, दंष्ट्रा, जरा और वृष।
- **योग -** यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि।

3. आयुर्वेदोक्त सद्वृत्त और आचार रसायन योगोक्त यम और नियम से समानता रखते हैं।
4. शरीर शोधनार्थ आयुर्ववेद में पंचकर्म (वमन, विरेचन, वस्ति, नस्य एवं रक्तमोक्षण) के समान योग में षट्कर्म (नेति, धौति, वस्ति, नौलि, त्राटक एवं कपालभाति) का वर्णन किया गया है।
5. आयुर्वेद की सत्याबुद्धि और योग की ऋतम्भरा प्रज्ञा आपस अत्यधिक निकटता रखते हैं।
6. आयुर्वेद के अष्टैश्वर्यों के समान योग में अष्ट सिद्धियों का वर्णन है।
7. आयुर्वेद एवं योग दोनो का अन्तिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है।
8. आयुर्वेद के पथ्याहार/हिताहार के समान ही योग में सात्विक आहार/ मिताहार का वर्णन किया गया है।

### स्वास्थ्य रक्षणे योगस्य महत्वम्ः-

- योग मूलतः आध्यात्मिक विषय है किन्तु इसका प्रभाव शरीर के विविध अंगों की क्रियाओं पर पड़ता है जिससे मानव शरीर रोगमुक्त होता है तथा अनेकानेक रोगों से बचाव भी होता है।
- यदि हम different dimension of health की बात करें तो योग के बिना सम्पूर्ण स्वास्थ्य की परिकल्पना ही नही की जा सकती है।
- योग के माध्यम से न केवल शारीरिक अपितु मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी प्राप्त होता है।

1. **यम - नियमः-** यम-नियम का पालन करने से मानसिक रोगों से रक्षा होती है। इसके साथ ही शरीर पर इनका प्रभाव रसायनवत् होता है। क्योंकि यम-नियम का पालन करने से समस्त रोगों का मूल अधर्म का नाश होता है और धर्म का अभ्युदय होता है। इस धर्माचरण को आयुर्वेद में आचार रसायन कहा गया है।
2. **आसनः-** मांसपेशियों को मजबूत बनाते हैं। रक्त परिसंचरण को सुचारू बनाते हैं। तथा शारीरिक संहनन को भी व्यवस्थित करते हैं। कुछ आसनों का विशेष अंगों पर विशेष प्रभाव पड़ता है -
   - पश्चिमोत्तानासन, उत्थितपादासन, उदराकर्षणासन तथा इसी प्रकार के अन्य आसन स्थौल्य में लाभदायक हैं।
   - पवनमुक्तासन, मण्डूकासन, आदि आसन पाचन तन्त्र के रोगों में लाभदायक हैं।
   - भुजंगासन, नौकासन, धनुरासन, चक्रासन, उष्ट्रासन आदि कटिशूल, ग्रीवा शूल तथा गृध्रसी में लाभदायक हैं।
   - वज्रासन, सुप्तवज्रासन, मत्स्यासन आदि जांघ की मांसपेशियों का मजबूत करते हैं तथा सन्धिवात में लाभदायक हैं।
   - सर्वांगासन, विपरीतकरणी आदि से अतिनिद्रा, अनिद्रा, अवसाद आदि मानस रोगों में तथा फेफड़े के रोगों में लाभ होता है।

**3. प्राणायामः-**

- प्राणायाम के द्वारा रक्त परिसंचरण सम्यक रूप से होता है जिससे समस्त अंग प्रत्यंग सुचारू रूप से कार्य करते हैं।
- प्राणायाम के अभ्यास से श्वसन तन्त्र से सम्बन्धित समस्त विकार नष्ट होते हैं।
- फेफड़ों के निष्क्रिय क्षेत्र भी क्रियाशील हो जाते हैं। फेफड़ों की vital capacity में वृद्धि होती है।
- शीतली तथा सीत्कारी प्राणायाम का अभ्यास करने से पित्तज विकारों से रक्षा होती है।
- सूर्यभेदन, उज्जायी प्राणयाम के अभ्यास से कफज और वातज रोगों से रक्षा होती है।

**4. षट्कर्मः-**

- नेति कर्म से नासा मार्ग का शोधन होता है इसके अभ्यास द्वारा नासा मार्ग से होने वाले संक्रमणों से बचाव हो सकता है।
- धौति कर्म द्वारा नाक, कान, दांत, पाचनतन्त्र आदि का शोधन होता है

तथा इन अवयवों में होने वाले रोगों से बचाव होता है।

- वस्ति कर्म द्वारा मलमार्ग का शोधन होता है जिससे विवन्ध, अर्श आदि रोगों से बचाव होता है।
- नौलिकर्म क्षरा उदरस्थ समस्त अंगों में रक्तसंचार की वृद्धि होकर उनकी क्रियाशीलता में वृद्धि होती है जिससे पाचन सम्बन्धी विकार तथा मधुमेह आदि रोगों से रक्षा होती है।
- त्राटककर्म द्वारा नेत्रों का शोधन होता है दृष्टि निर्मल होती है तथा कफ जन्य नेत्ररोगों से रक्षा होती है।
- कपालभाति द्वारा सभी प्रकार के कफज रोगों से रक्षा होती है।

### Concept of Panchakosha theory

## पंचकोष सिद्धान्त

- उपनिषदों में मानव शरीर को पंचकोषमय कहा गया है। मानव शरीर पर इन पांच कोषों का आवरण रहता है। योग की अवधारणा के अनुसार मानव का अस्तित्व पाँच भागों में बंटा है जिन्हें पंचकोश कहते हैं।
- ये कोश एक साथ विद्यमान अस्तित्व के विभिन्न तल समान होते हैं। विभिन्न कोशों में चेतन, अवचेतन तथा अचेतन मन की अनुभूति होती है।
- प्रत्येक कोश का एक दूसरे से घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। वे एक दूसरे को प्रभावित करते हैं।

1. अन्नमय कोष
2. प्राणमय कोष
3. मनोमय कोष
4. विज्ञानमय कोष और
5. आनन्दमय कोष

### 1. अन्नमय कोष

**अन्नं ब्रह्मेति व्यजनात्। अन्नाद्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।**
**अन्नेन जातानि जीवन्ति। अन्नं प्रयन्त्यभिसंविशंति इति।।** (तै. उ. 2/1)

- अन्नमय कोष स्थूलरूप होता है। अन्न तथा भोजन से निर्मित। शरीर और मस्तिष्क। सम्पूर्ण दृश्यमान जगत, ग्रह-नक्षत्र, तारे और हमारी यह पृथ्वी, आत्मा की प्रथम अभिव्यक्ति है।
- यह दिखाई देने वाला जड़ जगत जिसमें हमारा शरीर भी शामिल है यही अन्न से बना शरीर अन्नरसमय कहलाता हैं। इसीलिए वैदिक ऋषियों ने अन्न को ब्रह्म कहा है।
- यह प्रथम कोश है जहाँ आत्मा स्वयं को अभिव्यक्त करती रहती है। यह शरीर के पोषण, संवर्धन तथा स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिये उत्तरदायी होता है।
- शरीर गत आकुंचन, प्रसारण आदि समस्त भौतिक क्रियाएं अन्नमय कोष के अधीन होती हैं। इसका साधन यम, नियम, विविध आसनों एवं षट्कर्म के अभ्यास द्वारा किया जाता है। अन्नमय कोष दृष्टिगोचर होता है।

### 2. प्राणमय कोष

**प्राणो ब्रह्मेति व्यजनात्। प्राणाद्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।**
**प्राणेन जातानि जीवन्ति। प्राणं प्रयन्त्यभिसंविशंति इति।।** (तै. उ. 3/1)

- प्राणों से बना। स्वास लेने से हमारे अन्नमय कोश से जो स्पंदन बाहर तरफ़ जाता है उससे हमारे चारों तरफ़ तरंगों का क्रम बन जाता है, यही हमारा प्राणमय कोश होता है, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ मनुष्य पूर्ण साँस लेता है तो उसका प्राणमय कोश उत्तम अवस्था में रहता है।
- प्राण जीवनी शक्ति है, यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के समस्त प्राणियों के जीवन के लिये उत्तरदायी है। यह प्राणिक शक्ति ही भूमण्डल की आयु एवं वायु है।
- इसका साधन प्रणायाम द्वारा किया जाता है। प्राणमय कोष अनुभव किया जा सकता है।

### 3. मनोमय कोष

**मनो ब्रह्मेति व्यजनात्। मनसोह्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।**
**मनसा जातानि जीवन्ति। मनः प्रयन्त्यभिसंविशंति इति।।** (तै. उ. 4/1)

- मन से बना। हम जो देखते, सुनते हैं अर्थात हमारी इन्द्रियों द्वारा जब कोई सन्देश हमारे मस्तिष्क में जाता है तो उसके अनुसार वहाँ सूचना एकत्रित हो जाती है, और मस्तिष्क से हमारी भावनाओं के अनुसार रसायनों का श्राव होता है जिससे हमारे विचार बनते हैं, जैसे विचार होंते हैं उसी तरह से हमारा मन स्पंदन करने लगता है और इस प्रकार प्राणमय कोश के बाहर एक आवरण बन जाता है यही हमारा मनोमय कोश होता है।
- मनोमय कोष में अन्तःकरण चतुष्ट्य (मन, बुद्धि, अहंकार एवं चित्त) आते हैं। उसे सूक्ष्म शरीर भी कहा जाता है। इसका साधन प्रत्याहार एवं धारणा के द्वारा किया जाता है। मनोमय कोष का विवेकी पुरुष अनुभव कर सकते हैं।

### 4. विज्ञानमय कोष

**विज्ञानं ब्रह्मेति व्यजनात्। विज्ञानाद्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।**
**विज्ञानेन जातानि जीवन्ति। विज्ञानं प्रयन्त्यभिसंविशंति इति।।**

(तै.उ. 4/1)

- अन्तर्ज्ञान या सहज ज्ञान से बना कोश विज्ञानमय कोश कहलाता है। इसे सूक्ष्म शरीर का दूसरा भाग कह सकते हैं जिसमें ज्ञान की प्रधानता होती है।
- इसके अन्तर्गत ज्ञान युक्त बुद्धि एवं ज्ञानेन्द्रियां आती हैं। इसका साधन धारणा एवं ध्यान के द्वारा ही किया जाता है। विज्ञानमय कोष केवल जागृत व्यक्ति के द्वारा ही अनुभव किया जा सकता है।

### 5. आनन्दमय कोष

**आनन्दो ब्रह्मेति व्यजनात्। आनन्दाद्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।**
**आनन्देन जातानि जीवन्ति। आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशंति इति।।**

(तै. उ. 4/1)

- यह आनन्दानुभूति से बना परमात्मा एवं जीवात्मा के बीच की कड़ी है। इसका साधन समाधि के द्वारा होता है। इसके साधने के बाद समाधिस्थ साधक ब्रह्मलीन होकर परमानन्द का अनुभव करता है।

- आनन्दमय कोष का अनुभव केवल ब्रह्मलीन साधक ही कर सकता है, यह मोक्ष की अवस्था मानी जाती है।

**Description of Ashtangas of Yoga - Yama, Niyama, Asana. Pranayama, Pratyahara, Dharana, Dhyana and Samadhi.**

## ॥अष्टांग योग॥

**यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणध्यानसमाधयोऽष्टा वंगानि॥** (पा.यो.सू. 2/29)

1. यम
2. नियम
3. आसन
4. प्राणायाम
5. प्रत्याहार
6. धारणा
7. ध्यान
8. समाधि यह योग के आठ अंग हैं।

### यमः-

**अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः॥** (पा.यो.सू. 2/30)

1. अहिंसा
2. सत्य
3. आस्तेय
4. ब्रह्मचर्य और
5. अपरिग्रह, यह यम कहे जाते हैं।

**अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः।** (पा.यो.सू. 2/35)

अहिंसा का पालन करने पर वैर भाव का नाश हो जाता है।

**अहिंसा सर्वथा सर्वदा सर्वभूतानां अनभिद्रोहं।** (याज्ञवल्क्यसंहिता)

समस्त प्राणियों के प्रति सदैव सभी प्रकार की (मनसा, वाचा, कर्मणा) हिंसाओं का सर्वथा परित्याग अहिंसा है।

**सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्।** (पा.यो.सू. 2/36)

सत्यव्रती का वचन सदैव फलीभूत होता है। सत्य का अर्थ है यथार्थज्ञान, सत्य सदा सर्वदा स्थिर एवं अपरिवर्तनशील होता है।

**अस्तेयप्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम्।** (पा.यो.सू. 2/37)
**मनसा वाचा कर्मणा परद्रव्येषु निस्पृहः।**
**अस्तेयमिति संप्रोक्तः ऋषिभिस्तत्वदर्शिभिः॥** (याज्ञवल्क्य स्मृति)

तत्वदर्शी ऋषियों का कथन है कि मन, वचन तथा कर्म से पराई वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा का परित्याग करना अस्तेय कहलाता है। अस्तेय का पालन करने से सब रत्नों की प्राप्ति सुलभ हो जाती है।

**ब्रह्मचर्य प्रतिष्ठायां वीर्यलाभः।** (पा.यो.सू. 2/38)

ब्रह्मचर्य का पालन करने से वीर्यलाभ प्राप्त होता है।

**अपरिग्रहस्थैर्ये जन्मकथन्तासंबोधः।** (पा.यो.सू. 2/39)

- अपरिग्रह के स्थिरभावी हो जाने पर साधक को भूत, भविष्यादि का हो जाता है।
- केवल स्वार्थ चिन्तन करते हुए आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह परिग्रह कहलाता है, इसका सर्वथा परित्याग करना अपरिग्रह है।

### नियम

**शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः।** (पा.यो.सू. 2/32)

1. शौच (शुचिता, पवित्रता)
2. सन्तोष
3. तप
4. स्वाध्याय और
5. ईश्वरप्रणिधान, यह नियम हैं।

**शौचात्स्वांगजुगुप्सापरैरसंसर्गः।** (पा.यो.सू. 2/40)

शौच से मन एवं शरीर की बुराइयां नष्ट होती हैं। और दूसरे व्यक्ति से संसर्ग जनित दोष भी नष्ट हो जाते हैं।

**सन्तोषादनुत्तमसुखलाभः।** (पा.यो.सू. 2/42)

सन्तोष से परम सुख की प्राप्ति होती है।

**कायेन्द्रियसिद्धिरशुद्धिक्षयात्तपसः।** (पा.यो.सू. 2/43)

तप से शरीर तथा इन्द्रियों की शुद्धि और मनस्ताप का क्षय होता है।

**स्वाध्यायादिष्ट देवता संप्रयोगः।** (पा.यो.सू. 2/44)
**स्वाध्यायप्रणवादि पवित्राणां जपो मोक्ष शास्त्राध्ययनं वा।** (पा.यो.सू. 2/1)

ओंकारादि पवित्र मन्त्रों का जाप अथवा मोक्षदायक शास्त्रों का अध्ययन स्वाध्याय कहलाता है। स्वाध्याय से देवता का सामीप्य प्राप्त होता है।

**ईश्वरप्रणिधानं सर्वक्रियायां परमगुरावर्पणं तत्फलसन्यासो वा।** (पा.यो.सू. 2/1)

**समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्।** (पा.यो.सू. 2/45)

फल की इच्छा किये बिना नियत कर्मों को करते हुये सभी कर्मों को ईश्वर को समर्पित करना ईश्वरप्रणिधान कहलाता है। इसका परिणाम सन्यास होता है। ईश्वरप्रणिधान से समाधि सिद्धि होती है।

### आसन

**स्थिरम् सुखमासनम्।** (पा.यो.सू. 2/46)

स्थिर होकर सुखपूर्वक बैठना ही आसन है।

अर्थात् जिस क्रिया से बिना व्याकुलता के बिना हिले डुले स्थिरता पूर्वक बिना कष्ट के दीर्घकाल तक बैठा जा सके उसे आसन कहते हैं।

**प्रयत्नशैथिल्यानन्तसमापत्तिभ्याम्।** (पा.यो.सू. 2/47)

प्रयत्न की शिथिलता और उन अनन्त परमात्मा में मन को लगाने से आसन की सिद्धि होती है। शरीर की स्वाभाविक चेष्टा का नाम प्रयत्न है। उस स्वाभाविक चेष्टा को रोकने के निमित्त से उपरत् होना प्रयत्न की शिथिलता है।

### आसन का महत्व

**ततो द्वंद्वानभिघातः।** (पा.यो.सू. 2/48)

आसन की सिद्धि हो जाने पर सर्दी-गर्मी, भूंख-प्यास, जय-पराजय, लाभ-हानि, मान-अपमान आदि सभी प्रकार के द्वन्द्व समाप्त हो जाते हैं।

**आसनेन रुजं हन्ति।** (यो.चू.उ. 109)

आसन से सभी प्रकार की व्याधियों का नाश होता है।

**हठस्य प्रथमांगत्वादासनं पूर्वमुच्यते।**
**कुर्यात्तदासनं स्थैर्यमारोग्य चांगलाघवम्।।** (ह.यो.प्र. 1/17)

- ☐ हठयोग का प्रथम अंग होने से आसन को सर्वप्रथम कहते हैं।। आसन की स्थिरता इसलिये करना चाहिये क्योकि देह और मन की चंचलता रूप जो रजो गुण का धर्म है, उसका नाश आसन से होता है।
- ☐ साधक आसन के द्वारा रजोगुण को नष्ट करता है। आसन से आरोग्य की प्राप्ति होती है और आरोग्य की प्राप्ति अथवा रोगों का नाश हो जाने से चित्त में विक्षेप नही होता है। आसन से अंगों में लघुता आती है।
- ☐ यह लाघव गौरव रूप तमो गुण का नाशक है। अर्थात् आसन से शरीर में स्थिरता, आरोग्य और लाघव की प्राप्ति होती है।

## खड़े होकर किये जाने वाले आसन

### 1. अर्धकटिचक्रासनः-

**विधिः-**

1. दोनों पैरों को पास में रखते हुये ताड़ासन की स्थिति में खड़े हो जायें।
2. दाहिने हांथ को धीरे - धीरे ऊपर की ओर इस प्रकार उठायें कि हांथ कान को स्पर्श करे।
3. हांथों को उठाते समय पूरक करें।
4. अब कमर के ऊपर के हिस्से को जितना सम्भव हो सके बायीं ओर झुकायें और 10 से 20 सेकेण्ड के लिये इसी स्थिति में रुकें।
5. झुकते समय रेचक करें।
6. पुनः पूरक करते हुये प्रारम्भिक अवस्था में आयें।
7. बायीं ओर से भी यही अभ्यास करें।



**लाभ**

1. हांथ एवं पैरों की मांसपेशियों और रीढ़ की हड्डी को बल मिलता है।
2. कमर में लचीलापन आता है।
3. पार्श्वभागों में जमा हुआ मेद धीरे - धीरे दूर होता है।

### 2. पादहस्तासन

**विधिः-**

1. ताड़ासन की स्थिति में खड़े हो जायें।
2. दोनों हांथों को पार्श्वभाग से उठाते हुये सिर के ऊपर ले जायें।
3. हांथों को उठाते समय पूरक करना चाहिये।
4. अब धीरे - धीरे आगे झुकते हुये, घुटनों को विना मोड़े हांथों से पैरों का स्पर्श करें।
5. आगे झुकते समय रेचक करना चाहिये।
6. पुनः पूरक रकते हुये प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।



**लाभ**

1. मेरुदण्ड में लचीलापन लाता है।
2. जठराग्नि को बढ़ाता है।
3. उदरस्थ सभी अंगों को बल प्रदान करता है तथा मेद को कम करता है।
4. कब्ज को दूर करता है।

**सावधानीः-** गृध्रसी, अति उच्चरक्तचाप, आन्त्रवृद्धि और स्लिप डिस्क के रोगी तथा गर्भिणी और रजस्वला इसका अभ्यास न करें।

### 3. अर्धचक्रासन

**विधिः-**

1. सीधे खड़े हो जायें।

2. दोनों हांथों को कमर पर इस प्रकार रखें कि अंगूठा आगे की ओर तथा अंगुलियां पीछे की ओर रहें।
3. पूरक करते हुये कमर को हांथों का सहारा देकर कमर के ऊपर का हिस्सा धीरे - धीरे पीछे की ओर झुकायें।
4. इस अवस्था में कुछ समय रुकते हुये कुम्भक करें।
5. पुनः रेचक करते हुये प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।



**लाभ**

1. मेरुदण्ड को लचीला बनाता है।
2. रक्त परिसंचरण तथा कमर और पीठ की मांसपेशियों को बल मिलता है।
3. कटिशूल, गृध्रसी तथा तमकश्वास में लाभदायक है।

### 4. त्रिकोणासन

**विधिः-**

1. दोनों पैरों के बीच दो से तीन फुट की दूरी बनाते हुये सीधे खड़े हो जायें।
2. दोनों हांथों को इस प्रकार उठायें कि वह जमीन के समानान्तर हो जायें।
3. दाहिने पैर के पंजे को बाहर की ओर 90 अंश का कोण बनाते हुये रखें।
4. अब रेचक करते हुये धीरे - धीरे दाहिनी ओर झुकें तथा दाहिने हांथ से दाहिने पैर के पंजे को पकड़ें।
5. इस अवस्था में दोनों हांथों को एक सीधी रेखा में रखते हुये, दृष्टि को बायें हांथ के अंगूठे पर रखते हुये कुछ देर सकुम्भक रुकें।
6. पुनः पूरक करते हुये धीरे - धीरे प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।
7. यही प्रक्रिया बायीं ओर से भी करें।



**लाभ**

1. पैरों, पृष्ठ एवं कमर की जड़ता को समाप्त करता है।
2. कमर, गुल्फ और छाती को बल प्रदान करता है।
3. अग्नाशय को सक्रिय कर मधुमेह में लाभ पहुंचाता है।
4. पाचन क्रिया को ठीक करता है तथा कटिगत मेद को कम करता है।

**सवधानीः-** गृध्रसी और स्लिप डिस्क के रोगी न करें।

### बैठकर किये जाने वाले आसन

### 5. स्वास्तिक आसनः-

**जानूर्वोरन्तरे सम्यक्कृत्वा पादतले उभे।**
**ऋजुकायः समासीनः स्वस्तिकं तत्प्रचक्षते।।** (ह.यो.प्र. 1/19)
**जानूर्वोरन्तरं कृत्वा योगीपादतले उभे।**
**ऋजुकायः समासीनः स्वस्तिकं तत्प्रचक्षते।।** (घे.सं. 2/12)

दोनों पैरों के तलवों को घुटनों और जांघों के मध्य स्थापित करतें हुये शरीर को सीधा करके स्वाभाविक रूप से बैठना स्वस्तिक आसन कहलाता है।



#### विधि

1. दोनों पैरों को सामने की ओर सीधा फैलाकर बैठ जायें।
2. दाहिने पैर को मोड़ते हुये इसके तलवे को बायें पैर की जांघ पर अन्दर की ओर स्थापित करें किन्तु एंड़ी सीवनी का स्पर्श न करे।
3. अब बायें पैर को मोड़कर दाहिने पैर पर रखें।
4. अब दोनों पैरों के पंजों को परस्पर विपरीत दिशा के घुटनों और जांघों के बीच स्थापित करें।
5. घुटनों को जमीन के सम्पर्क में तथा रीढ़ की हड्डी को सीधा रखें।
6. हांथों को चिन् मुद्रा अथवाज्ञान मुद्रा में घुटनों के ऊपर रखें।
7. दृष्टि को भ्रूमध्य में स्थापित करें।

#### लाभ

1. संधियों की जड़ता को दूर करता है।
2. यह ध्यानात्मक आसन है।

**सावधानीः-** गृध्रसी एवं रीढ़ के निचले हिस्से के रोग से पीड़ित व्यक्ति न करें।

### 6. गोमुखासन

**सव्ये दक्षिणगुल्फं तु पृष्ठपार्श्वं नियोजयेत्।**
**दक्षिणेऽपि तथा सव्यं गोमुखं गोमुखाकृति।।** (ह.यो.प्र. 1/20)
**पादौ च भूमौ संस्थाप्य पृष्ठपार्श्वे निवेशयेत्।**
**स्थिरकायं समासाद्य गोमुखं गोमुखाकृति।।** (घे.सं. 2/14)

कटि के वाम भाग में दाहिने गुल्फ को तथा दक्षिण भाग में वायें गुल्फ को भूमि पर स्थापित करके, देह को सीधा एवं स्थिर करके गोमुख के समान मुख उन्नत करके बैठना गोमुखासन कहलाता है।



#### विधि

1. दोनों पैरों को सामने सीधा फैलाकर बैठ जायें।
2. दाहिने पैर को मोड़कर एड़ी को वायें नितम्ब के पास रखें।
3. अब वायें पैर को मोड़कर दाहिने पैर के ऊपर से लाते हुये दाहिने नितम्ब के पास रखें।
4. अब दाहिने हांथ को पीठ के पीछे नीचे की ओर से ले जाकर तथा बायें हांथ को बायें कंधे के ऊपर से ले जाकर दोनों हांथों की अंगुलियों को परस्पर बांध लें।
5. रीढ़ सीधी, सिर पीछे, मुख उन्नत तथा आंखें बन्द रखें।
6. इस अवस्था में यथा सम्मव रुकें, फिर धीरे - धीरे प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।
7. यही अभ्यास हांथों व पैरों की स्थिति को परस्पर बदल कर करें।

#### लाभ

1. प्रजनन सन्स्थान के रोग, अण्डकोष वृद्धि, गर्भाशय च्युति, में लाभदायक है।
2. श्वास आदि फेफड़ों के समस्त प्रकार के रोगों में लाभदायक है।
3. मन्यास्तम्म, मन्याशूल तथा राइटर्स क्रैम्प में लाम्दायक है।
4. वक्षस्थल का विस्तार करता है।

**विशेषः-** यह अभ्यास किसी भी व्यक्ति के लिये चाहे वह किसी भी रोग से पीड़ित हो, वर्जित नही है।

### 7. पद्मासन

**वामोरूपरि दक्षिणं च चरणं संस्थाप्य वामं तथा दक्षोरूपरि पश्चिमेन विधिना धृत्वा कराभ्यां दृढ़म्।**
**अगुष्ठौ हृदये निधाय चिबुकं नासाग्रमालोकयेदेतद्व्याधिविनाशकारि यामिनां पद्मासनं प्रोच्यते।।** (ह.यो.प्र. 1/44)
**वामोरूपरि दक्षिणं हि चरणं संस्थाप्य वामं तथा दक्षोरूपरि पश्चिमेन विधिना कृत्वा कराभ्यां दृढ़म्।**
**अगुष्ठे हृदये निधाय चिबुकं नासाग्रमालोकयेदेतद्व्याधिविना शकारणपरं पद्मासनं प्रोच्यते।।** (घे.सं. 2/8)

बायां पैर दाहिनी जंघा पर और दाहिना पैर बायी जंघा पर भली प्रकार स्थापित करके, हांथों को पीछे की ओर से ले जाकर बायें हांथ से बायें पैर के अंगूठे को तथा दाहिने हांथ से दाहिने पैर के अंगूठे को दृढ़तापूर्वक पकड़ कर चिबुक को हृदय से लगाकर नासिका के अग्रभाग को देखता रहे। सिद्धों ने इसे समस्त व्याधियों का विनाश करने वाला पद्मासन कहा है।



#### विधि

1. दोनों पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठें।

2. दाहिने पैर को बायीं जंघा पर तथा बायें पैर को दाहिनी जंघा पर इस प्रकार रखें कि तलवे उर्ध्वमुखी रहें और एड़ी पेट के निचले हिस्से को स्पर्श करती रहे।
3. दोनों घुटने जमीन के सम्पर्क में रहें तथा सिर व पीठ सीधे रहें।
4. अब पीछे की ओर से अपने हांथों को ले जाकर बायें हांथ से बायें पैर के अंगूठें को और दाहिने हांथ से दाहिने पैर के अंगूठे को पकड़ें।
5. अब ठुड्डी को हृदय से (जालन्धर बन्ध) लगायें।
6. दृष्टि को नाक के अग्रभाग पर स्थिर करें।
7. पुनः पैरों एवं हांथों की स्थिति को परस्पर बदल कर अभ्यास करें।

**लाभः-** 1. समस्त रोगों का विनाश करता है।

**सावधानीः-** गृध्रसी, जानुशूल तथा सेक्रल इन्फेक्शन के रोगी न करें।

आधुनिक व्यवहार में इसे बद्ध पद्मासन कहा जाता है।

### 8. मत्स्येन्द्रनाथोक्त पद्मासन

**उत्तानौ चरणौ कृत्वा उरुसंस्थौ प्रयत्नतः।**
**उरुमध्ये तथोत्तानौ पाणी कृत्वा ततो दृशौ।।**
**नासाग्रे विन्यसेद्राजदंतमूले तु जिह्वया।**
**उत्तम्भ्य चिबुकं वक्षस्युत्थाप्य पवनं शनैः।।**
**इदं पद्मासनं प्रोक्तं सर्वव्याधिविनाशनम्।**
**दुर्लभं येन केनापि धीमतां लभ्यते भुवि।।** (ह.यो.प्र. 1/45-47)

दोनों पैरों को उत्तान करके दोनों जांघों पर यत्नपूर्वक स्थापित करके, इसी प्रकार दोनों हांथों को भी उत्तान करके दोनों जंघाओं के बीच स्थापित करके दृष्टि को नासाग्र में निश्चल भाव से लगा दें राजदन्तों अर्थात् दाढ़ों के मूल को जीभ द्वारा स्तम्भित करके चिबुक को वक्ष पर स्थापित करके अत्यन्त धीमी गति से श्वास लें समस्त व्यधियों का नाशक यह पद्मासन है। यह दुर्लभ आसन किसी बुद्धिमान को ही इस पृथ्वी पर प्राप्त होता है।



**विधि**

1. दोनों पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठें।
2. दाहिने पैर को बायीं जंघा पर तथा बायें पैर को दाहिनी जंघा पर इस प्रकार रखें कि तलवे उर्ध्वमुखी रहें और एड़ी पेट के निचले हिस्से को स्पर्श करती रहे।
3. दोनों घुटने जमीन के सम्पर्क में रहें तथा सिर व पीठ सीधे रहें।
4. अब दोनों जंघाओं के बीच में दोनों पैरों के ऊपर हस्ततल को उत्तान रखते हुये बायें हांथ के ऊपर दाहिने हांथ को रखें।
5. दृष्टि को नाक के अग्रभाग पर स्थिर करें।
6. अब राजदन्त मूलों को जीभ द्वारा स्तम्भित करके ठुड्डी को हृदय से (जालन्धर बन्ध) लगायें।
7. धीरे - धीरे पूरक करते हुये कुम्भक धारण करें।
8. पुनः पैरों एवं हांथों की स्थिति को परस्पर बदल कर अभ्यास करें।

प्रचलित पद्मासन में हांथों को चिन् मुद्रा अथवाज्ञान मुद्रा में घुटनों पर रखा जाता है इसका ग्रन्थोद्धरण हमें ज्ञात नही है।

### 9. वज्रासन

इसका सर्वाधिक प्रभाव वज्र नाड़ी पर पड़ता है इसलिये इसे वज्रासन कहा जाता है।

**जंघायां वज्रवत् कृत्वा गुदपार्श्वे पदावुभौ।**
**वज्रासनं भवेदेतत् योगिनां सिद्धिदायकं।।** (घे.सं. 2/11)

दोनों जांघों को वज्र के समान कठोर करके दोनों पैरों को गुदा के दोनों ओर लगाकर बैठना योगियों को सिद्धि प्रदान करने वाला वज्रासन कहलाता है।



### विधि

1. दोनों पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठ जायें।
2. दाहिने पैर को मोड़ते हुये गुदा के पार्श्व में एड़ी बाहर तथा पंजा अन्दर की ओर करके रखें।
3. अब बाये पैर को मोड़ते हुये गुदा के पार्श्व में एड़ी बाहर की ओर तथा पंजा अन्दर की ओर करके रखें।
4. हांथों का सहारा लेकर नितम्बों को उठाकर दोनों पैरों के अंगूठों को जोड़ते हुये तलवों पर बैठ जायें।
5. हांथों को घुटनों के पास जांघों पर रखें।
6. सिर, गर्दन और पीठ सीधी रखें।

### लाभ

1. पाचन सम्बन्धित विकारों को दूर करता है।
2. वज्र नाड़ी पर प्रभाव पड़ने से यौन भावनाओं पर नियन्त्रण प्राप्त होता है।
3. आमवात, अम्लपित्त, पेप्टिक अल्सर में लाभदायक है।
4. आन्त्रवृद्धि का निरोध करता है।
5. अण्डकोष वृद्धि तथा महिलाओं में अनियमित माहवारी में लाभदायक है।

### 10. भद्रासन

**गुल्फौ च वृषणस्याधः सीवन्याः पार्श्वयोः क्षिपेत्।**
**सव्यगुल्फं तथा सव्ये दक्षगुल्फं तु दक्षिणे॥**
**पार्श्वपादौ च पाणिभ्यां बद्ध्वा सुनिश्चलम्।**
**भद्रासनं भवेदेतत्सर्वव्याधिविनाशनम्॥** (ह.यो.प्र. 1/53,54)

बाम गुल्फ को सीवनी के बाम पार्श्व में तथा दक्षिण गुल्फ को सीवनी के दक्षिण पार्श्व में वृषणों के नीचे रखकर दोनों हांथों की अंगुलियों को परस्पर मिलाकर पैरों के पंजों को पार्श्व भाग से निश्चल रीति से पकड़ लें, सम्पूर्ण व्याधियों का नाशक यह भद्रासन है।



### विधि

1. दोनों पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठें।
2. दाहिने पैर को मोड़कर सीवनी के दक्षिण पार्श्व में अण्डकोश के नीचे रखें।
3. बायें पैर को मोड़कर सीवनी के बाम पार्श्व में अण्डकोश के नीचे इस प्रकार रखें कि दोनों पैरों के तलवे एक दूसरे को स्पर्श करते रहें।
4. दोनों हांथों की अंगुलियों को आपस में मिलाकर दोनों पैरों के पंजो को समेकित रूप से दृढ़ता पूर्वक पकड़ें।

**महर्षि घेरण्ड ने भद्रासन की एक और विधि बताई है जो इस प्रकार है।**

**गुल्फौ च वृषणस्याधो व्युत्क्रमेण समाहितः।**
**पादांगुष्ठं कराभ्यां च धृत्वा च पृष्ठदेशतः॥**
**जालन्धरं समासाद्य नासाग्रमवलोकयन्।**
**भद्रासनं भवेदेतत् सर्वव्याधिविनाशकम्॥** (घे.सं. 2/9)

दोनों गुल्फों को अण्डकोशों के नीचे उलटकर रखें, पीठ की तरफ से दोनों अंगूठों को पकड़ें, जालन्धर बन्ध लगाकर नासाग्र को देखें, इसे भद्रासन कहते हैं। यह सभी व्याधियों का विनाश करने वाला है।



### विधि

1. वज्रासन में बैठें।
2. घुटनों को जितना हो सके दूर - दूर फैलायें।
3. एंड़ियों को इतना फैलायें कि नितम्ब जमीन पर टिक जायें परन्तु अंगूठे आपस में मिले हुये रहने चाहिए।
4. दोनों हांथों को पीछे की ओर ले जाकर दोनों पैरों के अंगूठों को पकड़ें।
5. जालन्धर बन्ध लगाकर नासिका के अग्र भाग को देखें।

### लाभ

1. समस्त रोगों का विनाश करता है।
2. अश्विनी और वज्रोली मुद्रा का अभ्यास स्वयं ही हो जाता है।
3. वज्रोली क्रिया के अभ्यास में सहायता करता है।
4. अन्य लाभ वज्रासन के समान हैं।

### 11. शशकासन

**विधिः-**

1. वज्रासन में बैठ जायें।
2. पूरक करते हुये दोनों हांथों को धीरे - धीरे ऊपर उठायें।
3. अब रेचक करते हुये धीरे -धीरे आगे की ओर झुकें।
4. हांथों को जमीन से स्पर्श करायें परन्तु नितम्ब गुल्फों पर स्थिर रहे।
5. कुछ देर इस अवस्था में रुकने के बाद पूरक करते हुये प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।



**लाभ**

1. फेफड़ों के सभी रोगों में लाभदायक है।
2. उदरांगों के रोंगों में लाभदायक है।
3. वज्रासन के लाभ भी प्राप्त होते हैं।

### 12. उष्ट्रासन

**अधास्यशेते पदयुग्मव्यस्तं पृष्ठे निधायापि धृतं कराभ्याम्।**
**आकुंचयेत् सम्यगुदरास्यगाढम् उष्ट्रं च पीठं यततयो वदन्ति।।**

(घे.सं. 2/36)

☐ नीचे की ओर मुख करके दोनों पैरों को मिलाकर लेट जायें, अब उदर तथा मुख को यथाशक्ति दृढ़ता पूर्वक संकुचित करते हुये पीछे की ओर मुड़ें और दोनों हांथों से दोनों पैरों को पीछे की ओर से पकड़ें इसे उष्ट्रासन कहते हैं।

☐ यह विधि कठिन है तथा वर्तमान में यह विधि प्रचलित नही है। सम्भवतः इस विधि का प्रयोग योग्य गुरु के अभाव के कारण बन्द हो गया है। प्रचलित विधि इस प्रकार है।



**विधि**

1. वज्रासन में बैठ जायें।
2. घुटनों पर खड़े हो जायें।
3. कमर के ऊपरी हिस्से को पीछे की ओर झुकाते हुये दाहिने हांथ से दाहिने पैर की एंड़ी तथा बायें हांथ से बायें पैर की एंड़ी को पकड़ें।
4. जांघें अर्थात् घुटनों से कमर तक का हिस्सा झुकना नही चाहिये, जमीन के लम्बवत् होना चाहिये।
5. सिर को पीछे की ओर झुकायें।
6. यथा शक्ति रुकने के बाद धीरे - धीरे प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

**लाभ**

1. पीठ व कमर दर्द दूर करता है।
2. उदरगत रोगों को दूर करता है।
3. श्वसन तन्त्र के रोगों को दूर करता है।
4. कब्ज और मधुमेह को दूर करता है।
5. जननेन्द्रिय के विकारों को दूर करता है।
6. स्त्री रोगों के लिये अत्यन्त लाभदायक है।
7. स्थौल्य को दूर करता है।

### 13. पश्चिमोत्तानासन

**प्रसार्य पादौ भुवि दंडरूपौ दौर्भ्यां पदाग्रद्वितयं गृहीत्वा।**
**जानूपरिन्यस्तललाटदेशो वसेदिदं पश्चिमतानमाहुः।।** (ह.यो.प्र. 1/28)
**प्रसार्यपादौभुविदण्डरूपौ सन्यस्तभालश्चितियुग्ममध्ये।**
**यत्नेन पादौ च धृतौ कराभ्यां योगीन्द्र पीठं पश्चिमोत्तानमाहुः।।**

(घे.सं. 2/20)

दोनों पैरों को जमीन पर दण्ड के समान फैलाकर पैरों के अग्र भाग को हांथों से पकड़ें तथा ललाट को घुटनों पर रखें, इसे पश्चिमोत्तानासन कहते हैं।



**विधि**

1. दोनों पैरों को जमीन पर दण्ड के समान फैलायें अर्थात् घुटने नही मुड़ने चाहिये।
2. रेचक करते हुये आगे की ओर झुककर दानों पैरों के अग्रभाग (अंगुठे) को पकड़ें अथवा पकड़ने का प्रयत्न करें।
3. ललाट को घुटनों से लगायें अथवा लगाने का प्रयत्न करें।

4. यथा सम्भव रुकने के बाद पूरक करते हुयें धीरे - धीरे प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

**लाभ**

1. अपने नाम के अनुसार प्राण वायु को पश्चिमवाही करता है अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी के मार्ग से प्रवाहित करता है।
2. जठराग्नि को बढ़ाता है।
3. उदर के मध्य में कृशता उत्पन्न करता है।
4. आरोग्य प्रदान करता है।
5. यकृत, अग्नाशय, प्लीहा, वृक्क तथा अधिवृक्क ग्रन्थि को शक्ति प्रदान करता है।
6. मूत्र एवं प्रजनन संस्थान के रोगों को दूर करता है।
7. अनियमित माविरी में लाभदायक है।
8. मधुमेह, दमा आदि रोगों में लाभदायक है।

### 14. सुप्तवज्रासन

**विधिः-**



1. वज्रासन में बैठ जायें
2. कोहनियों का सहारा लेते हुये धीरे - धीरे पीछे की ओर लेट जायें।
3. सिर को थोड़ा और पीछे की ओर घुमाते हुये कमर व छाती ऊपर उठायें।
4. हांथों को जांघ पर अथवा सिर के पीछे रख सकते हैं।
5. पुनः कोहनियों का सहारा लेते हुयें प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

**लाभ**

1. कटिशूल में लाभदायक है।
2. श्वास रोगों में लाभदायक है।
3. अन्य लाभ वज्रासन के समान हैं।

### 15. अर्धमत्स्येन्द्रासन

**वामोरुमूलार्पितदक्षपादं जानोर्बहिर्वेष्टितवामपादम्।**
**प्रगृह्य तिष्ठेत्परिवर्तितांगः श्रीमत्स्यनाथोदितमासनं स्यात्।।** (ह.यो.प्र. 1/26)

☐ वाम जंघा के उत्पत्ति स्थान पर दाहिने पैर को रखते हैं, बायें पैर को दाहिने पैर के घुटने के पास बाहर की ओर से रखते हैं, परिवर्तितांग होकर बायें पैर को दाहिने हांथ से लपेटकर पकड़ लेते हैं, यह मत्स्येन्द्रासन है।

☐ महर्षि घेरण्ड ने कुछ अन्तर के साथ 2/21 में इसका वर्णन किया है। पाठ्यक्रम में नही होने के कारण विस्तार नही किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में अर्धमत्स्येन्द्रासन है जिसकी विधि इस प्रकार है -

**विधि**

1. दोनों पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठ जायें।
2. दाहिने पैर को मोड़कर सीवनी के समीप रखें।
3. बायें पैर को मोड़कर दाहिने पैर के घुटने के बाहर की ओर से रखें।
4. दाहिने हांथ को बायें पैर के बाहर की ओर से ले जाकर बायें पैर को पकड़ें।
5. बायें हांथ को पीछे की ओर से घुमाकर दाहिनी जंघा पर रखें।
6. पैरों व हांथों की स्थिति को परस्पर बदलकर पुनः यही प्रक्रिया दोहरायें।



**लाभ**

1. यकृत और मूत्राशय को सक्रिय बनाता है।
2. अग्नाशय को सक्रिय करने के कारण मधुमेह में यह रामबाण है।
3. पाचन संस्थान सम्बन्धी रोगों का निवारण करता है।

**निषेधः-** हृदय रोग, आन्त्रवृद्धि तथा गर्भावस्था में यह आसन न करें।

### 16. सिद्धासन

**योनिस्थानकमंघ्रिमूलघटितं कृत्वा दृढ़ विन्यसेन्मेढ्रे पादमथैकमेव हृदये कृत्वा हनु सुस्थिरम्।**
**स्थाणुः संयमितेन्द्रियोऽचलदृशा पश्येद्भ्रुवोरन्तरं ह्येतन्मोक्ष कपाटभेदजनकं सिद्धासनं प्रोच्यते।।** (ह.यो.प्र.1/35)
**योनिस्थानकमंघ्रिमूल घटिकं सम्पीड्यगुल्फेतरम्, मेढ्रसंप्रणिधाय तं तु चिबुकं कृत्वाहृदिस्थापितम्।**
**स्थाणुः संयमितेन्द्रियोऽचलदृशा पश्यन् भ्रुवोरन्तरम्, ह्येतन्मोक्षकपाटभेदनकरं सिद्धासनं प्रोच्यते।।** (घे.सं. 2/7)

☐ कही कहीं पर पाठ भेद से ह्येतन्मोक्षकपाटभेदनकरं के स्थान पर मोक्षं चैव विधीयते फलकरं प्राप्त होता है।

☐ एक पैर की एंड़ी को गुदा और अण्डकोश के मध्य में इस प्रकार लगायें

कि सीवनी पर दबाव पड़ता रहे, दूसरी एंड़ी को लिंगमूल में रखें, ठोड़ी को हृदय से लगावें शरीर को संयमित करके सीधा और स्थिर करके दृष्टि को भ्रूमध्य में लगावें, यह सिद्धासन कहलाता है। इसके अभ्यास से मोक्ष की प्राप्ति होती है।



**विधि**

1. दोनों पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठ जायें।
2. दाहिने पैर को मोड़कर गुदा एवं अण्डकोश के मध्य इस प्रकार रखें कि सीवनी पर एंड़ी का दबाव पड़ता रहे।
3. बायें पैर को मोड़कर दाहिने गुल्फ के ऊपर इस प्रकार रखे कि लिंगमूल पर एंड़ी का दबाव पड़ता रहे।
4. महिलायें योनिस्थान पर रखें।
5. पैरों की अंगुलियों को पिण्डलियों तथा जांघों के बीच में फंसा दें।
6. कमर से लेकर गर्दन तक का हिस्सा सीधा एवं स्थिर रखें।
7. जालन्धर बन्ध लगायें तथा दृष्टि को भ्रूमध्य में स्थापित करें।

**लाभ**

1. ध्यानात्मक आसन है।
2. मूत्र एवं प्रजनन संस्थान के रोगों में लाभदायक है।
3. कामेच्छा का नियन्त्रण करता है।
4. नाड़ियों के मल का शोधन करता है।

**निषेधः-** 1. गृध्रसी एवं अण्डकोश वृद्धि के रोगी न करें।

पीठ के बल लेटकर किये जाने वाले आसन

### 17. पवनमुक्तासन

**विधिः-**

1. पीठ के बल लेट जायें।
2. पूरक करते हुये दोनों पैरों को मोड़ कर पेट पर रखें।
3. दोनों हांथों से आलिंगन की भांति दोनो पैरों को घुटने के पास से पकड़ कर छाती पर दबाव बनायें।
4. रेचक करते हुये सिर को उठाकर नाक को दोनों घुटनों के मध्य स्थापित करने का प्रयत्न करें।
5. धीरे - धीरे पुनः प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

**लाभ**

1. कब्ज को दूर करता है।
2. अग्निमांद्य, अजीर्णादि उदर रोगों को दूर करता है।
3. वातानुलोमन करता है।
4. अग्नाशय, यकृत, प्लीहा आदि उदरस्थ अंगों को सक्रिय करता है।
5. मोटापा, मधुमेह, उच्चरक्तचाप आदि रोगों में लाभदायक है।
6. मेरुदण्ड को बल प्रदान करता है।



**सावधानीः-** गर्भावस्था, आन्त्रिक व्रण के रोगी न करें।

### 18. सर्वांगासन

**विधिः-**

1. पीठ के बल लेट जायें।
2. दोनों हांथ कमर के बगल में जमीन पर रखें।
3. घुटनों को बिना मोड़े दोनों पैरों को ऊपर की ओर इतना उठायें कि कमर और पैर लगभग समकोण पर हों।
4. हथेलियों से जमीन पर दबाव डालते हुयें कमर सहित पैरों को इतना ऊपर उठायें कि ठुड्डी सीने को छूने लगे अर्थात् जालन्धर बन्ध लग जाये। (अभ्यास की प्रारम्भिक अवस्था में हंथेलियों से कमर को सहारा दिया जा सकता है।)
5. पुनः धीरे - धीरे प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

**लाभ**

1. थायराइड ग्रन्थि को सक्रिय करता है।
2. स्त्रियों के मासिक धर्म सम्बन्धी रोगों में लाभदायक है।
3. बालों को असमय झड़ने से रोकता है।
4. चेहरे की कान्ति को बढ़ाता है।
5. अवसाद एवं अनिद्रा को दूर करता है।
6. नेत्र रोगों में लाभदायक है।



**सवधानीः-** हृदय सम्बन्धी विकार होने पर यह आसन न करें।

## 19. मत्स्यासन

**मुक्त पद्मासनं कृत्वा उत्तानशयनं चरेत्।**
**कूर्पराभ्यां शिरोवेष्ट्य मत्स्यासनं तु रोगहा।।** (घे.सं.2/19)

मुक्त पद्मासन की स्थिति मे उत्तान लेटकर हांथों से सिर को लपेट लें, सभी रोगों का विनाश करने वाला यह मत्स्यासन है।



**विधि**

1. मुक्त पद्मासन की स्थिति में पूरक करते हुये पीठ के बल लेट जायें।
2. वक्ष प्रदेश को जमीन से उठाकर रखें।
3. दोनों हांथो से सिर को लपेट लें अर्थात् सिर के नीचे हांथों का आसन बनायें।
4. यथाशक्ति कुम्भक के साथ इस अवस्था में रुकें।
5. रेचक करते हुयें ग्रीवा और कमर को जमीन पर टिकायें।
6. धीरे - धीरे पैरों को सीधा करते हुये शवासन की स्थिति में आ जायें।

**विधि - 2**

**प्रचलित विधि इस प्रकार है।**

1. मुक्त पद्मासन की स्थिति में पूरक करते हुये पीठ के बल लेट जायें अथवा
2. शवासन मे लेटकर दाहिने पैर को मोड़कर बायीं जंघा पर और बायें पैर को मोड़कर दहिनी जंघा पर पद्मासन के समान रखें।
3. दोनों कोहनियों का सहारा देकर छाती को ऊपर उठाते हुये पूरक करते हुये सिर को मोड़कर ब्रह्मरन्ध्र को जमीन पर रखें।
4. दोनों हांथों से पैरों के पंजों को पकड़ें।
5. यथाशक्ति कुम्भक के साथ इस अवस्था में रुकें।
6. रेचक करते हुयें ग्रीवा और कमर को जमीन पर टिकायें।
7. धीरे - धीरे पैरों को सीधा करते हुये शवासन की स्थिति में आ जायें।

**लाभ**

1. ग्रीवा, मेरुदण्ड तथा कन्धों में दृढ़ता आती है।
2. गला एवं पेट के समस्त रोगों का विनाश करता है।
3. मन्यास्तम्भ में लाभदायक है।
4. फेफड़ों से सम्बन्धित सभी रोगों में लाभदायक है।
5. प्रजनन संस्थान के रोगों को दूर करता है।
6. थायराइड ग्रन्थि के कार्य को नियमित करता है।
7. थाइमस ग्रन्थि की सक्रियता को बढ़ाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

## 20. हलासन

**विधिः-**

1. शवासन की अवस्था में पीठ के बल लेट जायें।
2. दोनों हांथ कमर के बगल में जमीन पर रखें।
3. घुटनों को बिना मोड़े दोनों पैरों को ऊपर की ओर इतना उठायें कि कमर और पैर लगभग समकोण पर हों।
4. हथेलियों से जमीन पर दबाव डालते हुयें कमर सहित पैरों को इतना ऊपर उठायें कि ठुड्डी सीने को छूने लगे अर्थात् जालन्धर बन्ध लग जाये। (अभ्यास की प्रारम्भिक अवस्था में हंथेलियों से कमर को सहारा दिया जा सकता है।)
5. अब पैरों को कमर से मोड़ते हुये पीछे सिर की तरफ ले जाकर जमीन से स्पर्श करायें।
6. यथाशक्ति इस अवस्था में रुकें।
7. अब धीरे - धीरे पैरों को वापस लाते हुये प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।



**लाभ**

1. कमर को बुढ़ापे तक झुकने नही देता है।

2. हृदय एवं पीठ को बल प्रदान करता है।
3. रक्त परिसंचरण को बढ़ाकर रक्त का शोधन करता हुआ जठराग्नि को बढ़ाता है।
4. चेहरे की कान्ति को बढ़ाता है।
5. सूक्ष्म तन्त्रिका तन्त्र को सशक्त बनाता है।
6. उदर रोगों का विनाश करता है।
7. मधुमेह, स्थौल्य तथा थायराइड के विकारों को दूर करता है।

### 21. चक्रासनः-

**विधिः-**

1. पीठ के बल लेट जायें।
2. दोनों पैरों को मोड़कर एंड़ियों को नितम्बों के पास रखें।
3. दोनों हांथों को कान के पास इस प्रकार रखें कि अंगुलियां पैरों की ओर रहें तथा पूरक करें।
4. शरीर का भार तलवों और पंजों पर रखते हुये कुम्भक के साथ शरीर को धीरे - धीरे ऊपर उठायें।
5. पैरों व तलवों को यथाशक्ति पास लायें।
6. यथाशक्ति रुकने के बाद शरीर को वापस जमीन पर लिटायें।
7. रेचक करते हुये प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।



**लाभ**

1. शरीर को लचीला बनाता है।
2. वातरोगों का शमन करता है।
3. उदर पीठ पेट व प्रजनन अंगों के लिये अत्यन्त लाभदायक है।
4. जांघें मेरुदण्ड और भुजायें मजबूत करता है।
5. मोटापा कम करता है।

### 22. शवासन

**उत्तानं शववद्भूमौ शयनं तच्छवासनम्।**
**शवासनं श्रमहरं चित्तविश्रान्तिकारकम्।।** (ह.यो.प्र. 1/32)
**उत्तानशववद्भूमौ शयनं तु शवासनम्।**
**शवासनं श्रमहरं चित्तविश्रान्तिकारणम्।।** (घे.सं. 2/17)

मुर्दे के समान उत्तान होकर जमीन पर लेटना शवासन कहलाता है। इससे श्रम दूर होता है और चित्त प्रसन्न होता है।



**विधि**

1. पीठ के बल लेट जायें।
2. पैरों के बीच उतनी ही दूरी रखें जितनी कमर की चौड़ाई हो।
3. हांथों को कमर के बगल में लगभग 15 सेंटीमीटर की दूरी पर इस प्रकार रखें कि हंथेलियां ऊपर की ओर खुली हुयी हों।
4. मुंह को बन्द रखें और चेहरे पर कोई तनाव न आने दें।
5. सिर व मेरुदण्ड एक सीध में रखें।
6. धीरे - धीरे सम्पूर्ण शरीर को शिथिल कर दें।
7. मानसिक रूप से सजग रहें सोयें नही।

**लाभ**

1. सम्पूर्ण मनोकायिक संस्थान को विश्रान्त बनाता है।
2. मन को शान्त तथा तनाव जनित रोगों का निवारण करता है।
3. उच्चरक्तचाप, तन्त्रिका दौर्बल्य, अनिद्रा तथा हृदय रोगों में लाभदायक है।

### 23. सेतुबन्धासन

**विधिः-**

1. पीठ के बल लेट जायें।
2. दोनों पैरों को मोड़कर एंड़ियों को नितम्बों के पास रखें।
3. धीरे - धीरे पूरक करते हुये नितम्ब और कटि प्रदेश को ऊपर की ओर उठायें।
4. कटि प्रदेश के ऊपर उठने पर हांथों को कोहनियों से मोड़कर नितम्बों को सहारा दें।
5. कुम्भक के साथ यथाशक्ति इस अवस्था में रुकें।
6. धीरे - धीरे रेचक करते हुये नितम्ब और कटि प्रदेश को भूमि पर लिटायें।
7. पुनः प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।



**लाभ**

1. कटिशूल तथा कटिग्रह में लाभदायक है।
2. गले के रोगों में लाभदायक है।
3. मेरुदण्ड को लचीला बनाता है।

पेट के बल लेटकर किये जाने वाले आसन

### 24. भुजंगासन

**अंगुष्ठनाभिपर्यन्तमधौभूमौविनिन्यसेत्।**
**करतलाभ्यांधरां धृत्वा उर्ध्वशीर्षः फणीव हि॥** (घे.सं. 2/36)

पैरों के अंगूठों से लेकर नाभि तक शरीर को भूमि पर रखें, हंथेलियों को भूमि पर टिकाकर सर्प की तरह सिर को ऊंचा करना भुजंगासन कहलाता है।



**विधि**

1. पैरों को सीधा करके आपस में सटाकर पेट के बल लेट जायें।
2. दोनों हथेलियों को कन्धों के बगल में भूमि पर टिका दें।
3. अंगुलियां आपस में सटी हुई तथा सामने की ओर रखें।
4. नाभि के ऊपर के शरीर को पूरक करते हुये इतना उठायें कि नाभि भूमि को स्पर्श करती रहे।
5. सिर को सर्प के फन की भांति उठायें।
6. यथाशक्ति कुम्भक के साथ इस अवस्था में रुकें।
7. पुनः रेचक करते हुये प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

**लाभ**

1. गृध्रसी, मन्यास्तम्भ, मन्याशूल, कमर दर्द, पीठ दर्द तथा स्लिपडिस्क में लाभदायक है।
2. स्त्रियों के अण्डाशय एवं गर्भाशय को स्वस्थ बनाता है।
3. मासिक धर्म की गड़बड़ी तथा अन्य स्त्री रोगों में लाभदायक है।
4. जठराग्नि को बढ़ाता है तथा कब्ज को दूर करता है।
5. यकृत एवं वृक्क के रोगों में लाभदायक होता है।
6. यह सभी रोगों का नाश करने वाला है।

**सावधानीः-** पेप्टिक अल्सर, आन्त्रवृद्धि तथा आंतों के यक्ष्मा रोग में नही करना चाहिये।

### 25. शलभासन

**अधास्य शेते कर युग्म वक्षे भूमिमवष्टभ्यकरयोस्तलाभ्याम्।**
**पादौ च शून्ये च वितस्तिचोर्ध्वं वदन्ति पीठंशलभं मुनीन्द्राः॥** (घे.सं. 2/34)

नीचे की ओर मुह करके लेटें, दोनो हांथों को छाती के बगल में लाकर हंथेलियों को भूमि पर टिका दें और दोनों पैरों को बालिस्त भर उठायें, मुनीन्द्रों ने इसे शलभासन कहा है।



**विधि**

1. दोनो पैरों को सटाकर पेट के बल लेट जायें।
2. दोनों हाथों को कोहनी से मोड़कर छाती के बगल में लाकर हथेलियों को भूमि पर टिका दें।
3. पूरक करके कुम्भक के साथ दोनों पैरों को बालिस्त भर (एक बीता) ऊपर उठायें।
4. इस अवस्था में कुम्भक के साथ यथाशक्ति रुकें।
5. रेचक करते हुयें प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

**नोटः-** व्यवहार में प्रचलित शलभासन में हाथों को जांघों के नीचे रखा जाता है जो अभ्यास की सरलता के लिये किया जाता है परन्तु शास्त्रोक्त नही है। ऐसा करने पर शलभ अर्थात् टिड्डी की आकृति भी नही बनती है। उपरोक्त वर्णित विधि ही शास्त्रोक्त विधि है।

**लाभ**

1. परानुकम्पी तन्त्रिकाओं को उत्तेजित करता है।
2. गृध्रसी तथा कटिशूल में लाभदायक है।
3. उदर विकारों में लाभदायक है।

### 26. धनुरासन

**प्रसार्य पादौ भुविदण्डरूपौ करौ च पृष्ठे धृतपादयुग्मम्।**
**कृत्वाधनुस्तुल्यविवर्तितांगं निगद्ययोगी धनुरासनं तत्॥** (घे.सं. 2/16)

दोनों पैरों को दण्ड की तरह भूमि पर फैला दें, दोनों हांथों को पीठ की ओर से लाकर दानों पैरों को पकड़ लें विवर्तितांग होकर शरीर को धनुष की तरह कर लें योगियों ने इसे धनुरासन कहा है।



**विधि**

1. दोनों पैरों को दण्ड की तरह फैलाकर पेट के बल लेट जायें।
2. दोनों पैरों को मोड़कर टखनों को नितम्बों के ऊपर पीठ की ओर लायें।
3. दोनों हाथों को पीठ की ओर से लाकर दोनों पैरों को टखनों के पास से पकड़ें।
4. जांघे, वक्ष एवं सिर को उठाकर पैरों को यथा सम्भव सिर के पास लायें।
5. यथाशक्ति इस अवस्था में रुकें।

6. पुनः धीरे - धीरे प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

### लाभ

1. मेरुदण्ड लचीला होता है।
2. यकृत, प्लीहा तथा वृक्क के रोगों में लाभदायक है।
3. अग्निमांद्य एवं कब्ज आदि उदर रोगों में लाभदायक है।
4. श्रोणि विकार - रक्त प्रदर, श्वेत प्रदर तथा आर्तव दुष्टि में लाभदायक है।
5. अन्य लाभ भुजंगासन के समान हैं।
6. हठयोग प्रदीपिकाकार ने इससे भिन्न धनुरासन का वर्णन किया है जिसको व्यवहार में आकर्ण धनुरासन कहा जाता है।

## 27. आकर्ण धनुरासन

**पादांगुष्ठौ तु पाणिभ्यां गृहीत्वा श्रवणावधि।**
**धनुराकर्षणं कुर्याद्धनुरासनमुच्यते॥** (ह.यो.प्र. 1/25)

दोनों पैरों के अंगूठों को हांथों से पकड़कर कानो तक धनुष के समान खीचना धनुरासन कहलाता है।



### विधि

1. दोनों पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठ जायें।
2. दाहिने पैर को मोड़कर बायीं जंघा पर रखें।
3. बायें हांथ से दाहिने पैर के अंगूठे को तथा दाहिने हांथ से बायें पैर के अंगूठे को पकड़ें।
4. बायें पैर के घुटने को विना मोड़े दाहिने पैर को खींचकर बायें कान के पास लायें।
5. हांथों और पैरों की स्थिति को परस्पर बदल कर यही प्रक्रिया दोहरायें।

### लाभ

1. जांघ पिण्डली घुटना पंजे आदि सभी अंगों को बल मिलता है।
2. पैरों का कंपना बन्द होता है।
3. अण्डकोश वृद्धि में लाभदायक है।
4. आत्मविश्वास को बढ़ाता है।

## 28. मकरासन

**अधास्य शेते हृदयं निधाय भूमौ च पादौ च प्रसार्यमाणौ।**
**शिरश्च धृत्वा करदण्डयुग्मे देहाग्निकारं मकरासनं तत्॥** (घे.सं. 2/33)

नीचे की ओर मुख करके हृदय को पृथ्वी से लगाकर पैरों को फैलाकर लेट कर दोनों करदण्डों के मध्य सिर को स्थित करें यह मकरासन है। यह अग्नि को बढ़ाता है।



### विधि

1. पैरों को फैलाकर पेट के बल लेट जायें।
2. कोहनियो को जमीन पर रखते हुयें दोनों हांथों का दण्ड बनाकर ठुड्डी को इसमें इस प्रकार टिकायें कि हृदय भूमि को स्पर्श करता रहे।
3. आवश्यक हो तो कोहनियों को थोड़ा फैला लें।
4. पुनः धीरे - धीरे प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

### लाभ

1. छाती और फेफड़ों का विस्तार करता है।
2. गले को साफ करता है।
3. स्लिप डिस्क, गृध्रसी, कमर दर्द तथा मेरुदण्ड सम्बन्धी अन्य रोगों में यह आसन बहुत प्रभावकारी है।

### प्राणायाम

**प्राणस्य वायुविशेषस्य आयामो रोधः। यद्वा प्राण आयम्यतेऽनेनेति।**
(शब्दकल्पद्रुम)

☐ प्राण अथवा वायुविशेष का आयाम अथवा रोध अथवा नियमन प्राणायाम कहलाता है।

☐ **प्राणायाम दो शब्दों से मिलकर बना है** - प्राण और आयाम। प्राण का तात्पर्य है जीवनी शक्ति और आयाम का तात्पर्य है नियमन। अर्थात् प्राणायाम का तात्पर्य है जीवनी शक्ति का नियमन।

☐ वास्तव में प्राण एक ऊर्जा है जो किसी न किसी रूप में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में व्याप्त है। प्राण सभी जीवों में सूक्ष्म और सशक्त रूप से विद्यमान है।

☐ प्राण में ऊर्जा, ओज, तेज, और जीवनी शक्ति समाहित है। यह प्राण अत्यन्त चंचल स्वभाव वाला है अतः यत्न पूर्वक इसका निरोध अथवा साधन करना चाहिये।

**तस्मिन सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिर्विच्छेदः प्राणायामः।** (पा.यो.द. 2/49)

☐ श्वास और प्रश्वास अर्थात् पूरक और रेचक की गति में उभयभाव से विच्छेद करना प्राणायाम है। अर्थात् श्वास अथवा पूरक के बाद प्राण का

निरोध (अन्तः कुम्भक) तथा प्रश्वास अथवा रेचक के बाद प्राण का निरोध (वाह्य कुम्भक) अथवा किसी भी अवस्था में वायु का निरोध (स्तम्भवृत्ति कुम्भक) करना चाहिये।

- स्वामी विवेकानन्द के अनुसार प्राणायाम का अर्थ है प्राणों का संयम। जिस प्रकार आकाश जगत का कारणस्वरूप, अनन्त एवं सर्वव्यापी मूल पदार्थ है उसी प्रकार प्राण भी जगत का कारणस्वरूप, अनन्त एवं सर्वव्यापी विक्षेपकरी शक्ति है।
- यह शक्ति शरीर के भीतर एक प्रकार की एकमुखी गति पैदा करती है और श्वास - प्रश्वास केन्द्र पर नियन्त्रण करके शरीर के अन्य केन्द्रों को भी वश में करने में सहायता करती है। प्राणायाम की सिद्धि से ही प्रत्याहार की ओर अग्रसर होना सम्भव हो सकता है।

### प्राणायाम के लाभ

**चले वाते चलं चित्तं निश्चले निश्चलं भवेत्।**
**योगी स्थाणुत्वमाप्नोति ततो वायु निरोधयेत्॥** (ह.यो.प्र. 2/2)

- प्राणवायु के चंचल होने पर चित्त भी चंचल हो जाता है और प्राणवायु के निश्चल होने पर चित्त भी निश्चल हो जाता है।
- प्राणवायु तथा चित्त दोनों के निश्चल हो जाने पर योगी स्थाणुरूप को प्राप्त होता है अर्थात् स्थिर और दीर्घजीवी हो जाता है इसलिये प्राणवायु का निरोध अर्थात् प्राणायाम करना चाहिये।

**यावद्वायुः स्थितो देहे तावज्जीवनमुच्यते।**
**मरणं तस्यनिष्क्रान्तिस्ततो वायु निरोधयेत्॥** (ह.यो.प्र. 2/3)

जब तक शरीर में प्राणवायु स्थित है तभी तक जीवन है और इसके विपरीत प्राणवायु का शरीर से निकलना ही मृत्यु है इसलिये प्राणवायु का निरोध अर्थात् प्राणायाम करना चाहिये।

**अस्य साधन मात्रेण देवतुल्यभवेन्नरः।** (घे.सं. 5/1)

केवल प्राणायाम की सिद्धि होने से मनुष्य समस्त रोगों से मुक्त होकर देवताओ के समान हो जाता है।

### प्राणायाम से होने वाले अन्य लाभ

1. प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाकर फेफड़ों को स्वस्थ और मजबूत बनाकर फेफड़ों से सम्बन्धित रोगों को दूर करता है।
2. प्राणायाम रक्तचाप को नियन्त्रित कर हृदय रोगों को दूर करता है।
3. प्राणायाम पाचन क्रिया को ठीक करता है।
4. प्राणायाम रक्त में आक्सीजन की मात्रा को व्यवस्थित कर मस्तिष्क को स्वस्थ रखता है।
5. प्राणायाम वजन या शरीर भार के नियन्त्रण में मदद करता है।
6. प्राणायाम तनाव को कम करता है।
7. प्राणायाम अन्तः स्रावी ग्रन्थि की कार्य प्रणाली को नियन्त्रित करता है।
8. प्राणायाम मस्तिष्क, मेरुदण्ड, तन्त्रिका केन्द्र तथा सम्पूर्ण तन्त्रिका तन्त्र को स्वस्थ रखता है।
9. प्राणायाम के नित्य प्रति अभ्यास से मन की एकाग्रता में वृद्धि होकर तन का चांचल्य दूर होता है।
10. कुम्भक के दौरान उदरांगों पर पड़ने वाले दबाव से उदरांगों के स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है।
11. प्राणायाम के अभ्यास से धारणा, ध्यान एवं समाधि में मदद मिलती है।

यहां प्राणायाम के समेकित लाभ कहे गये हैं। पाठ्यक्रम में सम्मिलित प्राणायामों के लाभ उन - उन प्राणायामों के साथ कहे जायेंगे।

### प्राणायाम करने का समय एवं मात्रा

**प्रातर्मध्यंदिने सायमर्धरात्रे च कुम्भकान्।**
**शनैरशीतिपर्यंतं चतुर्वारं समभ्यसेत्॥** (ह.यो.प्र. 2/11)

- प्रातः काल अर्थात् सूर्योदय से लेकर तीन घड़ी दिन चढ़ने तक, मध्याह्न अर्थात् दिन के ठीक मध्य में, सायंकाल अर्थात् सूर्यास्त के ठीक पहले से लेकर तीन घड़ी संध्या तक और अर्धरात्रि अर्थात् मध्यरात्रि के एक घड़ी पूर्व से एक घड़ी बाद तक, इन चार कालों में 80 - 80 प्राणायाम करना चाहिये।
- उपरोक्त काल विचार आध्यात्मिक योग साधकों के लिये है अन्य व्यक्ति प्रातः काल ब्रह्ममुहूर्त में प्राणायाम का अभ्यास करें।

### अवर-प्रवर-मध्यम लक्षण

**कनीयसि भवेत्स्वेदः कंपो भवति मध्यमे।**
**उत्तमे स्थानमाप्नोति ततो वायुं निबंधयेत्॥** (ह.यो.प्र.2/12)

- प्राणायाम करते हुये पसीना आ जाये तो उसे अवर अथवा निकृष्ट प्राणायाम, शरीर में कम्पन होने लगे तो उसे मध्यम प्राणायाम तथा जब प्राण ब्रह्मरन्ध्र रूप उत्तम स्थान को प्राप्त हो जायें अर्थात् प्राण ब्रह्मरन्ध्र में पहुंच जाये तो उसे प्रवर अथवा उत्तम प्राणायाम जाना चाहिये।
- लिंगपुराण के अनुसार द्वादश मात्रा तक प्राण का निरोध करने पर एक बार प्राणोद्घात (प्राण का उठना) होता है।
- इस प्रकार द्वादश मात्रा प्राणायाम अवर, चतुर्विंशति मात्रा प्राणायाम मध्यम और षट्त्रिंशति मात्रा प्राणायाम प्रवर प्राणायाम कहलाता है। इन तीनों में क्रमशः स्वेद, कम्पन और उत्थान होता है। महर्षि गोरक्ष ने भी उपरोक्त मात्रा ही कही है।
- महर्षि याज्ञवल्क्य के अनुसार घुटने पर हंथेली को फिराकर एक बार चुटकी बजाने में जो समय लगता है उसे एक मात्रा समझना चाहिये।
- ऐसी बारह मात्रा तक वायु का रोध करना अवर, चौबीस मात्रा तक वायु का रोध करना मध्यम तथा छत्तीस मात्रा तक वायु का रोध करना प्रवर प्राणायाम कहलाता है।
- जब उत्तम प्राणायाम बारह दिनो का हो जाता है तब समाधि की प्राप्ति होती है।
- अष्टांगसंग्रहकार ने काल विभाजन का वर्णन करते हुये सूत्र स्थान अध्याय 4 में एक मात्रा को स्वाभाविक अक्षि निमेष काल के बराबर माना है (तत्राक्षिनिमेषो मात्रा) जो कि दिन - रात आदि काल गणना के लिये उपयुक्त है किन्तु प्राणायाम हेतु महर्षि याज्ञवल्क्य का मत ही उपयुक्त है।

### युक्त-अयुक्त लक्षण

**प्राणायामादियुक्तेन सर्वरोगक्षयो भवेत्।**
**अयुक्ताभ्यासयोगेन सर्वरोगसमुद्भवः॥** (ह.यो.प्र. 2/16)

आहार, स्थान, काल तथा बन्धों से युक्त प्राणायाम का अभ्यास करने से समस्त रोगों का नाश हो जाता है, इसके विपरीत अयुक्त प्राणायाम का अभ्यास करने से समस्त रोगों की उत्पत्ति होती है।

## नाड़ीशुद्धि प्राणायाम

- शरीर में अनेक नाड़ियां हैं। जिस प्रकार किसी हार में फूल गुंथे हुये रहते हैं उसी प्रकार ये नाड़ियां भी आपस में गुंथी हुयी रहती हैं।
- उनकी उलझन से प्राणशक्ति के प्रवाह में बाधा उत्पन्न होती है। अतः जब तक उन नाड़ियों का शोधन न किया जाय तब तक प्राणायाम का अभ्यास उसी प्रकार निरर्थक हो जाता है जिस प्रकार ऊसर भूमि में बीज बोना निरर्थक हो जाता है।
- अर्थात् नाड़ी शोधन के बिना प्राणायाम का अभ्यास असम्भव है। जब तक नाड़ी मल से व्याप्त है तब तक प्राण सुषुम्ना नाड़ी के मार्ग से नही चल सकता किंतु मल शुद्धि होने पर प्राण सुषुम्ना नाड़ी के मार्ग से अवश्य ही चल सकता है।
- सुषुम्ना नाड़ी के मार्ग से प्राणों का संचार होना उन्मनीभाव कहलाता है। मलों से व्याप्त सम्पूर्ण नाड़ियों का समूह शुद्धि को प्राप्त हो जाने के बाद ही योगी प्राणवायु को रोकने में समर्थ होता है।
- यह नाड़ी शोधन समनु और निर्मनु भेद से दो प्रकार का होता है। बीजमन्त्र के द्वारा होने वाले नाड़ी शोधन को समनु तथा धौतिकर्म के द्वारा होने वाले नाड़ी शोधन को निर्मनु कहते है। धौतिकर्म का वर्णन आगे षट्कर्मों में किया जायेगा। यहां पर समनु नाड़ी शोधन विधि का वर्णन करते हैं।



**उपविश्यासने योगी पद्मासनमाचरेत्।**
**गुर्वादिन्यासनं कुर्याद्यथैव गुरुभाषितम्।।**
**नाड़ीशुद्धिं प्रकुर्वीत प्राणायामविशुद्धये।**
**वायुवीजं ततोध्यात्वा धूम्रवर्ण सतैजसम्।।**
**चन्द्रेणपूरयेद्वायुं वीजैः षोडशकैः सुधीः।**
**चतुःषष्टयामात्रया च कुम्भकेनैव धारयेत्।।**
**द्वाविंशन्मात्रयावायुं सूर्यनाड्या च रेचयेत्।**
**नाभिमूलाद्वह्निमुत्थाप्य धारयेत्तेजोवनीयुतम्।।**
**वह्निवीजषोडशेन सूर्यनाड्या च पूरयेत्।**
**चतुःषष्ट्यामात्रया च कुम्भकेनैव धारयेत्।।**
**द्वात्रिंशन्मात्रयावायुं चन्द्रनाड्या च रेचयेत्।**
**नासाग्रेशशधृग्विम्बे ध्यात्वा ज्योत्स्नासमन्वितम्।।**
**हं वीजषोडशेनैव इड्यापूरयेन्मरुत्।**
**चतुःषष्ट्यामात्रया च वं वीजेनैवधारयेत्।।**
**अमृतं प्लावितं ध्यात्वा नाड़ीधौतिं विभावयेत्।**
**द्वात्रिंशेन लकारेण दृढ़ं भाव्यं विरेचयेत्।।** (घे.सं. 5/37 - 44)
**बद्धपद्मासनो योगी प्राणं चन्द्रेण पूरयेत्।**
**धारयित्वा यथाशक्ति भूयः सूर्येण रेचयेत्।।**
**प्राणं सूर्येण चाकृष्य पूरयेदुदरं शनैः।**
**विधिवत्स्तम्भकं कृत्वा पुनश्चन्द्रेण रेचयेत्।।**
**येन त्यजेत्तेन पीत्वा धारयेदतिरोधतः।**
**रेचयेच्च ततोऽन्येन शनैरेव न वेगतः।।**
**प्राणं चेदिडया पिबेन्नियमितं भूयोऽन्यया रेचयेत्पीत्वा पिंगलया समीरणमथो बद्ध्वा त्यजेद्वामया।**
**सूर्याचन्द्रमसोरनेन विधिनाभ्यासं सदा तन्वतां शुद्धा नाड़िगणा भवंति यमिनां मासत्रयादूर्ध्वतः।।** (ह.यो.प्र. 2/7-10)

- प्राणायाम सिद्धि हेतु नाड़ी शोधन करने के लिये आसन पर बैठ कर पद्मासन लगायें। गुरु के आदेशानुसार गुर्वादि न्यास करें। तेजोमय धूम्रवर्णी वायु वीज 'यं' का ध्यान करें। इस वायु वीज मन्त्र यं का सोलह बार जाप करते हुये चन्द्र नाड़ी अर्थात् बायीं नासिका से पूरक करें।
- अब इस वायु वीज मन्त्र यं का चौसठ बार जाप करने तक कुम्भक धारण करें। अब वायु वीज मन्त्र यं का जाप करते हुये बत्तीस बार जाप करने तक धीरे धीरे सूर्य नाड़ी अर्थात् दाहिनी नासिका से रेचक करें।
- नाभिमूल में अग्नि उद्दीप्त हो रही है इस प्रकार अनुभव करते हुये 'लं' युक्त पृथ्वी तत्व को अग्नि तत्व के साथ धारण अर्थात् ध्यान करें।
- अब वह्निवीज मन्त्र 'रं' का सोलह मात्रा जाप करते हुये सूर्यनाड़ी से पूरक करें। चौसठ मात्रा तक जाप करते हुये कुम्भक करें तथा बत्तीस मात्रा तक जाप करते हुये चन्द्र नाड़ी से रेचक करें।
- नासिका के अग्रभाग में चन्द्रविम्ब का ध्यान करके सोलह मात्रा तक 'हं' वीज का जाप करते हुये इडा नाड़ी अर्थात् चन्द्र नाड़ी अथवा वायीं नासिका से 'यं' वीज रूपी वायु का पूरक करें।
- चौसठ मात्रा तक 'वं' वीज मन्त्र का जाप करते हुये कुम्भक धारण करें अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी को वायु पूरित करें। नासिकाग्र से अमृत टपक रहा है और उस अमृत से समस्त नाड़ियां धुल रही हैं, इस प्रकार का अनुभव करते हुये 'लं' वीज मन्त्र का बत्तीस मात्रा तक जाप करते हुये पिंगला नाड़ी अथवा सूर्य नाड़ी अथवा दाहिनी नासिका से रेचक करें।
- इस प्रकार नाड़ी शोधन प्राणायाम की यह एक आवृत्ति पूर्ण हुयी। इस प्रकार नित्य अभ्यास करने से तीन मास में नाड़ियां शुद्ध हो जाती हैं।

## नाड़ीशुद्धि लक्षण

**यदा तु नाड़ीशुद्धिः स्यात्तथा चिन्हानि वाह्यतः।**
**कायस्य कृशता कांतिस्तदा निश्चितम्।।**

**यथेष्टधारणं वायोरनलस्य प्रदीपनम्।**
**नादाभिव्यक्तिरारोग्यं जायते नाड़िशोधनात्॥** (ह.यो.प्र. 2/19,20)

नाड़ीशुद्धि हो जाने पर देह में कृशता, कान्ति (तेज) की प्राप्ति, जठराग्निदीपन, नाद की अभिव्यक्ति और रोगों का विनष्ट होना, ये लक्षण निश्चित ही उत्पन्न होते हैं।

## कुम्भक भेद

**बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः**
**बाह्याभ्यन्तरविषयाक्षेपी चतुर्थः।** (पा.यो.द. 2/50,51)

**कुम्भक चार प्रकार का होता है।**

1. **बाह्य कुम्भक -** रेचक करके श्वास का निरोध करना।
2. **आभ्यन्तर कुम्भक -** पूरक करके श्वास का निरोध करना।
3. **स्तम्भवृत्ति कुम्भक -** रेचक अथवा पूरक का प्रयास किये बिना यथा स्थिति में श्वास का निरोध करना।
4. **बाह्याभ्यन्तर विषयाक्षेपी कुम्भक -** यह उच्च साधना का विषय है, उसमें साधक उपरोक्त तीनों वृत्तियों से मुक्त होकर कुम्भक का अभ्यास करने लगता है।

**सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी शीतली तथा।**
**भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्ट कुम्भकाः॥** (ह.यो.प्र. 2/44)

**कुम्भक के आठ भेद होते है।**

1. सूर्यभेदन
2. उज्जायी
3. सीत्कारी
4. शीतली
5. भस्त्रिका
6. भ्रामरी
7. मूर्च्छा
8. प्लाविनी।

**सहितः सूर्यभेदश्च उज्जायीशीतली तथा।**
**भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा केवली चाष्टकुम्भकाः॥** (घे.सं. 5/45)

1. सहित कुम्भक
2. सूर्यभेदन
3. उज्जायी
4. शीतली
5. भस्त्रिका
6. भ्रामरी
7. मूर्च्छा
8. केवली कुम्भक।

पाठ्क्रम में हठयोग प्रदीपिकानुसार कुम्भक के आठ भेद सम्मिलित किये गये हैं अतः यहां पर उन्ही का वर्णन किया जायेगा।

## 1. सूर्यभेदन कुम्भक ( प्राणायाम )

**आसने सुखदे योगी बद्ध्वा चैवानलं ततः।**
**दक्षनाड्या समाकृष्य बहिःस्थं पवनं शनैः॥**
**आकेशादानखाग्राच्च निरोधावधि कुम्भयेत्।**
**ततः शनैः सव्यनाड्या रेचयेत्पवनं शनैः॥** (ह.यो.प्र. 2/48,49)

☐ स्वास्तिक, सिद्ध, पद्मासन आदि किसी अनुकूल आसन में बैठकर दक्षिण नाड़ी अथवा सूर्य नाड़ी अथवा पिंगला नाड़ी से देह के बाहर स्थित वायु को धीरे - धीरे खींचकर पूरक करें।

☐ नखाग्र से लेकर केश पर्यंत सम्पूर्ण शरीर में वायु के व्याप्त होने तक कुम्भक करें फिर वाम नाड़ी अथवा चन्द्र नाड़ी अथवा इड़ा नाड़ी से धीरे - धीरे रेचक करें।

### विधि

1. किसी भी अनुकूल आसन में सुखपूर्वक बैठें।
2. कमर के ऊपर का हिस्सा सीधा तना हुआ रखें।
3. दाहिने हांथ को मोड़कर मुख के पास इस प्रकार लगायें कि अंगूठा दाहिने नाक पर, तर्जनी व मध्यमा भ्रूमध्य पर तथा अनामिका व कनिष्ठा बायें नाक पर रहें।
4. अनामिका व कनिष्ठा से बायें नाक को बन्द करके दाहिने नाक से पूरक करें।
5. अंगूठे से दाहिने नाक को भी बन्द करके जालन्धर बन्ध लगायें।
6. सम्पूर्ण शरीर से स्वेद प्रवृत्ति होने तक कुम्भक धारण करें।
7. अनामिका व कनिष्ठा को हटाते हुये जालन्धर बन्ध खोलकर बायें नाक से धीरे - धीरे रेचक करें।



### लाभ

**कपालशोधनं वातदोषघ्नं कृमिदोषहृत्।**
**पुनःपुनरिदं कार्यं सूर्यभेदनमुत्तमम्॥** (ह.यो.प्र. 2/50)

1. कपाल का शोधन करता है।
2. समस्त 80 प्रकार के वात रोगों का नाश करता है।
3. कृमिरोगों का विनाश करता है।
4. शरीर में उष्णता उत्पन्न करता है।

### 2. उज्जायी कुम्भक ( प्राणायाम )

**मुखं संयम्य नाड़ीभ्यामाकृष्य पवनं शनैः।**
**यथा लगति कंठात्तु हृदयावधि सस्वरम्।।**
**पूर्ववत्कुम्भयेत्प्राणं रेचयेदिड़या ततः।** (ह.यो.प्र. 2/51,52)

मुख को संयमित करके दोनों नाड़ियों से धीरे - धीरे वायु को खींचकर इस प्रकार पूरक करें कि वायु कंठ से लेकर हृदय तक शब्द करती हुयी लगे। अब सूर्य भेदन के समान कुम्भक करके वाम नाड़ी से रेचक करें।

**विधि**

1. किसी भी अनुकूल आसन में सुखपूर्वक बैठें।
2. कमर के ऊपर का हिस्सा सीधा तना हुआ रखें।
3. मुख को बन्द करके दोनो नासिकाओं से इस प्रकार पूरक करें कि वायु कंठ से लेकर हृदय तक शब्द करती हुयी लगे।
4. जालन्धर बन्ध लगायें।
5. सम्पूर्ण शरीर से स्वेद प्रवृत्ति होने तक कुम्भक धारण करें।
6. जालन्धर बन्ध खोलकर बायें नाक से धीरे - धीरे रेचक करें।
7. कुम्भक एवं बन्धों के बिना भी इसका अभ्यास किया जा सकता है।

**लाभ**

1. गले में उत्पन्न होने वाले सभी प्रकार के कफ रोगों का नाश करता है।
2. जठराग्नि को बढ़ाता है।
3. जलोदर रोग में लाभ दायक है।
4. रस रक्तादि सप्त धातुओं के दोषों का निर्हरण करता है।
5. आमवात, क्षय, कास, ज्वर तथा प्लीहा रोग नही होते।

### 3. शीतली कुम्भक ( प्राणायाम )

**जिह्वया वायुमाकृष्य पूर्ववत्कुंभकसाधनम्।**
**शनकैर्घ्राणरंध्राभ्यां रेचयेत्पवनं सुधीः।।** (ह.यो.प्र.2/57)

पक्षी के चोंच के समान होठों से बाहर निकली हुयी जीभ के द्वारा वायु को खींचकर धीरे - धीरे पूरक करें, सूर्यभेदन प्राणायाम के समान कुम्भक साधन करके सुधी साधक दोनो नासा रन्ध्रों से धीरे - धीरे रेचक करें।



**विधि**

1. किसी भी अनुकूल आसन में सुखपूर्वक बैठें।
2. कमर के ऊपर का हिस्सा सीधा तना हुआ रखें।
3. जीभ को नली के समान मोड़कर होंठों के बाहर निकालें ताकि वह पक्षी के चोंच के समान दिखाई देने लगे।
4. पक्षी के चोंच के समान बनी हुयी नलिकाकार जीभ से वायु को खींचकर धीरे - धीरे पूरक करें।
5. जीभ को मुंह के अन्दर करके जालन्धर बन्ध लगायें।
6. यथाशक्ति कुम्भक धारण करें।
7. जालन्धर बन्ध खोलकर दोनो नासा रन्ध्रों से धीरे - धीरे रेचक करें।

**लाभ**

1. गुल्म, प्लीहा आदि रोगों का नाश करता है।
2. ज्वर, पित्त, क्षुधा और तृषा का नाश करता है।
3. सर्पादिकों के विष अर्थात् विषजन्य दाह को दूर कर शरीर कों स्वाभाविक शीतलता प्रदान करता है।
4. रक्तचाप एवं पेट की अम्लता को कम करने में सहायक है।

### 4. सीत्कारी कुम्भक ( प्राणायाम )

**सीत्कां कुर्यात्तथा वक्त्रे घ्राणेनैव विजृंभिकाम्।**
**एवमभ्यासयोगेन कामदेवो द्वितीयकः।।** (ह.यो.प्र. 2/54)

- दोनों होठों के बीच लगी हुयी जीभ से सीत्कार करते हुये मुख से पूरक करके दोनों नासारन्ध्रों से ही रेचक करें मुख से नहीं यह सीत्कारी प्राणायाम कहलाता है। (विजृंभिका से रेचक का ग्रहण करना चाहिये)।

- इसका निरन्तर अभ्यास करने से साधक कामदेव के समान रूपवान/तेजवान हो जाता है।

### विधि

1. किसी भी अनुकूल आसन में सुखपूर्वक बैठें।
2. कमर के ऊपर का हिस्सा सीधा तना हुआ रखें।
3. मुख को बन्द करके जीभ को दोनो दन्तपंक्तियों के बीच में लगायें तथा होठों को खुला रखें।
4. सीत्कार करते हुये वायु को मुंह से खींचकर पूरक करें।
5. होठों को बन्द करके जालन्धर बन्ध लगायें।
6. यथाशक्ति कुम्भक धारण करें।
7. जालन्धर बन्ध खोलकर दोनों नासा रन्ध्रों से धीरे - धीरे रेचक करें।

### लाभ

1. भूंख, प्यास, निद्रा एवं आलस्य का नाश होता है।
2. सभी विकारों को दूर कर देह के बल को बढ़ाता है।
3. उच्चरक्तचाप को सामान्य करता है।
4. पित्त के कोप से होने वाले रोगों का नाश करता है।

### 5. भस्त्रिका कुम्भक ( प्राणायाम )

**सम्यक्पद्मासनं बद्ध्वा समग्रीवोदरं सुधीः।**
**मुखं संयम्य यत्नेन घ्राणं प्राणेन रेचयेत्।।**
**यथा लगति हृत्कंठे कपालावधि सस्वनम्।**
**वेगेन पूरयेच्चापिहृत्त्पद्मावधि मारुतम्।।**
**पुनर्विरेचयेत्तद्वत्पूरयेच्च पुनः पुनः।**
**यथैव लोहकारेण भस्त्रा वेगेन चाल्यते।।**
**तथैव स्वशरीरस्थं चालयेत्पवनं धिया।**
**यदा श्रमो भवेद्देहे तदा सूर्येण पूरयेत्।।**
**यथोदरं भवेत्पूर्णमनिलेन तथा लघु।**
**धारयेन्नासिकां मध्यतर्जनीभ्यां बिना दृढ़म्।।**
**विधिवत्कुम्भकं कृत्वा रेचयेदिड़यानिलम्।** (ह.यो.प्र. 2/60-65)

- बुद्धिमान मनुष्य पद्मासन को भली प्रकार बांधकर ग्रीवा और उदर एक सीध में रखकर मुख को संयमित अर्थात् दृढ़ता पूर्वक बन्द करके दाहिने नासा रन्ध्र से इतनी शक्ति से रेचक करे कि प्राणवायु हृदय कंठ और कपाल में लगती हुयी सी प्रतीत हो, फिर वेग के साथ उसी नासा रन्ध्र से इस प्रकार पूरक करे कि प्राणवायु हृदयकमल तक भर जाये।
- जिस प्रकार लोहार भस्त्रा को चलाता है उसी प्रकार बार - बार वेगयुक्त रेचक और पूरक करते हुये वायु को शरीर में चलावें।
- थक जाने पर सूर्य नाड़ी अर्थात् दाहिने नासा रन्ध्र से इस प्रकार पूरक करें कि उदर वायु से भर जाये।
- अब मध्यमा और तर्जनी का उपयोग किये बिना नासिका को दृढ़ता से पकड़कर विधिवत कुम्भक धारण करके चन्द्र नाड़ी से रेचक करें। इसी प्रकार दूसरे नासा रन्ध्र से भी करें। यह भ्रस्त्रिका प्राणायाम है।

### विधि

1. पद्मासन में इस प्रकार बैठें कि उदर और ग्रीवा एक सीध में रहें।
2. नासिका मुद्रा द्वारा बायें नाक को बन्द करके सूर्य नाड़ी अर्थात् दाहिने नाक से बलपूर्वक रेचक करें।
3. सूर्य नाड़ी से ही बलपूर्वक लोहार की धौकनी की भांति वेग के साथ 100 बार पूरक रेचक करें।
4. सूर्य नाड़ी से ही पूरक करके दोनों नासारन्ध्रों को बन्द करके बन्धयुक्त कुम्भक धारण करें।
5. यथाशक्ति कुम्भक धारण करने के बाद चन्द्र नाड़ी अर्थात् बायें नाक से रेचक करें।
6. अब चन्द्र नाड़ी से ही बलपूर्वक लोहार की धौकनी की भांति वेग के साथ 100 बार पूरक रेचक करें।
7. चन्द्र नाड़ी से ही पूरक करके दोनों नासारन्ध्रों को बन्द करके बन्धयुक्त कुम्भक धारण करें।
8. यथाशक्ति कुम्भक धारण करने के बाद सूर्य नाड़ी से रेचक करें।



**नोटः-** प्रचलित विधि में दोनों नासारन्ध्रों से एक साथ रेचक व पूरक किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रचलित विधि नवीन योगाचार्यों की महान

कृपा का परिणाम है ताकि उपरोक्त विधि की कठिनता के कारण इससे दूर भागने वाले लोग भी इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

### लाभ

1. त्रिदोष हर है।
2. अग्निवर्धन करता है।
3. कुण्डलिनी का प्रबोधन करता है
4. बन्द वायुकोषों को खोलकर कीटाणुओं, दूषित कफ तथा वायु को फेफड़ों से विसर्जित करता है।
5. पाचन संस्थान को स्वस्थ बनाता है।
6. रक्त का शोधन करता है।
7. सम्पूर्ण नाड़ी संस्थान को सक्रिय करता है।
8. अस्थमा आदि फेफड़ों से सम्बन्धित रोगों में अत्यन्त लाभदायक है।
9. गले के रोगों में लाभदायक है।
10. समस्त कोष्ठांगों (यकृत, प्लीहा, अग्नाशय, पित्ताशय, गुर्दे, हृदय, फेफड़े आदि) को बल प्रदान कर रोग मुक्त करता है।

### 6. भ्रामरी कुम्भक ( प्राणायाम )

**वेगाद्घोषं पूरकं भृंगनादं भृंगीनादं रेचकं मंदमंदम्।**
**योगीन्द्राणामेवमभ्यासयोगाच्चित्ते जाता काचिदानन्दलीला॥**

(ह.यो.प्र. 2/68)

भ्रमर के समान वेगपूर्वक शब्द सहित प्राणवायु को खींचकर पूरक करें और भ्रमरी के समान मंद स्वर के साथ धीरे धीरे रेचक करें यह भ्रामरी प्राणायाम है। इसका अभ्यास करने वाले योगी के चित्त में अभूतपूर्व परमानन्द की उत्पत्ति होती है।



### विधि

1. किसी भी अनुकूल आसन में सुखपूर्वक बैठें।
2. कमर के ऊपर का हिस्सा सीधा तना हुआ रखें।
3. दोनों नासारन्ध्रों से भौंरे के समान वेगपूर्वक शब्द करते हुये पूरक करें।
4. जालन्धर बन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक धारण करें।
5. जालन्धर बन्ध खोलकर भौंरी के समान मन्द तथा लयबद्ध गुंजन करते हुये दोनों नासा रन्ध्रों से धीरे - धीरे रेचक करें।

घेरण्ड संहिता के अनुसार इसका अभ्यास करते समय षण्मुखी मुद्रा द्वारा दोनों कर्णरन्ध्रों, दोनों आंखों, मुंह व नाक को बन्द करना चाहिये।

### लाभ

1. क्रोध, चिन्ता एवं अनिद्रा को दूर करता है।
2. समस्त मानसिक रोगों में अत्यन्त लाभदायक है।
3. रक्तचाप एवं प्रमस्तिष्कीय तनाव को कम करता है।
4. आवाज को सुधारता एवं गम्भीर बनाता है।
5. गले के रोगों का निवारण करता है।

### 7. मूर्च्छा कुम्भक ( प्राणायाम )

**पूरकान्ते गाढ़तरं बद्ध्वा जालंधरं शनैः।**
**रेचयेन्मूर्च्छनाख्येयं मनोमूर्च्छा सुखप्रदा॥** (ह.यो.प्र. 2/69)

पूरक के अन्त में अत्यन्त दृढ़ता से जालंधर बन्ध बांधकर धीरे -धीरे रेचक करना मूर्च्छा प्राणायाम कहलाता है। इस मूर्च्छा से सुख की प्राप्ति होती है।

### विधि

1. किसी भी अनुकूल आसन में सुखपूर्वक बैठें।
2. कमर के ऊपर का हिस्सा सीधा तना हुआ रखें।
3. दोनों नासारन्ध्रों से पूरक करें।
4. अत्यन्त दृढ़ता से जालन्धर बन्ध लगायें।
5. जालन्धर बन्ध को बिना खोले ही अत्यन्त मन्द गति से दोनों नासा रन्ध्रों से धीरे - धीरे इस प्रकार रेचक करें ताकि मूर्च्छा की स्थिति उत्पन्न हो जाये।

### लाभ

1. मन को शान्त करता है।
2. मानसिक रोगों में लाभदायक है।

### 8. प्लाविनी कुम्भक ( प्राणयाम ):-

**अन्तः प्रवर्तितोदारमारुतापूरितोदरः।**
**पयस्यगाधेऽपि सुखात्प्लवते पद्मपत्रवत्॥** (ह.यो.प्र. 2/70)

शरीर के भीतर वायु को इतनी अधिक मात्रा में भरें कि पेट पूर्णतः वायु से भर जाये यह प्लाविनी कहलाता है। इसका अभ्यास करने वाला अगाध जल में कमल के पत्ते के समान तैरता रहता है।

### विधि

1. किसी भी अनुकूल आसन में सुखपूर्वक बैठें।
2. कमर के ऊपर का हिस्सा सीधा तना हुआ रखें।

3. दोनों नासारन्ध्रों अथवा मुंह से इस प्रकार पूरक करें कि सम्पूर्ण पेट वायु से पूरित हो जाये।
4. अत्यन्त दृढ़ता से जालन्धर बन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करें।
5. जालन्धर बन्ध को खोलकर दोनों नासा रन्ध्रों से धीरे - धीरे रेचक करें।

### लाभ

1. पाचन संस्थान को बल मिलता है।
2. कब्ज को दूर करता है।
3. समान और अपान वायु को कुपित नही होने देता है।

प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि

### प्रत्याहार

**स्वविषया सम्प्रयोगे चित्तस्य स्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः।**
(पा.यो.सू. 2/54)

- इन्द्रियों का अपने अपने विषयों का परित्याग करके चित्त के स्वरूप का अनुकरण करना प्रत्याहार कहलाता है।
- जिस प्रकार मकरन्द का पान करता हुआ भ्रमर पुष्प के गन्ध की कामना नही रखता है उसी प्रकार इन्द्रियों को समस्त विषयों से इस प्रकार हटाना कि मानो विषयाभाव हो गया हो प्रत्याहार कहलाता है।
- वास्तव में इन्द्रियों का अपने अपने विषयों से निवृत्त होना ही प्रत्याहार कहलाता है।

**ततः परमा वश्यतेन्द्रियाणाम्।** (पा.यो.सू. 2/55)

प्रत्याहार के अभ्यास से इन्द्रियां वश में रहती हैं।

**यतो यतो मनश्चरति चांचल्यवशतः सदा।**
**ततस्तो नियम्यैतदात्मन्येव वशंनयेत्॥**
**पुरस्कारे तिरस्कारे सुश्राव्यंदुःश्रुतं तथा।**
**मनस्तस्मान्नियम्यैतदात्मन्येव वशंनयेत्॥**
**सुगन्धौ वापि दुर्गन्धो घ्राणेषु जायते मनः।**
**तस्मात् प्रत्याहरेदेतदात्मन्येव वशंनयेत्॥**
**मधुराम्लकतिक्तादिरसान्याति यदामनः।**
**तस्मात् प्रत्याहरेदेतदात्मन्येव वशंनयेत्॥** (घे.सं. 4/2-5)

- चंचल मन जहां जहां विचरण करे वहां वहां से उसे लौटाकर आत्मा के वश में करें। पुरस्कार - तिरस्कार, सुनने योग्य - न सुनने योग्य की ओर से मन को हटाकर आत्मा के वश में करें।
- सुगन्ध - दुर्गन्ध से भी मन को हटाकर आत्मा के वश में करें। मधुर, अम्ल, तिक्तादि षड्रसों से मन को हटाकर आत्मा के वश में करें। इसे प्रत्याहार कहते हैं।

**यस्य विज्ञान मात्रेण कामादिरिपुनाशनम्॥** (घे.सं. 4/1)

इस प्रत्याहार के करने से काम, क्रोध, मोह, मद, लोभ और मात्सर्य - यह छः शत्रु नष्ट होते हैं।

### धारणा

**देशबन्धश्चित्तस्य धारणा।** (पा.यो.सू. 3/1)

- चित्त को किसी देश अर्थात् लक्ष्य से बांधना धारणा कहलाता है।
- चन्द्रमा, दीपक, ईश्वर, गुरुमूर्ति (वाह्य देश), नाभि चक्र, हृदयकमल, मूर्धा ज्योति, नासाग्र, जिह्वाग्र (आन्तरिक देश) में चित्त को स्थिर करना धारणा है।

### ध्यान

**तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्।** (पा.यो.सू. 3/2)

धारणा की एकतानता अर्थात् दीर्घकालिक अनुचिन्तन ध्यान कहलाता है। ध्येय वस्तु परज्ञान की एकतानता ध्यान कहलाता है।

**स्थूलं ज्योतिस्तथासूक्ष्मं ध्यानस्य त्रिविधं विदुः।**
**स्थूलं मूर्तिमयं प्रोक्तं ज्योतिस्तेजोमयं तथा।**
**सूक्ष्मं विन्दुमयं ब्रह्मकुण्डली परदेवता॥** (घे.सं. 6/1)

- **महर्षि घेरण्ड के अनुसार यह ध्यान तीन प्रकार का होता है -** स्थूल ध्यान, ज्योतिर्ध्यान और सूक्ष्म ध्यान। मूर्तिमय ब्रह्म का ध्यान स्थूल ध्यान, तेजोमय ज्योति रूप ब्रह्म का ध्यान ज्योतिर्ध्यान तथा विन्दुमय ब्रह्म कुण्डलिनी का ध्यान सूक्ष्म ध्यान कहलाता है।
- **शाण्डिल्योपनिषद् के अनुसार ध्यान दो प्रकार का होता है -** सगुण ध्यान और निर्गुण ध्यान। साकार ब्रह्म का ध्यान सगुण ध्यान कहलाता है इसे गोरक्ष संहिता में सकल ध्यान कहा गया है। निराकार ब्रह्म का ध्यान निर्गुण ध्यान कहलाता है इसे गोरक्ष संहिता में निष्कल ध्यान कहा गया है।

### Cyclic Meditation and Mindfulness meditation and their benefits

- Cyclic Meditation is a special technique of Yoga derived from Mandukya Upanishad.
- It is a set of stimulation and relaxation based practices and involves cycles of body postures and relaxation techniques.
- Here are the steps to practice Cyclic Meditation:
    1. **Starting prayer:** Lie on your back, relax and collapse the whole body on the ground, legs apart, hands apart, palms facing the roof, smiling face, and let go of all parts of the body. As you repeat the prayer, feel the resonance throughout the body.
    2. **Instant Relaxation Technique (IRT):** Bring your legs together, join your heels, toes together, and palms by the side of the thighs. Keep your face smiling till the end. Gently bring your awareness to the tip of your toes. Stretch your toes, tighten the ankle joints, and tighten the calf muscles. Pull up the kneecaps.
- Tighten the thigh muscles. Compress and squeeze the buttocks. Exhale and suck in the abdomen. Make the fists of the palms and tighten the arms. Inhale and expand the chest.
- Tighten the shoulder, neck muscles and compress the face. Tighten the whole body from the toes to the head. 'Tighten tighten tighten'.

- Release and relax. Legs go apart, arms go apart, palms facing the roof. Assume the most comfortable position, let the whole body sink down. Let all the group of muscles beautifully relax. Collapse the whole body. Enjoy the relaxation.

3. **Linear Awareness:** Now slowly raise the left hand above the head along the ground. Slowly turn over to the left side.

- Place the head on the left biceps, the right leg on the left leg, right palm on the right thigh. Let the whole body relax.
- Feel the entire weight of the body coming down to the ground along the left side of the trunk. Feel the 'linear awareness'. Slowly start coming up to *Tadasana.*
- Let all the movements slow down. Let the breathing be deep, slow, and continuous. Eyes are kept closed.
- Carefully feel the changes in your body as you stand up and reach the vertical position. Feel the flow of blood down the heart. Feel the heartbeat and the pulse. Chant Bhramari to generate 3D awareness.

4. **Centering:** Now slowly lean forward. Feel the weight of the entire body on the toes. "Pointed awareness".

- Slowly lean backward. Feel the weight on the heels. "Surface awareness". Come to the center. Lean to the left. Come to the center. "Fine surface awareness".
- Now the whole body is centered, the weight of the body is equally distributed throughout the soles of the feet.
- Mindfulness meditation is a type of meditation that involves focusing on the present moment and accepting it without judgment.
- It has been shown to have a variety of health benefits, including reducing stress, anxiety, and depression, improving sleep quality, and increasing feelings of well-being.
- Mindfulness meditation can also help improve cognitive function, including attention, memory, and decision-making. It is a simple and effective way to reduce stress and improve overall well-being.

*Source:* *1. vivekanandahealth.com*
*2. nccih.nih.gov3academia.ed*

## समाधि

**तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः।** (पा.यो.सू. 6/3)

ध्यान करते हुए स्वरूपशून्यता की स्थिति ही समाधि है। अर्थात् ध्यान की निरन्तरता जब इस प्रकार हो जाये कि ध्याता ध्येय के साथ एकाकार हो जाये अर्थात् केवल ध्येय ही ध्येय रह जाये ध्याता का लोप हो जाये, ध्येय के अलावा अन्य कुछ भी परिलक्षित न हो ऐसा महाप्रणय ही समाधि है।

### समाधि के भेद

महर्षि पतन्जलि के अनुसार यह समाधि दो प्रकार की होती है - सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात।

## सम्प्रज्ञात समाधि

सम्प्रज्ञात समाधि को सविकल्प अथवा सबीज समाधि भी कहा जाता है। इसकी चार अवस्थायें होती हैं।

**वितर्कविचारानन्दास्मितारूपानुगमात् सम्प्रज्ञातः।।** (पा.यो.सू. 1/17)

**वितर्कानुगत सम्प्रज्ञात समाधि विचारानुगत सम्प्रज्ञात समाधि**
**आनन्दानुगत सम्प्रज्ञात समाधि अस्मितानुगत सम्प्रज्ञात समाधि**

1. **वितर्कानुगत सम्प्रज्ञात समाधि-** भावना द्वारा ग्राह्य रूप किसी स्थूल वस्तु पर चित्त को स्थिर करके उसके यथार्थ स्वरूप का सम्पूर्णता के साथ जो पहले कभी देखा, सुना अथवा अनुमान न किया गया हो उसका साक्षात्कार करना वितर्कानुगत सम्प्रज्ञात समाधि है। इसके पुनः दो भेद हैं - सवितर्कानुगत और अवितर्कानुगत। सवितर्कानुगत समाधि शब्द, अर्थ एवंज्ञान से युक्त होती है जबकि अवितर्कानुगत समाधि शब्द एवंज्ञान की भावना से रहित केवल अर्थ मात्र होती है।
2. **विचारानुगत सम्प्रज्ञात समाधि-** पंच सूक्ष्मभूत तन्मात्राओं तथा अन्तः करण आदि का सम्पूर्ण विषयों सहित साक्षात्कार करना विचारानुगत सम्प्रज्ञात समाधि है। यह भी पुनः दो प्राकर की होती है - सविचार और निर्विचार। जब सूक्ष्म तन्मात्राओं तथा अन्तः करण का आलम्बन बनाकर देश, काल, धर्म आदि के साथ ध्यान होता है, तब यह सविचार सम्प्रज्ञात समाधि कहलाती है। देश, काल, धर्म आदि से सम्बन्ध के बिना ही, केवल धर्मी के स्वरूप का ध्यान निर्विचार सम्प्रज्ञात समाधि कहलाती है।
3. **आनन्दानुगत सम्प्रज्ञात समाधि-** विचारानुगत सम्प्रज्ञात समाधि के सतत अभ्यास करते रहने से सत्वगुण की अधिकता के कारण आनन्द स्वरूप अहंकार का अनुभव होने लगता है, यही अवस्था आनन्दानुगत सम्प्रज्ञात समाधि कहलाती है। इस समाधि में मात्र आनन्द ही आनन्द होता है। इसमें कोई भी विचार अथवा ग्राह्य विषय नही रहता, इसी कारण इसे ग्रहण समाधि भी कहा जाता है। जो साधक इसे सर्वस्व मानकर आगे नही बढ़ते, उनका देह से अभ्यास तो छूट जाता है परन्तु स्वरूपावस्थिति नही होती है। देह से आत्माभिमान निवृत्ति हो जाने के कारण इस अवस्था को प्राप्त हुआ योगी विदेह कहलाता है।
4. **अस्मितानुगत सम्प्रज्ञात समाधि-** आनन्दानुगत सम्प्रज्ञात समाधि के अभ्यास के कारण अन्तर्मुखी रूप से विषयों से विमुख प्रवृत्ति होने के कारण, बुद्धि अपने कारण रूप प्रकृति में विलीन हो जाती है, यही अस्मितानुगत सम्प्रज्ञात समाधि है।

### असम्प्रज्ञात समाधि

**विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्वः संस्कारशेषोऽन्यः।।** (पा.यो.सू. 1/18)

- सभी वृत्तियों के निरोध का कारण संस्कार मात्र शेष रह जाने से सम्प्रज्ञात से भिन्न असम्प्रज्ञात समाधि होती है। पर - वैराग्य की प्राप्ति हो जाने पर चित्त सांसारिक पदार्थों की ओर नही जाता है।
- वह उनसे स्वयं ही उपरत हो जाता है इस उपरत अवस्था के अनुभव का नाम ही विराम प्रत्यय है। जब इस उपरति का अनुभव भी बन्द हो जाता

है तब चित्त की वृत्तियों का सर्वथा अभाव हो जाता है।

- तत्पश्चात निरोध संस्कारों में क्रम की समाप्ति हो जाने से चित्त भी अपने कारण में लीन हो जाता है। प्रकृति के संयोग का अभाव हो जाने से द्रष्टा स्वयं में स्थित हो जाता है। इसे असम्प्रज्ञात समाधि अथवा निर्बीज समाधि कहते हैं।

## सूर्यनमस्कार

- सूर्य नमस्कार की एक आवृत्ति में 12 स्थितियां होती हैं। प्रत्येक आसन का अपना एक मन्त्र है। प्रत्येक आसन का अपना एक लाभ है।
- प्रतिदिन नियम के साथ किया जाने वाला सूर्य नमस्कार अन्य व्यायामों की अपेक्षा अधिक लाभदायक है। वास्तव में यदि कोई अपना कायाकल्प चाहता है तो सूर्यनमस्कार करना चाहिए।

### विधि

**1. नमस्कार मुद्राः-**

1. सावधान की स्थिति में पूर्व की ओर मुह करके खड़े हो जायें।
2. नमस्कार की मुद्रा में दोनों हाथों को वक्षस्थल से लगायें।
3. रीढ़ की हड्डी सीधी व सीना तना हुआ रखें।
4. ॐ मित्राय नमः मन्त्र का जाप करें।

**लाभः-** मानसिक शान्ति मिलती है।



**2. हस्तउत्थानासनः-**

1. पूरक रकते हुये दोनों हाथों को ऊपर उठायें।
2. कुम्भक के साथ यथा सम्भव पीछे की ओर झुकें।
3. ॐ रवये नमः मन्त्र का जाप करें।



**लाभ**

1. कटिशूल में लाभदायक है।
2. मेरुदण्ड को लचीला बनाता है।
3. अग्नि दीपन करता है।

**3. हस्तपादासनः-**

1. रेचक करते हुये सामने की ओर झुककर दोनों हाथों से पैर के पंजो का स्पर्श करें।
2. घुटने सीघे रखें तथा नाक को घुटनों से स्पर्श कराने का प्रयत्न करें।
3. ॐ सूर्याय नमः मन्त्र का जाप करें।



**लाभ**

1. जठराग्नि को प्रदीप्त करता है।
2. उदर रोगों में लाभदायक है।
3. पैरों तथा पीठ की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है।

### 4. अश्वसंचालनासनः-

1. बायें पैर को पीछे की ओर ले जाकर पंजे तथा घुटने को जमीन से स्पर्श करायें।
2. दाहिने घुटने को मोड़ें तथा हाथ के पंजो को अपने स्थान पर रहने दें।
3. सिर को पीछे की ओर तानें तथा दृष्टि सामने रखें।
4. ॐ भानवे नमः मन्त्र का जाप करें।



**लाभ**

1. कटिशूल, गृध्रसी, मन्याशूल में लाभदायक है।
2. श्रोणि विकारों में लाभदायक है।

### 5. पर्वतासनः-

1. दाहिने पैर को पीछे ले जाकर बायें पैर के साथ मिलायें।
2. नितम्बों को ऊपर उठायें तथा सिर को दोनों भुजाओं के बीच लायें।
3. ॐ खगाय नमः मन्त्र का जाप करें।



**लाभ**

1. हाथ एवं पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है।
2. उदर विकारों एवं श्वासरोगों में लाभदायक है।

### 6. अष्टांग नमस्कारासनः-

1. छाती के बल भूमि पर लेट जायें।
2. दोनों पैरों के पंजे, दानों घुटने, दोनों हथेलियां, छाती तथा ठुड्डी, ये आठ अंग भूमि के सम्पर्क में रखें।
3. ॐ पूष्णे नमः मन्त्र का जाप करें।



**लाभः-** मानसिक शान्ति प्रदान करता है।

### 7. भुजंगासनः-

1. सिर को उठाते हुयें जांघों को जमीन से लगाकर भुजंगासन की स्थिति में आ जायें।
2. ॐ हिरण्यगर्भाय नमः मन्त्र का जाप करें।

**लाभ**

1. कटिशूल, गृध्रसी, मन्याशूल में लाभदायक है।
2. अग्निदीपन करता है।



**8. पर्वतासनः-**

1. नितम्बों को ऊपर उठाते हुये पर्वतासन की स्थिति में आ जायें।
2. घुटने सीधे रखें तथा सिर को दोनों भुजाओं के बीच लायें।
3. ॐ मरीच्च्ये नमः मन्त्र का जाप करें।



**9. अश्वसंचालनासनः-**

1. बायां पैर आगे करते हुयें दानों हथेलियों के बीच में रखें।
2. दाहिने पैर के पंजे तथा घुटने को भूमि से स्पर्श करायें।
3. ॐ आदित्याय नमः मन्त्र का जाप करें।



**10. हस्तपादासनः-**

1. दाहिने पैर को आगे लाकर बायें पैर के बगल में दोनों हथेलियों के बीच रखें।
2. घुटने सीधे रखें।
3. सिर को झुकाकर घुटनों से स्पर्श करायें।
4. ॐ सवित्रे नमः मन्त्र का जाप करें।



**11. हस्तउत्थानासनः-**



1. धीरे - धीरे सिर व हाथ आकाश की ओर उठाते हुयें पीछे की ओर झुकें।
2. ॐ अर्काय नमः मन्त्र का जाप करें।

### 12. नमस्कारासनः-



1. धीरे - धीरे शरीर को सीधा करते हुयें हाथों को आगे लाकर नमस्कार की मुद्रा में खड़े हो जायें।
2. ॐ भास्कराय नमः मन्त्र का जाप करें।

इस प्रकार उपरोक्त 12 आसनों के समूह की 12 आवृत्तियां करने से सूर्य नमस्कार की एक आवृत्ति होती है।

### लाभ

**आदित्यस्य नमस्कारान् ये कुर्वन्ति दिने दिने।**
**आयुः प्रज्ञा बलं वीर्यं तेजस्तेषाञ् च जायते॥**

1. प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से आयु, प्रज्ञा, बल, वीर्य एवं तेज की प्राप्ति होती है।
2. प्राण शक्ति प्रदान करता है।
3. शारीरिक एवं मानसिक दोनों स्तरों पर ऊर्जा मिलती है।
4. लगभग समस्त प्रकार की बीमारियों का नाश करता है।
5. स्थौल्य को दूर कर शरीर को सुडौल एवं आकर्षक बनाता है।

## Description of Shatkarmas षट्कर्म

- षट्कर्म दो मुख्य प्राण प्रवाहों अर्थात् इड़ा और पिंगला के बीच सामंजस्य स्थापित करते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक शुद्धि एवं संतुलन की प्राप्ति होती है।
- इनके अभ्यास से त्रिदोष - वात, पित्त और कफ भी संतुलित रहते हैं। आयुर्वेद और हठयोग दोनों ही के अनुसार वात, पित्त और कफ में असंतुलन हो जाने पर नाना प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं।
- मेदश्वी व्यक्ति की देह कफ से परिपूर्ण होने के कारण नाड़ियों के अत्यन्त मलिन हो जाने के कारण केवल प्राणायाम के द्वारा नाड़ीशोधन सम्भव नही होता है। ऐसे व्यक्तियों के लिये विशेष तौर से षट्कर्म का वर्णन किया गया है।

**मेदःश्लेष्माधिकः पूर्वं षट्कर्माणि समाचरेत्।**
**अन्यस्तु नाचरेत्तानि दोषाणां समभावतः।** (ह.यो.प्र. 2/21)

जिस व्यक्ति में मेद और कफ अधिक हो वह प्राणायाम के अभ्यास के पहले षट्कर्मों का अभ्यास करें, अन्य व्यक्ति जिसके दोष साम्यावस्था में अथवा सम भाव में हों वह षट्कर्मों का अभ्यास न करें।

**धौतिर्बस्तिस्तथा नेतिस्त्राटकं नौलिकं तथा।**
**कपालभातिश्चैतानि षट्कर्माणि प्रचक्षते॥** (ह.यो.प्र. 2/22)
**धौतिर्वस्तिस्तथानेति लौलिकी त्राटकं तथा।**
**कपालभातिश्चैतानि षट्कर्माणि समाचरेत्॥** (घे.सं. 1/12)

1. धौति,
2. बस्ति,
3. नेति,
4. त्राटक,
5. नौलि
6. कपालभाति, योग मार्ग में यह छः कर्म कहे गये हैं।

### 1. धौति

**अन्तर्धौतिर्दन्तधौतिर्हृद्धौतिर्मूलशोधनम्।**
**धौतिं चतुर्विधां कृत्वा घटं कुर्वन्ति निर्मलम्॥** (घे.सं. 1/13)

अन्तर्धौति, दन्तधौति, हृद्धौति और मूलशोधन - यह चार प्रकार की धौति करके घट रूप शरीर का शोधन करते हैं।

### 1. अन्तर्धौति

यह अन्तर्धौति पुनः चार प्रकार की होती है।

**वातसारं वारिसारं वह्निसारं वहिष्कृतम्।**
**घटस्थनिर्मलार्थाय अन्तर्धौतिश्चतुर्विधा॥** (घे.सं. 1/14)

**वातसार, वारिसार, वह्निसार और वहिष्कृत -** यह चार प्रकार की अन्तर्धौति शरीर के शोधन के लिये करना चाहिये।

### वातसार

**काकचन्चुवदास्येन पिबेद्वायुं शनैः शनैः।**
**चालयेदुदरं पश्चात् वर्त्मना रेचयेच्छनैः॥** (घे.सं. 1/15)

कौवे की चोंच की तरह दोनों होठों को बनाकर धीरे - धीरे वायु का पान करें। उदर से लेकर कण्ठ तक वायु के भर जाने पर वायु को उदर में चलाकर धीरे - धीरे रेचन करें। इसे वातसार कहते हैं।

### विधि

1. किसी ध्यानात्मक आसन में बैठें।
2. मुंह को खोलकर कौवे की चोंच जैसा बनायें। यह काकी मुद्रा कहलाती है।
3. मुंह से धीरे - धीरे वायु को पीकर पेट को गले तक भरें।
4. पेट के पूरी तरह भर जाने पर वायु को पेट में चलायें।
5. धीरे - धीरे रेचक करें।

### लाभ

1. शरीर का शोधन होता है।
2. समस्त रोगों का क्षय होता है।
3. जठराग्नि का वर्धन होता है।

## वारिसार

**आकण्ठं पूरयेद्वारि वक्त्रेण च पिबेच्छनैः।**
**चालयेदुदरेणैव चोदराद्रेचयेदधः॥** (घे.सं. 1/17)

धीरे - धीरे मुख से जल पीते हुये गले तक पेट को भरें, इस जल को पेट में चलाकर गुदमार्ग से बाहर निकाल दें। इसे वारिसार धौति कहते हैं। इस प्रक्रिया को शंखप्रक्षालन भी कहते हैं।

### तैयारी

1. इस अभ्यास के पूर्व संध्या में हल्का भोजन करें। फल अथवा खिचड़ी खायें।
2. अभ्यास के दिन अन्य आसन न करें।
3. अभ्यास के दिन धौति से पहले नाश्ता अथवा भोजन न करें।
4. एक बाल्टी में कुनकुना पानी लीजिये और इतना नमक मिलायें कि पानी खारा हो जाये परन्तु अधिक नमकीन न हो।

### विधि

1. दो गिलास कुनकुना नमकीन पानी बिना रुके पियें।
2. शंखप्रक्षालन के लिये निर्दिष्ट पांच आसन (ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रसन, तिर्यक भुजंगासन और उदराकर्षण) शीघ्रता से करें।
3. मल का वेग आने पर मल त्याग के लिये जायें अन्यथा पुनः दो गिलास पानी पीकर पांचों आसन करें।
4. मल की स्वाभाविक प्रवृत्ति होने दे परन्तु जोर न लगायें।
5. पानी, आसन और मल त्याग का क्रम तब तक चलने दें जब तक गुदमार्ग से साफ पानी बाहर न आ जाये।

## शंखप्रक्षालन के लिये निर्दिष्ट पांच आसन

### 1. ताड़ासन

**विधिः-**

1. दोनों पैरों के बीच 10 सेंटीमीटर की दूरी बनाकर खड़े हो जायें।
2. शरीर के भार को दोनों पैरों पर समान रूप से डालते हुयें शरीर को स्थिर बनायें।
3. हाथों की अंगुलियों को आपस में फंसाकर भुजाओं को सिर के ऊपर इस प्रकार तानें कि हथेलियां ऊपर की ओर रहें।
4. धीरे - धीरे सामान्य अवस्था में आ जायें।

### 2. तिर्यक ताड़ासन

**विधिः-**

1. ताड़ासन की स्थिति में खड़े हो जायें।
2. अब शरीर को एक बार दाहिनी ओर तथा एक बार बायीं ओर झुकायें।
3. पुनः सामान्य अवस्था में आ जायें।

### 3. कटिचक्रसन

**विधिः-**

1. दोनों पैरों के बीच दो से तीन फिट की दूरी बनाकर खड़े हो जायें।
2. दोनों भुजाओं को कन्धे के बगल में जमीन के समानान्तर उठायें।
3. पैरों को अपने स्थान पर स्थिर रखते हुये कमर के ऊपर से सिर सहित शरीर को इस प्रकार घुमायें कि दाहिना हाथ सामने से आकर बायें कन्धे पर लग जाये तथा बायां हाथ पीछे की ओर से घूमता हुआ धड़ से लिपट जाये।
4. यही अभ्यास विपरीत दिशा से करें।
5. पुनः सामान्य अवस्था में आ जायें।

### 4. तिर्यक भुजंगासन

**विधिः-**

1. भुजंगासन करें।
2. पैरों के अंगूठों से लेकर नाभि तक शरीर तथा हाथों को यथास्थान रखते हुयें दाहिनी ओर से घूमकर बायीं एड़ी को देखें।
3. पुनः भुजंगासन की स्थिति में आ जायें।
4. पैरों के अंगूठों से लेकर नाभि तक शरीर तथा हाथों को यथास्थान रखते हुयें बायीं ओर से घूमकर दाहिनी एड़ी को देखें।
5. पुनः भुजंगासन की स्थिति में आकर सामान्य अवस्था में आ जायें।

### 5. उदराकर्षण

**विधिः-**

1. दोनों पैरों को परस्पर आधा मीटर दूर रखते हुये उकडूं बैठें।
2. हाथों को घुटनों पर रखें।
3. कमर के पास से धड़ को दाहिनी ओर घुमाते हुये पीछे की ओर देखें तथा बायें घुटने को जमीन से स्पर्श करायें।
4. पुनः प्रारम्भिक स्थिति में आकर यही अभ्यास विपरीत दिशा से करें।
5. पुनः प्रारम्भिक अवस्था में आ जायें।

### लाभ

1. यह शुद्धिकरण की सर्वश्रेष्ठ क्रिया है।
2. साधक देवताओ के समान ओजस्वी एवं कान्तिमान हो जाता है।
3. सभी प्रकार के रोगों को दूर करता है।

## पश्चात्कर्म

1. 45 मिनट तक शवासन करें। (सोना नही है)
2. घी मिली हुई चावल और धुली हुई मूंग दाल की खिचड़ी अधिक मात्रा में खायें। (नमक न डालना श्रेयस्कर होगा)
3. खिचड़ी खाकर विश्राम करे किन्तु कम से कम तीन घण्टे तक सोयें नही।
4. कम से कम सात दिनों तक दूध अथवा दूध से बने पदार्थ, चाय, काफी, फल, नींबू, पान, बीड़ी, सिगरेट, जर्दा आदि का सेवन न करें।
5. कम से कम सात दिनों तक तेल, मसाले, मिर्च, पापड़, अचार, चटनी का सेवन न करें।
6. कम से कम चालीस दिनों तक मांस, मदिरा, चरस, गांजा आदि का सेवन न करें।

### अग्निसार

**नाभिग्रन्थिं मेरुपृष्ठे शतवारं च कारयेत्।**
**अग्निसारमयो धौतिर्योगिनांयोगसिद्धिदा।।** (घे.सं. 1/19)

नाभिग्रन्थि को मेरुपृष्ठ में 100 बार लगाने से योगियों को योग की सिद्धियां प्रदान करने वाली अग्निसार धौति होती है।

### विधि

1. दोनों पैरों के बीच आधे फुट का अन्तर रखकर खड़े हो जायें।
2. घुटनों को थोड़ा मोड़ लें और आगे झुककर दोनों हाथों को घुटनों पर रखें।
3. रीढ़ की हड्डी यथासम्भव सीधी रखें।
4. मुंह को गोल बनाकर पूरी शक्ति के साथ रेचक करें।
5. बाह्य कुम्भक धारण करें तथा पेट को जल्दी - जल्दी अन्दर बाहर करें।
6. यह अभ्यास किसी ध्यानात्मक आसन में बैठकर भी किया जा सकता है।

### लाभ

1. उदरस्थ सभी अंगों की क्रियाशीलता बढ़ती है।
2. जठराग्नि तीव्र होती है।
3. पाचक रसों का स्राव नियमित होता है।
4. उदर कृमि को नष्ट करता है।
5. कब्ज, पित्त, उदरवायु, अल्सर अपच, यकृत रोग आदि नष्ट होते हैं।
6. मणिपुर चक्र को जाग्रत करता है।

### बहिष्कृत

**काकीमुद्रां शोधयित्वा पूरयेदुदरं महत्।**
**धारयेदर्धयामं तु चालयेदधोवर्त्मना।।** (घे.सं. 1/22)

काकी मुद्रा अर्थात् कौवे के चोंच के समान मुखाकृति बनाकर वायु को पीकर पेट को भरकर इस वायु को आधे प्रहर (डेढ़ घण्टा) तक पेट में रोककर परिचालित करते हुये गुदमार्ग से निकाल दें, यह बहिष्कृत धौति कहलाती है।

**विधिः-** यह धौति अत्यन्त गोपनीय तथा सामान्य व्यक्तियों के लिये वर्ज्य होने के कारण इसकी विधि नही कह रहे हैं।

### दन्तधौति

**दन्तमूलं जिह्वामूलं रन्ध्रं च कर्णयुग्मयोः।**
**कपालरन्ध्रं पंचैते दन्तधौतिर्विधीयते।।** (घे.सं. 1/26)

दन्तधौति, जिह्वामूल, दोनों कर्ण रन्ध्र और कपाल रन्ध्र ये पांचों दन्तधौति कहलाती हैं।

## दन्तमूलधौति

**खदिरेण रसेनाथ मृदाचैव विशुद्धया।**
**मार्जयेद्दन्तमूलं च यावत् किल्विषमाहरेत्।।** (घे.सं. 1/27)

जब तक मैल न छूटे तब तक खैर के रस से अथवा विशुद्ध मिट्टी से दांतों की जड़ों का मार्जन करें।

## जिह्वामूलधौति

**तर्जनीमध्यमानामा अंगुलित्रयप्रयोगतः।**
**वेशयेद् गलमध्ये तु मार्जयेल्लाम्बिकाजड़म्।**
**शनैः शनैः मार्जयित्वा कफदोषं निवारयेत्।।**
**मार्जयेन्नवनीतेनदोहयेच्च पुनः पुनः।**
**तदग्रं लोहयन्त्रेण कर्षयित्वा शनैः शनैः।।** (घे.सं. 1/29-31)

तर्जनी, मध्यमा और अनामिका इन तीनों अंगुलियों को गले के बीच में डालकर जिह्वामूल को धीरे - धीरे साफ करें। फिर जीभ पर मक्खन लगाकर दोहन करें तत्पश्चात् लोहे की चिमटी से जीभ का धीरे - धीरे कर्षण करें।

## कर्णरन्ध्र धौति

**तर्जन्यनामिकायोगान् मार्जयेत्कर्णरन्ध्रयोः।**
**नित्यमभ्यासयोगेन नादान्तर प्रकाशयेत्।।** (घे.सं. 1/33)

तर्जनी और अनामिका के योग से दोनों कर्णरन्ध्रों को प्रतिदिन शुद्ध करें। नित्य अभ्यास करने से नाद की उत्पत्ति होती है।

## कपालरन्ध्र धौति

**वृद्धांगुष्ठेन दक्षेणमार्जयेद् भालरन्ध्रकम्।**
**एवमभ्यासयोगेन कफदोषं निवारयेत्।।** (घे.सं.1/34)

दाहिने हांथ के अंगूठे से कपालरन्ध्र का मार्जन करें, इससे कफदोष का निवारण होता है।

## हृद्धौति

**हृद्धौतिं त्रिविधा कुर्याद्दण्डवमनवाससा।।** (घे. सं. 1/36)

हृदय प्रदेश का शोधन करने वाली यह धौति तीन प्रकार की होती है - दण्डधौति, वमनधौति तथा वासधौति (वस्त्रधौति)

## दण्डधौति

**रम्भादण्डं हरिद्रादण्डं वेत्रदण्डं तथैव च।**
**हृन्मध्ये चालयित्वा तु पुनः प्रत्याहरेच्छनैः।** (घे.सं. 1/37)

केले का सारदण्ड हरिद्रा का दण्ड और वेत का दण्ड इन तीनों में से किसी एक को हृदय के मध्य भाग तक प्रवेश कराके, इसका चालन करके धीरे धीरे बाहर निकाल लें इसे दण्डधौति कहते हैं।

### विधि

1. सर्वप्रथम केले का सारदण्ड हरिद्रा का दण्ड और वेत का दण्ड इन तीनों में से किसी एक का छः इन्च लम्बाई तथा आधा इन्च व्यास का दण्ड लें।
2. खड़े होकर सिर को पीछे की ओर ले जायें जिससे आहार नली सीधी होकर खुल जाये।
3. अब दण्ड को घृत से स्निग्ध करके हृदय के मध्य भाग तक आहार नली में प्रवेश करायें।
4. इसका चालन करके धीरे धीरे बाहर निकाल लें।
5. दण्ड के पीछे से जो भी पदार्थ उसके साथ निकलता है उसे थूंक दें।

यह शास्त्रोक्त विधि है जो अत्यन्त कठिन है और बिना योग्य गुरू के संरक्षण के इसे नही करना चाहिये। सामान्य व्यक्ति को यह नही करना चाहिये। प्रचलित विधि इस प्रकार है।

1. दो से तीन लीटर गुनगुना नमक युक्त जल पियें।
2. जलपान के बाद नौलि चालन करें।
3. खड़े होकर आगे की ओर थोड़ा झुककर दण्ड को निगलें।
4. दण्ड के आमाशय में पहुंचते ही पानी अपने आप दण्ड के माध्यम से बाहर आने लगता है।
5. इस प्रकार आमाशय का सारा पानी निकाल देना चाहिये।

### लाभः-

1. कफ, पित्त तथा क्लेद को उर्ध्वमार्ग से बाहर निकाल देता है।
2. समस्त प्रकार के हृदय रोगों का निश्चय ही नाश करता है।

## वमनधौति

**भोजनान्ते पिवेत्वारि चाकण्ठं पूरितंसुधीः।**
**ऊर्ध्वदृष्टिक्षणंकृत्वा तज्जलंवमयेत्पुनः॥** (घे.सं.1/38,39)

भोजन के अन्त में आकण्ठ जल पीकर क्षण भर के लिये ऊर्ध्व दृष्टि करके वमन के द्वारा बाहर निकाल देना चाहिये। इये वमनधौति कहते हैं।

### विधि

1. भोजन के तीन से चार घण्टे बाद खड़े होकर शीघ्रता के साथ इतना जल पियें कि और जल पीने के लिये स्थान न रहे।
2. पुनः एक गिलास जल पियें। औसतन छः गिलास पानी पर्याप्त होता है।
3. अब गर्दन को पीछे की ओर घुमाकर दृष्टि को ऊपर की ओर करें।
4. अब आगे की ओर झुकते हुये वमन के द्वारा सारा पानी बाहर निकाल दें।

### लाभ

कफ एवं पित्त दोषों का निवारण करता है।

- **विमर्श :-** वास्तव में वमन धौति मुख्यतः दो प्रकार से की जा सकती है। व्याघ्र क्रिया और कुन्जल क्रिया अथवा गजकरणी। दोनों क्रियाओं में मूल अन्तर यह है कि व्याघ्र क्रिया भोजन करने के तीन से चार घण्टे बाद की जाती है जबकि कुन्जल क्रिया अथवा गजकरणी एकदम खाली पेट की जाती है। उपरोक्त विधि व्याघ्र क्रिया की है।
- उपरोक्त श्लोक का शाब्दिक अर्थ कहता है कि भोजन के बाद पानी पीकर वमन करना चाहिये।
- मेरे मत से ऐसा करने पर सारा भोजन ही बाहर निकल जायेगा और प्रतिदिन इस प्रकार अभ्यास करने से शरीर अत्यन्त दुर्वल होकर रोगग्रस्त होकर नष्ट हो जायेगा।
- परन्तु महर्षि घेरण्ड ने वास्तव में यहां व्याघ्र क्रिया का ही निर्देश किया है। यह देखा गया है कि जब व्याघ्र अति मात्रा में किसी प्राणी के मांस का सेवन कर लेता है तब उसको लगभग दो घण्टे बाद उल्टी करके बाहर निकाल देता है।
- ठीक इसी प्रकार भोजन करने के तीन से चार घण्टे बाद वमन धौति के द्वारा आमाशय में पड़े हुये अनुपयोगी तथा काल परिणाम के कारण हानिकारक पदार्थों को बाहर निकाल देना चाहिये।
- तीन से चार घण्टे बाद भी भोजन का जो अंश नही पचा है वह आम की उत्पत्ति करके नाना प्रकार के रोगों को उत्पन्न करता है।
- इसीलिये महर्षि घेरण्ड इसके नियमित अभ्यास का निर्देश करते हैं। मेरे मत से यह विधि तर्कपूर्ण और न्यायोचित लगती है।

## कुंजल क्रिया

- कुंजल संस्कृत शब्द कुंजर से लिया गया है जिसका अर्थ होता है हांथी।
- जिस प्रकार हांथी अपनी सूंड़ से पानी खींचता है और सूंड़ से ही बाहर निकाल कर अपनी देह को रोग मुक्त कर लेता है, उसी प्रकार साधक पानी को मुख मार्ग से अन्दर पेट में ले जाकर वापस मुख मार्ग से ही बाहर निकाल कर अपनी देह को रोग मुक्त रख सकता है।
- इस क्रिया को गजकरणी भी कहा जाता है।

## कुन्जल विधि

1. सर्वप्रथम 2 लीटर पानी को गुनगुना करके 5 से 6 ग्राम प्रति लीटर के हिसाब से नमक मिलायें।
2. कागासन में बैठें और बायें हाथ को घुटने पर रखें।
3. एक -एक गिलास करके (लगभग 5 गिलास) तब तक शीघ्रता से पानी पियें जब तक यह न लगे कि अब और स्थान नही है।
4. पुनः एक गिलास जल पियें।
5. अब खड़े होकर बायें घुटने पर बायें हाथ को लगाते हुये आगे की ओर इतना झुकें कि रीढ़ की हड्डी भूमि के समानान्तर हो जाये।
6. मुंह खोलकर दाहिने हाथ की तर्जनी और मध्यमा को जिह्वामूल पर रखकर आगे पीछे करें।

7. जब पानी बाहर आने लगे तब अंगुलियों को बाहर निकाल लें।
8. पूरा पेट खाली होने तक यही प्रक्रिया दोहराते रहें।



**लाभ**

1. ऊपरी पाचन तन्त्र तथा श्वसन तन्त्र का शोधन होता है।
2. शरीर में उत्पन्न विषाक्तता बाहर निकल जाती है।
3. पाचक रस उत्पन्न करने वाली पेट की सभी ग्रन्थियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।
4. पेट की अम्लीयता को कम करता है।
5. सभी प्रकार के कफ रोगों में लाभदायक है।
6. दमा, अम्लपित्त, स्थौल्य, मितली आना आदि रोगों में अत्यन्त लाभदायक है।

## ‖वस्त्रधौति‖

**चतुरंगुलविस्तारं सूक्ष्मवस्त्रं शनैर्ग्रसेत्।**
**पुनः प्रत्याहरेदेतत् प्रोच्यते धौतिकर्मतत्॥** (घे.सं. 1/40)
**चतुरंगुलविस्तारं हस्तपंचदशायतम्॥**
**गुरूपष्टिमार्गेण सिक्तं वस्त्रं शनैर्ग्रसेत्।**
**पुनः प्रत्याहरेच्चैतदुदितं धौतिकर्म तत्॥** (ह.यो.प्र. 2/23,24)

☐ चार अंगुल चौड़ा और पन्द्रह हाथ लम्बा सूक्ष्म वस्त्र लेकर उसको गुनगुने जल से गीला करके गुरू के कहे गये एकैक शब्द का गम्भीरता से पालन करते हुये धीरे - धीरे अर्थात् पहले दिन एक हाथ से शुरू करके क्रमशः प्रतिदिन एक या दो हाथ बढ़ाते हुये निगलें।

☐ पुनः धीरे - धीरे वस्त्र को बाहर निकालें। यह वस्त्र धौति कहलाती है।

**विधि**

1. कागासन में बैठें।
2. दोनों पैरों के बीच में किसी पात्र में पानी और कपड़ा रख लें।
3. कपड़े का एक छोर लेकर उसे दोनो कोनो से मोड़कर नुकीला बनाये ताकि गले में आसानी से उतर सके।
4. अब कपड़े को धीरे - धीरे चबाते हुये दो - दो इन्च कपड़ा एक - एक घूंट गुनगुने पानी के साथ निगलें।
5. खांसी अथवा गले में खरखराहट हो तो थोड़ा रुके और एक घूंट पानी पियें।
6. प्रथम दिन केवल एक हाथ कपड़ा ही निगलें फिर उसे बाहर निकाल लें।
7. प्रतिदिन एक - एक हाथ अधिक कपड़ा निगलें और बाहर निकालें।
8. जब बारह तेरह हाथ कपड़ा निगलने का अभ्यास हो जाये तब निगलने के बाद खड़े होकर दो से तीन मिनट तक नौलि चालन करें।
9. अब धीरे - धीरे कपड़े को बाहर निकालें।



**सावधानी**

1. यह नित्य प्रति किया जाने वाला अभ्यास नहीं है।
2. कपड़े का दूसरा सिरा हमेशा पकड़कर रखना चाहिये।
3. अत्यन्त धैर्य एवं सतर्कता के साथ अभ्यास करना चाहिये।

**लाभ**

1. गुल्म, ज्वर, प्लीहा, कुष्ठ तथा अन्य कफपित्तज रोगों का नाश करता है।
2. श्वासकास तथा बीस प्रकार के कफ रोगों का निवारण करता है।

## ‖मूलशोधन‖

**पीतमूलस्थदण्डेनमध्यमांगुलिनापि वा।**
**यत्नेनक्षालयेद्गुह्यं वारिणा च पुनः पुनः॥** (घे. सं. 1/43)

हरिद्रा की जड़ अथवा मध्यमा अंगुली के द्वारा जल के साथ यत्नपूर्वक मलद्वार का बार बार प्रक्षालन करना मूलशोधन कहलाता है।

**विधि**

1. चार से पांच इन्च लम्बी तथा अपनी मध्यमा अंगुली के समान मोटी हल्दी की जड़ लेकर छिलका निकाल दें।
2. उकडूं बैठकर जड़ को गुदा द्वार में डालकर कुछ देर के लिये छोड़ दें।
3. अब जड़ को निकाल कर फेंक दें और पानी से मल द्वार का प्रक्षालन करें।
4. यदि हल्दी की जड़ उपलब्ध न हो तब मध्यमा अंगुली का प्रयोग गाय का घी लगाकर करें।
5. अंगुली को डेढ़ इन्च तक अन्दर डालकर गोल गोल घुमायें।
6. फिर अंगुली को बाहर निकाल कर अंगुली व गुदाद्वार को भली प्रकार धोयें।

**लाभ**

1. अन्दर जमे हुये कठोर मल का निर्हरण होता है।
2. कब्ज, बवासीर आदि मलद्वार के रोगों को दूर करता है।
3. आंव एवं अजीर्ण को दूर करता है।
4. जठराग्नि को प्रदीप्त करता है।

**नोटः-** उपरोक्त वर्णित सभी प्रकार की धौतियों में वस्त्र धौति को श्रेष्ठ माना गया है इसीलिये हठयोग प्रदीपिका में केवल वस्त्रधौति का ही वर्णन किया गया है।

## वस्ति

**वस्ति दो प्रकार की होती है -** जलवस्ति और शुष्क वस्ति। जलवस्ति का अभ्यास जल में किया जाता है तथा शुष्क वस्ति का अभ्यास भूमि पर सूखे स्थान पर किया जाता है।

## जलवस्ति

**नाभिमग्नजले पायुं न्यस्तनालोत्कटासनः।**
**आकुंचनं प्रसारं च जलवस्ति समाचरेत्॥** (घे.सं. 1/46)
**नाभिदघ्नजले पायौ न्यस्तनालोत्कटासनः।**
**आधाराकुंचनं कुर्यात्क्षालनं वस्तिकर्म तत्॥** (ह.यो.प्र. 2/26)

नाभिपर्यन्त जल में गुदाद्वार मे एक नली डालकर उत्कट आसन में बैठकर आधाराकुंचन करके प्रक्षालन करना जलवस्तिकर्म कहलाता है।

**विधि**

1. नाभि पर्यन्त जल में उत्कट आसन की स्थिति में आ जायें।
2. कनिष्ठा अंगली के प्रवेश योग्य छिद्र वाली छः अंगुल लम्बी बांस की नली को गुदाद्वार में इस प्रकार डालें कि नली चार अंगुल अन्दर तथा दो अंगुल बाहर रहे।
3. गुदा द्वार का बार बार आकुंचन और प्रसारण करें।
4. जब जल नली के द्वारा भीतर आ जाये तब पूर्ण आकुंचन करके नौलि चालन करें।
5. दो से तीन मिनट तक नौलि चालन करके जल को बाहर निकाल दें।
6. अब नली को बाहर निकाल कर नली व गुदाद्वार को भली प्रकार धो लें।

**लाभ**

1. देह का शोधन होता है।
2. प्रमेह, बवासीर, आंतों के रोग और दूषित वायु से मुक्ति मिलती है।
3. गुल्म, प्लीहा, उदर रोग और वात-पित्त-कफ के पृथक - पृथक तथा द्वन्द से होने वाले रोग कभी नही होते।
4. देह की कान्ति और जठराग्नि को बढ़ाता है।

## स्थलवस्ति

**वस्ति पश्चिमोत्तानेन चालयित्वा शनैरधः।**
**अश्विनीमुद्रया पायुमाकुंचयेत् प्रसारयेत्॥** (घे.सं. 1/48)

पश्चिमोत्तानासन में बैठकर अश्विनी मुद्रा के द्वारा गुदाद्वार का आकुंचन एवं प्रसारण करते हुये वस्ति का चालन करना स्थल वस्ति कहलाता है।

**लाभ**

1. कोष्ठ शुद्धि होती है।
2. जठराग्नि का वर्धन होता है
3. आमवात का नाश होता है।

## नेतिकर्म

**नेतिकर्म के अन्तर्गत दो कर्म आते हैं -** जल नेति और सूत्र नेति।

**1. जलनेति**

**विधिः-**

1. नेति पात्र में नमक मिला हुआ शरीर के ताप के बराबर गरम जल भर लें।
2. कागासन में बैठें।
3. लोटे की पेंदी को एक हांथ से पकड़कर लोटे की टोंटी को दक्षिण नासा में इस प्रकार लगायें कि पानी बाहर से न गिर सके।
4. सिर को एक ओर झुकाकर पानी को उसके ही दबाव से नाक के अन्दर बहने दें।
5. मुंह खोलकर सांस लेते रहें, नाक से सांस न लें।
6. पानी एक नाक से बहकर दूसरी नाक से कम से कम 20 सेकेण्ड तक बहता रहे।
7. लोटे की टोंटी को नाक से निकालकर नाक को छिड़क कर सारा जल नाक से बाहर निकाल दें।
8. अब यही अभ्यास वाम नासा से करें।
9. भ्रस्त्रिका प्राणायाम के द्वारा नासिकाओं के जल को पूरी तरह सुखा दें।

**लाभ**

1. साइनस के रोग, नासामार्ग के रोग, एलर्जिक राइनाटिस आदि रोग नष्ट होते हैं।
2. नासा मार्ग का शोधन होता है।
3. नेत्र एवं कर्ण रोगों में भी लाभदायक है।
4. जिन संक्रामक रोगों के रोगाणु नासामार्ग से प्रविष्ट होते हैं, उन सभी बीमारियों से रक्षा करता है।



**2. सूत्र नेति**

**वितस्तिमात्रं सूक्ष्मसूत्रं नासानाले प्रवेशयेत्।**

**मुखान्निर्गमयेत्पश्चात् प्रोच्यते नेतिकर्मतत्।।** (घे.सं. 1/50)
**सूत्रं वितस्ति सुस्निग्धं नासानाले प्रवेशयेत्।**
**मुखान्निर्गमयेच्चैषा नेतिः सिद्धैर्निगद्यते।।** (ह.यो.प्र.2/29)

बालिस्त भर लम्बा नेति सूत्र भली प्रकार स्निग्ध करके नासानाल में डालकर मुख मार्ग से निकालना सूत्र नेति कहलाता है।

### विधि

1. कागासन में बैठें।
2. सूत्र के कड़े हिस्से को घुमाते हुये धीरे - धीरे दाहिने नाक में डालिये।
3. जब सूत्र का गले में अनुभव होने लगे तब तर्जनी और मध्यमा को गले में डालकर सूत्र को बाहर लिकाल लें।
4. सूत्र के दोनों हिस्सों को पकड़कर सावधानी के साथ धीरे - धीरे आगे पीछे खींचें।
5. सूत्र को आगे पीछे करने की बारम्बारता को धीरे - धीरे दो - दो करके बढ़ायें और 14 बार से अधिक न करें।
6. अब सूत्र को मुख मार्ग से धीरे - धीरे बाहर निकालें।
7. यही अभ्यास बायीं नाक से भी करें।
8. सूत्र नेति के बाद जल नेति का अभ्यास अवश्य करें।
9. अभ्यास पूर्ण हो जाने पर घी का प्रतिमर्श नस्य लें।



### लाभ

1. तनाव, अवसाद, मिर्गी आदि रोगों में लाभदायक है।
2. नाक की हड्डी बढ़ गयी हो तो यह अभ्यास अत्यन्त लाभदायक होता है।
3. सायनस तथा राइनाइटिस में अत्यन्त लाभदायक है।
4. आज्ञा चक्र को जाग्रत करता है।
5. खेचरी मुद्रा की सिद्धि होती है।
6. कफज रोगों का नाश करता है।
7. दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है।
8. नासिका आदि के मलों को दूर कर कपाल का शोधन होता है।
9. उर्ध्वजत्रुगत रोग समूहों का नाश होता है।

## त्राटक

**निमेषोन्मेषकं त्यक्त्वा सूक्ष्मलक्ष्यं निरीक्षयेत्।**
**पतन्ति यावदश्रूणि त्राटकं प्रोच्यते बुधैः।।** (घे.सं. 1/53)
**निरीक्षेन्निश्चलदृशा सूक्ष्मलक्ष्यं समाहितः।**
**अश्रुसंपातपर्यंतमाचार्यैस्त्राटकं स्मृतम्।।** (ह.यो.प्र. 2/31)

एकाग्रचित्त होकर निमेषोन्मेष का त्याग करके अर्थात अपलक नेत्रों से किसी सूक्ष्म लक्ष्य को अश्रुपात होने तक देखना त्राटक कहलाता है।

### विधि

1. अपना लक्ष्य निर्धारित करें। यह सूर्य, चन्द्रमा, गुरु की मूर्ति, ईश्वर की मूर्ति, दीपज्योति अथवा अन्य कोई वस्तु अपकी स्वेच्छानुसार हो सकती है परन्तु एक बार चयन करने के बाद इसे बदलना नही चाहिये।
2. किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठें।
3. अपने लक्ष्य को आंखों के सामने उनके ही तल अर्थात् समान ऊंचाई पर स्वयं से 4 फिट की दूरी पर रखें।
4. एकाग्रचित्त होकर अपने लक्ष्य को बिना पलक झपकाये तब तक देखें जब तक कि आंखों से आंसू न गिरने लगे।
5. आंखों की थकान मिटने तक और लक्ष्य की प्रतिच्छाया ओझल होन तक आंखों को बन्द रखें।
6. कुछ देर बाद धीरे - धीरे आंखें खोल दें।



### लाभ

1. त्राटक के अभ्यास से शाम्भवी मुद्रा की सिद्धि होती है।
2. नेत्ररोगों का विनाश होता है।
3. दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है।
4. तन्द्रा दूर होती है।

## लौलिकी ( नौलि )

**अमन्दवेगेन तुंदुं च भ्रामयेदुभपार्श्वयोः।**
**सर्वरोगान्निहन्तीह देहानलविवर्धनम्।।** (घे. सं. 1/52)
**अमंदावर्तवेगेन तुंदुं सव्यापसव्यतः।**
**नतांसो भ्रामयेदेषा नौलिः सिद्धैः प्रचक्षते।।** (ह.यो.प्र. 2/33)

कंधों को झुकाकर अपने तुंदु अर्थात् उदर को दाहिने और बायें दोनों पार्श्वों में अत्यन्त वेग के साथ घुमाना लौलिकी अथवा नौलि कर्म कहलाता है।



### विधि

1. दोनों पैरों के बीच दो से तीन फिट का अन्तर रखकर खड़े हो जायें।
2. बलपूर्वक रेचक करते हुये घुटनों को थोड़ा झुकाकर दोनों होथों को घुटनों पर स्थापित करें।
3. बाह्यकुम्भक की स्थिति में ही पेट को पीछे पीठ में चिपकाते हुये उड्डियान बन्ध लगायें।
4. आमाशय की पेशियों में अगल बगल से दबाव डालकर उन्हें बीच में लाने का प्रयास करें।
5. मध्यम नौलि का पूर्ण अभ्यास हो जाने के बाद बायीं ओर हल्का झुकते हुये बायें हाथ पर दबाव बढ़ायें तथा दाहिने हाथ का दबाव कम करें। इससे उदर पेशियां बायीं ओर खिंच जायेंगी। यह वाम नौलि है।
6. पुनः मध्यम नौलि की अवस्था में आ जायें।
7. वाम नौलि के अभ्यास के बाद दाहिनी ओर झुकते हुये दाहिने हाथ पर दबाव बढ़ायें तथा बायें हाथ का दबाव कम करें। इससे उदर पेशियां दाहिनी ओर खिंच जायेंगी। यह दक्षिण नौलि है।
8. पुनः मध्यम नौलि की अवस्था में आते हुये सामान्य स्थिति में आ जायें।
9. उपरोक्त तीनों प्रकार की नौलि का अभ्यास हो जाने के बाद इनका एक साथ लयबद्ध तरीके से वेगयुक्त अभ्यास करें।

### सावधानी

1. उड्डियान बन्ध और अग्निसार क्रिया का पूर्ण अभ्यास होने के बाद ही इसका अभ्यास करना चाहिये।
2. आमाशय शोथ, प्रवाहिका, संग्रहणी, उच्च रक्तचाप तथा हृदय रोगी इसे न करें।

### लाभ

1. मणिपुर चक्र को जाग्रत करता है।
2. जठराग्नि को बढ़ाता है।
3. कब्ज में विशेष लाभदायक है।
4. इन्सुलिन के स्राव को बढ़ाकर मधुमेह रोग का नाश करता है।
5. सभी प्रकार के रोग दूर होते हैं।
6. उदर की पेशियां बलवान होती हैं।

## कपालभाति

**वातक्रमेण व्युत्क्रमेण शीतक्रमेण विशेषतः।**
**भालभाति त्रिधाकुर्यात् कफदोष निवारयेत्॥** (घे.सं. 1/55)

**कपालभाति तीन प्रकार की होती है -** वातक्रम कपालभाति, व्युत्क्रम कपालभाति, शीतक्रम कपालभाति। इसके अभ्यास से कफ दोषों का निवारण होता है।

## वातक्रम कपालभाति

**इड़यापूरयेद्वायुं रेचयेत् पिंगलया पुनः।**
**पिंगलयापूरयित्वा पुनश्चन्द्रेण रेचयेत्॥**
**पूरकं रेचकं कृत्वा वेगेन न तु धारयेत्।**
**एवमभ्यासयोगेन कफदोषं निवारयेत्॥** (घे.सं. 1/56,57)

इड़ा नाड़ी से पूरक कर पिंगला नाड़ी से रेचक करें पुनः पिंगला नाड़ी से पूरक करके इड़ा नाडी से रेचक करें इस अभ्यास में रेचक और पूरक शीघ्रता से करें और कुम्भक धारण न करें इस वातक्रम कपालभाति से कफ दोषों का निवारण होता है।

### विधि

1. किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठें।
2. इड़ा नाड़ी अथवा बायीं नाक से पूरक करके पिंगला नाड़ी अथवा दाहिनी नाक से रेचक करें।
3. पुनः पिंगला नाड़ी से पूरक करके इड़ा नाड़ी से रेचक करें।
4. पूरक और रेचक की क्रिया पेट से करें छाती से नही।
5. पूरक और रेचक एक लय में और शीघ्रता के साथ वेगपूर्वक करें।
6. कुम्भक धारण न करें।

### लाभ

1. कफ दोष का निवारण होता है।
2. पाचन संस्थान को बल मिलता है।
3. फेफड़ों की क्षमता में वृद्धि होती है।

## व्युत्क्रम कपालभाति

**नासाभ्यां जलमाकृष्य पुनर्वक्त्रेण रेचयेत्।**
**पायं पायं व्युत्क्रमेण श्लेष्मदोषं निवारयेत्॥** (घे. सं. 1/58)

दोनों नासारन्ध्रों से जल को खींचकर मुख से निकालना व्युत्क्रम कपालभाति कहलाता है। इस प्रकार अंजली भर जल का विपरीत क्रम से पान करना कफ दोषों का निवारण करता है।

### विधि

1. किसी ध्यानात्मक आसन में बैठ जायें।
2. अंजली में जल भरकर दोनों नासा रन्ध्रों से धीरे - धीरे खींचकर गले में रोककर मुख मार्ग से बाहर निकाल दें।

### सावधानी

1. केवल गुरु के निरीक्षण में ही अभ्यास करें।
2. शीघ्रता न करें अन्यथा जल फेफड़ों में जा सकता है।
3. अंजली से अधिक परिमाण में जल न लें।

### लाभ

1. कफ दोष का निवारण करता है।
2. नासा मार्ग एवं गले का शोधन करता है।

## शीतक्रम कपालभाति

**शीत्कृत्यपीत्वा वक्त्रेण नासानालैर्विरेचयेत्।**
**एवमभ्यासयोगेन कामदेवसमोभवेत्।।** (घे.सं. 1/59)

मुख के द्वारा शीत्कार करते हुये जल पीकर नासा मार्ग से बाहर निकालना शीत्क्रम कपालभाति कहलाता है। इसके अभ्यास से साधक कामदेव के समान कान्तिमान हो जाता है।

### विधि

1. किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठें।
2. शीतली प्राणायाम के साथ जल को मुख मे खींचें।
3. जल को मुख में रोककर धीरे - धीरे नासा मार्ग से बाहर निकालें।

### लाभ

1. साधक कामदेव के समान कान्तिमान हो जाता है।
2. वार्धक्य और बुढ़ापा कभी नही आते।
3. कफज रोगों का निवारण होता है।

हठयोग प्रदीपिका में वर्णित कपालभाति उपरोक्त तीनों से भिन्न है। सामान्यतः हमारे दोनों स्वर एक साथ नही चलते हैं। लगभग 45 मिनट के अन्तर से वाम और दक्षिण स्वर चलते हैं। हठयोग बल पूर्वक दानों स्वरों अर्थात् इड़ा एवं पिंगला नाड़ियो को एक साथ चलाने का उपदेश करता है।

**भस्त्रावल्लौहकारस्य रेचपूरौ ससंभ्रमौ।**
**कपालभातिर्विख्याता कफदोषविशोषणी।।** (ह.यो.प्र. 2/35)

लोहार की भस्त्रा के समान रेचक और भ्रमयुक्त पूरक करना कपालभति कहलाता है। यह कफज रोगों का विनाश करता है।

### विधि

1. किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठें।
2. एक गहरी और लम्बी सांस लें।
3. लोहार की भस्त्रा के समान वेग के साथ रेचक करें।
4. पूरक भ्रमयुक्त करें।



### लाभः-

1. समस्त कफज रोगें का विनाश होता है।
2. उदरस्थ सभी अंगों को बल मिलता है।
3. अनेक रोगों का विनाश होता है।

**Bandha - procedure and benefits of Mulabandha, Jalandharabandha and Uddiyanabandha.**

## 1. मूलबन्ध

**पार्ष्णिना वामपादस्त योनिमाकुंचयेत्ततः।**
**नाभिग्रन्थिं मेरुदण्डे सुधीः संपीड्य यत्नतः।**
**मेढ्रं दक्षिणगुल्फेन दृढ़बन्धं समाचरेत्।**
**जराविनाशिनी मुद्रा मूलबन्धो निगद्यते।।** (घे.सं. 3/6,7)
**पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुचयेद्गुदम्।**
**अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते।।** (ह.यो.प्र. 3/61)

बायें पैर की एड़ी से योनि स्थान (गुदा एवं मूत्रेन्द्रिय के बीच का भाग) को यत्न पूर्वक पीड़ित करते हुए गुदा का संकोच करके अपान वायु को ऊपर की ओर खीचें, नाभि ग्रन्थि को मेरु दण्ड में लगावें दाहिने पैर की एंड़ी से उपस्थ को भली प्रकार दबा कर रखें। इसको मूलबन्ध कहते हैं।

### विधि

1. सिद्धासन में बैठें तथा हांथों को घुटनों पर रखें।
2. पूरक करते हुए गुदामार्ग का संकुचन करें अथवा ऊपर की ओर खींचें।
3. अन्तःकुम्भक के साथ यथासम्भव रुकें।
4. धीरे - धीरे गुदामार्ग को शिथिल करें।
5. रेचक करते हुये समान्य सिद्धासन की अवस्था में आ जायें।

### लाभ

1. श्रोणि प्रदेश की नाड़ियों को उत्तेजित करता है।
2. प्रजनन एवं मल-मूत्र उत्सर्जन तन्त्र को स्वस्थ बनाता है।

3. कब्ज एवं बवासीर दूर होते हैं।
4. ब्रह्मचर्य पालन तथा यौन रोगों के उपचार में लाभदायक है।
5. बुढ़ापे को दूर कर युवावस्था को बनाये रखता है।

## 2. जालन्धर बन्ध

**कण्ठ संकोचनं कृत्वा चिबुकं हृदयेन्यसेत्।**
**जालन्धरे कृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम्।।** (घे.सं. 3/10)
**कंठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढ़म्।**
**बंधो जालंधराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः।।** (ह.यो.प्र. 3/70)

गले का संकुचन करके ठुड्डी को दृढ़ता के साथ हृदय प्रदेश पर स्थापित करना जालन्धर बन्ध कहलाता है। यह सोलह आधारों का बन्धन तथा जरा और मृत्यु का विनाश करने वाला है।

### विधि

1. सिद्धासन में बैठें तथा हांथों को घुटनों पर रखें।
2. धीमा किन्तु गहरा पूरक करके अन्तः कुम्भक करें।
3. सिर को सामने की ओर झुकाते हुए और सीने को उठाते हुये ठुड्डी को कण्ठमूल में लगायें।
4. यथा सम्भव अन्तःकुम्भक की अवस्था में रुकें।
5. धीरे - धीरे शरीर को शिथिल करते हुए सिर को उठाकर रेचक करें।

### लाभ

1. थायराइड ग्रन्थि के कार्यों को संतुलित करता है।
2. अहंकार का नाश होकर बुद्धि निर्मल होती है।
3. विशुद्धि चक्र को जगृत करता है।

**सोलह आधारः-** दो पैर, गुदा, मूत्रेन्द्रिय, वज्र नाड़ी, नाभि प्रदेश, कण्ठ प्रदेश, गला, जीभ का मूल, ऊपर का जबड़ा, तालू, नासिकाग्र, भ्रूमध्य, दो नेत्र और ब्रह्मरन्ध्र ये सोलह आधार कहलाते हैं।

## 3. उड्डियान बन्ध

**उदरे पश्चिमे तानं नाभिरूर्ध्वं तु कारयेत्।**
**उड्डीनं कुरुते यस्मात् विश्रान्तंमहाखगः।।**
**उड्डीयानं त्वसौ बन्धो मृत्युमातंगकेशरी।।** (घे.सं. 3/11,12)
**उड्डीनं कुरुते यस्मात् विश्रान्तंमहाखगाः।**
**उड्डीयानं तदैव स्यात्तत्र बंधोऽभिधीयते।।**
**उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत्।**
**उड्डीयानो ह्यसौ बंधो मृत्युमातंगकेशरी।।** (ह.यो.प्र. 3/56,57)

उदर को पीछे की ओर और नाभि को ऊपर की ओर इस प्रकार खींचें कि पृष्ठ से लग जायें, यह उड्डियान बन्ध कहलाता है। इसके परिणाम स्वरूप महाखग अर्थात् प्राण ऊपर उठता है। यह मृत्यु रूपी गज के लिये सिंह के समान है।

### विधि

1. पद्मासन अथवा सिद्धासन में बैठें।
2. हंथेलियों को घुटनों के ऊपर रखें।
3. गहरा पूरक करके गहरा रेचक करें।
4. वाह्यकुम्भक करते हुए कंधों को ऊपर उठायें।
5. घुटनों पर दबाव डालते हुए हांथों को सीधा करतें हुये जालन्धर बन्ध लगायें।
6. वाह्यकुम्भक की स्थिति में ही पूरक करने का उपक्रम करते हुये उदर की पेशियों को संकुचित करते हुये नाभि को खींचकर पीठ से लगाने का प्रयास करें। ध्यान रहे पूरक का केवल प्रयास करना है पूरक नही करना है।
7. यथासम्भव रुकने के बाद धीरे - धीरे हांथों को ढीला करते हुये जालन्धर बन्ध खोलकर कन्धों को सामान्य अवस्था में लाकर पूरक करें।



### लाभ

1. पाचन सन्स्थान के सभी रोगों को दूर करता है।
2. अधिवृक्क ग्रन्थियों की क्रियाशीलता को बढ़ाता है।
3. फेफड़ों की कार्य क्षमता को बढ़ाता है।
4. आलस्य, चिन्ता एवं तनाव को दूर करता है।
5. मणिपुर चक्र को जागृत करता है।

## 4. महाबन्ध

**वामपादस्य गुल्फेन पायुमूलं निरोधयेत्।**
**दक्षपादेन तद् गुल्फे सम्पीड्य यत्नतः सुधीः।।**
**शनैः शनैश्चलयेत्पार्ष्णि योनिमाकुन्चयेच्छनैः।**
**जालन्धरे धारयेत्प्राणं महाबन्धो निगद्यते।।** (घे.सं. 3/14,15)

बायीं एंड़ी से गुदामूल का निरोध करके, दाहिनी एंड़ी से बायी एंड़ी को प्रयत्नपूर्वक दबाते हुये रखें फिर धीरे - धीरे पार्ष्णि को चलाते हुये योनिस्थान का धीरे - धीरे आकुंचन करें और जालन्धर बन्ध से प्राण वायु का धारण करें यह महाबन्ध कहलाता है।

**पार्ष्णि वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्।**
**वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा।।**
**पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चिबुकं दृढ़म्।**
**निष्पीड्य वायुमाकुंच्य मनोमध्ये नियोजयेत्।।**
**धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः।**
**सव्यांगे तु समभ्यस्य दक्षांगे पुनरभ्यसेत्।।** (ह.यो.प्र. 3/19-21)

बायीं एंड़ी को योनिस्थान अर्थात् गुदा और लिंग के बीच लगायें और दाहिने पैर को बायीं जंघा के ऊपर रखें। प्राण वायु का पूरक करके ठोड़ी को दृढ़ता पूर्वक हृदय प्रदेश से लगायें अर्थात् जालन्धर बन्ध लगायें और योनिस्थान को संकुचित करके मन को मध्य नाड़ी में नियोजित करें। यथाशक्ति धारण करके धीरे - धीरे रेचक करें। यही अभ्यास पैरों की स्थिति को बदलकर करें।

### विधि 1

1. बायें पैर की एंड़ी को गुदा और लिंग के बीच इस प्रकार लगायें कि गुदमूल का निरोध हो जाये।
2. दाहिने पैर की एंड़ी को बायें पैर की एंड़ी के ऊपर रखें। (सिद्धासन)
3. जालन्धर बन्ध लगायें।
4. मूलबन्ध लगायें।
5. यथासम्भव रुकने के बाद पहले मूलबन्ध फिर जालन्धर बन्ध खोलें।

### विधि 2

1. पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठें।
2. बायें पैर को मोड़कर एंड़ी को गुदा और लिंग के बीच स्थापित करें।
3. दाहिने पैर को मोड़कर बायें पैर की जंघा के ऊपर रखें।
4. पूरक करके जालन्धर बन्ध लगायें।
5. मूल बन्ध लगायें और मन को मध्य नाड़ी अथवा भ्रूमध्य में केन्द्रित करें।
6. यथाशक्ति रुकने के बाद पहले मूलबन्ध फिर जालन्धर बन्ध खोलकर रेचक करें।
7. यही अभ्यास पैरों की स्थिति को बदलकर करें।

*नोटः- कुछ आचार्यों का कहना है कि मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध और उड्डियान बन्ध तीनों का एक साथ अभ्यास करना महाबन्ध कहलाता है परन्तु हमारे मत से यह उचित नही है क्योंकि तीनों बन्धों का एक साथ अभ्यास महाबेध कहलाता है।*

### लाभ

1. चक्रों के जागरण के लिये महत्वपूर्ण है।
2. सम्पूर्ण अन्तः स्रावी तन्त्र का नियमन करता है।
3. क्रोध का नाश कर मन को आत्माभिमुख बनाता है।
4. तीनों बन्धों के समस्त लाभ प्राप्त होते हैं।

## Mudras - Shanmukhi mudra and Jnana mudra

### 6. योनि मुद्रा / षण्मुखी मुद्रा

**सिद्धासनं समासाद्य कर्णचक्षुर्नसामुखम्।**
**अंगुष्ठ तर्जनी मघ्यानामाद्यैः पिद्धीत वै॥**
**काकीभिः प्राणं संकृष्य अपाने योजयेत्ततः।**
**षट्चक्राणि क्राध्यात्वा हुं हंसमनुना सुधीः॥**
**चैतन्यमानयेद्देवीं निद्रिता या भुजंगिनी।**
**जीवेन सहितां शक्तिं समुत्थाप्य पराम्बुजे॥**
**शक्तिमयो स्वयंभूत्वा परं शिवेन संगमम्।**
**नानासुखं विहारं च चिन्तयेत्परमं सुखम्॥**
**शिवशक्तिसमायोगादेकान्तेभुविभावयेत्।**
**आनन्दमानसो स्वयं भूत्वा अहं ब्रह्मेति सम्भवेत्॥** (घे.सं. 3/37-41)

सिद्धासन में बैठकर दोनों हाथों के अंगूठों से कानों को, दानों तर्जनी से नेत्रों को, दानों मध्यमा से नाक को तथा दानों अनामिका से मुख को निरुद्ध करें। काकी मुद्रा से प्राण को खींचकर अपान से मिला दें। षट्चक्रों का क्रम से ध्यान करते हुये हुं अथवा हंस अथवा दोनों ही मन्त्रों से सोती हुयी कुण्डलिनी को जगाकर जीवात्मा को उसके साथ सहस्रार में ले जायें। इस समय स्वयं को शक्तिमयी मानकर भगवान शिव के साथ विहार करते हुये नाना प्रकार के सुखों का अनुचिन्तन करें। ऐसी एकान्त भावना करे कि शिवशक्ति के संयोग से ही परमानन्द को प्राप्त कर मै आनन्दमय ब्रह्म हो गया हूं। इसे योनि मुद्रा कहते हैं।

**इसका एक दूसरा नाम षण्मुखी मुद्रा भी है।**

### विधि

1. सिद्धासन में बैठें।
2. दोनों हाथ के अंगूठों से कानों को, दोनों तर्जनी से नेत्रों को, दोनों मध्यमा से नाक को तथा दोनों अनामिका एवं कनिष्ठा को ऊपर नीचे रखते हुये मुख को निरुद्ध करें।
3. होठों को काकी मुद्रा में लाकर गहरा पूरक करके मूलबन्ध धारण करें।
4. अन्तः कुम्भक की स्थिति में रुकते हुये छः सेकेण्ड से लेकर छः घड़ी तक एक - एक सेकेण्ड अथवा एक - एक घड़ी तक छः चक्रों का क्रमशः ध्यान करें।
5. हं एवं सो का जप करते हुये रेचक करें। यह अजपाजप का मन्त्र सोऽहं है और उल्टा हं सो।
6. स्वयं को शक्ति मानकर अपनी चेतना का संयोग भगवान शिव से करायें और अनन्त आनन्द का अनुभव करते रहें।

### लाभ

1. ब्रह्महत्या, भ्रूणहत्या, मद्यपान, गुरुदारागमन आदि घोर से घोर पाप समूहों का नाश होता है।
2. नादानुभूति और मुक्ति की प्राप्ति होती है।

## ज्ञान मुद्रा

ज्ञान (चिन) मुद्रा का अर्थ है अंतर्ज्ञान की अवस्था और चिन का अर्थ है चेतना, इस प्रकार ज्ञान अथवा चिन मुद्रा चेतना की अतीन्द्रिय अर्थात आतंरिक चेतना की अवस्था है। प्रतीकात्मक रूप से कनिष्ठ, अनामिका और मध्यमा उंगलियाँ प्र्ताकृति के **तीनों गुणों** – तम, रज और सत्व का बोध कराती हैं जबकि तर्जनी जीवात्मा का और अंगूठा परम चेतना का प्रतीक है।

### विधि

1. पद्मासन अथवा सुखासन की अवस्था मे बैठ जायें।
2. अपने हाथों को घुटनों पर एवं अपने हथेली को ऊपर की ओर करे।
3. तर्जनी उंगली को गोलाकार मोडकर अंगूठे के अग्रभाग को स्पर्श करे,

और बाकी बची तीनों उंगलियों को सीधा रखे।

**लाभ**

1. एकाग्रता मे बढोत्तरी
2. प्रतिरोधक क्षमता मे बढोत्तरी
3. बुद्धिमत्ता और स्मरणशक्ति में वृद्धि
4. मन का शांत होना
5. क्रोध, भय, ईर्ष्या आदि से छुटकारा
6. अनिद्रा, सिरदर्द और माइग्रेन से मे फायदा

### Shatchakras and their importance in Yoga practice.



### षट्चक्र, इड़ा-पिंगला-सुषुम्ना नाड़ियां

- पौराणिक उपाख्यानों में पुरुषार्थ का प्रतीक और शक्ति का पुत्र कार्तिकेय को माना गया है। उनका एक नाम स्कन्द भी है।
- स्कन्द अवतरण को कुंडलिनी महाशक्ति से सम्बन्धित षट्चक्र समूह और उनके प्रभाव का वर्णन ही समझना चाहिये।
- जननेन्द्रिय मूल अर्थात् योनिकन्द में अवस्थित आधार अग्नि का नाम ही कुंडलिनी है।
- शिवरूप सहस्रार के जागृत होने पर उससे जो मकरन्द निर्झरित हुआ उसे ही शिव का परम तेज़ वीर्य जानना चाहिये।
- योनिकन्द में अवस्थित शक्ति स्वरूप आधार अग्नि नामक कुंडलिनी ने उसे ग्रहण किया और छः कृत्तिकाओं ने उसका लालन पालन किया, यह छः कृत्तिकायें छः चक्र ही है।
- शिव और शक्ति का यह समन्वय संयोग स्कन्द रूपी महापराक्रम के रूप में योनिकन्द से प्रकट होता है।
- उसके छः मुख हैं। छः कृत्तिकाओं द्वारा पोषित छः मुख वाले भगवान स्कन्द को षट्चक्र ही समझना चाहिये।
- जननेन्द्रिय के मूल में मेरुदण्ड का जहां अन्त होता है वहां एक पोला स्थान है, उसे योग की परम्परा में योनिकन्द कहते हैं। इसके नीचे की पीठ कछुए जैसी है जिसे कूर्म कहते हैं। इसके ऊपर एक छोटा मेरुदण्ड है जिसे सुमेरु कहते हैं। इसके चारों ओर साढ़े तीन फेरे लगाये हुए एक शक्ति सूत्र विद्यमान है (सागर मन्थन)। यही मूलाधार है, यही पहला चक्र है, यही कुण्डलिनी का मूलस्थान है।
- मूलाधार के ऊपर मेरुदण्ड के सहारे क्रमशः ऊपर उठते हुये छः चक्र मूलाधार चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपुर चक्र, अनाहत चक्र, विशुद्धि चक्र और आज्ञा चक्र हैं।
- ब्रह्मरन्ध्र में अवस्थित सातवां चक्र सहस्रार चक्र है।
- योग परम्परा में इसे लक्ष्य बिन्दु मानते हुये पूर्वोक्त छः चक्रों की गणना की जाती है। इन सातों चक्रों का समन्वय एक शक्तिपुंज भी है। जिससे सूर्य के समान किन्तु अपने अलग ढंग की रश्मियां निकलती हैं।
- शक्तिपुंज पर ब्रह्म की अपार शक्तिधाराओं को जान पाना मानवीय बुद्धि के लिये असम्भव है फिर भी हमारे दैनिक जीवन में जिनका प्रत्यक्ष संयोग रहता है उनमें से प्रमुख ये हैं। पराशक्ति,ज्ञानशक्ति, इच्छाशक्ति, क्रियाशक्ति, कुण्डलिनीशक्ति, मातृकाशक्ति और गुह्यशक्ति। इन सबका सम्मिलित शक्तिपुंज ईश्वरीय प्रकाश कहा जाता है।
- इन सात चक्रों में अवस्थित उपरोक्त सातों शक्तियों का उल्लेख ग्रन्थों में अलंकारिक रूप में हुआ है। इन्हे सप्तलोक, सप्तसमुद्र, सप्तद्वीप, सप्तगिरि, सप्तऋषि आदि नामों से चित्रित किया गया है।
- इस चित्रण में संकेत रूप में कहा गया है कि इन चक्रों के किस - किस स्तर पर किन - किन विराट शक्ति स्रोतों का सम्बन्ध है। यह विराट शक्ति स्रोत चक्र रूपी सात तालों के भीतर पड़े रहते है जिनकी एक ही चाभी है - कुण्डलिनी।
- कुण्डलिनी जागरण वास्तव में जीवन यज्ञ है। सप्त चक्र सात अग्नि कुण्डों के समान हैं। उनमें सप्त अग्नियों की स्थापना, सप्त ऋषियों का पौरोहित्य, सप्त समिधायें, सप्त देवताओं का आवाहन, सप्त चरू और सप्त चक्रों का जागरण स्वरूप परिणाम साधना यज्ञ है जिसे चक्रों के जागरण के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

**मूलाधारे तु भूर्लोको स्वाधिष्ठाने भुवस्ततः।**
**स्वर्लोको नाभिदेशे च हृदये तु महस्तथा॥**
**जनलोकं कण्ठदेशे तपलोकं ललाटके।**
**सत्यलोकं महारन्ध्रे इति लोकाः पृथक पृथक॥**
**लम्पादांगुष्ठतले तस्योपरि तलातलम्।**
**महातलं गुल्फमध्ये गुल्फोपरि रसातलं॥**
**सुतलं जंघयोर्मध्ये वितलं जानु मध्यगम्।**
**उर्वोर्मध्ये तलम्प्रोक्तं सप्त पातालमीरितम्॥** (महायोगविज्ञान)

- मूलाधार में भूःलोक, स्वाधिष्ठान में भुवःलोक, नाभिदेश (मणिपुर) में स्वःलोक, हृदय (अनाहत) में महःलोक, कण्ठदेश (विशुद्धि) में जनलोक, ललाट (आज्ञा) में तपलोक और महारन्ध्र (सहस्रार) में सत्यलोक हैं।
- इसी प्रकार पैरों के तलवे के नीचे तल लोक, उसके ऊपर तलातल लोक, गुल्फ के बीच में महातल लोक, गुल्फों के ऊपर पिंडलियों में रसातल लोक, घुटने के बीच में वितल लोक, जंघाओं के बीच सुतल लोक और उरुओं के बीच पाताल लोक हैं।

### मूलाधार

- मूलाधार चक्र जननेन्द्रिय और गुदा के बीच स्थित है।
- मनुष्य के अन्दर इस ऊर्जाशक्ति की तुलना ब्रह्माण्ड की निर्माण शक्ति से की जाती है। यही शक्ति उत्पत्ति, पालन और लय का करण है।
- यह लाल रंग वाले चार दलों के कमल के समान है।

- इसका तत्व पृथ्वी और बीज मन्त्र लं है।
- इस कमल की चार पंखुड़िया पृथ्वी की चारों दिशाओं की बोधक हैं। यह चारों कमलदल - मानस, बुद्धि, चित्त और अहंकार का प्रतिनिधित्व करते है।
- मूलाधार चक्र शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गन्ध और भावों का मेल है।
- यह अपान वायु का स्थान है तथा मल, मूत्र प्रसव आदि इसी के अधीन हैं।
- मूलाधार चक्र का एक दूसरा प्रतीक चिह्न उल्टा त्रिकोण है, जो कि चेतना के ऊर्ध्व प्रसार का द्योतक है।
- इस चक्र के देवता भगवान शिव हैं जो पशुपति महादेव के रूप में ध्यानावस्थित हैं।
- मूलाधार का प्रतिनिधित्व करने वाला पशु सात सूंड़ों वाला एक हांथी है जो कि बुद्धि का ओर उसकी सात सूंड़ें सप्तधातुओं की प्रतीक हैं।

**महीस्थ तीर्थे विमले जले मुदा।**
**मूलाम्बुजे स्नाति स मुक्तिभाग्भवेत॥** (महायोग विज्ञान)

पृथ्वी के समस्त तीर्थ इस मूलाधार में निवास करते हैं और जो इस महातीर्थ में स्नान करता है वह मुक्त हो जाता है।

## स्वाधिष्ठान चक्र

- यह त्रिकास्थि के निचले छोर में स्थित है। इसका बीज मन्त्र वं है।
- यह अवचेतन मन का वह स्थान है जहां हमारे अस्तित्व के प्रारम्भ में गर्भ से सभी जीवन अनुभव और परछाइयां संग्रहीत रहती हैं।
- यह व्यक्तित्व का विकास करता है।
- इसका प्रतीक धूम्र वर्णी 6 पंखुड़ियों वाला कमल है जो हमें इशारा करता है कि छः नकारात्मक गुणों क्रोध, घृणा, वैमनस्य, क्रूरता, अभिलाषा और गर्व पर विजय प्राप्त करनी है।
- इसका प्रतीक पशु मगरमच्छ है। यह सुस्ती भावहीनता और खतरे का प्रतीक है। इसका तत्व जल है। जल कोमल और लचीला है किन्तु जब नियन्त्रण से मुक्त हो जाता है तब भयंकर शक्तिशाली भी है। इस चक्र के साथ यही विचित्रता है।
- इस चक्र के देवता सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी और बुद्धि और ललितकलाओं की देवी उनकी पुत्री सरस्वती हैं। इसका रंग अरुण अर्थात् सूर्योदय का रंग है जो उदीयमान चेतना का प्रतीक है। यह चक्र भी अपान वायु के अधीन होता है। उससे ही प्रजनन की क्रिया सम्पन्न होती है।

## मणिपुर

- मणिपुर चक्र नाभि के पीछे स्थित है। उसका बीज मन्त्र रं है। जब हम स्वाधिष्ठान चक्र के नकारात्मक भावों पर विजय प्राप्त कर लेते हैं तब हमारी चेतना मणिपुर चक्र में पहुंचती है। इसमें स्पष्टता, आत्मविश्वास, आनन्द,ज्ञान, बुद्धि और सही निर्णय लेने की योग्यता जैसे परम भूषण प्राप्त होने के कारण ही यह मणिपुर कहलाता है।
- इसका तत्व अग्नि है, इसलिये यह अग्नि या सूर्य केन्द्र के नाम से भी जाना जाता है।
- यह स्फूर्ति का केन्द्र है।
- यह हमारी ऊर्जा को नियन्त्रित करता है।
- पाचन सन्स्थान इसी के अधीन होता है
- इसका प्रतीक 10 पंखुड़ियों वाला कमल है जो दस प्राणों और दस प्रमुख शक्तियों का प्रतीक है जो मानव शरीर की सभी क्रियाओं का नियन्त्रण और पोषण करती हैं।
- इसका एक प्रतीक त्रिभुज भी है जिसका शीर्ष बिन्दु नीचे की ओर है। यह ऊर्जा के उद्गम, फैलाव और विकास का द्योतक है।
- इसका रंग पीला तथा प्रतीक पशु मेष है।
- इस चक्र के देवता विष्णु और लक्ष्मी हैं। भगवान विष्णु उदीयमान मानव चेतना के प्रतीक हैं। देवी लक्ष्मी भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि की प्रतीक हैं, जो भगवान की कृपा और आशीर्वाद से फलती फूलती हैं।

## अनाहत चक्र

- अनाहत चक्र हृदय के निकट स्थित है।
- इसका बीज मन्त्र यं है।
- इसका रंग आकाश की भांति हल्का नीला है। इसका तत्व वायु है, जो कि स्वतन्त्रता और फैलाव का प्रतीक है।
- यह आत्मा एवं अनहद नाद की पीठ है। इसका प्रतीक 12 पंखुड़ियों वाला कमल है जो कि 12 दैवीय गुणों परमानन्द, शान्ति, सुव्यवस्था, प्रेम, संज्ञान, स्पष्टता शुद्धता, एकता, अनुकंपा, दयालुता, क्षमाभाव और सुनिश्चय का प्रतीक है।
- इसका प्रतीक परस्पर विपरीत रखे हुये दो त्रिकोण भी हैं।
- जब अनाहत चक्र की ऊर्जा आध्यात्मिक चेतना की ओर प्रवाहित होती है तब भावनायें भक्ति, विशुद्ध ईश्वर प्रेम और निष्ठा प्रकट करती हैं। इसके विपरीत चेतना के सांसारिक कामनाओं की ओर प्रवाहित होने पर हमारी भावनायें भ्रमित और असंतुलित हो जाती हैं।
- इसका प्रतीक पशु कुरंग अर्थात् हिरण है जो कि प्रतिपल हमें सजग रहने का स्मरण कराता है।
- इसके देवता पार्वती सहित शिव हैं जो कि चेतना और प्रकृति के एकीकरण का प्रतीक है।

## विशुद्धि चक्र

- विशुद्धि चक्र कण्ठ में स्थित है।
- इसका बीज मन्त्र हं है।
- विशुद्धि चक्र का रंग बैगनी है।
- विशुद्धि चक्र में हमारी चेतना पांचवें स्तर पर पहुंच जाती है।
- इसका तत्व आकाश है। विशुद्धि चक्र उदान प्राण का प्रारम्भिक बिन्दु है।
- श्वसन के समय शरीर के विषैले पदार्थों को शुद्ध करना इसका मुख्य कर्म है इसी से इसका नाम भी व्युत्पन्न है।
- विशुद्धि चक्र के देवता सृष्टिकर्ता ब्रह्मा हैं जो चेतना के प्रतीक हैं। ध्यान में जब हमारी चेतना आकाश में समाहित हो जाती है तब हमेंज्ञान और

बुद्धि की प्राप्ति होती है।

☐ विशुद्धि चक्र का प्रतीक पशु सफेद हांथी है। विशुद्धि चक्र का प्रतीक चन्द्रमा भी हैं जो कि मन का प्रतीक है।

☐ विशुद्धि चक्र का प्रतीक सोलह पंखुड़ियों वाला कमल है जो कि सोलह कलाओं का प्रतीक है।

## आज्ञा चक्र

☐ आज्ञा चक्र मस्तक के मध्य में भौंहों के बीच स्थित है। इस कारण इसे तीसरा नेत्र भी कहते हैं।

☐ यह बुद्धि का केन्द्र है।

☐ यह तीनों प्रमुख नाड़ियों इड़ा, पिंगला और सुषुम्णा के मिलन का स्थान है। इसी कारण इसे त्रिवेणी भी कहा जाता है।

**इड़ा भागीरथी गंगा पिंगला यमुना नदी।**
**तयोर्मध्यगतनाड़ी सुषुम्णाख्या सरस्वती॥**

☐ इड़ा नाड़ी को भगीरथी गंगा, पिंगला नाड़ी को यमुना और इन दोनों के मध्य चलने वाली सुषुम्णा नाड़ी को सरस्वती कहते हैं। जो इस परम यौगिक त्रिवेणी में स्नान करता है अर्थात आज्ञा चक्र का ध्यान करता है वह मुक्त हो जाता है।

☐ इसका बीज मन्त्र ॐ है।

☐ आज्ञा चक्र का रंग सफेद है।

☐ इसका प्रतीक सफेद शिवलिंग है जो कि सृजनात्मक चेतना का प्रतीक है।

☐ इसमें कोई पशु चिह्न नही है। अर्थात् इसमें केवल दैवीय गुण होते है।

☐ आज्ञा चक्र का प्रतीक दो पंखुड़ियों वाला कमल है जो आत्मा और परमात्मा का प्रतीक है।

☐ आज्ञा चक्र के देवता संयुक्त रूप से शिवशक्ति हैं। ज्ञान नेत्र भीतर खुलता है और हम आत्मा की वास्तविकता को देखते हैं।

☐ आज्ञा चक्र आन्तरिक गुरु की पीठ है। यह बुद्धि औरज्ञान का द्योतक है।

## सहस्त्रार चक्र

☐ सहस्त्रार चक्र सिर के शिखर पर स्थित है।

☐ सहस्त्रार चक्र का कोई विशेष रंग अथवा गुण नही है। यह विशुद्ध महाप्रकाश है। यह अन्तरात्मा शिव की पीठ है।

☐ जिस प्रकार सूर्य के उदय होने से अन्धकार चला जाता है उसी प्रकार सहस्त्रार चक्र के जागृत होने से अज्ञान चला जाता है। आत्मानुभूति होती है, आत्मा परमात्मा से मिलन होता है। सभी कर्मों से मुक्त होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। जन्म और मृत्यु का बन्धन समाप्त हो जाता है। पूर्णत्व की प्राप्ति होती है।

☐ सहस्त्रार चक्र का प्रतीक हजार पंखुड़ियों वाला कमल है जो कि अनन्त चेतना का प्रतीक है।

☐ सहस्त्रार चक्र के देवता सर्वोच्च चेतना स्वरूप् भगवान शिव हैं।

☐ इसका तत्व आदितत्व, आध्यात्मिक तत्व है। सहस्त्रार चक्र का बीज मन्त्र ओंकार ही है।

**Description of Ida-Pingala-Sushumna nadis and their importance in yoga practice.**

## इड़ा, पिंगला और सुषुम्णा नाड़िया

सार्धलक्षत्रयं नाड्यः सन्ति देहान्तरे नृणाम्।
प्रधानभूता नाड्यस्तु तासु मुख्याचतुर्दश॥
सुषुम्णेडा पिंगला च गान्धारी हस्तिजिह्विका।
कुहूः सरस्वती पूषा शंखिनी च पयस्विनी॥
वारूणालम्बुषा चैव विश्वोदरी यशस्विनी।
एतासु त्रिस्त्रों मुख्याः स्युः पिंगलेडासुषुम्णिका॥ (शिव संहिता 2/13-15)

मानव शरीर में साढ़े तीन लाख नाड़ियां होती हैं जिनमें से चौदह प्रधान कही गयी हैं।

1. सुषुम्णा
2. इड़ा
3. पिंगला
4. गान्धारी
5. हस्तिजिह्वा
6. कुहू
7. सरस्वती
8. पूषा
9. शंखिनी
10. पयस्विनी
11. वारूणी
12. अलम्बुषा
13. विश्वोदरी
14. यशस्विनी।

इन चौदह नाड़ियों में से भी तीन नाड़ियां विशेष रूप से मुख्य हैं।

1. इड़ा
2. पिंगला
3. सुषुम्णा

☐ इन तीनों नाड़ियों का उत्पत्ति स्थान कन्द है। सुषुम्णा कन्द के मध्य से इड़ा कन्द के बायीं ओर से जबकि पिंगला कन्द के दाहिनी ओर से उत्पन्न होती है।

☐ इड़ा नाड़ी का उद्गम मूलाधार चक्र माना जाता है। यह कन्द के बायीं ओर से उत्पन्न होकर वाम नासा रन्ध्र पर समाप्त होती है। यह ऋणात्मक ऊर्जा का संचार करती है। इसकी प्रकृति शीतल, विश्रामदायक और चित्त को अन्तर्मुखी करने वाली मानी जाती है। इसे चन्द्र नाड़ी भी कहा जाता है। इसके देवता चन्द्रमा हैं। यह तमोगुण प्रधान होती है।

☐ पिंगला नाड़ी का उद्गम मूलाधार चक्र माना जाता है। यह कन्द के दाहिनी ओर से उत्पन्न होकर दक्षिण नासा रन्ध्र पर समाप्त होती है। यह धनात्मक ऊर्जा का संचार करती है। इसकी प्रकृति उष्ण, जोश एवं श्रमशक्ति को वहन करने वाली ओर चित्त को बहिर्मुखी बनाने वाली मानी जाती है। इसके देवता सूर्य हैं। इसे सूर्य नाड़ी भी कहा जाता है। यह रजो गुण प्रधान होती है।

☐ सुषुम्णा नाड़ी का उद्गम मूलाधार चक्र माना जाता है। यह कन्द के मध्य से उत्पन्न होकर ब्रह्मरन्ध्र पर समाप्त होती है। सभी चक्र सुषुम्णा में ही अवस्थित होते हैं। समस्त नाड़ियों में यह प्रधान है। यह सत्व गुण प्रधान होती है। इसके देवता अग्नि हैं।

☐ इन तीनों नाड़ियों का परस्पर मिलन त्रिवेणी संगम कहलाता है। जो व्यक्ति इस महान यौगिक त्रिवेणी में स्नान करता है वह ब्रह्मानन्द को प्राप्त करता हुआ परम उत्कर्ष को प्राप्त करता है।

**Concept of Moksha according to Charaka, Muktatmalakshana and Moksha upayas.**

**मोक्ष, मुक्तात्मा लक्षण एवं उपाय**

**योगे मोक्षे च सर्वेसां वेदनानामवर्तनम्।**
**मोक्षे निवृत्तिर्निःशेषा योगो मोक्ष प्रवर्तकः॥**
**आत्मेन्द्रियमनोर्थानां सन्निकर्षात्प्रवर्तते।**
**सुखदुःखमनारम्भादात्मस्थे मनसि स्थिरे॥**
**निवर्तन्ते तदुभयं वशित्वं चोपजायते।**
**सशरीरस्य योगज्ञांस्तं योगमृषयो विदुः॥** (च.शा. 1/137 - 139)

- योग और मोक्ष में सभी प्रकार की वेदनाओं की निवृत्ति हो जाती है।
- मोक्ष में वेदनाओं की आत्यन्तिक निवृत्ति होती है। योग मोक्ष का प्रवर्तक अर्थात साधन है।
- योग में साधक जीवनमुक्त होता है जबकि मोक्ष में परम मुक्त हो जाता है।
- आत्मा, इन्द्रिय, अर्थ और मन के सन्निकर्ष से सुख और दुःख उत्पन्न होते हैं। जब मन विषयों से हटकर आत्मा में स्थिर हो जाता है तब कर्मो का आरम्भ न होने से सुख और दुःख का नाश होकर वशित्व की उत्पत्ति होती है। यही योग का फल है।
- योग को जानने वाले ऋषि देहयुक्त, दुःखमुक्त इस अवस्था को योग कहते हैं।

**मोक्षो रजस्तमोऽभावाद्बलवत्कर्मसंक्षयात्।**
**वियोगः कर्मसंयोगैरपुनर्भव उच्यते॥** (च.शा. 1/142)

रज और तम की निवृत्ति हो जाने पर बलवान कर्मों के फलों का क्षय हो जाने से कर्मबन्धनों से मुक्ति हो जाती है इसे ही मोक्ष कहते हैं। मोक्ष हो जाने पर प्राणी जन्म और मृत्यु के बन्धनों से भी मुक्त हो जाता है इसे अपुनर्भव कहते हैं।

**निवृत्तिरपवर्गस्तत्परं तत् प्रशान्त तदक्षरं तद् ब्रह्म स मोक्षः।** (च.शा. 5/9)

निवृत्ति का नाम अपवर्ग है, यही परमश्रेष्ठ शान्ति है, यही अक्षर है, यही ब्रह्म है, यही मोक्ष है।

## मुक्तात्मा लक्षण

**नाऽऽत्मनः कारणाभावाल्लिंगमप्युपलभ्यते।**
**स सर्वकारणत्यागान्मुक्त इत्यभिधीयते॥** (च.शा. 5/20)

मुक्तात्मा पुरुष में इन्द्रिय आदि करणों का अभाव होने से उसका कोई लक्षण उपलब्ध नही होता है। वह सभी करणों का परित्याग कर देने से ही मुक्त कहलाता है।

## मोक्ष प्राप्ति के उपाय

**सतामुपासनसम्यगसता परिवर्जनम्।**
**ब्रह्मचर्योपवासश्च नियमाश्च पृथग्विधाः॥**
**धारण धर्मशास्त्राणां विज्ञानं विजने रतिः।**
**विषयेष्वरतिर्मोक्षे व्यवसायः परा धृतिः॥**
**कर्मणामसमारम्भः कृतानां च परिक्षयः।**
**नैष्क्रम्यमनहंकारः संयोगे भयदर्शनम्॥**
**मनोबुद्धिसमाधानमर्थतत्वपरीक्षणम्।**
**तत्वस्मृतेरुपस्थानात् सर्वमेतत्प्रवर्तते॥** (च.शा. 1/143 - 146)

सज्जनों की सेवा, दुर्जनों का त्याग, ब्रह्मचर्य, उपवास, नाना प्रकार के नियम, धर्म शास्त्रों का अभ्यास, आत्मा आदि को जानना, निर्जन स्थान में रति, विषयों में अनासक्ति, मोक्ष के लिये प्रयत्न करना, धैर्य, कर्मफल की इच्छा का सर्वथा त्याग करना, किये गये कर्मों को फलोपभोग के द्वारा क्षय करना, गृहस्थाश्रम से निकलना, सन्यास ग्रहण करना, अहंकार का त्याग करना, आत्माशरीरादि संयोग में भय मानना, मन और बुद्धि का समाधान,वस्तुओं की तत्व रूप में परीक्षा करना और तत्वस्मृति यह सब मोक्ष प्राप्ति के उपाय हैं।

## नैष्ठिकी चिकित्सा

**चिकित्सा तु नैष्ठिकी वा विनोपधाम।** (च.शा. 1/94)

उपधा अर्थात् दोष रहित चिकित्सा नैष्ठिकी चिकित्सा कहलाती है।

उपधा/तृष्णा अथवा भावदोष ही सर्व दुःखों और दुःख के आश्रयभूत शरीर का मूल कारण है। यह उपधा जन्म और मृत्यु के बंधनों में बाधने वाली है, तृष्णा अर्थात् तृप्तातृप्त कामनाओं से युक्त मनुष्य सदैव जनम मरण के चक्र में भटकता रहता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति नही होती है। इसके विपरीत सब प्रकार की उपधा का त्याग करना सब प्रकार के दुःखों के नाश का कारण है। वैद्य को सदैव ही उपधा रहित नैष्ठिकी चिकित्सा करनी चाहिये क्योंकि यह मोक्ष प्रदान करने वाली है।

## सत्याबुद्धि

**सत्याबुद्धि अर्थात् तत्वज्ञान की प्राप्ति।**

**सर्वकारणवद्दुःखमस्व चानित्यमेव च।**
**न चात्मकृत तद्धि तत्र चोत्पद्यते स्वता॥**
**यावन्नोत्पद्यते सत्या बुद्धिर्नैतदहं यथा।**
**नैतन्मम च विज्ञायज्ञः सर्वमतिवर्तते॥** (च.शा. 1/152,153)

कारणवान् अर्थात् उत्पन्न होने वाली सम्पूर्ण वस्तुएं, बुद्धि, अहंकार आदि आत्मा से भिन्न दुःख रूप हैं और कारणवान् होने के कारण अनित्य हैं। आत्मा कारण रहित और नित्य है। जो वस्तु कारण वाली होती है उसमें ममता उत्पन्न होती है। इस प्रकार का यथार्थज्ञान कराने वाली बुद्धि सत्या बुद्धि कहलाती है। सत्याबुद्धि उत्पन्न होने पर तत्वज्ञान की प्राप्ति होती है। तत्वज्ञान होने परज्ञानी जन्म, कर्म आदि समस्त बन्धनों का अतिक्रमण कर जाता है जिसके परिणाम स्वरूप समस्त वेदनाओं की आत्यन्तिक निवृत्ति होती है।

इस अन्तिम सन्यासावस्था में सभी कर्मों का त्याग करने पर मिथ्याज्ञान रूपी कारणों से उत्पन्न सभी वेदनाएं, ज्ञेय के ठीक प्रकार से जान लेने से समूल निवृत्त हो जाती हैं फलस्वरूप मोक्ष की पाप्ति होती है।

## तत्वस्मृति

**स्मृतिः सत्सेवनाद्यैश्च धृत्यन्तरुपलभ्यते।**
**स्मृत्वा स्वभावं भावानां स्मरन् दुःखात्प्रमुच्यते॥** (च.शा. 1/147)

सज्जनों की सेवा, दुर्जनों का त्याग, ब्रह्मचर्य, उपवास, नाना प्रकार के नियम, धर्म शास्त्रों का अभ्यास, आत्मा आदि को जानना, निर्जन स्थान में रति, विषयों में अनासक्ति, मोक्ष के लिये प्रयत्न करना और धैर्य के द्वारा तत्वस्मृति की उपलब्धि होती है तब आत्मा आदि भावों के स्वरूप का स्मरण करके, तत्व को जनता हुआ पुरुष सभी दुःखों से छूट जाता है।

**स्मृति उत्पत्ति के आठ कारण -** **(च.शा. 1/148,149)**

1. **निमित्त -** कारण से इनका ग्रहण होता है, धुएं को देखकर अग्नि का रूप दर्शन से

2. **स्मरण-** वातादिक लक्षणों से वातादि रोगों का स्मरण
3. **सादृश्य** - किसी के चित्र को देखकर उसका स्मरण
4. **सादृश्य विपर्यय-** अर्थात् असादृश्य - अत्यन्त विरुद्ध वस्तु के दर्शन से दूसरे का स्मरण यथा दुःख आने पर पूर्वानुभूत सुख का स्मरण
5. सत्व प्रणिधान अर्थात् मनोयोग से
6. अभ्यास से
7. तत्वज्ञान से
8. पुनः स्रवण अर्थात् बार-बार सुनने से।

पूर्व में देखे हुये, सुने हुये अथवा अनुभव किये हुए पदार्थों का स्मरण ही स्मृति कहलाता है। मुक्त पुरुषों ने इस तत्वस्मृति के बल को मोक्ष का ऐसा परमश्रेष्ठ मार्ग बताया है जिस मार्ग से जाने पर इह लोक में पुनरागमन नही होता है। योगी जन इस के बल को योग का मार्ग कहते हैं।

## ‖अष्ट ऐश्वर्य‖

**आवेशश्चेतसोज्ञानमर्थानां छन्दतः क्रिया।**
**दृष्टिः स्रोतं स्मृतिः कान्तिरिष्टतश्चाप्यदर्शनम्॥**
**इत्यष्टविधिमाख्यातं योगिनां बलमैश्वरम्॥** (च.षा. 1/140,141)

1. आवेश अर्थात दूसरे के शरीर में प्रवेश होना
2. चित्त काज्ञान अर्थात् दूसरे के चित्त को जानना
3. छन्दतः क्रिया अर्थात् मन की गति से मनोनुकूल विषयों काज्ञान प्राप्त करना
4. दृष्टिः अर्थात् अतीन्द्रिय वस्तुओं को देखना
5. स्रोत्रं अर्थात् अतीन्द्रिय शब्दों को सुनना
6. स्मृतिः अर्थात् सभी तत्वों का स्मरण होना
7. कान्तिः अर्थात् देवताओं के समान कान्ति युक्त होना
8. इष्टतश्चाप्यदर्शनम् अर्थात् इच्छानुसार स्वयं को प्रकट करना अथवा छुपाना, यह योगियों के आठ प्रकार के बल अथवा ऐश्वर्य हैं।

## ‖अष्टसिद्धियां‖

**अणिमा महिमा चैव लघिमा गरिमा तथा।**
**प्राप्तिः प्राकाम्यमीशित्वं वशित्वं चाष्ट सिद्धयः॥**

**अणिमा** - अपने शरीर को अणु के समान छोटा करने की क्षमता।

**महिमा** - शरीर का आकार अत्यन्त बड़ा करने की क्षमता।

**गरिमा** - शरीर को अत्यन्त भारी बनाने की क्षमता।

**लघिमा** - शरीर को भार रहति करने की क्षमता।

**प्राप्ति** - इच्छित वस्तुओं को प्राप्त करना।

**प्राकाम्य** - बिना रुकावट के समस्त कामनाओं का पूर्ण होना।

**ईशत्व** - समस्त भौतिक पदार्थों पर अधिकार प्राप्त करना अर्थात् उनके निर्माण और विनाश की क्षमता।

**वशित्व** - प्रत्येक प्राणी को वश में करने की क्षमता।

**The International Day of Yoga** has been celebrated across the world annually on June 21 since 2015, following its inception in the United Nations General Assembly in 2014. Yoga is a physical, mental and spiritual practice which originated in ancient India. The Indian Prime Minister Narendra Modi, in his UN address in 2014, had suggested the date of June 21, as it is the longest day of the year in the Northern Hemisphere and shares a special significance in many parts of the world.

Following the initial proposal, the UN adopted the draft resolution, entitled "Day of Yoga", in 2014. The consultations were convened by the delegation of India. In 2015, the Reserve Bank of India issued a 10-rupee commemorative coin to mark the International Day of Yoga. In April 2017, UN Postal Administration (UNPA) issued 10 stamps on Asanas on a single sheet to mark International Day of Yoga.

### Importance of International Day of Yoga (IDY)

International Yoga Day is a day to celebrate and promote the practice of yoga, which originated in India and has many benefits for physical, mental and spiritual well-being. The day aims to help people connect with nature and the divine consciousness, as well as to reduce stress, encourage positive thinking, and improve health. International Yoga Day is observed on June 21 every year.

*1. un.org2. financialexpress.com3. astroyogi.com*

### Adverse effects of improper Yoga practices

Improper Yoga practices can lead to acute pain and long-standing chronic problems. Incorrect postures, wrongly stretching your body, or doing incorrect asanas, and breathing in an incorrect manner while exercising can be detrimental to your health.

A 2019 study found that one in five adult yoga users experienced at least one acute adverse effect due to their yoga practice, and one in ten reported at least one chronic adverse effect, mainly musculoskeletal effects. Adverse effects seem to be mainly associated with hand-, shoulder- and head stands; and with yoga self-study without supervision. Power yoga, a physically demanding yoga style using flowing sequences of yoga postures, was found to be the most associated with adverse effects and was associated with 1.50 injuries per 1000 hours of practice in the same study.

Another study conducted in 2018 found that yoga causes musculoskeletal pain in 10% of people and exacerbates 21% of existing injuries. The study found that most 'new' yoga pain was in the upper extremities [shoulders, elbows, wrists, hands] possibly due to Downward Dog and similar postures that put weight on the upper limbs. In terms of severity, more than one-third of cases of pain caused by yoga were serious enough to prevent yoga participation and lasted more than 3 months.

***

CHAPTER
10

# प्राकृतिक चिकित्सा
## (Nisargopachara/Naturopathy)

**Syllabus Highlights**

- Basic principles of Naturopathy.
- Concept of Panchabhutopasana.
- Therapeutic effects of Mud therapy.
- Therapeutic effects of Sun bath.
- Fasting therapy - its types and benefits.
- Hydrotherapy - types of water used based on the temperature and therapeutic effects of Hydrotherapy.
- Therapeutic effects of Massage

### परिभाषा

- शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं धार्मिक स्तर पर प्रकृति के आधारभूत तत्वों के साथ संतुलन बनाये रखना प्राकृतिक चिकित्सा कहलाता है।
- प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य विज्ञान है जो कि उपचार के प्राकृतिक तरीकों पर विश्वास करता है। उपचार की यह प्रक्रिया प्राकृतिक संसाधनों यथा - आहार, वायु, जल, मृत्तिका, सूर्यकिरण, उपवास, मर्दन और विश्राम आदि के उपयोग पर आधारित होती है।

### Basic principles of Naturopathy आधारभूत तत्व

**1. आकाश तत्व**

आकाश तत्व सभी तत्वों में सर्वाधिक उपयोगी है। इसको शून्य तत्व भी कहा गया है। शरीर में जितना भी शून्य अथवा रिक्त स्थान है, आकाश तत्व का ही अंश है। वायु को संचरित करने के लिये, अग्नि को प्रज्वलित करने के लिये, जल को गतिशील करने के लिये, पृथ्वी तत्व को अवशोषित होने के लिये रिक्त स्थान अर्थात आकाश तत्व का होना अनिवार्य है। इस प्रकार शेष चारों तत्व आकाश तत्व में ही प्रतिष्ठित और इसी से सक्रिय होते हैं।

उपवास एवं विश्राम चिकित्सा इस तत्व को प्राप्त करने का सर्वोत्तम साधन है।

**2. वायु**

वायु का मुख्य गुण गतिशीलता है। इसी गुण के कारण यह सम्पूर्ण शरीर में संचरित होता है। शरीर में रक्त तथा मल-मूत्र आदि पदार्थों की गति भी इसी से संभव होती है। इसकी तीव्रता अथवा मन्दता अनेकानेक विकारों को उत्पन्न करती है। इस तत्व का सीधा सम्बन्ध प्राणों से है। सामान्य व्यक्ति वायु तत्व के अभाव में 3 मिनट से अधिक जीवित नही रह सकता है।

**3. अग्नि**

अग्नि तत्व तेजस् स्वरूप है। इसका विशेष गुण प्रकाशित करना और दहन करना है। यह अपने उर्ध्वगामी गुण के कारण नीचे से ऊपर की ओर उठता है। इसकी कमी से भोजन और जल का सम्यक पाचन न होकर आम की उत्पत्ति होती है।

**4. जल**

जल तत्व द्रव स्वरूप में और पतला होने के कारण अपने आधार पात्र के अनुरूप आकृति ग्रहण कर लेता है। इसका विशेष गुण संचरण है। यह अवशोषित हो जाता है। इस तत्व के कारण ही मानव शरीर पृथ्वी तत्व के ठोस स्वरूप को ग्रहण करने में समर्थ हो पाता है। इसकी कमी से शरीर की शक्ति और सामर्थ्य का नाश होता है।

**5. पृथ्वी**

पृथ्वी महाभूत में गुरुत्व को विशिष्ट गुण माना गया है। गुरुत्व के अतिरिक्त ठोस, स्थूल रूप और आकार गुण माने गये हैं। पृथ्वी तत्व विभिन्न खाद्य पदार्थों में विशेष रूप से रहता है। इसके माध्यम से विभिन्न अंग प्रत्यंगों का निर्माण होता है।

### इतिहास

1. निसर्गोपचार की शुरुआत ऑस्ट्रियन साइलेसिया क्षेत्र के ग्राफेनवर्ग गांव के एक साधारण किसान विन्सेन्ट प्रिसनिज (4 October 1799 – 26 November 1851) द्वारा की गयी। प्रिसनिज जल के द्वारा उपचार किया करते थे।
2. प्राकृतिक चिकित्सा (Naturopathy) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम वर्ष 1895 में Dr. John Scheel के द्वारा किया गया। और इसका व्यापक प्रचार प्रसार Benedict Lust के द्वारा किया गया जो कि U.S. Naturopathy के जनक कहे जाते हैं।
3. Benedict Lust ने 1902 में American School of Naturopathy की स्थापना की।

4. जर्मनी के प्राकृतिक चिकित्सक Louis Kuhne (14 March 1835 – 4 April 1901) को जल चिकित्सा का जनक माना जाता है।
5. जर्मनी के ही प्राकृतिक चिकित्सक Adolf Just (8 August 1859 - 20 January 1936) की सर्वश्रेष्ठ कृति का अनुवाद (Return to Nature) Benedict Lust ने 1903 में किया।
6. भारत देश में प्राकृतिक चिकित्सा की शुरुआत Return to Nature से प्रभावित होकर महात्मा गाँधी जी ने की थी।
7. महात्मा गाँधी जी ने पूना के पास उरुलीकांचन नामक स्थान पर एक प्राकृतिक चिकित्सालय स्थापित किया जो आज भी चल रहा है।
8. उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 1951 में आरोग्य केन्द्र की स्थापना हुई, यह संस्थान आज भी चल रहा है।
9. भारत सरकार द्वारा 2003 में AYUSH विभाग की स्थापना की जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा को भी स्थान दिया गया है।

## Aims and Objectives of Naturopathy

1. जन सामान्य को अपने तथा अपने परिवार के स्वास्थ्य के संबन्ध में शिक्षित करना।
2. किसी भी रोग के लक्षणों को कम करना।
3. शरीर की स्वयं स्वस्थ होने की क्षमता को प्रोत्साहित करना।
4. शरीर में संतुलन बनाना जिससे कि भविष्य में या तो रोग हों ही नही अथवा उनकी तीव्रता कम हो।
5. अनारोग्यकर जीवनशैली को बदलना।

## Theories as per Western school of Naturopathy

1. चोट लगने तथा पर्यावरणीय अवस्थाओं के अलावा शेष सभी रोगों का कारण एक है - शरीर में दोषों (Morbid matter) का संचय होना और उन रोगों की चिकित्सा भी उन दोषों को शरीर से बाहर निकालना है।
2. जीवाणु एवं विषाणु morbid matter के संचित होने के बाद ही शरीर में प्रवेश करते हैं और अनुकूल वातावरण पाकर शरीर में वर्धित होते हैं। इसलिये रोगों का प्रथम कारण morbid matter है जबकि जीवाणु एवं विषाणु द्वितीय कारण हैं।
3. तीव्र रोग (Acute diseases) शरीर द्वारा स्वयं को स्वस्थ करने के प्रयासों का परिणाम हैं। इस प्रकार तीव्र रोग (Acute diseases) हमारे शत्रु नही मित्र हैं। जीर्ण रोग (Chronic diseases) गलत उपचार अथवा तीव्र रोगों को दबाने के प्रयास के परिणाम स्वरूप उत्पन्न होते हैं।
4. प्रकृति एक महान चिकित्सक है। मानव शरीर में स्वयं ही रोगों से बचने और स्वास्थ्य स्थापना की सामर्थ्य होती है।
5. प्राकृतिक चिकित्सा में रोग की नही अपितु रोगी के सम्पूर्ण शरीर की चिकित्सा की जाती है।
6. जीर्ण रोगों से ग्रस्त रोगियों की चिकित्सा भी अपेक्षाकृत कम समय में सफलतापूर्वक की जा सकती है।
7. प्राकृतिक चिकित्सा में दबे हुए रोग भी उभरकर सदा के लिये ठीक हो जाते हैं।
8. प्राकृतिक चिकित्सा सवास्थ्य के सभी आयामों पर एक साथ काम करती है।
9. प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार केवल भोजन ही औषधि है अन्य दवाओं का प्रयोग नही होता है।
10. प्राकृतिक चिकित्सा सम्पूर्ण शरीर को एक इकाई मानकर कार्य करती है।

### Indian school – Concept of Panchabhutopasana

**पंचमहाभूत अथवा प्रकृति के पांच तत्व -** पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश - जीवन और ऊर्जा के स्रोत हैं। आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी की उत्पत्ति होती है। मानव शरीर इन्ही पंचतत्वों से बना है और मृत्यु के बाद इन्ही पंचतत्वों में विलीन हो जाता है। स्वस्थ रहने के लिये इन पंचतत्वों का हमारे शरीर में संतुलित होना आवश्यक है। अनुपयुक्त आहार, आहार सम्बन्धी आदतें, तनाव तथा विकृत जीवनशैली से उत्पन्न इन पंचतत्वों का असंतुलन शरीर में विविध रोगों को उत्पन्न करता है।

1. **पृथ्वी -** यह पंचतत्वों में सर्वाधिक घनत्व वाला तत्व है। मांसपेशियां, हड्डियां, त्वचा, नाखून, दांत आदि इस तत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। पृथ्वी तत्व की अधिकता हमारे शरीर में स्थौल्य उत्पन्न करती है तथा इसकी कमी कृशता उत्पन्न करती है। पृथ्वी तत्व का सम्बन्ध घ्राणेन्द्रिय से है।
2. **जल -** जल प्रवाह से सम्बन्धित है तथा शरीर के तरल पदार्थों का निर्माण करता है। यह ताप नियमन, पोषक तत्वों, Antibodies, हार्मोन्स और मलों के परिवहन के लिये आवश्यक होता है। यह शरीर के Electrolytes में संतुलन बनाये रखकर शरीर की चयापचयिक क्रियाओं के लिये माध्यम उपलब्ध कराता है। यह रसनेन्द्रिय से सम्बन्धित है।
3. **अग्नि -** अग्नि त्तव शरीर की समस्त क्रियाओं के लिये आवश्यक ऊर्जा प्रदान करता है। यह शरीर के तापमान और चयापचयिक क्रियाओं का नियमन करता है। यह चक्षु इन्द्रिय से सम्बन्धित है।
4. **वायु -** वायु तत्व शरीर की सभी प्रकार की गतियों का नियन्त्रण करता है। यह विचारों, भावनाओं तथा विद्युतीय आवेगों के लिये उत्तरदायी होता है। यह स्पर्शेन्द्रिय से सम्बन्धित है।
5. **आकाश -** आकाश तत्व सर्वत्र व्याप्त है और समस्त वस्तुओं को स्थान प्रदान करता है। मानव शरीर में यह विभिन्न कोष्ठों एवं छिद्रों का निर्माण करता है। यह वाक् इन्द्रिय से सम्बन्धित है।

## Relation of Ayurveda and Naturopathy

1. दोनों ही सम्पूर्ण स्वास्थ्य की बात करते हैं। दोनों ही न केवल लक्षणों का उपचार करते हैं वल्कि रोगों का समूलोच्छेदन करते हैं।
2. दोनों ही पंचमहाभूत सिद्धान्त पर आधारित हैं।
3. दोनों ही में मर्दन चिकित्सा का वर्णन किया गया है।
4. प्राकृतिक चिकित्सा सिद्धान्त - "शरीर स्वयं को स्वास्थ रखने की क्षमता रखता है" आचार्य चरक के "स्वभावोपरमवाद" से साम्यता रखता है।
5. दोनों ही पद्धतियों में आहार - विहार को प्रधानता दी गयी है।

6. दोनों ही पद्धतियों में दोषों को शरीर से वाहर निकालने (संशोधन चिकित्सा) का वर्णन किया गया है।

## Importance of Naturopathy in present era

1. यह विना औषधि का उपयोग किये स्वस्थ जीवन जीने की कला है।
2. प्राकृतिक तत्वों का प्रयोग होने के कारण यह सस्ती, सुलभ और दुष्प्रभाव से रहित है।

### Therapeutic effects of Mud therapy

## मृत्तिका चिकित्सा (Mud Therapy)

मिट्टी पंचमहाभूतों में से एक है जिसका आरोग्य एवं अनारोग्य से गहरा सम्बन्ध है। हमारे शरीर में जो कुछ भारी और स्थूल भाग है, वह पृथ्वी तत्व से निर्मित है। मृत्तिका चिकित्सा एक अत्यन्त सरल एवं प्रभावी चिकित्सा विधि है। मिट्टी का चिकित्सा में प्रयोग होने का कारण उसमें पाये जाने वाले ये गुण हैं -

1. मिट्टी में दुर्गन्ध मिटाने की विलक्षण क्षमता होती है।
2. मिट्टी में सर्दी व गर्मी रोकने की क्षमता होती है इसी कारण मिट्टी से बने घर सर्दी हो या गर्मी दोनों ही मौसमों में आरामदायक होते हैं।
3. मिट्टी में अचूक विद्रावक शक्ति होती है। यह फोड़े को पकाकर निचोड़ देती है और घाव भी जल्दी भर देती है।
4. मिट्टी में विष को अवशोषित करने की विलक्षण शक्ति होती है।
5. मिट्टी में गुरुत्वाकर्षण की शक्ति होने के कारण काम करते समय हमें थकान का अनुभव होता है इसीलिये यथासम्भव सीधे बैठना अथवा खड़े होना चाहिए।
6. एडोल्फ जस्ट के अनुसार धरती पर सोने से सुस्ती एवं रोग दूर होकर नव चेतना एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।
7. डॉ. आई. एच. ओलस्की के अनुसार चीन एवं जापान के निवासियों के स्वास्थ्य का रहस्य उनका धरती पर सोना है।

## मिट्टी के प्रकार

1. **काली मिट्टी** - काली मिट्टी चिकनाहट युक्त होती है तथा सूर्य से प्राप्त सभी रंगों को अवशोषित करके तदनुसार शरीर के अंग प्रत्यंगों को लाभ पहुंचाती है। यह खनिज तत्वों की प्रचुरता तथा अधिक समय तक जल का संधारण करने की क्षमता के कारण मृदा चिकित्सा के लिये उपयुक्त होती है। इसका प्रयोग विषमयता एवं त्वचा विकारों में किया जाता है।
2. **समुद्री कछार की मिट्टी** - इसमें मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटेशियम, सिलिकेट्स और कार्बनिक तत्वों के साथ - साथ 20 से अधिक प्रकार के अन्य तत्व पाये जाते हैं। ये तत्व सभी प्रकार के त्वचा विकारों में उपयोगी होते हैं। इसका प्रयोग त्वचा विकारों में किया जाता है।
3. **दलदली मिट्टी** - यह मिट्टी फूलों व अन्य वनस्पतियों के जैविक अवशेषों के द्वारा हजारों वर्षों में बनती है। यह जैविक अवशेष कई वर्षों में fulvic acids, vitamins, amino acids, plant hormones, humic acids से युक्त पेस्ट में बदल जाते हैं जो कि मानव शरीर द्वारा आसानी से अवशोपित किये जा सकते हैं। इस मिट्टी में anti-inflammatory और anti-aging गुण हाते हैं। यह Arthritis और खेलों में होने वाली injury में लाभदायक है।
4. **वल्मीक की मिट्टी** - त्वचा पर इसका लेप करने से यह शरीर के विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकालती है। यह दर्द निवारण में भी मदद करती है।
5. **पीली मिट्टी** - विबन्ध, अजीर्ण, यकृतप्लीहावृद्धि, मधुमेह आदि में प्रयुक्त होती है।
6. **श्वेत मिट्टी** - Nervine disorders, liver disorders आदि में प्रयुक्त होती है।
7. **लाल मिट्टी** - उदरशूल, पक्षाघात, आमवात आदि में प्रयुक्त होती है।
8. **बलुई मिट्टी** - सर्पदंश, जठरान्त्रशोथ, वातरक्त आदि में प्रयुक्त होती है।

## Doctrine of mud selection

1. प्रयोग में लायी जाने वाली मृत्तिका साफ-सुथरी, कंकर-पत्थर तथा रासायनिक खाद से रहित होनी चाहिए।
2. ऊपरी सतह से 4 से 5 फिट नीचे से लेनी चाहिए।
3. प्रयोग में लाने से पहले मिट्टी को सुखाकर सूक्ष्म कपड़छन चूर्ण बना लेना चाहिए।
4. अत्यधिक चिपकने वाली मिट्टी में थोड़ी रेत मिला लेनी चाहिए।
5. एक बार उपयोग में लाई जा चुकी मिट्टी का पुनः प्रयोग नही करना चाहिए।
6. चिकित्सा तथा उपलब्धता के आधार पर Black Cotton Mud श्रेष्ठ मानी गयी है।

## Mud Pack - Local Application

☐ एक पतले, गीले मलमल के कपड़े को मिट्टी में लथपथ करके रोगी के पेट के आकार के आधार पर एक पतली ईंट के आकार में उसे बनाकर 20 से 30 मिनट तक रखें।

☐ सर्दियों के मौसम में ऊपर से एक कम्बल द्वारा शरीर को भली भांति ढंक दें।



### Benefits of mud pack

### लाभ

1. सभी प्रकार के अजीर्णों को दूर करता है।
2. आंतों की क्रमांकुंचन गति को बढ़ाता है।
3. सिर पर इसका पतला लेप लगाने से congestive headache में तुरन्त लाभ पहुंचाता है।
4. आंखों के ऊपर प्रयोग करने पर conjunctivitis, hemorrhages in the eyeball, itching, allergy, errors of refraction और glaucoma में eyeball tension को कम करके विशेष लाभ पहुंचाता है।
5. चेहरे पर इसका प्रयोग करने पर कान्ति को बढ़ाता है। आंखों के चारों ओर बनने वाले काले धब्बे को हटाने में भी सहायक होता है।

### Mud Bath ( मृत्तिका स्नान )

सम्पूण शरीर पर मृत्तिका लेपन करना मृत्तिका स्नान कहलाता है।

### विधि

1. तैयार की हुई मिट्टी में पानी मिलाकर पेस्ट जैसे बना लेना चाहिए।
2. रोगी को बैठाकर अथवा लेटाकर लेप लगाना चाहिए।
3. लेप लगाने के बाद रोगी को सूर्य के प्रकाश में लाना चाहिए।
4. 30 से 60 मिनट तक लेप लगाये रखना चाहिए।
5. इसके बाद ठण्डे जल से स्नान करवाना चाहिए।
6. यदि रोगी को ठण्ड का अनुभव हो रहा हो तो गरम जल से स्नान कराके गरम विस्तर में लेटाना चाहिए।

### Benefits of mud bath

### लाभ

1. शरीर को शीतलता प्रदान करता है।
2. व्रण एवं त्वचा विकारों में अत्यन्त लाभदायक है।
3. विषाक्त तत्वों को अवशोषित कर शरीर से बाहर निकालता है।
4. विबन्ध, तनाव जन्य शिरः शूल, उच्चरक्तचाप तथा अनेकों त्वकविकारों में उपयोगी है।
5. गीली मिट्टी के प्रभाव स्फूर्तिदायक, बल एवं पौरुष बढ़ाने वाले होते हैं।

### Therapeutic effects of Sun bath

### सूर्यकिरण सेवन (Sun Bath - Heliotherapy)

सूर्यकिरण सेवन (Heliotherapy also called climatotherapy) प्राकृतिक चिकित्सा की वह विधा है जिसमें सूर्य की किरणों (परावैंगनी किरणों Ultraviolet Rays-UV Rays सहित) का सीधे तौर पर सेवन करके रोगोपचार किया जाता है।

### Importance of Sunlight

1. सभी प्राणियों के जीवन के लिये आवश्यक ऊर्जा सूर्य से ही प्राप्त होती है। सूर्य के बिना प्राणियों का जीवन सम्भव नही है।
2. शरीर में Vitamin D को उत्पन्न करने में सहायता करके अस्थिक्षय आदि रोगों से बचाता है।
3. सूर्य की परावैंगनी किरणें (UV Rays) विसंक्रामक अथवा कीटाणु नाशक गुण वाली होती हैं।
4. यह सर्व साधारण को सरलता से उपलब्ध होता है।

### Sun Bath

### सूर्यकिरण सेवन के नियम -

1. सभी आयु वर्ग एवं लिंग के लिये उपयोगी है।
2. प्रातः एवं सायं सूर्य किरणों की तीव्रता कम रहने पर ही सूर्य किरण सेवन करना चाहिए।
3. प्रतिदिन 10 से 15 मिनट तक सूर्य किरण सेवन करना पर्याप्त होता है।
4. सूर्य किरण सेवन करने से पूर्व 300 से 400 मिलीलीटर पानी पीना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर बीच में भी पानी पीना चाहिए।

### Types of Sun Bath

### सूर्य किरण सेवन के प्रकार

#### 1. सामान्य/प्रत्यक्ष सूर्य स्नान (Direct Sun Bath)



इस प्रकार का सूर्य स्नान पश्चिमी देशों में लोकप्रिय है। इस प्रकार का सूर्य स्नान सूर्योदय से 1 से 2 घंटे के भीतर कम से कम कपड़ों के साथ नदियों

अथवा समुद्रों के किनारे रेत पर चादर बिछाकर लेटकर किया जाता है।

### 2. अप्रत्यक्ष सूर्य स्नान (Indirect Sun Bath)

यह भी प्रत्यक्ष सूर्य स्नान के समान ही किया जाता है परन्तु इसमें सम्पूर्ण शरीर पतली सफेद सूती चादर से ढंका रहता है।

### 3. स्थानिक अथवा एकांग सूर्य स्नान (Localized Sun Bath)

इस प्रकार के सूर्य स्नान में रोगोपचार हेतु आवश्यक अंग पर ही सूर्य किरणों का प्रक्षेपण किया जाता है शेष शरीर एक गीली चादर के द्वारा ढंक दिया जाता है। यह श्वास रोगों तथा नवजात शिशु कामला में उपयोगी होता है।

### 4. Plantain Leaf Bath / Banana Leaf Sun Bath

इस प्रकार के सूर्य स्नान में केले के पत्ते के ऊपर लेटाकर ऊपर से सम्पूर्ण शरीर को केले के पत्ते से ढंक देते हैं। यह विधि दुर्बल व्यक्तियों के लिये श्रेष्ठ है।

### लाभ

कील मुहासे आदि अनेक त्वचाविकारों में उपयोगी है।

शारीरिक दुर्गन्ध को कम करता है।

मांसपेशियों के आकुंचन एवं प्रसारण को सुचारू करता है।

ऋतुपरिवर्तन जन्य व्याधियों को नष्ट करता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

नवजातशिशु कामला में उपयोगी है।

### Fasting therapy - its types and benefits

### उपवास चिकित्सा उसके प्रकार एवं प्रभाव

उपवास शब्द उप + वस् में घञ् प्रत्यय लगने से बनता है। उप का अर्थ है सामीप्य और वस का अर्थ है वास करना।

**अहोरात्रभोजनाभावः** (अमरकोण)।

एक दिन और एक रात अर्थात् 24 घंटों तक भोजन का अभाव उपवास है। एक निश्चित समय तक स्वेच्छा से भोजन अथवा पानी अथवा दोनों का त्याग करना सामान्यतः उपवास कहलाता है।

**उपावृतस्यपापेभ्यो यस्तुवासो गुणैः सह।**
**उपवासः स विज्ञेयः सर्व्वभोगविवर्ज्जितः॥** (शब्दकल्पद्रुम)

- पापों का नाश करने वाला, गुणों का वास कराने वाला, सभी प्रकार के भोगों का निषेध कराने वाला उपाय उपवास है।
- स्वास्थ्यरक्षण के सन्दर्भ में उपवास एक महत्वपूर्ण चिकित्सकीय विधा है। यह लंघन कर्म का एक भेद है जो शरीर में लघुता उत्पन्न करता है तथा आमज रोगों में अत्यन्त लाभकारी होता है। अनेक रोगों में उपवास को चिकित्सा का प्रथम उपक्रम माना जाता है। उपवास से पूर्व मानसिक रूप से तैयारी आवश्यक है। एक योग्य प्राकृतिक चिकित्सक के दिशा निर्देशों में ही लम्बे समय तक उपवास करना चाहिए।
- उपवास की अवधि रोगी की आयु रोग की प्रकृति तथा पूर्व में उपचार हेतु प्रयोग की गयी औषधियों की मात्रा पर निर्भर करती है। उपवास की शुरुआत सामान्यतः 2 से 3 दिन की अवधि से प्रारम्भ करके आवश्यकतानुसार क्रमशः एक-एक दिन बढ़ाते हैं। उपवास केवल जल, फलों के रस अथवा कच्ची सब्जियों के रस के साथ किया जा सकता है। नींबू पानी के साथ उपवास करना सर्वाधिक सुरक्षित एवं श्रेष्ठतम प्रभावकारी होता है।
- उपवास से शरीर में एकत्रित विजातीय पदार्थ नष्ट होकर बाहर निकल जाते हैं। इस प्रक्रिया को और सुगम बनाने के लिये हम क्षारीय रसों का प्रयोग कर सकते हैं।
- फलों के रस में विद्यमान शर्करा हृदय को बल प्रदान करती है इसीलिये फलरस के साथ उपवास को श्रेष्ठ कहा गया है। हमेशा ताजे फलों से तुरन्त तैयार किये गये रस का ही प्रयोग करना चाहिए।
- उपवास की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उपवास को समाप्त कैसे किया गया। इसके लिये प्रमुख नियम इस प्रकार हैं-

1. प्रातः काल शौचादि कार्यों से निवृत्त होकर लघु आहार ग्रहण करना चाहिए।
2. स्निग्ध, मधुर, रुचिकर तथा मृदु आहार का सेवन करना चाहिए।
3. अतिमात्रिक आहार का सेवन नही करना चाहिए।
4. दो तीन दिन फलों का रस लेने के बाद ठोस पदार्थों का अभ्यास करना चाहिए ताकि पाचन संस्थान पर अधिक भार न पड़े।
5. धीरे धीरे अच्छी तरह चबाकर खाना चाहिए।
6. धीरे धीरे आहार मात्रा बढ़ाते हुए कुछ दिनों में सामान्य आहार पर आना चाहिए।

### Types of fasting


प्राकृतिक चिकित्सा में उपवास
लघु उपवास (1 से 3 दिन तक)
मध्यम उपवास (4 से 6 दिन तक)
दीर्घ उपवास (7 से 30 दिन तक)
द्रव्यों के अनुसार उपवास
निराहार
फलाहार
सजल
निर्जल

### Importance and Therapeutic effects of fasting

1. उपवास शरीर तथा रक्त से विषाक्त पदार्थों (Toxic Matters) को बाहर निकालता है।
2. पाचन संस्थान की क्षतिपूर्ति एवं संवर्धन करता है।
3. महत्वपूर्ण अंगों का संरक्षण करते हुए उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि करता है।
4. उपवास मन एवं मस्तिष्क को जागृत करता है तथा अंतर्दृष्टि उत्पन्न करता है।
5. उपवास वजन कम करने में सहायक है।
6. उपवास रक्तशर्करा कम करने में सहायक है।
7. उपवास चयापचय क्रिया को बढ़ा देता है।
8. उपवास आयु वृद्धि करता है।
9. उपवास से क्षुधावृद्धि (दीपन) होती है।
10. उपवास मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाता है।
11. उपवास रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।
12. उपवास स्वउत्थान में सहायक है।
13. उपवास त्वचा को निर्मल बनाता है।

### Hydrotherapy

**Types of water used based on the temperature and therapeutic effects of Hydrotherapy**

### जलचिकित्सा

जलचिकित्सा प्राकृतिक चिकित्सा की वह शाखा है जिसमें रोगोपचार के लिये जल के विविध रूपों (hot & cold baths, saunas, wraps, fluid, vapour, ice and steam) का प्रयोग किया जाता है। निःसंदेह जल रोगों के उपचार हेतु उपयोग में लाया जाने वाला प्राचीनतम तत्व है। जलचिकित्सा में प्रयुक्त होने वाले जल के विविध तापमान निम्न तालिका में दिये जा रहे हैं-

| Sl.No. | Temperature | Fahrenheit | Celsius |
|---|---|---|---|
| 1 | Very Cold (Ice Application) | 30-55 | -1-13 |
| 2 | Cold | 55-65 | 13-18 |
| 3 | Cool | 65-80 | 18-27 |
| 4 | Tepid | 80-92 | 27-33 |
| 5 | Warm (Neutral) | 92-98 (92-95) | 33-37 (33-35) |
| 6 | Hot | 98-104 | 37-40 |
| 7 | Very Hot | Above 104 | Above 40 |

### उष्णजल चिकित्सा

1. उष्णजल चिकित्सा द्वारा muscles का relaxation और blood vessels का dilatation होता है।
2. यह रक्त परिसंचरण को बल प्रदान करता है।
3. उष्ण जल का उपयोग indigestion, constipation, respiratory tract infection, bronchial asthma, fever और सर्दियों में किया जाता है।

### शीतजल चिकित्सा

1. शीतजल blood vessels में संकोच (contraction) उत्पन्न करता है जिसके कारण tissues में decongesting effect के द्वारा विजातीय पदार्थ वाहर निकलते हैं।
2. शीतजल का उपयोग bleeding disorders, hypertention, anemia, jaundice, burning sensation, hyperacidity, vertigo, syncope आदि में किया जाता है।
3. शीतजल का उपयोग हमेशा उष्णजल के उपयोग के उपरान्त किया जाता है। उत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिये उष्णजल का उपयोग अधिक समय (लगभग 2 मिनट) के लिये किया जाता है जबकि शीतजल का उपयोग कम समय (लगभग ½) मिनट) के लिये किया जाता है।
4. शीतजल व उष्णजल का क्रमिक उपयोग करने से blood vessels का क्रमिक relaxation और contraction होता है जिसके कारण रक्त परिसंचरण और विजातीय पदार्थों का निर्गमन तीव्र होता है।

### Effects & uses of Water

- निर्मल एवं शीतल जल से स्नान करना जल चिकित्सा का एक उत्तम स्वरूप है। इस प्रकार के स्नान से शरीर के प्रत्येक रोमकूप खुल जाते हैं और शरीर हल्का एवं स्फूर्तियुक्त हो जाता है।
- शीतल जल से स्नान करने से शरीर के सभी तन्त्र एवं मांसपेशियां सक्रिय हो जाते हैं तथा रक्त परिसंचरण में वृद्धि होती है।
- विशिष्ट अवसरों पर नदियों, तालाबों एवं जलप्रपातों में स्नान करने की पुरानी परम्परायें वस्तुतः जलचिकित्सा का ही प्राकृतिक एवं व्यावहारिक स्वरूप है।

1. यह सम्पूर्ण शरीर अथवा उसके किसी एक हिस्से में तापमान नियमन एवं गतिशीलता के लिये यथोचित माध्यम प्रदान करता है।
2. सार्वभौमिक विलायक (universal solvent) होने के कारण पानी का आभ्यान्तर प्रयोग करने पर आन्त्रशोधन के अतिरिक्त शरीर की विभिन्न क्रियाओं के फलस्वरूप उत्पन्न अन्य अनेक उच्छिष्ट पदार्थों (uric acid, urea, salts, excessive sugar) को शरीर से बाहर निकालता है।

### सावधानियां

1. सर्वांग स्नान भोजन ग्रहण करने से एक घंटा पहले से लेकर तीन घंटे बाद तक नही करना चाहिए।
2. स्थानिक स्नान यथा - कटिस्नान, हस्त और पाद स्नान भोजन ग्रहण करने के दो घण्टे बाद किये जा सकते हैं।
3. हमेशा स्वच्छ एवं शुद्ध जल का ही प्रयोग करना चाहिए। एक बार प्रयोग किये गये जल का पुनः प्रयोग नही करना चाहिए।
4. महिलाओं को मासिक स्राव के समय किसी भी प्रकार का स्नान नही करना चाहिए।

### Foot and arm bath ( हस्त और पाद स्नान )

**विधि**

1. हस्त और पाद स्नान में गरम जल से भरे पाद स्नान पात्र (foot bath tub) में पैरों को घुटने तक और हस्त स्नान पात्र (barm bath tub) में हाथों को कोहनी तक डुबाकर रखते हैं तथा शरीर को चादर अथवा कम्बल से ढंककर रखते हैं।
2. इस प्रक्रिया में कोष्ण जल में निमग्न अंगों को हल्के हाथों से दबाते हैं।
3. यह प्रक्रिया सामान्यतः 15 मिनट तक की जाती है।
4. जल का तापमान 100 of से 105 of के बीच रखना चाहिए।



**लाभ**

1. सर्दी, खांसी और फेफड़ों की जकड़न को दूर करता है।
2. श्वास रोग (Asthma) एवं श्वासनली शोथ (Bronchitis) के उपचार में लाभदायक है।
3. मोच, खिंचाव और शोथ को दूर करता है।
4. विषाक्त पदार्थों को दूर करता है।
5. रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है।
6. सन्धिशूल और शीतदग्ध में लाभदायक है।

### Spinal bath ( पृष्ठवंश स्नान )

जलचिकित्सा का एक अन्य महत्वपूर्ण भेद पृष्ठवंश स्नान है। यह एक विशेष प्रकार के पात्र में दिया जाता है जिसका पिछला हिस्सा उठा हुआ होने से सिर को आधार प्रदान करता है। यह पात्र लगभग 6 फिट लम्बा, 3 फिट चौड़ा और 1 फिट ऊंचा होता है।

**विधि**

1. पृष्ठवंश स्नान पात्र में सतह से 2 से 4 इंच तक पानी भरते हैं।
2. पानी आवश्यकतानुसार सामान्य, उष्ण अथवा शीत हो सकता है।
3. रोगी को निर्वस्त्र करके पात्र में पीठ के बल इस प्रकार लिटाते हैं कि पृष्ठ वंश जल के स्पर्श में रहे।
4. 3 से 10 मिनट के अन्तराल पर रोगी को उठाकर मोटे तौलिये से रगड़ना चाहिए।
5. कुल समय 20 से 40 मिनट होना चाहिए।



**लाभ**

1. सामान्य जल का प्रयोग अनिद्रा एवं पृष्ठवंश के तनाव को दूर करने के लिये किया जाता है।
2. उष्णजल का प्रयोग तन्त्रिका तन्त्र को उत्तेजित करने में सहायक होता है। यह पृष्ठवंशशूल और कशेरुकागत वात (Spondilytis and Sciatica) में लाभदायक है।
3. शीतलजल का प्रयोग चिड़चिड़ापन, थकान, उच्चरक्तचाप, योषापस्मार (hysteria), मानसिक उद्वेग, स्मृतिभ्रंश, तनाव और मानसिक रोगों में लाभदायक है।

### Hip bath (sitz bath) कटिस्नान

जलचिकित्सा का एक अन्य महत्वपूर्ण भेद कटिस्नान है।



**विधि**

1. कटि स्नान पात्र (Hip Bath Tub) में इतना पानी भरते हैं ताकि रोगी की नाभि पानी में डूबी रहे।
2. रोगी को निर्वस्त्र करके पात्र में बैठायें।
3. रोगी के पैरों को पात्र के बाहर चौकी पर रखें।
4. पानी का तापमान लगभग 110of (43°C) रखें।
5. कुल समय 15 से 20 मिनट अथवा पानी के स्वांगशीत होने तक।

**लाभ**

1. छोटी व बड़ी आंत से सम्बन्धित प्रायः सभी रोग कटिस्नान से दूर होते हैं।
2. कटिशूल दूर होता है।

3. विबन्ध दूर होता है।
4. अर्श, भगन्दर एवं जननेन्द्रिय के रोग तथा इनसे सम्बद्ध शोथ, कण्डु, शूल एवं असहज अनुभूति में लाभदायक है।
5. प्रदर रोग में लाभदायक है।
6. यह rectal surgery, episiotomy, uterine cramps, inflammatory bowel disease, pilonidal cysts और bladder, prostate और vagina के संक्रमण में लाभदायक है।
7. प्रसव के दो माह पूर्व से कटिस्नान लेने से सामान्य प्रसव होने की संभावनायें अधिक होती हैं।

### सावधानियां

1. प्रातः खाली पेट तथा निर्वात स्थान पर करना चाहिए।



### Abdominal wet pack

### विधि

1. लगभग 10 इंच चौड़ी तथा 2 मीटर लम्बी सूती अथवा ऊनी कपड़े की पट्टी लें।
2. पट्टी को ठण्डे पानी में भिगोकर गोल गोल लपेट लें।
3. अब रोगी के पेडू से प्रारम्भ करके नाभि के तीन इंच ऊपर तक पट्टी को लपेटें।
4. कम्बल ओढ़ाकर रोगी को 30 से 40 मिनट तक लिटाकर रखें।
5. इसका प्रयोग दिन में एक अथवा दो बार किया जा सकता है।
6. मासिक स्राव के समय में भी इसका प्रयोग किया जा सकता है।
7. इस प्रक्रिया में गले और माथे पर भी गीली पट्टी रखनी चाहिये।

### लाभ

1. यह शरीर का निर्विषीकरण करने के लिये सशक्त माध्यम है।
2. यह अपच को दूर करता है।
3. यह ulcers, IBS, GERD, acidity, bloating, constipation, stomach pain और colitis को अप्रत्याशित रूप से ठीक करता है।
4. गले में लपेटी गयी पट्टी थायराइड विकारों में लाभदायक है।
5. माथे पर लपेटी गयी पट्टी शिरः शूल और मानसिक विकारों में लाभदायक है।

### Steam bath ( वाष्पस्नान )

**वाष्पस्नान के दो प्रकार से किया जाता है - स्थानिक और सर्वांग।**

### स्थानिक वाष्पस्नान

1. प्रेशर कुकर में आधा पानी भरकर उबलने के लिये रखें।
2. कुकर की सीटी निकालकर उसके स्थान पर रबर का पाइप लगा दें।
3. शरीर के आवश्यक अंग विशेष पर पाइप के माध्यम से वाष्प छोड़ें।
4. सामान्यतः 5 से 10 मिनट अथवा अंग से पसीना आने तक वाष्प दें।
5. आज कल इस कार्य के लिए आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता हो गयी है।



### लाभ

1. आमवात, सन्धिवात, ग्रीवाग्रह, पार्श्वशूल आदि रोगों में लाभदायक है।
2. अंग विशेष में शूल एवं मोच में लाभदायक है।

### सर्वांग वाष्प स्नान

1. उपरोक्त विधि से भाप बनने पर रबर पाइप को कुर्सी के नीचे डालकर रोगी को निर्वस्त्र करके कुर्सी पर बैठा दें अथवा चारपाई के नीचे रबर पाइप को डालकर रोगी को निर्वस्त्र करके चारपाई पर लेटा दें।
2. ऊपर से कम्बल इस प्रकार ओढ़ायें कि गर्दन के नीचे पूरा शरीर ढंक जाये।
3. सामान्यतः 10 से 20 मिनट अथवा शरीर से पसीना आने तक वाष्प दें।
4. आज कल इस कार्य के लिए आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता हो गयी है।

### लाभ

1. स्थौल्य, पक्षाघात, दौर्बल्य, त्वकविकार आदि में लाभदायक है।
2. सन्धिवात, आमवात आदि में लाभदायक है।

3. शरीर की अशुद्धियों को बाहर निकालता है।
4. रक्त परिसंचरण को सुचारू करता है।



**Enema ( आन्त्रस्नान )**

आन्त्रस्नान में जल को गुदा मार्ग से आंतों में पहुंचाया जाता है। इसके लिये वस्ति यन्त्र का प्रयोग किया जाता है।

### विधि

1. वस्ति यन्त्र में 200 से 300 मिलीलीटर पानी भरकर दो - चार बूंद पानी वस्ति नेत्र से बाहर निकाल दें ताकि आंतों में वायु का प्रवेश न हो।
2. रोगी को बाईं करवंट लेटाकर बायां पैर सीधा रखें तथा दाहिना पैर 900 मोड़कर रखें।
3. वस्ति यन्त्र नेत्र को घृत लिप्त करके लगभग 10 सेंटीमीटर तक गुदा मार्ग में प्रवेश करायें।
4. वस्ति यन्त्र को रोगी शैया से 3 फिट तक ऊपर उठायें।
5. जल के आंतों में प्रवेश कर जाने के बाद वस्ति नेत्र निकाल दें।
6. 15 - 20 मिनट लेटाकर रखें।
7. मलत्याग के लिये भेजें।



### लाभ

1. गुद मार्ग एवं आंतों की शुद्धि होती है।
2. आंतों की क्रमांकुंचन गति को सुचारू बनाकर विबन्ध को दूर करता है।
3. शीतल जल ($18^{\circ}C$) से किया गया आंत्रस्नान विशेष रूप से dysentery, diarrhea, ulcerative colitis, hemorrhoids और fever में लाभदायक होता है।
4. उष्ण जल ($40\text{-}42^{\circ}C$) से किया गया आंत्रस्नान गुदशोथ, गुदशूल तथा अर्श में लाभदायक होता है।

## Whirlpool bath

जलचक्र स्नान (Whirlpool bath) एक चिकित्सकीय स्नान है जिसमें किसी एक अंग अथवा सम्पूर्ण शरीर को तीव्र गति से घूमते हुए जल से स्नान कराया जाता है।

इसके लिये एक बड़े जलपात्र का उपयोग किया जाता है जिसमें एक मोटर लगी होती है जो जल को तीव्र गति से गोल - गोल घुमाती रहती है।

### विधि

1. शरीर के जिस हिस्से का उपचार करना होता है उसे इस जल पात्र में प्रविष्ट कराते हैं।
2. जल का तापमान आवश्यकतानुसार उष्ण (98.110) अथवा शीतल (50-60) लिया जा सकता है।
3. कुल समय 15 से 45 मिनट के बीच होता है।



### लाभ

1. मांसपेशियों तथा रक्तवाहिनियों की क्रिया को परिमार्जित करता है।
2. अंग प्रत्यंगों की क्रियाशीलता को सुचारू करता है।
3. उष्ण जल का प्रयोग करने पर यह रक्त परिसंचरण को बढ़ाकर व्रण रोपण में सहायता करता है।
4. शीतल जल का प्रयोग करने पर यह आघात जन्य शोथ को कम करता है।

**निषेध** - Diabetes mellitus, hypertension, varicose vein etc.

## मर्दन (Massage)

**Different Methods and Effects**

मर्दन/मालिश करना प्राकृतिक चिकित्सा की एक प्रभावी विधा है। इसका उद्देश्य रक्त परिसंचरण को बढ़ाना तथा शरीर के अंग-प्रत्यंगों को बल प्रदान करना है। मर्दन चिकित्सा में केवल शरीर को रगड़ने अथवा थपथपाने का ही प्रभाव नही होता वल्कि इस प्रक्रिया के द्वारा मर्दन करने वाला व्यक्ति अपनी ऊष्मा,

स्वास्थ्य तथा अपनी जीवनी शक्ति को रोगी के शरीर में स्थानान्तरित करके रोगी को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाता है।

## मर्दन की विधियां

**मर्दन की प्रचलित विधियां निम्नवत हैं -**

1. **तालीय गति मर्दन -** जिस अंग का मर्दन करना है उसकी रचना के अनुसार हाथ ढीला करके हल्के दबाव के साथ एक समान गति में मालिश करना।
2. **थपकी -** हाथ की हथेलियों को कटोरीनुमा बनाकर थपथपाकर मर्दन किया जाता है।
3. **मसलना -** अंगों को अंगुलियों व अंगूठे से पकड़कर थोड़ा दबाव बनाकर मर्दन किया जाता है। दबाव उतना ही रखा जाता है जिससे रोगी को पीड़ा का अनुभव न हो।
4. **गूंथना -** आटा गूंथने की तरह दोनो हाथों से मर्दन किया जाता है।
5. **घर्षण -** दोनों हाथों की अंगुलियों को खुला रखकर शीघ्रता से घर्षण किया जाता है। प्रतिलोम, अनुलोम और वृत्ताकार भेद से यह तीन प्रकार का होता है।

**प्रतिलोम-** लोमकूपों के विपरीत किया जाने वाला घर्षण।

स्थौल्य में चूर्ण द्वारा तथा कार्श्य में तैल द्वारा प्रतिलोम घर्षण किया जाता है।

**अनुलोम-** लोमकूपों के अनरूप हृदय की विपरीत दिशा में घर्षण किया जाता है।

स्वस्थ व्यक्ति में तथा पंचकर्म की अभ्यंग क्रिया में अनुलोम घर्षण किया जाता है।

**वृत्ताकार-** अस्थि सन्धियों में किया जाता है।

6. **मरोड़ना-** दोनों हाथों से मांसपेशियों को घुमाकर मर्दन किया जाता है।
7. **काटना (Hacking)-** दोनों हाथों को जोड़कर कनिष्ठिका वाला तल पीठ की ओर रखते हुए, अंगुलियों को ढीला छोड़कर सब्जी काटने जैसे प्रहार करते हुए मर्दन किया जाता है।

## मर्दन के सामान्य नियम

1. मर्दन करने वाले का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होना चाहिए।
2. मर्दन करने वाले के नाखून कटे होने चाहिए तथा हांथ साफ होने चाहिए।
3. मर्दन सदैव खाली पेट करना चाहिए। भोजन से 2 घंटे पहले तथा स्नान से 1 घंटे पहले मर्दन किया जा सकता है।
4. मर्दन और आतप सेवन एक साथ करने से लाभ अधिक होता है।
5. उष्ण मर्दन पैरों से शिर की ओर तथा शीत मर्दन शिर से पैरों की ओर करना चाहिए।
6. मर्दन के बाद आधा घंटा विश्राम कराकर स्नान कराएं व गीले तौलिये से शरीर को रगड़कर पोछना चाहिए।
7. निद्रा-अनिद्रा की जानकारी प्राप्त कर तदनुसार मर्दन करना चाहिए।

## निषेध

1. शल्य क्रिया अथवा अस्थिभग्न हुआ हो तो 6 महीने तक मर्दन नही करना चाहिए।
2. उच्च रक्तचाप के रोगियों का मर्दन नही करना चाहिए।
3. क्षतज व्रणों में तथा स्राव युक्त त्वचा विकारों में मर्दन नही करना चाहिए।
4. संक्रामक रोगों में मर्दन नही करना चाहिए।

## मर्दन में समय

| अंग | मर्दन में समय |
|---|---|
| दोनों पैरों में | 16 मिनट |
| दोनों हाथों में | 10 मिनट |
| पीठ पर | 12 मिनट |
| ग्रीवा में | 2 मिनट |
| चेहरे में | 5 मिनट |
| सिर में | 5 मिनट |
| वक्ष एवं उदर में | 10 मिनट |
| कुल समय | 60 मिनट |

## Therapeutic effects of Massage मर्दन के लाभ

1. धमनियों का प्रसारण (Vasodilation of arteries) करता है।
2. आंतों की क्रमांकुचन गति को उत्तेजित करता है (Stimulation of peristalsis)~
3. मांसपेशियों की प्रत्यास्थता (muscle tone) को सुचारू रखता है।
4. कोष्ठांगों की क्रियाशीलता को बढ़ाता है।
5. रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।
6. शरीरिक ऊष्मा एवं जीवनी शक्ति को बढ़ाता है।
7. शरीरावयव स्वस्थ एवं पुष्ट होते हैं।
8. सन्धियों की जड़ता दूर होती है।
9. प्रभावित अंग की वेदना दूर होती है।
10. त्वचा स्निग्ध, स्वस्थ एवं कान्तिमान बनती है।
11. चयापचय का नियन्त्रण होता है।
12. विजातीय द्रव्य स्वेद के माध्यम से बाहर निकलते हैं।
13. रक्त एवं लसिका परिसंचरण को बढ़ाता है।

***

CHAPTER
11

# जनपदोध्वंस

## (Janapadodhwamsa / Maraka Vyadhi)

**Syllabus Highlights**

⇨ Causes of Janapadodhwamsa/ maraka vyadhi.

⇨ Manifestation and control measures of Janapadodhwamsa.

⇨ Principles and uses of epidemiology.

⇨ Dynamics of disease transmission.

⇨ Theory of disease causation - epidemiological triad and natural history of disease.

⇨ Concept of prevention, modes of intervention, risk factors, incidence and prevalence.

⇨ Susceptible host and host defense.

⇨ Immunizing Agents.

⇨ Concept of vyadhikshamatwa.

⇨ Investigation of an epidemic.

⇨ Prevention and control of an epidemic.

⇨ Sankramaka roga as per Ayurveda.

⇨ Epidemiological determinants, brief pathology,transmission, incubation period, clinical features, diagnosis and preventive measures of

1. Droplet Infections such as Chicken Pox, Measles, Rubella, Diphtheria, Pertussis, Mumps, Tuberculosis, SARS, Influenza, Pneumonia, Covid-19 and Leprosy.
2. Water borne Infections / intestinal infections - Cholera, Polio, Viral Hepatitis, Typhoid.
3. Intestinal infestations – Ascariasis, Hook worm and Tape worm.
4. Emerging and re-emerging diseases.
5. Explain Role of Ayurveda in Epidemics like COVID-19, Zika Virus, H1N1,H3N2,etc,.
6. Sexually transmitted diseases (STDs) with prevention and control - HIV/ AIDS, Syphilis and Gonorrhea.

⇨ Role of Ayurveda in the prevention and control with recent research updates of Lifestyle diseases such as DM, Obesity, Coronary artery disease (CAD) and Cancer.

⇨ Epidemic Diseases (Amendment) Ordinance Act,2020 .,

जनपद का अर्थ है स्थान विशेष यथा - नगर, राज्य अथवा देश, और ध्वंस का अर्थ है विनाश होना। अर्थात् एक साथ किसी नगर, राज्य अथवा देश का विनाश बड़ी जनसंख्या का विनाश जनपदोध्वंस कहलाता है।

### जनपदोध्वंस के कारण – (Causes of Janapadodhwamsa/ maraka vyadhi)

प्रकृति आदि की भिन्नता होने पर भी जो अन्य कारण सब मनुष्यों में समान रूप से रहते हैं, उनमें विकार आने से एक ही समय में, एक ही लक्षणों वाले रोग उत्पन्न होकर जनपद का नाश कर देते हैं। जनपदों में निम्न कारण समान रूप से होते हैं - वायु, जल, देश और काल।

### दूषित वायु लक्षण -

ऋतु के विपरीत, सर्वथा गतिरहित, बहुत वेग वाला, अति कर्कष, अति शीत, अति उष्ण, अतिरुक्ष, दोष, धातु, मल,स्रोतों में अति क्लिन्नता उत्पन्न करने वाला, बहुत भीषण शब्द करने वाला, परस्पर वायु से वायु का वेग खण्डित होता हो, भंवरों से युक्त हो, हानिकारक-दुर्गन्ध वाला, वाष्प, बालू, धूल और धुएं से व्याप्त वायु।

### दूषित जल लक्षण -

जिस पानी का गन्ध, रस, वर्ण और स्पर्श बहुत अधिक विकृत हो गया हो, जिसमे क्लेद (सड़ांध) बहुत उठे, जिस पानी को जलचारी पक्षी छोड़कर चले गये हों, जिस पानी की मछलियां मर गयीं हों और जिस जलाशय का जल सूख गया हो।

### विकृत देश लक्षण -

जिस स्थान का वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श विकृत हो गया हो, क्लेद बहुल हो, जिस स्थान में सर्पादि सरीसृप, सिंहादि ब्याल, मच्छर, पतंगे, मक्खियां, चूहे, उल्लू, चील, गीध, गीदड़ आदि का उपद्रव हो, जहां पर तृण घास, लता अदि बहुत हों, जो पहलि से एकदम नया दिखे, जहां अनाज के खेत सूख गये हों, जहां की वायु धुंधली हो, जहां पर पक्षी घोर शब्द करते हों, जहां कुते मुह उठाकर रोते हों, जिस स्थान से धर्म, शील, लज्जा, सत्य, दया दाक्षिण्य आदि गुण नष्ट हो गये हों, जहां के तालाबों का पानी बिना वायु के भी तरंगित हो, जहां पर उल्कापात, बिजली आदि का गिरना, भूकम्प आदि लगातार हो, जहां पर सूर्य, चन्द्र और तारे रूखे, तांबे जैसे लाल काले बादलों से ढंके दिखाई दें,तथा रोने के से शब्दों से व्याप्त देश।

### विकृत काल लक्षण-

विविध ऋतुओं का अपने लक्षणों के विपरीत, कम अथवा अधिक लक्षणों से युक्त होना (अयोग, तिथ्यायोग, अतियोग)।

वायु से जल को, जल से देश को और देश से काल को अधिक बलवान जानना चाहिये।

**Manifestations** (च.वि. 3/25-27)

- वायु आदि सब में जो विगुणता उत्पन्न होती है, उसका मूल कारण अधर्म है।
- इस अधर्म का मूल कारण असत कर्म हैं। अधर्म और असत कर्म की उत्पत्ति का मूल कारण प्रज्ञापराध अर्थात् बुद्धि का दोष है।
- जिस समय देश, नगर, प्रान्त और जनपद के अध्यक्ष धर्म का अतिक्रमण करके अधर्म से प्रजाजनों के साथ व्यवहार करने लगते हैं, तब इन प्रधान जनों के आश्रित अथवा इनका अनुसरण करने वाले नगर और जनपद के वासी तथा वाणिज्य वयवहार व अदालत द्वारा जीविकोपार्जन करने वाले मनुष्य इस अधर्म को और भी अधिक बढ़ाते हैं।
- इस प्रकार से बढ़ा हुआ यह अधर्म बलपूर्वक धर्म का लोप कर देता है।
- धर्म का लोप हो जाने से देवता लोग मनुष्यों का साथ छोड़ देते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप ऋतुएं विकृत हो जाती हैं, जिससे अवृष्टि, अतिवृष्टि अथवा विकृत जलवृष्टि होती है, वायु भली प्रकार नही चलती, भूमि विकृत हो जाती है, जलाशय सूख जाते हैं और औषधियां अपनी प्रकृति को त्यागकर विकृत हो जाती हैं। तब स्पर्श और आहारोपयोगी द्रव्यो के दोष से जनपद नष्ट हो जाते हैं।
- शस्त्रों के द्वारा युद्धादि के कारण होने वाले जनपदोध्वंस का कारण भी अधर्म ही है।
- अधर्मी मनुष्य लोभ, क्रोध, मानादि के अत्यधिक बढ़ जाने के कारण दुर्बल पुरुषों का तिरस्कार करके परस्पर शस्त्रों के द्वारा आक्रमण करके अपना और दूसरों का विनाश करते हैं।
- इसी प्रकार अभिशाप के द्वारा होने वाले जनपदोध्वंस का भी मूल कारण अधर्म ही है। जिन देशों में धर्म लुप्त हो जाता है वहां के लोग धर्म से च्युत होकर गुरु, वृद्ध, सिद्ध, ऋषि आदि पूज्य पुरुषों का तिरस्कार करके अहित कार्यों का सेवन करने लगते हैं तब वे गुरु आदि पूज्य पुरुषों के द्वारा अभिशिप्त होकर भस्म हो जाते हैं।

**Control measures** (च.वि. 3/19-22)

सत्य, प्राणियों में दया, दान, बलि, देवताओं की अर्चना, सद्वृत्त का पालन, इन्द्रियों को विषयों से रोकना, सब प्रकार से अपनी रक्षा करना, हितकारक अथवा अविकृत जनपद अथवा स्थान में निवास करना, हरीतकी अदि और भी कल्याणकारी औषधियों का सेवन करना, ब्रह्मचर्य का पालन करना, ब्रह्मचारियों की सेवा करना, वृद्धजनों से प्रशंसित, धार्मिक एवं सात्विक वृत्ति वाले जितात्मा महर्षियों के मुख से धर्मशास्त्रों की कथाओं का श्रवण करना, यह सब इस दारुण काल में जिनकी मृत्यु निश्चित नही है उनकी आयु की रक्षा के लिये औषधि हैं।

**Importance of Panchakarma and Rasayana** (च.वि. 3/17,18)

जिन मनुष्यों की न तो मृत्यु समान है और न ही कर्म समान हैं अर्थात् इस भयंकर काल में मरने वाले मनुष्यों के समान जिनकी मृत्यु अवस्यम्भावी नही है और न ही उन मरने वाले मनुष्यों की भांति उनके कर्म हैं अर्थात् दैव और काल दोनों से ही जिनकी मृत्यु निश्चित नही है उनके लिये पंचकर्म परमौषधि है। ऐसे आयुशेष मनुष्यों के लिये रसायनों का विधिपूर्वक प्रयोग एवं जनपदोध्वंस से पूर्व एकत्र की हुयी औषधियों का प्रयोग प्रशस्त है।

### Principles and uses of epidemiology

Epidemiology (epi=among; demos=people; logos=study)

Epidemiology is *"The study of the distribution and determinants of health-related states or events in specified populations, and the application of this study to the control of health problems"*.

Three components are common to Epidemiology –

1. Disease frequency.
2. Distribution of disease.
3. Determinants of disease.

**1. Disease frequency**

It is the measurement of frequency of disease, disability or death, and summarizing this information in the form of rates and ratios (e.g., prevalence rate, incidence rate, death rate, etc). These rates are essential for comparing disease frequency in different populations or subgroups of the same population in relation to suspected causal factors. This is a vital step in the development of strategies for prevention or control of health problems.

**2. Distribution of disease**

It is the pattern of diseases in the various subgroups of the population by time, place and person, which may suggest or lead to measures to control or prevent the disease. Formulation of aetiological hypothesis is an important outcome of this study. This aspect of epidemiology is known as "descriptive epidemiology".

**3. Determinants of disease**

It is a unique feature of epidemiology to test aetiological hypotheses and identify the underlying causes (or risk factors) of disease. This aspect of epidemiology is known as "analytical epidemiology".

### Aims of epidemiology

1. To describe the distribution and magnitude of health and disease problems in human populations.
2. To identify aetiological factors/risk factors in the pathogenesis of disease.
3. To provide the data essential to the planning, implementation and evaluation of services for the prevention, control and treatment of disease and to the setting up of priorities among those services.

The ultimate aim of epidemiology is to lead to effective action:

1. To eliminate or reduce the health problem or its consequences.
2. To promote the health and well-being of society as a whole.

### Dynamics of disease transmission

There are three links in the chain of transmission such as reservoir, modes of transmission and the susceptible host.

### Sources

The person, animal, object or substance from which an infectious agent passes or is disseminated to the host.

### Reservoir

Any person, animal, arthropod, plant, soil or substance or combination of these in which an infectious agent lives and multiplies, on which it depends primarily for survival, and where it reproduces itself in such manner that it can be transmitted to a susceptible host.The term "source" refers to the immediate source of infection and may or may not be a part of reservoir.

There are three types of reservoir:

1. Human reservoir.
2. Animal reservoir.
3. Reservoir in non-living things.

### 1. Human reservoir

By far the most important source or reservoir of infection for humans is human himself. He may be a case or carrier.

#### 1. Cases

A person in the population or study group identified as having the particular disease, health disorder or condition under investigation. The presence of infection in a host may be clinical, subclinical or latent.

1. **Clinical -** It have sign and symptom of the disease and may be mild or moderate, typical or atypical, severe or fatal depending upon the gradient of involvement.
2. **Subclinical -** The disease agent may multiply in the host but does not manifest itself by signs and symptoms. They are important sources of infection as clinical cases. They can be detected only by laboratory tests such as recovery of the organism, antibody response, biochemical and skin sensitivity tests.
3. **In latent infection,** the host does not shed the infectious agent which lies dormant within the host without symptoms and often without demonstrable presence in blood, tissues or bodily secretions of the host.

**Primary case –** First case of a communicable disease introduced into the population unit being studied.

**Index case –** First case to come to the attention of the investigator; it is not always the primary case.

**Secondary cases –** Developing from contact with primary case.

**Suspect case –** An individual (or a group of individuals) who has all of the signs and symptoms of a disease or condition, yet has not been diagnosed as having the disease or had the cause of the symptoms connected to the suspected pathogen.

#### 2. Carriers

An infected person or animal that harbours a specific infectious agent in the absence of discernible clinical disease and serves as a potential source of infection for others is known as carrier. Carriers are less infectious than cases but epidemiologically they are more dangerous than cases.

Carriers may be classified as below:

**A. Type**

(a) Incubatory (b) Convalescent (c) Healthy

**B. Duration**

(a) Temporary (b) Chronic

**C. Portal of exit**

(a) Urinary (b) Intestinal
(c) Respiratory (d) Others

**A. By type:**

1. **Incubatory carriers:** Who shed the infectious agent during the incubation period of disease.
2. **Convalescent carriers:** Who continue to shed the disease agent during the period of convalescence such as typhoid fever, dysentery (bacillary and amoebic), cholera, diphtheria and whooping cough. In these diseases, clinical recovery does not coincide with bacteriological recovery. This highlights the importance of bacteriological surveillance of carriers, after clinical recovery.
3. **Healthy carriers:** They are victims of subclinical infection who have developed carrier state without suffering from disease, but always shed the disease agent, e.g., poliomyelitis, cholera, meningococcal meningitis, salmonellosis, and diphtheria.

**B. By duration:**

1. **Temporary carriers:** Who shed the infectious agent for short periods of time. In this category the incubatory, convalescent and healthy carriers may be included.
2. **Chronic carriers:** Who excretes the infectious agent for indefinite periods. Chronic carrier state occurs in a number of diseases such as typhoid fever, hepatitis B, dysentery, malaria, gonorrhoea, etc. These are more important sources of infection than cases. The longer the carrier state, the greater the risk to the community.

**C. By portal of exit:** According to the portal of exit, the infectious agents may also be classified as urinary carriers, intestinal carriers, respiratory carriers, nasal carriers, etc.

### 2. Animal reservoir

The source of infection may sometimes be animals and birds. There are many zoonotic diseases which may be conveyed to man from animals and birds such as rabies, yellow fever and influenza.

3. **Reservoir in non-living things**

Soil and inanimate matter can also act as reservoirs of infection like tetanus, anthrax, coccidioidomycosis and mycetoma.

### Modes of transmission

| A. Direct transmission | B. Indirect transmission |
|---|---|
| 1. Direct contact | 1. Vehicle-borne |
| 2. Droplet infection | 2. Vector-borne<br>(a) Mechanical<br>(b) Biological |
| 3. Contact with soil | 3. Air-borne<br>(a) Droplet nuclei<br>(b) Dust |
| 4. Inoculation into skin or mucosa | 4. Fomite-borne |
| 5. Transplacental (vertical) | 5. Unclean hands and fingers |

### A. Direct Transmission

1. **Direct contact:** The disease agents are transmitted by direct contact from skin to skin, mucosa to mucosa, or mucosa to skin of the same or another person by touching, kissing or sexual intercourse or continued close contact. (STD and AIDS, leprosy, leptospirosis, skin and eye infections).

2. **Droplet infection:** This is direct projection of a spray of droplets of saliva and nasopharyngeal secretions during coughing, sneezing, or speaking and spitting, talking into the surrounding atmosphere. The expelled droplets may impinge directly upon the conjunctiva, oro-respiratory mucosa or skin of a close contact. (respiratory infections, common cold, diphtheria, whooping cough, tuberculosis, meningococcal meningitis, etc.).

3. **Contact with soil:** The disease agents are acquired by direct exposure of susceptible tissue from soil, compost or decaying vegetable matter such as hookworm larvae, tetanus, mycosis etc.

4. **Inoculation into skin or mucosa:** The disease agents are inoculated directly into the skin or mucosa such as rabies virus by dog bite, hepatitis B virus through contaminated needles and syringes etc.

5. **Transplacental (or vertical) transmission:** Disease agents are transmitted from mother to foetus through placenta such as TORCH agents (Toxoplasma gondii, rubella virus, cytomegalovirus and herpes virus), varicella virus, syphilis, hepatitis B, Coxsackie B and AIDS etc.

### B. Indirect transmission

1. **Vehicle-borne:** Transmission of the infectious agents through the agency of water, food (including raw products), ice, blood, serum, plasma or other biological products such as tissues and organs.
   1. **By water and food** – acute diarrhoea, typhoid fever, cholera, polio, hepatitis A, food poisoning and intestinal parasites.
   2. **By blood** – hepatitis B, malaria, syphilis, brucellosis, trypanosomes (Chaga's disease), infectious mononucleosis and cytomegalovirus infection.

2. **Vector-borne:** Vector is an arthropod or any living carrier (e.g., snail) that transports an infectious agent to a susceptible host. This type of transmission may be mechanical or biological.
   (a) **Mechanical transmission:** There is no development or multiplication of the infectious agent on or within the vector. The infectious agent is only transported mechanically by a crawling or flying arthropod through soiling of its feet or proboscis. For example, cholera by house flies.
   (b) **Biological transmission:** The infectious agent undergoing replication or development or both in vector and requires an incubation period before vector can transmit. It is of three types:
   (i) **Propagative:** The agent multiplies in vector, but no change in form, such as plague bacilli in rat fleas.
   (ii) **Cyclo-propagative:** The agent changes in form and number, such as malaria parasites in mosquito.
   (iii) **Cyclo-developmental:** The disease agent undergoes only development but no multiplication, such as microfilaria in mosquito.

3. **Airborne**
   (1) **Droplet nuclei:** These are small (1-10μ) dried residue particles of droplets, formed by coughing or sneezing into the air or aerosols. They may also be formed accidentally in microbiological laboratories, rendering plants or autopsy rooms. For example, tuberculosis, influenza, chickenpox, measles, Q fever and many respiratory infections.
   (2) **Dust:** Some of the larger droplets which are expelled during talking, coughing or sneezing, settle down by their weight on the floor, carpets, furniture, clothes, bedding, linen and other objects in the immediate environment and become part of the dust. Many infectious agents such as streptococci, other pathogenic bacteria, viruses, fungal spores and skin squamae have

been found in the dust of hospital wards and living rooms.

**4. Fomite-borne**

- ❑ Fomites are non-living articles or substances (other than water or food) contaminated by the infectious discharges from a patient and capable of harbouring and transferring the infectious agent to a healthy person.
- ❑ Fomites include soiled clothes, towels, linen, handkerchiefs, cups, spoons, pencils, books, toys, drinking glasses, door handles, taps, lavatory chains, syringes, instruments and surgical dressings.
- ❑ Diseases transmitted by fomites include diphtheria, typhoid fever, bacillary dysentery, hepatitis A, eye and skin infections.

**5. Unclean hands and fingers:** Pathogenic agents are transferred to food from the skin, nose, bowel, etc. by unclean hands and fingers directly (hand-to-mouth) or indirectly.

For example, staphylococcal and streptococcal infections, typhoid fever, dysentery, hepatitis A and intestinal parasites.

### Concept of disease

- ❑ Disease is *"a condition in which body health is impaired, a departure from a state of health, an alteration of the human body interrupting the performance of vital functions"*. (Webster).
- ❑ Disease is *"a condition of the body or some part or organ of the body in which its functions are disrupted or deranged"*. (Oxford English Dictionary).
- ❑ From an ecological point of view, disease is "a maladjustment of the human organism to the environment".
- ❑ The term "disease" literally means "without ease" (uneasiness) - disease, the opposite of ease - when something is wrong with bodily function.

## Theory of disease causation – epidemiological triad and natural history of disease

### Concept of causation

- ❑ Up to the time of Louis Pasteur (1922-1895), various concepts of disease causation were in trend, such as the supernatural theory of disease, the theory of humors, the concept of contagion, miasmatic theory of disease, the theory of spontaneous generation, etc.
- ❑ During the 19th and the early part of 20th century, the emphasis had shifted from empirical causes (e.g., bad air) to microbes as the main cause of disease.
- ❑ The germ theory of disease was a revolutionary concept and based on single cause of disease. It is now recognized that a disease is rarely caused by a single agent alone, but rather depends upon a number of factors which contribute to its occurrence.
- ❑ Therefore, a new model of disease causation (multifactorial causation) has been developed. The factors are agent, host and environment called epidemiological triad.

### Epidemiological triad

**Please take the diagram from original text**

- ❑ **The above model -** agent, host and environment – has been in use for several years.
- ❑ **The traditional triangle** of epidemiology is based on the communicable disease model and is useful in showing the interaction and interdependence of agent, host, environment, and time as used in the investigation of diseases and epidemics.
- ❑ An advanced model of the triangle of epidemiology includes all facets of the communicable disease model, and to make it more relevant and useful with regard to today's diseases, conditions, disorders, defects, injuries, and deaths.
- ❑ It also reflects the causes of current illnesses and conditions. Behaviour, lifestyle factors, environmental causes, ecological elements, physical factors, and chronic diseases must also be taken into account.
- ❑ The term agent is replaced by causative factors, which implies the need to identify multiple causes or an aetiologic factors of disease, disability, injury and death.

### Natural history of disease

- ❑ **The natural history of disease** is evolves over time from the earliest stage of its pre pathogenesis phase to its termination as recovery, disability or death, in the absence of treatment or prevention. Each disease has its own unique natural history, which is not necessarily the same in all individuals.
- ❑ **The natural history of disease consisting of two phases:** pre - pathogenesis phase (i.e., the process in the environment) and pathogenesis phase (i.e., the process in man).

**1. Pre - pathogenesis phase –**

This is the period preliminary to the onset of disease in man. The disease agent has not yet entered man, but the factors which favour its interaction with the human host are already existing in the environment. This situation is known as "man in the midst of disease" or "man exposed to the risk of disease". Once the equilibrium of the epidemiological triad is disturbed, disease process starts

**2. Pathogenesis phase –**

The pathogenesis phase begins with the entry of the disease "agent" in the susceptible human host. The further events in the pathogenesis phase are clear-cut in infectious diseases, such as the disease agent multiplies and induces tissue and physiological changes, the disease progresses through a period of incubation and later through early and late pathogenesis. The final outcome of the disease may be recovery, disability or death.

### Agent

Disease agent is the first link in the chain of disease transmission. The disease "agent" is a substance, living or non-living which initiate a disease process. Disease agents may be classified broadly into the following groups:

1. **Biological agents:** These are living agents of disease such as viruses, rickettsiae, fungi, bacteria, protozoa and metazoan etc.
2. **Nutritional agents:** Any excess or deficiency of the intake of nutritive elements such as proteins, fats, carbohydrates, vitamins, minerals and water may result in nutritional disorders.
3. **Physical agents:** Exposure to excessive heat, cold, humidity, pressure, radiation, electricity, sound, etc. may result in illness.
4. **Chemical agents:**
    (i) **Endogenous:** Some chemicals produced in the body may results in illness such as urea (uraemia), serum bilirubin (jaundice), ketones (ketosis), uric acid (gout), calcium carbonate (kidney stones), etc.
    (ii) **Exogenous:** Agents arising outside of human host, such as allergens, metals, fumes, dust, gases, insecticides, etc.
5. **Mechanical agents:** Exposure to chronic friction and other mechanical forces may result in crushing, tearing, sprains, dislocations and even death.
6. **Social agents**

Social agents of disease are poverty, smoking, abuse of drugs and alcohol, unhealthy lifestyles, social isolation, maternal deprivation, etc.

### Host (intrinsic factors)

1. **Demographic characteristics** such as age, sex, ethnicity.
2. **Biological characteristics** such as genetic factors, biochemical levels of the blood (like cholesterol), blood groups and enzymes, cellular constituents of the blood, immunological factors and physiological function of different organ systems of the body (e.g., blood pressure, forced expiratory ventilation). etc.
3. **Social and economic characteristics** such as socioeconomic status, education, occupation, stress, marital status, housing, etc.
4. **Lifestyle factors** such as personality traits, living habits, nutrition, physical exercise, use of alcohol, drugs and smoking, behavioural patterns, etc.

### Environmental (extrinsic factors)

For descriptive purposes, the environment of man has been divided into three components - physical, biological and psychosocial.

a. **Physical environment:** This is applied to non-living things and physical factors (e.g., air, water, soil, housing, climate, geography, heat, light, noise, debris, radiation, etc) with which man is in constant interaction.

b. **Biological environment:** This is the universe of living things which surrounds man, including man himself. These are the viruses and other microbial agents, insects, rodents, animals and plants.

c. **Psychosocial environment**

Psychosocial factors are defined as "those factors affecting personal health, health care and community wellbeing that stem from the psychosocial make-up of individuals and the structure and functions of social groups". They include cultural values, customs, habits, beliefs, attitudes, morals, religion, education, lifestyles, community life, health services, social and political organization.

### Concepts of control

### Disease control

The aim of "disease control" is –

1. To reduce the incidence of disease.
2. To reduce the duration of disease, and consequently the risk of transmission.
3. To reduce the effects of infection, including both the physical and psychosocial complications.
4. To reduce the financial burden to the community.

In disease control, the disease "agent" is permitted to persist in the community at a level where it ceases to be a public health problem according to the tolerance of the local population.

### Concepts of prevention

There are four levels of prevention –

1. Primordial prevention.
2. Primary prevention.
3. Secondary prevention.
4. Tertiary prevention.

1. **Primordial prevention**

    It is a new concept in the prevention of chronic diseases. Prevention of the emergence or development of risk factors in countries or population groups in which they have not yet appeared. In primordial prevention, efforts are directed towards discouraging children from adopting harmful lifestyles. The main intervention in primordial prevention is mass education. For example, obesity can be prevented by life style modification.

**2. Primary prevention**

